पदार्थः— (त्रिः) त्रिवारम् (अश्विना) अश्विनौ सूर्य्याचन्द्रमसाविव । अत्र सर्वत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः (सिन्धुभिः) नदीभिः (सप्तमातृभिः) सप्तार्थात् पृथिव्यग्निसूर्यवायुविद्युदुदकावकाशा मातरो जनका यासां ताभिः (त्रयः) उपर्यधोमध्याख्याः (आहावाः) निपानसदृशामार्गा जलाधरा वा । निपानमाहावः । अ० ३ । ३ । ७४ इति निपातनम् (त्रेधा) त्रिभिः प्रकारैः (हविः) होतुमर्हं द्रव्यम् (कृतम्) शोधितम् (तिस्रः) स्थूलत्रसरेणुपरमाण्वाख्याः । (पृथिवीः) विस्तृताः (उपरि) ऊर्ध्वार्थे (प्रवा) गमयितारौ (दिवः) प्रकाशयुक्तान् किरणान् (नाकम्) अविद्यमानदुःखम् (रक्षेथे) रक्षतम् । अत्र लोडर्थे लङ् व्यत्ययेनात्मनेपदं च (द्युभिः) दिनैः । (अक्तुभिः) रात्रिभिः । द्युरित्यहर्नामसु पठितम् । निघं० १ । ७ । (हितम्) धृतम् ॥ ८ ॥

अन्वयः— हे प्रवौ गमयितारावश्विनौ वायुसूर्य्याविव शिल्पिनौ युवां सप्तमातृभिः सिंधुभिर्द्युभिरक्तुभिश्च यस्य त्रय आहावाः सन्ति तत् त्रेधा हविष्कृतं शोधितं नाकं हितं द्रव्यमुपरि प्रक्षिप्यतत् तिस्रः पृथिवीर्दिवः प्रकाशयुक्तान् किरणान् प्रापय्यत-

हितस्ततश्चालयित्वाऽधो वर्षयित्वैतेन सर्वं जगत्त्रीरद्वेथे त्रिवारं रक्षतम् ॥ ८ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्वायुसूर्य्ययोश्छेदनाकर्षणवृष्ट्युद्भावकैर्गुणैर्नद्यश्चलंति हुतं द्रव्यं दुर्गन्धादिदोषान्निवार्य हितं सर्वदुःखरहितं सुखं साधयति यतोऽहर्निशं सुखं वर्द्धते येन विना कश्चित्प्राणी जीवितुं न शक्नोति तस्मादेतच्छोधनार्थं यज्ञाख्यं कर्म नित्यं कर्तव्यमिति ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे (प्रवा) गमन कराने वाले (अश्विना) सूर्य और वायु के समान कारीगर लोगो आप (सप्तमातृभिः) जिन की सप्त अर्थात् पृथिवी अग्नि सूर्य वायु बिजली जल और आकाश सात माता के तुल्य उत्पन्न करने वाले हैं उन (सिंधुभिः) नदियों और (द्युभिः) दिन (अक्तुभिः) रात्रि के साथ जिस के (त्रयः) ऊपर नीचे और मध्य में चलने वाले (आहावाः) जलाधार मार्ग हैं उस (त्रेधा) तीन प्रकार से (हविष्कृतम्) ग्रहण करने योग्य शोधे हुए (नाकम्) सब दुःखों से रहित (हितम्) स्थित द्रव्य को (उपरि) ऊपर चढ़ा के (तिस्रः) स्थूल त्रसरेणु और परमाणु नाम वाली तीन प्रकार की (पृथिवीः) विस्तार युक्त पृथिवी और (दिवः) प्रकाश स्वरूप किरणों को प्राप्त करा के उस को इधर उधर चला और नीचे वर्षा के इस से सब जगत् की (त्रिः) तीन वार (रक्षेथे) रक्षा कीजिये ॥ ८ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि जो सूर्य वायु के छेदन आकर्षण और वृष्टि कराने वाले गुणों से नदी चलती तथा हवन किया हुआ द्रव्य दुर्गन्धादि दोषों को निवारण कर सब दुःखों से रहित सुखों को सिद्ध करता है जिस से दिन रात सुख बढ़ता है इस के विना कोई प्राणी जीवने को समर्थ नहीं हो सकता इस से इस की शुद्धि के लिये यज्ञ रूप कर्म नित्य करें ॥ ८ ॥

पुनस्ताभ्यां किं कर्त्तव्यमित्युपदिश्यते ॥

फिर उन से क्या करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

क्व१॒त्री च॒क्रा त्रि॒वृतो॒ रथ॑स्य॒ क्व१॒त्रयो॑ व॒न्धु-

रो ये सनीळाः ॥ कदा योगो वाजिनो रासभस्य येन यज्ञं नासत्योपयाथः ॥ ९ ॥

क्व । त्री । चक्रा । त्रिऽवृतः । रथस्य । क्व । त्रयः । बन्धुरः । ये । सऽनीळाः । कदा । योगः । वाजिनः । रासभस्य । येन । यज्ञम् । नासत्या । उपऽयाथः ॥ ९ ॥

पदार्थः—(क्व) कस्मिन् (त्री) त्रीणि (चक्रा) यानस्य शीघ्रं गमनाय निर्मितानि। कला चक्राणि अत्रोभयत्र शेश्छन्द॰ इति शेर्लोपः (त्रिवृतः) त्रिभी रचनचालनसामग्रीभिः पूर्णस्य (रथस्य) त्रिषु भूमिजलान्तरिक्षमार्गेषु रमन्ते येन तस्य (क्व) (त्रयः) जलाग्निमनुष्यपदार्थस्थित्यर्थावकाशाः (बन्धुरः) बन्धनविशेषाः। सुपांसुलुगिति जसः स्थाने सुः। (ये) प्रत्यक्षाः (सनीडाः) समाना नीडा बन्धना धारा गृहविशेषा अग्न्यागारविशेषा वा येषु ते (कदा) कस्मिन् काले (योगः) युज्यते यस्मिन्सः (वाजिनः) प्रशस्तो वाजो वेगोऽस्यास्तीति तस्य। अत्र प्रशंसार्थ इनिः। (रासभस्य) रासयन्ति शब्दयन्ति येन वेगेन तस्य रासभावश्विनोरित्यादिष्टोपयोजननामसु पठितम्। निघं॰ १। १५ (येन) रथेन (यज्ञम्) गमनयोग्यं मार्गं। (नासत्या) सत्यगुणस्वभावौ (उपयाथः) शीघ्रमभीष्टस्थाने सामीप्यं प्रापयथः ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे नासत्या वश्विनौ शिल्पिनौ युवां येन विमानादियानेन यज्ञं संगन्तव्यं मार्गं कदोपयाथो दूरदेशस्थं स्थानं सामीप्यवत्प्रापयथः तस्य च रासभस्य वाजिनस्त्रिवृतो रथस्य मध्ये क्व त्री-

णि चक्राणिकर्त्तव्यानि क्व चाश्विन् विमानादियानेषे सनीडास्त्र-
यो बन्धुरास्तेषां योगः कर्त्तव्य इति त्रयः प्रश्नाः ॥ ९ ॥

भावार्थः— अत्रोक्तानां त्रयाणां प्रश्नानामेतान्युत्तराणि वे-
द्यानि विभूतिकामैर्नरैरथस्यादिमध्यान्तेषु सर्वकलाबन्धनाधाराय
त्रयोबन्धनविशेषाः कर्त्तव्याः । एकं मनुष्याणां स्थित्यर्थं द्वितीयम-
ग्निस्थित्यर्थं तृतीयं जलस्थित्यर्थं च कृत्वा यदायदा गमनेच्छा भवे-
त्तदातदा यथा योग्यं काष्ठानि संस्थाप्याग्निं योजयित्वा कलायं-
त्रोद्भावितेन वायुना संदीप्य वाष्पवेगेन चालितेन यानेन सद्यो
दूरमपि स्थानं समीपवत्प्राप्तुं शक्नुयुः नहीदृशेन यानेन विना क-
श्चिन्निर्विघ्नतया स्थानान्तरं सद्यो गंतुं शक्नोतीति ॥ ९ ॥

पदार्थः— हे (नासत्या) सत्य गुण और स्वभाव वाले कारीगर लोगो
तुम दोनों (यन्त्रम्) दिव्य गुण युक्त विमान आदि यान से जाने आने योग्य
मार्ग को (कदा) कब (उपयाथः) शीघ्र जैसे निकट पहुंचजायें वैसे पहुंचते हो
और (येन) जिससे पहुचते हो उस (रासभस्य) शब्द करने वाले (वाजिनः)
प्रशंसनीय वेग से युक्त (त्रिवृतः) रचन चालन आदि सामग्री से पूर्ण (रथस्य)
और भूमि जल अन्तरिक्ष मार्ग में रमण कराने वाले विमान में (क्व) कहां (त्री)
तीन (चक्रा) चक्र रचने चाहिये और इस विमानादि यान में (ये) जो (सनी-
डाः) बराबर बंधनों के स्थान वा अग्नि रहने का घर (बन्धुरः) नियम पूर्वक
चलाने के हेतु काष्ठ होते हैं उन का (योगः) योग (क्व) कहां करना चाहिये
ये तीन प्रश्न हैं ॥ ९ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में कहे हुए तीन प्रश्नों के ये उत्तर जानने चाहि-
ये विभूति की इच्छा रखने वाले पुरुषों को उचित है कि रथ के आदि मध्य
और अन्त में सब कलाओं के बन्धनों के आधार के लिये तीन बंधन विशेष सं-
पादन करें तथा तीन कला घूमने घुमाने के लिये संपादन करें एक मनुष्यों के
बैठने दूसरी अग्नि की स्थिति और तीसरी जल की स्थिति के लिये कर के जब२
चलने की इच्छा हो तब२ यथा योग्य जलकाष्ठों को स्थापन अग्नि को युक्त और
कला के वायु से प्रदीप्त कर के बाफ के वेग से चलाये हुए यान से शीघ्र दूर स्थान

को भी निकट के समान जाने को समर्थ होवें। क्योंकि इस प्रकार किये बिना निर्विघ्नता से स्थानान्तर को कोई मनुष्य शीघ्र नहीं जा सकता ॥ ९ ॥

पुनस्ताभ्यां किं साधनीयमित्युपदिश्यते ॥

फिर उन से क्या सिद्ध करना चाहिये इस विषय का

उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

आ नासत्या गच्छतं हूयते हविर्मध्वः पिबतं मधुपेभिरासभिः। युवोर्हि पूर्वं सवितोषसो रथमृताय चित्रं घृतवन्तमिष्यति ॥ १० ॥

आ। नासत्या। गच्छतम्। हूयते। हविः। मध्वः। पिबतम्। मधुऽपेभिः। आसऽभिः। युवोः। हि। पूर्वम्। सविता। उषसः। रथम्। ऋताय। चित्रम्। घृतऽवन्तम्। इष्यति ॥ १० ॥

पदार्थः— (आ) समन्तात् (नासत्या) अश्विनाविव। अत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः (गच्छतम्) (हूयते) क्षिप्यते दीप्यते (हविः) होतुं प्रक्षेप्तुं दातुमर्हं काष्ठादिकमिन्धनम् (मध्वः) मधुरगुणयुक्तानि जलानि। मध्वित्युदकनामसु पठितम्। निघं० १। १२ अत्र लिंगव्यत्ययेन पुँस्त्वम्। वाच्छन्दसिसर्वे० इति पूर्वसवर्णप्रतिषेधाद्यणादेशः (पिबतम्) (मधुपेभिः) मधूनि जलानि पिबन्ति यैस्तैः (आसभिः) स्वकीयैरास्यवच्छेदकगुणैः। अत्रास्यस्यस्थाने प-

छन्दोमास० अ० ६ । १ । ६३ इत्यासन्नादेशः । (युवोः) युवयोः (हि) निश्चयार्थे (पूर्वम्) प्राक् (सविता) सूर्यलोकः (उषसः) सूर्योदयात्प्राक् वर्त्तमानकालवेलायाः (रथम्) रमणहेतुम् (ऋताय) सत्यगमनाय । ऋतमिति सत्यनामसु पठितम् । निघं० ३ । १२ (चित्रम्) आश्चर्य्यवेगादियुक्तम् (घृतवन्तम्) घृतानि बहून्युदकानि विद्यन्ते यस्मिँस्तम् । घृतमित्युदकनामसु पठितम् । निघं० १ । १२ । (इष्यति) गच्छति ॥ १० ॥

अन्वयः– हे अश्विनौ नासत्याभ्यामश्विभ्यामिव युवाभ्यां यद्धविर्हूयते तेन हविषा शोधितानि मध्वो मधूनि जलानि मधुपेभिरासभिः पिबतम् । अस्मदानन्दाय घृतवन्तं चित्रं रथमागच्छतं समन्ताच्छीघ्रंप्राप्नुतं युवोर्युवयोर्यो रथउषसःपूर्वंसवितेवप्रकाशमान इष्यतिसद्य ऋतायास्माभिर्गृहीतव्यो भवति ॥ १० ॥

भावार्थः– यदा यानेष्वग्निजले प्रदीप्य चालयन्ति तदेमानि यानानि स्थानान्तरं सद्यः प्राप्नुवन्ति । तत्र जलबाष्पनिस्सरणायैकमीदृशं स्थानं निर्मातव्यं यद्द्वाराबाष्पनिर्मोचनेन वेगो वर्द्धेत । एतद्विद्याऽभिज्ञएव सम्यक् सुखं प्राप्नोति ॥ १० ॥

पदार्थः— हे शिल्पिलोगो तुम दोनों (नासत्या) जल और अग्नि के सदृश जिस (हविः) सामग्री का (हूयते) हवन करते हो उस हवि से शुद्ध हुए (मध्वः) मीठे जल (मधुपेभिः) मीठे मीठे जल पीने वाले (आसभिः) अपने मुखों से (पिबतम्) पियो और हम लोगों को आनन्द देने के लिये (घृतवन्तम्) बहुत जल की कलाओं से युक्त (चित्रम्) वेगादि आश्चर्य्य गुणसहित (रथम्) विमानादि यानों से देशान्तरों को (गच्छतम्) शीघ्रजाओ आओ (युवोः) तुम्हारा जो रथ (उषसः) प्रातःकाल से (पूर्वम्) पहिले (सविता) सूर्यलोक के समान प्रकाशमान (इष्यति) शीघ्रचलता है (हि) वही (ऋताय) सत्य सुख के लिये समर्थ होता है ॥ १० ॥

भावार्थः– जब यानों में जल और अग्नि को प्रदीप्त करके चलाते हैं तब वे यान और स्थानों को शीघ्र प्राप्त कराते हैं उन में जल और बाफ के निकलने का एक ऐसा स्थान रच लेवें कि जिस में होकर बाफ के निकलने से वेग की वृद्धि होवे । इस विद्या का जानने वाला ही अच्छे प्रकार सुखों को प्राप्त होता है ॥ १० ॥

पुनस्ताभ्यां किं किं साधनीयमित्युपदिश्यते ॥

फिर उन से क्या २ सिद्ध करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

आ नासत्या त्रिभिरेकादशैरिह देवेभिर्यातं मधुपेयमश्विना ॥ प्रायुस्तारिष्टं नी रपांसि मृक्षतं सेधतं द्वेषो भवतं सचाभुवा ॥ ११ ॥

आ । नासत्या । त्रिऽभिः । एकादशैः । इह । देवेभिः । यातम् । मधुऽपेयम् । अश्विना । प्र । आयुः । तारिष्टम् । निः । रपांसि । मृक्षतम् । सेधतम् । द्वेषः । भवतम् । सचाऽभुवा ॥ ११ ॥

पदार्थः– (आ) समन्तात् (नासत्या) सत्यगुणस्वभावौ । अत्र सर्वत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः (त्रिभिः) एभिरहोरात्रैः समुद्रस्य पारम् (एकादशैः) एभिरहोरात्रैर्भूगोलान्तम् (इह) यानेषु

संप्रयोजितौ (देवेभिः) विद्वद्भिः (यातम्) प्राप्नुतम् (मधुपेयम्) मधुरैर्गुणैर्युक्तं पेयं द्रव्यम् (अश्विना) द्यावापृथिव्यादिकौ द्वौ द्वौ (प्र) प्रकृष्टार्थे (आयुः) जीवनम् (तारिष्टम्) अन्तरिक्षं प्लावयतम् (निः) नितराम् (रपांसि) पापानि दुःखप्रदानि। रपो-रप्रमिति पापनामनी भवतः। निरु० ४।२१। (मृक्षतम्) दूरीकुरुतम् (सेधतम्) मंगलं सुखं प्राप्नुतम् (द्वेषः) द्विषतःशत्रून्। अन्येभ्योऽपि दृश्यन्त इति कर्त्तरि विच्। (भवतम्) (सचाभुवा) यौ सचासमवायं भावयतस्तौ। अत्रान्तर्गतो ण्यर्थः ॥ ११ ॥

अन्वयः- हे शिल्पिनौ युवां नासत्याश्विना सचाभुवाविव देवेभिर्विद्वद्भिस्सहेहोत्तमेषु यानेषु स्थित्वा त्रिभिरहोरात्रैर्महासमुद्रस्य पारमेकादशैरहोरात्रैर्भूगोलान्तं यातं द्वेषोरपांसि च निर्मृक्षतं मधुपेयमायुः प्रतारिष्टं सुसुखं सेधतं विजयिनौ भवतम् ॥ ११ ॥

भावार्थः— यदा मनुष्या ईदृशेषु स्थित्वा चालयन्ति तदा-त्रिभिरहोरात्रैः सुखेन समुद्रपारमेकादशैरहोरात्रैर्भूगोलस्याभितो गन्तुं शक्नुवन्ति। एवंकुर्वन्तो विद्वांसः सुखयुक्तं पूर्णमायुः प्राप्य दुःखानि दूरीकृत्य शत्रून् विजित्य चक्रवर्त्तिराज्यभागिनो भवन्तीति ॥ ११ ॥

पदार्थः— हे शिल्प लोगो तुम दोनों (नासत्या) सत्यगुण स्वभाव युक्त (सचाभुवा) मेल कराने वाले जल और अग्नि के समान (देवेभिः) विद्वानों के साथ (इह) इन उत्तम यानों में बैठ के (त्रिभिः) तीन दिन और तीन रात्रियों में महासमुद्र के पार और (एकादशभिः) ग्यारह दिन और ग्यारह रात्रियों में भूगोल पृथिवी के अन्त को (यातम्) पहुंचो (द्वेषः) शत्रु और (रपांसि) पापों को (निर्मृक्षतम्) अच्छे प्रकार दूर करो (मधुपेयम्) मधुर गुण युक्त पीने योग्य द्रव्य और (आयुः) उमर को (प्रतारिष्टम्) प्रयत्न से बढ़ाओ उत्तम सुखों को (सेधतम्) सिद्ध करो और शत्रुओं को जीतने वाले (भवतम्) होओ ॥ ११ ॥

भावार्थः— जब मनुष्य ऐसे यानों में बैठ और उन को चलाते हैं तब तीन दिन और तीन रात्रियों में सुख से समुद्र के पार तथा ग्यारह दिन और ग्यारह रात्रियों में ब्रह्माण्ड के चारोंओर जाने को समर्थ हो सकते हैं इसी प्रकार करते हुए विद्वान् लोग सुखयुक्त पूर्ण आयु को प्राप्त हो दुःखों को दूर और शत्रुओं को जीत कर चक्रवर्त्तिराज्य भोगने वाले होते हैं ॥ ११ ॥

पुनरेताभ्यां किं साधनीयमित्युपदिश्यते ॥

फिर इन से क्यासिद्ध करना चाहिये इस विषय का उपदेश
अगले मंत्र में किया है ॥

आ नो॑ अश्विना त्रि॒वृता॒ रथे॑ना॒र्वाञ्चं॑ र॒यिं व॑हतं सु॒वीर॑म् । शृ॒ण्वन्ता॑ वा॒मव॑से जोहवीमि वृ॒धे च॑ नो भवतं॒ वाज॑सातौ ॥ १२ ॥

आ । नः॒ । अ॒श्वि॒ना॒ । त्रि॒ऽवृता॑ । रथे॑न । अ॒र्वाञ्च॑म् । र॒यिम् । व॒ह॒त॒म् । सु॒ऽवीर॑म् । शृ॒ण्वन्ता॑ । वा॒म् । अव॑से । जो॒ह॒वी॒मि॒ । वृ॒धे । च॒ । नः॒ । भ॒व॒त॒म् । वाज॑ऽसातौ ॥ १२ ॥

पदार्थः— (आ) समन्तात् (नः) अस्माकम् (अश्विना) जलपवनौ । अत्र सर्वत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः (त्रिवृता) यस्त्रिषु स्थलजलान्तरिक्षेषु पूर्णगत्या गमनाय वर्त्तते तेन (रथेन) विमानादियानस्वरूपेण रमणसाधनेन (अर्वाञ्चम्) अर्वागुपरिष्टादधस्थं स्थानमभीष्टं वाऽञ्चति येन तम् (रयिम्) चक्रवर्त्तिराज्यसिद्धं धनम् (वहतम्) प्रापुतः । अत्र लडर्थे लोट् (सुवीरम्) शोभना वीरा यस्य तम् (शृण्वन्ता) शृण्वन्तौ (वाम्) युवयोः (अव-

से) रक्षणाय सुखावगमाय विद्यायां प्रवेशाय वा (जोहवीमि) पुनः पुनराददामि (वृधे) वर्द्धनाय। अत्र कृतो बहुलमिति भावे क्विप्। (च) समुच्चये (नः) अस्मान् (भवतम्) भवतः। अत्र लडर्थे लोट्। (वाजसातौ) सङ्ग्रामे ॥ १२ ॥

अन्वयः— हे शिल्पविद्याविचक्षणौ श्रुरावन्ता श्रावयितारावश्विनौ युवां द्यावापृथिव्यादिकौ द्वाविव त्रिवृता रथेननोऽस्मानर्वाचं सुवीरं रयिमावहतं प्रापुतम् नोऽस्माकं वाजसातौ वृधे वर्द्धनाय च विजयिनौ भवतं यथाहं वामवसे जोहवीमि पुनः पुनराददामि तथा मां गृह्णीतम् ॥ १२ ॥

भावार्थः— नैतदश्विसंप्रयोजित रथेन विना कश्चित् स्थलजलान्त रिक्षमार्गान् सुखेन सद्यो गन्तुं शक्नोत्यतो राज्यश्रियमुत्तमां सेनां वीरपुरुषांश्च संप्राप्येदृशेन यानेन युद्धे विजयं प्राप्तुं शक्नुवंति तस्मादेतस्मिन् मनुष्याः सदा युक्ता भवंत्विति ॥ १२॥

पूर्वेण सूक्तेनैतद्विद्यासाधकेन्द्रोऽर्थः प्रतिपादितोऽनेन सूक्तेन चैतस्या विद्याया मुख्यौ साधकावश्विनौ द्यावापृथिव्यादिकौ च प्रतिपादितौस्त इत्येतदर्थस्य पूर्वार्थेन सह सङ्गतिरस्तीति विज्ञेयम्। इति पञ्चमो वर्गश्चतुस्त्रिंशं सूक्तं च समाप्तम् ॥ ३४ ॥

पदार्थः— हे कारीगरी में चतुरजनो (श्रुरवन्ता) श्रवण कराने वाले (अश्विना) दृढ विद्या बल युक्त आप दोनों जल और पवन के समान (त्रिवृता) तीन अर्थात् स्थल जल और अन्तरिक्ष में पूर्णगति से जाने के लिये वर्त्तमान (रथेन) विमान आदि यान से (नः) हम लोगों को (अर्वाञ्चम्) ऊपर से नीचे अभीष्ट स्थान को प्राप्त होने वाले (सुवीरम्) उत्तम वीर युक्त (रयिम्) चक्रवर्त्ति राज्य से सिद्ध हुए धन को (आवहतम्) अच्छे प्रकार प्राप्त होके पहुंचाइये (च) और (नः) हमलोगों के (वाजसातौ) सङ्ग्राम में (वृधे) वृद्धि के अर्थ विजय को प्राप्त कराने वाले (भवतम्) हूजिये जैसे मैं (अवसे) रक्षादि के लिये तुम्हारा (जोहवीमि) वारंवार ग्रहण करता हूं वैसे आप मुझ को ग्रहण कीजिये ॥ १२॥

भावार्थः— जब अग्नि से प्रयुक्त किये हुए रथ के विना कोई मनुष्य स्थल जल और अन्तरिक्षमार्गों में शीघ्र जाने को समर्थ नहीं हो सकता। इस से राज्यश्री, उत्तम सेना, और वीर पुरुषों को प्राप्त होके ऐसे विमानादि यानों से युद्ध में विजय को पा सकते हैं। इस कारण इस विद्या में मनुष्य सदा युक्त हों॥ १२॥

पूर्वसूक्त से इस विद्या के सिद्ध करने वाले इन्द्र शब्द के अर्थ का प्रतिपादन किया तथा इस सूक्त से इस विद्या के साधक अग्नि अर्थात् द्यावा पृथिवी आदि अर्थ प्रतिपादन किये हैं इस से इस सूक्त के अर्थ की पूर्व सूक्त के अर्थ के साथ संगति जाननी चाहिये॥ यह पांचवां वर्ग और चौंतीसवां सूक्त समाप्त हुआ॥ ३४॥

अथैकादशर्चस्य पंचत्रिंशस्य सूक्तस्यां गिरसो हिरण्यस्तूप ऋषिः। आदिमस्य मंत्रस्याग्निर्मित्रावरुणौ रात्रिः सविता च २–११ सविता च देवताः। १–विराड् जगती। ९ निचृज्जगतीछन्दः। निषादः स्वरः। २। ५। १०। ११। विराट् त्रिष्टुप्। ३। ४। ६। त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः ७। ८। भुरिक् पंक्तिश्छन्दः। पंचमः स्वरः॥ अग्न्यादिगुणान् विज्ञाय कार्य्यं सिद्धं कुर्य्यादित्युपदिश्यन्ते॥

अब पैंतीसवें सूक्त का आरंभ है। उस के पहिले मंत्र से अग्नि आदि के गुणों को जान के सब प्रयोजनों को सिद्ध करे इस विषय का वर्णन किया है॥

ह्वया॑म्य॒ग्निं प्र॑थ॒मं स्व॒स्तये॒ ह्वया॑मि मि॒त्रावरु॑णावि॒हाव॑से। ह्वया॑मि रा॒त्रीं जग॑तो नि॒वेश॑नीं॒ ह्वया॑मि दे॒वं स॑वि॒तार॑मू॒तये॑॥ १॥

ह्वया॑मि। अ॒ग्निम्। प्र॒थ॒मम्। स्व॒स्तये॑। ह्वया॑मि। मि॒त्रावरु॑णा। इ॒ह। अव॑से। ह्वया॑मि। रा॒त्रीम्। जग॑तः। नि॒ऽवेश॑नीम्। ह्वया॑मि। दे॒वम्। स॒वि॒तार॑म्। ऊ॒तये॑॥ १॥

पदार्थः— (ह्वयामि) स्पर्धामि (अग्निम्) रूपगुणम् (प्रथमम्) जीवनस्यादिमनिमित्तम् (स्वस्तये) सुशोभनमिष्टंसुखमस्ति यस्मात्तस्मैसुखाय (ह्वयामि) स्वीकरोमि (मित्रावरुणौ) मित्रः प्राणो वरुण उदानस्तौ (इह) अस्मिन्) शरीरधारणादिव्यवहारे (अवसे) रक्षणाद्याय (ह्वयामि) प्राप्नोमि (रात्रिम्) सूर्याभावादंधकाररूपाम् (ह्वयामि) गृह्णामि (देवम्) द्योतनात्मकं (सवितारम्) सूर्यलोकम् (ऊतये) क्रियासिद्धीच्छायै ॥ १ ॥

अन्वयः— अहमिह स्वस्तये प्रथममग्निं ह्वयाम्यवसे मित्रावरुणौ ह्वयामि जगतो निवेशनीं रात्रीं ह्वयाम्यूतये सवितारं देवं ह्वयामि ॥ १ ॥

भावार्थः— मनुष्यैरहर्निशं सुखायाग्निवायुसूर्याणां सकाशादुपयोगं गृहीत्वा सर्वाणि सुखानि प्राप्याणि नैतदादिना विना कदाचित् कस्यचित्सुखं संभवतीति ॥ १ ॥

पदार्थः— मैं (इह) इस शरीर धारणादि व्यवहार में (स्वस्तये) उत्तम सुख होने के लिये (प्रथमम्) शरीर धारण के आदि साधन (अग्निम्) रूप गुण युक्त अग्नि को (मित्रावरुणौ) तथा प्राण वा उदान वायु को (ह्वयामि) स्वीकार करता हूं (जगतः) संसार की (निवेशनीम्) निद्रा में निवेश कराने वाली (रात्रीम्) सूर्य के अभाव से अंधकार रूप रात्रि को (ह्वयामि) प्राप्त होता हूं (ऊतये) क्रियासिद्धि की इच्छा के लिये (देवम्) द्योतनात्मक (सवितारम्) सूर्यलोक को (ह्वयामि) ग्रहण करता हूं ॥ १ ॥

भावार्थः— मनुष्यों को चाहिये कि दिनरात सुख के लिये अग्नि वायु और सूर्य के सकाश से उपकार को ग्रहण कर के सब सुखों को प्राप्त होवें क्योंकि इस विद्या के विना कभी किसी पुरुष को पूर्ण सुख का संभव नहीं होसकता ॥ १ ॥

अथ सूर्यलोकगुणा उपदिश्यन्ते ॥

अब अगले मंत्र में सूर्यलोक के गुणों का उपदेश किया है ॥

आकृष्णेन रजसा वर्त्तमानो निवेशयन्न-
मृतं मर्त्यं च ॥ हिरण्ययेन सविता रथेना
देवो याति भुवनानि पश्यन् ॥ २ ॥

आ । कृष्णेन । रजसा । वर्त्तमानः । नि-
ऽवेशयन् । अमृतम् । मर्त्यम् । च । हिर-
ण्ययेन । सविता । रथेन । आ । देवः ।
याति । भुवनानि । पश्यन् ॥ २ ॥

पदार्थः— (आ) समंतात् (कृष्णेन) कर्षतियेन स कृष्ण-स्तेन । यद्वा कृष्णवर्णेन लोकेन । कृष्णंकृष्यते निकृष्टो वर्णः निरु० २ । २० यत्कृष्णंतदन्नस्य । छान्दो० ६ । ५ । एताभ्यां प्रमाणाभ्यां पृथिवीलोका अत्र गृह्यन्ते कृषेर्वर्णे । उ० ३ । ४ । इति नक् प्रत्ययः । अवाङ् पूर्वकत्वादाकर्षणार्थो गृह्यते (रजसा) लोकसमूहेन सह । लोका रजांस्युच्यन्ते । निरु० ४ । १९ । (वर्त्तमानः) वर्त्ततेऽसौ वर्त्तमानः (निवेशयन्) नितरां स्वस्वसामर्थ्ये स्थापयन् (अमृतम्) अंतर्यामितया वेदद्वारा च मोक्षसाधकं सत्यं ज्ञानं सृष्टिद्वाराऽमृतात्मकं रसं वा (मर्त्यम्) कर्म प्रलयप्राप्तिव्यवस्थया कालव्यवस्थया वा मरणधर्मयुक्तम् प्राणिनम् (च) समुच्चये (हिरण्ययेन) ज्योतिर्मयेनानन्तेन यशसातेजोमयेन वा ऋत्व्यवास्त्व्यवास्त्वमाध्वीहिरण्ययानिछन्दसि । अ० ६ । ४ । १७५ इत्ययं निपातितः ज्योतिर्हिहिरण्यम् । श० ४ । ३ । १ । २१ । (स-

विता) सर्वेषां प्रसविता प्रकाशवृष्टिरसानां च प्रसविता (रथेन) रंहति जानाति गच्छति गमयति वा येन तेन । रथो रंहते र्गतिकर्मणः । निरु० ९ । ११ (आ) समंतात् (देवः) दीव्यति प्रकाशयतीति (याति) प्राप्नोति प्रापयति वा । अत्र पक्षेऽन्तर्गतो ण्यर्थः (भुवनानि) भवन्ति भूतानि येषु तानि । भूसू० उ० २ । ७८ इत्यधिकरणे क्युन् प्रत्ययः (पश्यन्) प्रेक्षमाणो दर्शयन् वा । अत्रापि पक्षेऽन्तर्गतो ण्यर्थः ॥ २ ॥

अन्वयः— अयं सविता देवः परमेश्वर आकृष्णेन रजसा सहाभिव्याप्य वर्त्तमानः सर्वस्मिन् जगत्यमृतं मर्त्यं च निवेशयन् सन् हिरण्ययेन यशोमयेन ज्ञानरथेन युक्तो भुवनानिपश्यन्नायाति समन्तात् सर्वान्पदार्थान् प्राप्नोतीति पूर्वोऽन्वयः । अयं सविता देवः सूर्यलोकः कृष्णेन रजसा सह वर्त्तमानो ऽस्मिन् जगत्यमृतं मर्त्यं च निवेशयन् हिरण्ययेन रथेन भुवनानि पश्यन् दर्शयन्सन्नायाति समंताद्रूप्यादिरूपविभागं च प्रापयतीत्यपरोऽन्वयः ॥ २ ॥

भावार्थः— अत्र श्लेषालंकारः । यथा पृथिव्यादयो लोकाः सर्वान् मनुष्यादीन् धरन्ति सूर्यलोक आकर्षणेन पृथिव्यादीन् धरति । ईश्वरः स्वसत्तया सूर्यादीन् लोकान् धरति । एवं क्रमेण सर्वलोकधारणं प्रवर्त्तते नैतेन विनान्तरिक्षे कस्यचिद् गुरुत्वयुक्तस्य लोकस्य स्वपरिधौस्थितेः सम्भवोऽस्ति । नैव लोकानां भ्रमणेन विना क्षणमुहूर्तप्रहराहोरात्रपक्षमासर्तुसम्वत्सरादयः कालावयवा उत्पत्तुं शक्नुवन्तीति ॥ २ ॥

पदार्थः— यह (सविता) सब जगत् को उत्पन्न करने वाला (देवः) सब से अधिक प्रकाश युक्त परमेश्वर (आकृष्णेन) अपनी आकर्षण शक्ति से (रजसा) सब सूर्य्यादि लोकों के साथ व्यापक (वर्त्तमानः) हुआ (अमृतम्) अंतर्यामिरूप वा वेद द्वारा मोक्षसाधक सत्य ज्ञान (च) और (मर्त्यम्) कर्मों और प्रलय की व्यवस्था से मरण युक्त जीव को (निवेशयन्) अच्छे प्रकार स्थापन करता

हुआ (हिरण्ययेन) यशोमय (रथेन) ज्ञान स्वरूप रथ से युक्त (भुवनानि) लोकों को (पश्यन्) देखता हुआ (आयाति) अच्छे प्रकार सब पदार्थों को प्राप्त होता है । १ । यह (सविता) प्रकाश वृष्टि और रसों का उत्पन्न करने वाला (कृष्णेन) प्रकाश रहित (रजसा) पृथिवी आदि लोकों के साथ (आवर्त्तमानः) अपनी आकर्षण शक्ति से वर्तमान इस जगत् में (अमृतम्) वृष्टि द्वारा अमृत स्वरूप रस (च) तथा (मर्त्यम्) काल व्यवस्था से मरण को (निवेशयन्) अपने २ सामर्थ्य में स्थापन करता हुआ (हिरण्ययेन) प्रकाश स्वरूप (रथेन) गमन शक्ति से (भुवनानि) लोकों को (पश्यन्) देखता हुआ (आयाति) अच्छे प्रकार वर्षा आदि रूपों को अलग २ प्राप्ति करता है ॥ २ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में श्लेषालंकार है। जैसे सब पृथिवी आदि लोक मनुष्यादि प्राणियों वा सूर्य लोक अपने आकर्षण से पृथिवी आदि लोकों वा ईश्वर अपनी सत्ता से सूर्यादि सब लोकों का धारण करता है ऐसे क्रम से सब लोकों का धारण होता है इस के विना अन्तरिक्ष में किसी अत्यन्त भार युक्त लोक का अपनी परिधि में स्थिति होने का संभव नहीं होता और लोकों के घूमने विना क्षण, मुहूर्त, प्रहर, दिन, रात, पक्ष, मास, ऋतु, और संवत्सर, आदि कालों के अवयव नहीं उत्पन्न हो सकते हैं ॥ २ ॥

अथ वायुसूर्य्यदृष्टान्तेन शूरवीरगुणा उपदिश्यन्ते ॥

अब वायु और सूर्य्य के दृष्टान्त के साथ अगले मंत्र में शूरवीर के गुणों का उपदेश किया है ॥

याति॑ दे॒वः प्र॒वता॒ यात्यु॒द्वता॒ याति॑ शु॒भ्राभ्यां॑ यज॒तो हरि॑भ्याम् ॥ आ दे॒वो या॑ति सवि॒ता प॑रा॒वतोऽप॒ विश्वा॑ दुरि॒ता बाध॑मानः ॥ ३ ॥

याति॑ । दे॒वः । प्र॒ऽवता॑ । याति॑ । उ॒त्ऽवता॑ ।

याति । शुभ्राभ्याम् । यजतः । हरिऽभ्याम् । आ । देवः । याति । सविता । पराऽवतः । अप । विश्वा । दुःऽइता । बाधमानः ॥ ३ ॥

पदार्थः— (याति) गच्छति (देवः) द्योतको वायुः (प्रवता) अधोमार्गेण । अत्र प्रपूर्वकात्संभजनार्थाद्वनधातोः क्विप् (याति) प्राप्नोति (उद्वता) ऊर्ध्वमार्गेण (याति) गच्छति (शुभ्राभ्याम्) शुद्धाभ्याम् (यजतः) संगंतु योग्यः (हरिभ्याम्) कृष्णशुक्लपक्षाभ्याम् (आ) अभ्यर्थे (देवः) प्रकाशकः (याति) प्राप्नोति (सविता) सूर्यलोकः (परावतः) दूरमार्गान् । परावत इति दूरनामसु पठितम् । निघं० ३ । २६ । (अप) दूरार्थे (विश्वा) विश्वानि सर्वाणि (दुरिता) दुष्टानि दुःखानि । अत्रोभयत्र शेश्छन्दसीति लोपः (बाधमानः) दूरीकुर्वन् ॥ ३ ॥

अन्वयः— हे राजपुरुषा भवन्तो यथा विश्वानिदुरितान्यपबाधमानो यजतो देवो वायुः प्रवता मार्गेण यात्युद्वता मार्गेण यात्यायाति च यथा च विश्वा दुरिता सर्वाणि दुःखप्रदान्यन्धकारादीनि बाधमानो यजतः सविता देवः सूर्यलोकः शुभ्राभ्यां हरिभ्यां हरण साधनाभ्यामहोरात्राभ्यां कृष्णशुक्लपक्षाभ्यां परावतो दूरस्थान् पदार्थान् स्वकिरणैः प्राप्य पृथिव्यादीन् लोकान् याति प्राप्नोति तथा युद्धाय शूरवीरा गमनागमनाभ्यां प्रजाः सततं सुखयन्तु ॥ ३ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यथा ईश्वरोत्पादितायां सृष्टौ वायुरधऊर्ध्वसमगत्या गच्छन्नधस्थानुपर्युपरिस्थान

धश्चानयति यथायमहोरात्रादिभ्यां हरणशीलाभ्यां स्वकिरणयुक्ताभ्यां युक्तः सविता देवोऽन्धकाराद्यपवारणेन दुःखानि विनाश्य सुखानि प्रकटयन्कदाचित् सुखानि निवार्य्य दुःखानि प्रकटयति तथा सभापत्यादिभिरपि सेनादिभिः सह गत्वागत्य च शत्रून् जित्वा प्रजापालनमनुष्ठेयम् ॥ ३ ॥

पदार्थः— जैसे (विश्वा) सब (दुरिता) दुष्ट दुःखों को (अप) (बाधमानः) दूर करता हुआ (यजतः) संगम करने योग्य (देवः) श्रवण आदि ज्ञान का प्रकाशक वायु (प्रवता) नीचे मार्ग से (याति) जाता आता और (उद्वता) ऊर्द्ध मार्ग से (याति) जाता आता है और जैसे सब दुःख देने वाले अंधकारादिकों को दूर करता हुआ (यजतः) संगत होने योग्य (सविता) प्रकाशक सूर्यलोक (शुभ्राभ्याम्) शुद्ध (हरिभ्याम्) कृष्णवा शुक्लपक्षों से (परावतः) दूरस्थ पदार्थों को अपनी किरणों से प्राप्त हो कर पृथिव्यादि लोकों को (आयाति) सब प्रकार प्राप्त होता है वैसे शूरवीरादि लोग सेना आदि सामग्री सहित ऊंचे नीचे मार्ग में जाआ के शत्रुओं को जीत कर प्रजा की रक्षा निरन्तर किया करें ॥ ३ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है। जैसे ईश्वरकी उत्पन्न की हुई सृष्टि में वायु नीचे ऊपर वा समगति से चलता हुआ नीचे के पदार्थों को ऊपर और ऊपर के पदार्थों को नीचे करता है और जैसेदिन रात वा आकर्षण धारण गुण वाले अपने किरण समूह से युक्त सूर्यलोक अन्धकारादिकों के दूर करने से दुःखों का विनाश कर सुख और सुखों का विनाश कर दुःखों को प्रगट करता है वैसे ही सभापति आदि को भी अनुष्ठान करना चाहिये ॥ ३ ॥

पुनस्तयोर्दृष्टान्तेन राजकृत्यमुपदिश्यते ॥

फिर भी अगले मंत्र में उन दोनों के दृष्टान्त से राज कार्य्य का उपदेश किया है ॥

अभीवृतं कृशनैर्विश्वरूपं हिरण्यशम्यं यजतो बृहन्तम् आस्थाद्रथं सविता चित्रभा-

नुः कृष्णा रजांसि तविषीं दधानः ॥ ४ ॥

अभिऽवृतम् । कृशनैः । विश्वऽरूपम् । हिरण्यऽशम्यम् । यजतः । बृहन्तम् । आ । अस्थात् । रथम् । सविता चित्रऽभानुः । कृष्णा । रजांसि । तविषीम् । दधानः ॥ ४ ॥

पदार्थः—(अभिवृतम्) अभितः सर्वतः साधनैः पूर्णो वर्त्तते सोऽभीवृत्तम् । नहिवृति० अ० ६ । ३ । ११६ इति पूर्वस्य दीर्घत्वम् (कृशनैः) तनूकरणैः सूक्ष्मत्वनिष्पादकैः किरणैर्विविधैरूपैर्वा कृशनमिति रूपनामसु पठितम् । निघं० ३ । ७ । (विश्वरूपम्) विश्वानि बहूनि रूपाणि यस्मिन् प्रकाशे तम् (हिरण्यशम्यम्) हिरण्यासुवर्णान्यन्यानि वा ज्योतींषि शम्यानि शमितुं योग्यानि यस्मिँस्तम् (यजतः) सङ्गतिप्रकाशयोर्दाता (बृहन्तम्) महान्तम् (आ) समंतात् (अस्थात्) तिष्ठति । अत्र लडर्थे लुङ् (रथम्) यस्मिन् रमते तम् । रममाणोऽस्मिँस्तिष्ठतीति वा । निरु० ९ । ११ । (सविता) ऐश्वर्यवान्राजा सूर्यलोको वायुर्वा । सवितेति पदनामसु पठितम् । निघं० ५ । ४ । अनेन प्राप्तिहेतोर्वायोरपि ग्रहणम् । (चित्रभानुः) चित्राभानवो दीप्तयो यस्य यस्माद्वा सः (कृष्णा) कृष्णान्याकर्षणकृष्णवर्णयुक्तानि पृथिव्यादीनि (रजांसि) लोकान् (तविषीम्) बलम् । तविषीति बलनामसु पठितम् । निघं० २ । ९ (दधानः) धरन् ॥ ४ ॥

अन्वयः—हे सभेश राजँस्त्वं यथा यजतश्चित्रभानुः सवितासूर्यो वायुर्वा कृशनैः किरणैरूपैर्वा बृहन्तं हिरण्यशम्यमभीवृतं विश्वरूपं रथं कृष्णानि रजांसि पृथिव्यादिलोकांस्तविषीं बलं च दधानः

सन्नास्थात् समंतात् तिष्ठति तथा भूत्वा वर्त्तस्व ॥ ४ ॥

भावार्थः – अत्र श्लेषवाचकलुप्तोपमालङ्कारौ । यथा सूर्यादिजननिमित्तः सूर्यादिलोकधारको बलवान् सर्वान् लोकानाकर्षणाख्यं बलं च धरन् वायुर्वर्त्तते यथा च सूर्यलोकः स्वसन्निहितान् लोकान् धरन् सर्वं रूपं प्रकटयन् बलाकर्षणाभ्यां सर्वं धरति नैताभ्यां विना कस्यचित् परमाणोरपि धारणं संभवति । तथैव राजा शुभगुणाढ्यो भूत्वा राज्यं धरेत् ॥ ४ ॥

पदार्थः— हे सभा के स्वामी राजन् आप जैसे (यजतः) संगति करने वा प्रकाश का देने वाला (चित्रभानुः) चित्र विचित्र दीप्ति युक्त (सविता) सूर्यलोक वा वायु । (कृशनैः) तीक्ष्ण करने वाले किरण वा विविध रूपों से (बृहंतम्) बड़े (हिरण्यशम्यम्) जिस में सुवर्ण वा ज्योति शांत करने योग्य हो (अभीवृतम्) चारों ओर से वर्त्तमान (विश्वरूपम्) जिस के प्रकाश वा चाल में बहुत रूप हैं उस (रथम्) रमणीय रथ (कृष्णा) आकर्षण वा कृष्णवर्ण युक्त (रजांसि) पृथिव्यादि लोकों और (तविषीम्) बल को । (दधानः) धारण करता हुआ (आस्थात्) अच्छे प्रकार स्थित होता है वैसे अपना वर्त्ताव कीजिये ॥ ४ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में श्लेष और वाचक लुप्तोपमालंकार हैं । जैसे सूर्य आदि की उत्पत्ति का निमित्त सूर्य आदि लोक का धारण करने वाला बलवान् सब लोकों और आकर्षणरूपी बल को धारण करता हुआ वायु विचरता है और जैसे सूर्य्यलोक अपने समीप स्थलोंको धारण और सब रूप विषय को प्रकट करता हुआ बल वा आकर्षण शक्ति से सब को धारण करता है और इन दोनों के विना किसी स्थूल वा सूक्ष्म वस्तु के धारण का संभव नहीं होता वैसे ही राजा को होना चाहिये कि उत्तम गुणों से युक्त हो कर राज्य का धारण किया करे ॥ ४ ॥

पुनस्तौ कीदृशावित्युपदिश्यते ॥

फिर वे कैसे हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

वि जना॑ञ्छ्या॒वाः शि॑ति॒पादो॑ अख्य॒न् रथं॑

हिरण्यप्रउगं वहन्तः। शश्वद्विशः सवितुर्दैव्यस्योपस्थे विश्वा भुवनानि तस्थुः ॥ ५ ॥

वि। जनान्। श्यावाः। शितिऽपादः। अख्यन्। रथम्। हिरण्यऽप्रउगम्। वहन्तः। शश्वत्। विशः। सवितुः। दैव्यस्य। उपऽस्थे। विश्वा। भुवनानि। तस्थुः ॥ ५ ॥

पदार्थः— (वि) विशेषार्थे (जनान्) विदुषः (श्यावाः) श्यायन्ते प्राप्नुवन्ति ते। श्यावाः सवितुरित्यादिष्टोपयोजननामसु पठितम्। निघं० १। १५। (शितिपादः) शितयः शुक्लाः पादा अंशा येषां किरणानान्ते (अख्यन्) ख्याता भवन्ति। अत्र लडर्थे लुङ् (रथम्) विमानादियानम्। (हिरण्यप्रउगम्) हिरण्यस्य ज्योतिषोऽग्नेः प्रउगं सुखवत्स्थानं यस्मिंस्तत् प्रयोगार्हम्। पृषोदरादिनाभीष्टरूपसिद्धिः (वहन्तः) प्राप्नुवन्तः (शश्वत्) अनादयः (विशः) प्रजाः (सवितुः) सूर्यलोकस्य (दैव्यस्य) देवेषु दिव्येषु पदार्थेषु भवो दैव्यस्तस्य (उपस्थे) उपतिष्ठन्ते यस्मिंस्तस्मिन्। अत्र घञर्थे कविधानमित्यधिकरणे कः प्रत्ययः। (विश्वा) विश्वानि सर्वाणि। अत्र शेश्छन्दसीति शेर्लोपः (भुवनानि) पृथिवीगोलादीनि (तस्थुः) तिष्ठन्ति। अत्र लडर्थे लिट् ॥ ५ ॥

अन्वयः— हे सज्जन यथाऽस्य दैव्यस्य सवितुः सूर्यलोकस्योपस्थे विश्वा भुवानि सर्वे भूगोलास्तस्थुस्तस्य शितिपादः श्यावाः किरणा जनान् हिरण्यप्रउगं रथं शश्वद्विशश्च वहन्तो व्यख्यन्

स्थितास्तथा स्थापन्ति तथा तव निकटे विद्वांसस्तिष्ठन्तु त्वं च विद्याधर्मौ प्रकटय ॥ ५ ॥

भावार्थः— हे मनुष्या यूयं यथा सूर्य्यलोकस्य प्रकाशाकर्षणादयो गुणाः सन्ति ते सर्वं जगद्धारणपुरस्सरं यथा योग्यं प्रकटयन्ति ये सूर्यस्य सन्निधौ लोकाः सन्ति ते सूर्य्यप्रकाशेन प्रकाशन्ते या अनादिरूपाः प्रजास्ता अपि वायुर्धरति । अनेन सर्वेलोकाः स्वस्वपरिधौ समवतिष्ठन्ते तथा गुणान्धरत स्वस्वव्यवस्थायां स्थित्वा न्यायान् स्थापयत च ॥ ५ ॥

पदार्थः— हे सज्जन पुरुष आप जैसे जिस (दैव्यस्य) विद्वान् वा दिव्य पदार्थों में उत्पन्न होने वाले (सवितुः) सूर्यलोक की (उपस्थे) गोद अर्थात् आकर्षण शक्ति में (विश्वा) सब (भुवनानि) पृथिवी आदि लोक (तस्थुः) स्थित होते हैं उस के (शितिपादः) अपने श्वेत अवयवों से युक्त (श्यावाः) प्राप्ति होने वाले किरण (जनान्) विद्वानों (हिरण्यप्रउगम्) जिस में ज्योति रूप अग्नि के मुख के समान स्थान हैं उस (रथम्) विमान आदि यान और (शश्वत्) अनादि रूप (विशः) प्रजाओं को (वहन्तः) धारण और बढ़ाते हुए (व्यख्यन्) अनेक प्रकार प्रगट होते हैं वैसे तेरे समीप विद्वान् लोग रहैं और तूं भी विद्या तथा धर्म का प्रचार कर ॥ ५ ॥

भावार्थः— हे मनुष्यो तुम जैसे सूर्यलोक के प्रकाश वा आकर्षण आदि गुण सब जगत् को धारण पूर्वक यथा योग्य प्रगट करते हैं । और जो सूर्य के समीप लोक हैं वे सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित होते हैं । जो अनादि रूप प्रजा है उस का भी वायु धारण करता है इस प्रकार होने से सब लोक अपनी २ परिधि में स्थित होते हैं वैसे तुम सद्गुणों का धारण और अपने २ अधिकारों में स्थित हो कर अन्य सब को न्याय मार्ग में स्थापन किया करो ॥ ५ ॥

पुनरपि वायुसूर्य्ययोर्गुणा उपदिश्यन्ते ॥

फिर भी वायु और सूर्य्य के गुणों का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

तिस्रो द्यावः सवितुर्द्वा उपस्था एका यम

स्य भुवने विराषाट्। आणिं न रथ्यममृताधि तस्थुरिह ब्रवीतु य उ तच्चिकेतत्॥६॥

तिस्रः। द्यावः। सवितुः। द्वा। उपऽस्था। एका। यमस्य। भुवने। विराषाट्। आणिम्। न। रथ्यम्। अमृता। अधि। तस्थुः। इह। ब्रवीतु। यः। ऊँइति। तत्। चिकेतत् ॥ ६ ॥

पदार्थः— (तिस्रः) त्रित्वसंख्याकाः (द्यावः) सूर्याग्निविद्युद्रूपाः (सवितुः) सूर्यलोकस्य (द्वौ) स्वप्रकाशभूगोलौ (उपस्था) उपतिष्ठन्ति यस्मिँस्तत्र। अत्राङ्याजयारां चोपसंख्यानम्। इति वार्त्तिकेन ङेः स्थाने आङादेशः। आङोऽनुनासिकश्छन्दसि। अ० ६।१।१२६ इति प्रकृतिभावादसंधिः। (एका) विद्युदाख्यादीप्तिः। (यमस्य) वायोः (भुवने) अन्तरिक्षस्थाने (विराषाट्) वीरान् ज्ञानवतः प्राप्तिशीलान् जीवान् सहते सः। अत्र। वर्णव्यत्ययेन दीर्घेकारस्य स्थाने ह्रस्वेकारोऽकारस्थाने आकारश्च स्फायितंचि० उ० २।१३ इत्यजधातोरक् प्रत्ययः। छन्दसि सहः। अ० ३।२।६३ इति ण्विः। सहेः साढः सः। अ० ८।३।५६ इति षत्वम् (आणिम्) संग्रामम्। आणाविति संग्रामनामसु पठितम् निघं० २।१७ (न) इव (रथ्यम्) रथान् वहति तम् (अमृता) अमृतानि (अधि) उपरिभावे (तस्थुः) तिष्ठन्ति। अत्र लडर्थे लिट् (इह) अस्मिन् संसारेऽस्यां विद्यायां वा (ब्रवीतु) उप-

दिशतु (यः) मनुष्यः (उँ) वितर्के (तत्) ज्ञानम् (चिकेतत्) विजानीयात् अयं कितज्ञाने धातोर्लेट् प्रथमैकवचनप्रयोगः । बहुलं छन्दसीति शपः श्लुः ॥ ६ ॥

अन्वयः— हे विद्वँस्त्वं रथ्यमाणिं भृत्यानिवाऽस्य सवितुः सूर्यलोकस्य प्रकाशे यास्तिस्रो द्यावोऽधितस्थुस्तद्वौ सवितुरुपस्थौ उपस्था वर्त्तते । एका विराषाट् विद्युदाख्याद्दीप्तिर्यमस्य नियंतुर्वायोर्भुवनेऽन्तरिक्षे स्थिति तिष्ठति । यान्यमृताकारणरूपेण नाशरहितानि चंद्रतारकादीनि भुवनानि सन्तितान्यन्तरिक्षे धितस्थुरधितिष्ठन्ति । यउएतानि चिकेतत् जानीयात् स तज्ज्ञानं ब्रवीतु तथा भूत्वेमां विद्यामुपदिश ॥ ६ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालङ्कारः । ईश्वरेण या अग्न्याख्यात्कारणात्तिस्रो दीप्तयः सूर्याग्निविद्युदाख्या रचिताः संति तद्द्वारा सर्वाणि कार्याणि सिध्यन्ति । यदा ये जीवाः । शरीराणि त्यक्त्वा यस्य यमस्य स्थानं गच्छन्ति सकोस्तीति पृच्छ्यते । अत्रोत्तरमन्तरिक्षस्थं वायुं यमाख्यं गच्छन्तीति ब्रूयात् । यथा युद्धे रथस्य भृत्यादीन्यंगान्युपतिष्ठन्ति । तथैव मृताजीविताश्च जीवावायुमाश्रित्यतिष्ठन्ति । पृथिवी चन्द्रतारकादयो लोकाः सूर्यप्रकाशमुपाश्रित्य वर्त्तन्ते । यो विद्वान् स एव प्रश्नोत्तराणि वदेन्नेतरोमूढः । नैव मनुष्यैरविद्वत्कथने विश्वसितव्यं न किलाप्तशब्देऽश्रद्धातव्यं चेति ॥ ६ ॥

पदार्थः— हे विद्वान् तूं (रथ्यम्) रथ आदि के चलाने योग्य (आणिम्) संग्राम को जीतने वाले राज भृत्यों के (न) समान इस (सवितुः) सूर्यलोक के प्रकाश में जो (तिस्रः) तीन अर्थात् (द्यावः) सूर्य अग्नि और विद्युत् रूप के साधनों से युक्त (अधितस्थुः) स्थित होते हैं उन में से (द्वौ) दो प्रकाश वा भूगोल सूर्य मंडल के (उपस्था) समीप में रहते हैं और (एका) एक (विराषाट्) शूर वीर ज्ञानवान् प्राप्ति स्वभाव वाले जीवों को सहने वाली बिजली रूप दीप्ति

(यमस्य) नियम करने वाले वायु के (भुवने) अन्तरिक्ष में ही रहती है और जो (अमृता) कारणरूप से नाश रहित चन्द्र तारे आदि लोक हैं वे इस सूर्य लोक के प्रकाश में प्रकाशित होकर (अधितस्थुः) स्थित होती हैं (यः) जो मनुष्य (उ) वादविवाद से इन को (चिकेतत्) जाने और उस ज्ञान को (ब्रवीतु) अच्छे प्रकार उपदेश करे उसी के समागम से हम को सद्गुणों का उपदेश किया कर ॥६॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार है। जिस ईश्वर ने अग्नि रूप कारण से सूर्य अग्नि और बिजली रूप तीन प्रकार की दीप्ति रची है जिन के द्वारा सब कार्य सिद्ध होते हैं जब कोई ऐसा पूछे कि जीव अपने शरीरों को छोड़ के जिस यम के स्थान को प्राप्त होते हैं वह कौन है तब उत्तर देने वाला अन्तरिक्ष में रहने वाले वायु को प्राप्त होते हैं ऐसा कहे जैसे युद्ध में रथ भृत्य आदि सेना के अङ्गों में स्थित होते हैं वैसे मरे और जीते हुए जीव वायु के अवलंब से स्थित होते हैं। पृथिवी चन्द्रमा और नक्षत्रादि लोक सूर्य्य प्रकाश के आश्रय से स्थित होते हैं जो विद्वान् हो वही प्रश्नों के उत्तर कह सकता है। मूर्ख नहीं। इस लिये मनुष्यों को मूर्ख अर्थात् अनाप्तों के कहने में विश्वास और विद्वानों के कथन में अश्रद्धा कभी न करनी चाहिये ॥ ६ ॥

पुनरस्य सूर्यलोकस्य गुणा उपदिश्यन्ते ॥

फिर इस सूर्यलोक के गुणों का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

वि सुपर्णो अन्तरिक्षाण्यख्यद्गभीरवेपा असुरः सुनीथः। क्वे३दानीं सूर्यः कश्चिकेत कतमां द्यां रश्मिरस्यातंतान ॥ ७ ॥

वि। सुऽपर्णः। अन्तरिक्षाणि। अख्यत्। गभीरऽवेपाः। असुरः। सुऽनीथः। क्व। इदानीम्। सूर्यः। कः। चिकेत। कत-

कत॒मां । द्याम् । र॒श्मिः । अ॒स्य॒ । आ । त॒ता॒न॒ ॥ ७ ॥

पदार्थः- (वि) विशेषार्थे (सुपर्णः) शोभनपतनशीला रश्मयो यस्य । सुपर्णा इति रश्मिनामसु पठितम् । निघं० १ । ५ । (अन्तरिक्षाणि) अन्तरिक्षस्थानि सर्वाणि भुवनानि (अख्यत्) ख्यापयति प्रकाशयति (गभीरवेपाः) गभीरो ऽविद्वद्भिर्लक्षितुमशक्यो वेपः कंपनं यस्य सः । टुवेपृकंपन अस्मात्सर्वधातुभ्यो ऽसुन्नित्यसुन् प्रत्ययः (असुरः) सर्वेभ्यः प्राणदः सूर्योदये मृता इवोत्तिष्ठन्तीत्यतः । असुषु प्राणेषु रमते वा । (सुनीथः) सुष्ठुनीथाः पदार्थप्राप्तयो यस्मात् सः । हनिकुषि० उ० २ । २ अनेन णीञ् प्रापणे धातोः क्थन् प्रत्ययः (क्व) कुत्र (इदानीम्) अस्मिन् समये वर्त्तमानायां रात्रौ (सूर्यः) (कः) विद्वान् (चिकेत) केतति जानाति । अत्र कित ज्ञाने धातोर्लडर्थे लिट् (कतमाम्) बहूनां पृथिवीनां मध्ये काम् (द्याम्) द्योतनात्मिकाम् (रश्मिः) ज्योतिः (अस्य) सूर्यस्य (आ) समन्तात् (ततान) तनोति विस्तृणोति । अत्रापि लडर्थे लिट् ॥ ७ ॥

अन्वयः- हे विद्वन् यथा ऽसुरो गभीरवेपाः सुनीथः सुपर्णोऽस्य रश्मिरन्तरिक्षाणि व्यख्यदिव ख्यापयति प्रकाशयति तेन रश्मिगणेन युक्तः सूर्य्य इदानीं क्व वर्त्तते । एतत्कश्चिकेत को जानाति । कतमां द्यामस्य सूर्य्यस्य रश्मिराततानैतदपि कश्चिकेत । कश्चिदेव जानाति न तु सर्वे तदेतत्त्वं विद्धि ॥ ७ ॥

भावार्थः- अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः यदायं भूगोलो भ्रमणेन सूर्य प्रकाशमाच्छाद्यान्धकारं जनयति तदा ऽविद्वांसो जनाः पृच्छन्तीदानीं सूर्यः क्व गत इति तंप्रश्नमुत्तरेणैवं समादध्यात् पृ-

थिव्या अपरे पृष्ठेस्तीति यस्य चलनमतीव सूक्ष्ममस्त्यतः प्राकृतैर्जनैर्नं विज्ञायत एवं विद्वदभिप्रायोपि ॥ ७॥

पदार्थः— हे विद्वज्जन जैसे यह सूर्यलोक जो (असुरः) सब के लिये प्राण दाता अर्थात् रात्रि में सोये हुओं को उदय के समय चेतनता देने (गभीरवेपाः) जिस का कंपन गभीर अर्थात् सूक्ष्म होने से साधारण पुरुषों के मन में नहीं बैठता। (सुनीथः) उत्तम प्रकार से पदार्थों की प्राप्ति कराने और (सुपर्णः) उत्तम पतन स्वभाव किरण युक्त सूर्य (अन्तरिक्षाणि) अन्तरिक्ष में ठहरे हुए सब लोकों को (व्यख्यत्) प्रकाशित करता है (इदानीम्) इस वर्त्तमान समय रात्रि में (क) कहां है। इस बात को (कः) कौन (चिकेत) जानता तथा (कतमाम्) बहुतों में किस (द्याम्) प्रकाश को (अस्य) इस सूर्य के (रश्मिः) किरण (आततान) व्याप्त हो रहे हैं इस बात को भी कौन जानता है अर्थात् कोई २ जो विद्वान् हैं वेही जानते हैं सब साधारण पुरुष नहीं इस लिये सूर्यलोक का स्वरूप और गति आदि को तूं जान॥ ७॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है जब यह भूगोल अपने भ्रमण से सूर्य के प्रकाश का आच्छादन कर अन्धकार करता है तब साधारण मनुष्य पूंछते हैं कि अब वह सूर्य कहां गया उस प्रश्न का उत्तर से समाधान करे कि पृथिवी के दूसरे पृष्ठ में है जिस का चलना अति सूक्ष्म है जैसे वह मूर्ख मनुष्यों से जाना नहीं जाता वैसेही महाशय मनुष्यों का आशय भी अविद्वान् लोग नहीं जान सकते॥ ७॥

पुनरेतस्य कृत्यमुपदिश्यन्ते॥

फिर इस के कृत्य का उपदेश अगले मंत्र में किया है॥

अष्टौ व्यख्यत्ककुभः पृथिव्यास्त्री धन्व योजना सप्त सिन्धून्। हिरण्याक्षः सविता देव आगाद्दधद्रत्ना दाशुषे वार्याणि॥ ८॥

अष्टौ। वि। अख्यत्। ककुभः। पृथिव्याः।

त्री । धन्व । योजना । सप्त । सिन्धून् ।
हिरण्यऽअक्षः । सविता । देवः । आ ।
अगात् । दधत् । रत्ना । दाशुषे । वार्याणि ॥ ८ ॥

पदार्थः— (अष्टौ) चतस्रो दिश उपदिशश्च (वि) विशेषार्थे क्रियायोगे (अख्यत्) ख्यापयति (ककुभः) दिशः । ककुभ इति दिङ्नामसु पठितम् । निघं० १ । ६ । (पृथिव्याः) भूमेः सम्बन्धिनीः (त्री) त्रीणि भूम्यन्तरिक्षप्रकाशस्थानि भुवनानि (धन्व) प्राप्तव्यानि अत्र गत्यर्थाद्धविधातोरौणादिकः कनिन् सुपां सुलुगिति विभक्तेर्लुक् । (योजना) युञ्जन्ति सर्वाणि वस्तूनि येषु भुवनेषु तानि योजनानि । अत्र शेश्छन्दसीति शेर्लोपः । (सप्त) सप्तसंख्याकान् । (सिंधून्) भूम्यन्तरिक्षोपर्य्युपरिस्थितान् (हिरण्याऽक्षः) हिरण्यानि ज्योतींष्यक्षीणि व्याप्तिशीलानि यस्य सः (सविता) वृष्ट्युत्पादकः (देवः) द्योतनात्मकः (आ) समंतात् (अगात्) एति प्राप्नोति । अत्र लडर्थे लुङ् । इणो गा लुङि । अ० २ । ४ । ४५ इति गा आदेशः । (दधत्) दधातीति दधत्सन् (रत्ना) सुवर्णादीनि रमणीयानि । (दाशुषे) सर्वोपकारकाय विद्यादिदानशीलाय यजमानाय (वार्य्याणि) वरितुं ग्रहीतुं योग्यानि ॥ ८ ॥

अन्वयः— हे सभेश त्वं यथा यो हिरण्याक्षः सविता देवः सूर्यलोकः पृथिव्याः सम्बन्धिनीरष्टौ ककुभस्त्रीण्युपर्य्यधोमध्यस्थानि धन्वानि योजनानि तदुपलक्षितान् मार्गान् सप्त सिंधूँश्च व्यख्यत् ख्यापयति स दाशुषे वार्याणि रत्ना रत्नानि दधत्सन्नागात् समंतादेति तथा भूतः सन्वर्त्तस्व ॥ ८ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः यथाऽयं सूर्यलोकः सर्वाणि मूर्त्तद्रव्याणि प्रकाश्य छित्वा वायुद्वाराऽन्तरिक्षे नीत्वा

तस्मादधो निपात्य सर्वाणि रमणीयानि सुखानि जीवार्थं नयति । पृथिव्यामध्ये स्थितानामेकोनपंचाशत् क्रोशपर्यन्तेऽन्तरिक्षे स्थूलसूक्ष्मलघुगुरुत्वरूपेण स्थितानां चापां सप्तसिंध्विति संज्ञैताः सर्वा आकर्षणेन धरति च तथा सर्वैर्विद्वद्भिर्विद्याधर्माभ्यां सकलान् मनुष्यान् धृत्वाऽऽनन्दयितव्याः ॥ ८ ॥

पदार्थः– हे सभेश जैसे जो (हिरण्याक्षः) जिस के सुवर्ण के समान ज्योति हैं वह (सविता) वृष्टि उत्पन्न करने वाला (देवः) द्योतनात्मक सूर्यलोक (पृथिव्याः) पृथिवी से संबन्ध रखने वाली (अष्टौ) आठ (ककुभः) दिशा अर्थात् चार दिशा और चार उपदिशाओं (त्री) तीन भूमि अन्तरिक्ष और प्रकाश के अर्थात् ऊपर नीचे और मध्य में ठहरने वाले (धन्व) प्राप्त होने योग्य (योजना) सब वस्तु के आधार तीन लोकों और (सप्त) सात (सिंधून्) भूमि अंतरिक्ष वा ऊपर स्थित हुए जलसमुदायों को (व्यख्यत्) प्रकाशित करता है वह (दाशुषे) सर्वोपकारक विद्यादि उत्तम पदार्थ देने वाले यजमान के लिये (वार्याणि) स्वीकार करने योग्य (रत्ना) पृथिवी आदि वा सुवर्ण आदि रमणीय रत्नों को (दधत्) धारण कर्त्ता हुआ (आगात्) अच्छे प्रकार प्राप्त होता है वैसे तुम भी वर्त्तो ॥ ८ ॥

भावार्थः– इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है जैसे यह सूर्यलोक सब मूर्त्तिमान् पदार्थों का प्रकाश छेदन वायुद्वारा अन्तरिक्ष में प्राप्त और वहां से नीचे गेर कर सब रमणीय सुखों को जीवों के लिये उत्पन्न करता और पृथिवी में स्थित और उनंचाश क्रोश पर्यन्त अन्तरिक्ष में स्थूल सूक्ष्म लघु और गुरु रूप से स्थित हुए जलों को अर्थात् जिन का सप्तसिंधु नाम है आकर्षणशक्ति से धारण करता है वैसे सब विद्वान् लोग विद्या और धर्म से सब प्रजा को धारण कर के सब को आनन्द में रक्खें ॥ ८ ॥

पुनः स किं करोतीत्युपदिश्यते ॥

फिर वह क्या करता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

हिरण्यपाणिः सविता विचर्षणिरुभे द्यावापृथिवी अन्तरीयते । अपामीवां बाधते

वेति सूर्य्यमभि कृष्णेन रजसा द्यामृणोति ॥ ९ ॥

हिरण्यऽपाणिः । सविता । विऽचर्षणिः । उभे इति । द्यावापृथिवी इति । अन्तः । ईयते । अप । अमीवाम् । बाधते । वेति । सूर्य्यम् । अभि । कृष्णेन । रजसा । द्याम् । ऋणोति ॥ ९ ॥

पदार्थः– (हिरण्यपाणिः) हिरण्यानि ज्योतींषि पाणयो हस्तवद्ग्रहणसाधनानि यस्य सः (सविता) रसानां प्रसविता (विचर्षणिः) विलेखनस्वभावेन विच्छेदकः । कृषेरादेश्चचः उ० २ । १०० इति कृषविलेखने धातोरनिः प्रत्ययः (उभे) द्वे (द्यावापृथिवी) प्रकाशपृथिव्यौ (अन्तः) अन्तरिक्षस्यमध्ये (ईयते) प्रापयति (अप) दूरीकरणे (अमीवाम्) रोगपीडाम् (बाधते) निवारयति (वेति) प्रजनयति । अत्रान्तर्गतोण्यर्थः (सूर्य्यम्) सरणशीलं स्वकीयरश्मिगणम् (अभि) सर्वतो भावे (कृष्णेन) पृथिव्यादिना (रजसा) लोकसमूहेन (द्याम्) प्रकाशम् (ऋणोति) प्रापयति । अत्रान्तर्गतोण्यर्थः ॥ ९ ॥

अन्वयः– भोः सभाध्यक्ष यथा हिरण्यपाणिर्विचर्षणिः सविता सूर्यलोकउभे द्यावापृथिवी अन्तरीयते अमीवामपबाधते सूर्यमभिवेति कृष्णेन रजसा सह द्यामृणोति तथाभूतस्त्वं भव ॥ ९ ॥

भावार्थः– अत्र वाचकलु० हे सभापते यथायं सूर्यो बहु-

भिर्लोकैः सहाकर्षणसंबन्धेन वर्त्तमानः सर्वं वस्तुजातं प्रकाशयन् प्रकाशपृथिव्योरान्तर्यं करोति तथैव त्वया भवितव्यमिति ॥ ९ ॥

पदार्थः— हे सभाध्यक्ष जैसे (हिरण्यपाणिः) जिस के हिरण्यरूप ज्योति हाथों के समान ग्रहण करने वाले हैं (विचर्षणिः) पदार्थों को छिन्न भिन्न और (सविता) रसों को उत्पन्न करने वाला सूर्यलोक (उभे) दोनों (द्यावापृथिवी प्रकाश भूमि को (अन्तः) अन्तरिक्ष के मध्य में (ईयते) प्राप्त (अमीवाम्) रोग पीड़ा का (अपबाधते) निवारण (सूर्यं) सब को प्राप्त होने वाले अपने किरणसमूह को (अभिवेति) साक्षात् प्रगट और (कृष्णेन) पृथिवी आदि प्रकाश रहित (रजसा) लोकसमूह के साथ अपने (द्याम्) प्रकाश को (ऋणोति) प्राप्त करता है वैसे तुझ को भी होना चाहिये ॥ ९ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है । हे सभापते जैसे यह सूर्यलोक बहुतलोकों के साथ आकर्षण संबन्ध से वर्त्तमान सब वस्तुमात्र को प्रकाशित करता हुआ प्रकाश तथा पृथिवी लोक का मेल करता है वैसे स्वभावयुक्त आप हूजिये ॥ ९ ॥

अथ वायुगुणा उपदिश्यंते ।

अब अगले मंत्र में वायु के गुणों का उपदेश किया है ।

हिरण्यहस्तो असुरः सुनीथः सुमृळीकः स्ववाँयात्वर्वाङ् । अपसेधन्रक्षसो यातुधानानस्थाद्देवः प्रतिदोषं गृणानः ॥ १० ॥

हिरण्यऽहस्तः । असुरः । सुऽनीथः । सुऽमृळीकः । स्वऽवान् । यातु । अर्वाङ् । अपऽसेधन् । रक्षसः । यातुऽधानान् । अस्थात् । देवः । प्रतिऽदोषम् । गृणानः ॥ १० ॥

पदार्थः—(हिरण्यहस्तः) हिरण्यानि सर्वतोगमनानि हस्ता इव यस्य सः। अवगत्यर्थाद्धर्य्य धातोरौणादिकः कन्यन् प्रत्ययः। (असुरः) असून् प्राणान् राति ददात्यविद्यमानरूपगुणो वा सोऽसुरो वायुः। आतोनुपसर्गे कः। अ० ३। २। ३। इत्यसूपपदाद्राधातोः कः। (सुनीथः) शोभनं नीथो नयनं प्रापणं यस्य सः (सुमृडीकः) यः शोभनेन मृडयति सुखयति सः। मृडः कीकच् कङ्कणौ उ० ४। २५। इति कीकच्। (स्ववान्) स्वे प्रशस्ताः स्पर्शादयो गुणा विद्यन्ते यस्मिन् सः। अत्र प्रशंसार्थे मतुप् (यातु) प्राप्नोति प्राप्नोतु वा (अर्वाङ्) अर्वतः स्विकीयानध ऊर्ध्वतिर्यग्गमनाख्यवेगानंचति प्राप्नोतीति। अत्र ऋत्विग्दधृक्० इति क्विन्। क्विन्प्रत्ययस्यकुरिति कवर्गादेशः (अपसेधन्) निवारन् सन् (रक्षसः) चोरादीन् दुष्टकर्मकर्तॄन्। रक्षोरक्षयितव्यमस्मात् निरु० ४० १८ (यातुधानान्) यातवो यातनाः पीड़ा धीयन्ते येषु तान् दस्यून् (अस्थात्) स्थितवानस्ति (देवः) सर्वव्यवहारसाधकः। (प्रतिदोषम्) रात्रिं रात्रिं प्रति अत्रावेरुपलक्षणत्वाद्दिवसस्यापिग्रहणमस्ति प्रतिसमयमित्यर्थः। दोषेति रात्रिनामसु पठितम्। निघं० १। ७। (गृणानः) स्वगुणैः स्तोतुमर्हः॥ १०॥

अन्वयः—हे सभेश भवान् यथाऽयं हिरण्यहस्तोऽसुरः सुनीथः सुमृडीकः स्ववानर्वाङ् वायुर्यातिसर्वतश्चलति। एवं प्रतिदोषं गृणानो देवो वायुदुःखानि निवार्य सुखानि प्रापयित्वाऽस्थात् तथा यातुधानानक्षसोऽपसेधन् सर्वान् दुष्टान्निवारयन् श्रेष्ठान् यातु प्राप्नोतु॥ १०॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० हे सभापते यथायंवायुः स्वकीयाकर्षणबलादिगुणैः सर्वान् पदार्थान् व्यवस्थापयति यथा च दिवसे

चोराः प्रबला भवितुंनार्हन्ति तथैव भवतापि भवितव्यम् । येन जगदीश्वरेण बहुगुणसुखप्रापका वाय्वादयः पदार्था रचितास्तस्मै सर्वै धन्यवादा देयाः ॥ १० ॥

पदार्थः— हे सभापते आप जैसे यह (हिरण्यहस्तः) जिसका चलना हाथ के समान है (असुरः) प्राणों की रचा करने वाला रूप गुणरहित (सुनीथः) सुन्दर रीति से सबको प्राप्त होने (सुमृडीकः) उत्तम व्यवहारों से सुखयुक्त करने और (स्ववान्) उत्तम २ स्पर्श आदि गुण वाला (अर्वाङ्) अपने नीचे ऊपर टेढे जाने वाले वेगों को प्राप्त होता हुआ वायु चारों ओर से चलता है तथा (प्रतिदोषम्) रात्रि २ के प्रति (गृणानः) गुण कथन से स्तुति करने योग्य (देवः) सुखदायक वायु दुःखों को निवृत्त और सुखों को प्राप्त कर के (अस्थात्) स्थित होता है वैसे (रचसः) दुष्ट कर्म करने वाले (यातुधानान्) जिनसे पीड़ा आदि दुःख होते हैं उन डांकुओं को (अपसेधन्) निवारण करते हुए श्रेष्ठों को प्राप्त हूजिये ॥ १० ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचक लु० हे सभापति जैसे यह वायु अपने आकर्षण और बल आदि गुणों से सब पदार्थों को व्यवस्था में रखता है और जैसे दिन में चोर प्रबल नहीं होसकते हैं वैसे आपभी हूजिये और तुम को जिस जगदीश्वर ने बहुतगुणयुक्त सुख प्राप्त करने वाले वायु आदि पदार्थ रचे हैं उसी को सब धन्यवाद देने योग्य हैं ॥ १० ॥

अथेन्द्रशब्देनेश्वर उपदिश्यते ॥

अब अगले मंत्र में इन्द्र शब्द से ईश्वर का उपदेश किया है ।

ये ते पन्थाः सवितः पूर्व्यासोऽरेणवः सुकृता अन्तरिक्षे । तेभिर्नो अद्य पथिभिः सुगेभी रक्षा च नो अधि च ब्रूहि देव ॥ ११ ॥

ये । ते । पन्थाः । सवितरिति । पूर्व्यासः । अरे-

णवः । सुऽकृताः । अन्तरिक्षे । तेभिः । नः । अद्य । पथिभिः । सुऽगेभिः । रक्ष । च । नः । अधि । च । ब्रूहि । देव ॥ ११ ॥

पदार्थः– (ये) वक्ष्यमाणाः (ते) तव (पन्थाः) धर्म मार्गाः अत्र सुपां सुलुगिति जस स्थाने सुः (सवितः) सकलजगदुत्पादकेश्वर (पूर्व्यासः) पूर्वैः कृताः साधिताः सेविताश्च अत्रपूर्वैः कृतमिनियौ च । अ० ४ । ४ १३३ । इति पूर्वशब्दाद्यः प्रत्ययः । आज्जसेरसुगित्यसुगागमश्च (अरेणवः) अविद्यमानारेणवो धूल्यंशा इव विघ्ना येषु ते । अजिवृरी० उ० ३ । ३७ इति रीधातोर्णुः प्रत्ययः सुकृताः) सुष्ठु निर्मिताः (अन्तरिक्षे) सव्याप्तिरूपे ब्रह्माण्डे (तेभिः) तैः (नः) अस्मान् (अद्य) अस्मिन्नहनि (पथिभिः) उक्तमार्गैः (सुगेभिः) सुखेन गच्छन्ति येषु तैः सुदुरोरधिकरणे० अ०३ । २ । ४८ । इति वार्त्तिकेन सूपपदाद्गमधातोर्डः प्रत्ययः (रक्ष) पालय । अत्रद्यचोतस्तिङ इतिदीर्घः (च) समुच्चये (नः) अस्मभ्यम् (अधि) ईश्वरार्थे उपरिभावे (च) अपि (ब्रूहि) उपदिश (देव) सर्वसुखप्रदातरीश्वर ॥ ११ ॥

अन्वयः–हे सवित र्देव जगदीश्वर त्वं कृपया येते तवारेणवः पूर्व्यासः सुकृताः पंथानोन्तरिक्षे स्वव्याप्तिरूपे वर्त्तन्ते तेभिः सुगेभिः पथिभिर्नोस्मानद्य रक्ष च नोस्मभ्यं सर्वाविद्या अधिब्रूहि च ॥ ११ ॥

पदार्थः–हे ईश्वर त्वया ये सूर्यादि लोकानां भ्रमणार्थामार्गा प्राणिसुखाय च धर्ममार्गा अन्तरिक्षे स्वमहिम्नि च रचितास्तेष्विमे यथानियमं भ्रमन्ति विचरन्ति च तान् सर्वेषां पदार्थानां

मार्गान् गुणांश्चास्मभ्यं ब्रूहि । येन वयं कदाचिदितस्ततो नभ्रमेमेति ॥ ११ ॥

अस्मिन् सूक्ते सूर्य्यलोकेश्वरवायुगुणानां प्रतिपादनाच्चतुस्त्रिंशसूक्तोक्तार्थेन संगतिरस्तीति वेदितव्यम् । इति ७ वर्गः ७ अनुवाकः ३५ सूक्तं च समाप्तम् ॥

पदार्थः— हे (सवितः) सकल जगत् के रचने और (देव) सब सुख देने वाले जगदीश्वर (ये) जो (ते) आपके (अरेणवः) जिनमें कुछ भी धूलि के अंशों के समान विघ्न रूप मल नहीं हैं तथा (पूर्व्यासः) जोहमारी अपेक्षा से प्राचीनों ने सिद्ध और सेवन किये हैं (सुकृताः) अच्छे प्रकार सिद्ध किये हुए (पन्थाः) मार्ग (अन्तरिक्षे) अपने व्यापकता रूप ब्रह्मांड में वर्त्तमान हैं (तेभिः) उन (सुगेभिः) सुख पूर्वक सेवने योग्य (पथिभिः) मार्गों से (नः) हमलोगों को (अद्य) आज (रक्ष) रक्षा कीजिये (च) और (नः) हमलोगों के लिये सब विद्याओं का (अधिब्रूहि) उपदेश (च) भी कीजिये ॥ ११ ॥

भावार्थः— हे ईश्वर आपने जो सूर्य आदि लोकों के घूमने और प्राणियों के सुख के लिये आकाश वा अपने महिमा रूप संसार में शुद्ध मार्ग रचे हैं जिन में सूर्यादिलोक यथा नियम से घूमते और सब प्राणी विचरते हैं उन सब पदार्थों के मार्गों तथा गुणों का उपदेश कीजिये कि जिससे हमलोग इधर उधर चलायमान न होवें ॥ ११ ॥

इस सूक्त में सूर्यलोक वायु और ईश्वर के गुणों का प्रतिपादन करने से चौतीसवें सूक्त के साथ इस सूक्त की संगति जाननी चाहिये ॥

यह सातवां वर्ग ७ सातवां अनुवाक ७ और पैंतीसवां सूक्त समाप्तहुआ ॥३५॥

अथ विंशत्यृचस्यषट्त्रिंशस्यसूक्तस्य घौरः काण्वऋषिः । अग्निर्देवता १ । १२ भुरिगनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः । २ । निचृत्सतः पङ्क्तिः । ४ । निचृत्पङ्क्तिः । १० । १४ । निचृद्विष्टारपङ्क्तिः । १८ । विष्टारपङ्क्तिः । २० । सतः पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः । ३ । ११ निचृत्पथ्या बृहती ५ । १६ निचृद्बृहती ६ भुरिग् बृहती ७ बृहती ८ । स्वराड् बृहती ९ निचृदुपरिष्टाद्बृहती १२ उपरिष्टाद्बृहती १५ विराट् पथ्या बृहती १७ विराडुपरिष्टाद्बृहती १९ । पथ्याबृहती च छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

तत्रादावग्निशब्देनेश्वरगुणा उपदिश्यन्ते ॥

अब छत्तीशवें सूक्त का आरम्भ है उसके पहिले मंत्र में अग्निशब्द से ईश्वर के गुणों का उपदेश किया है ॥

प्र वो॑ य॒ह्वं पु॑रू॒णां वि॒शां दे॑वय॒तीना॑म् ।
अ॒ग्निं सू॒क्तेभि॒र्वचो॑भिरीमहे॒ यं सी॒मिद॒न्य ईळ॑ते ॥ १ ॥

प्र । वः॒ । य॒ह्वम् । पु॒रू॒णाम् । वि॒शाम् । दे॒व॒ऽय॒तीना॑म् । अ॒ग्निम् । सु॒ऽउ॒क्तेभिः॑ । वचः॑ऽभिः । ई॒म॒हे॒ । यम् । सी॒म् । इत् । अ॒न्ये । ईळ॑ते ॥ १ ॥

पदार्थः—(प्र (प्रकृष्टार्थे (वः) युष्माकम् (यह्वम्) गुणैर्महान्तम् । यह्व इति महन्नामसु पठितम् निघं० ३ । ३ पुरूणाम्) बह्वीनाम् (विशाम्) प्रजानां मध्ये (देवयतीनम्) आत्मनो

देवान् दिव्यान् भोगान् गुणाँश्चेच्छन्तीनाम् (अग्निम्) परमेश्वरम् (सूक्तेभिः) सुष्ठूक्ता विद्या येषु तैः (वचोभिः) वेदार्थज्ञानयुक्तैर्वचनैः (ईमहे) याचामहे अत्र बहुलंछन्दसीतिश्यनो लुक् ईमह इति याञ्चाकर्मसु पठितम् निघं० ३ । १६ (यम्) उक्तम् (सीम्) सर्वतः । प्रसीमादित्योसृजत् । प्रासृजत्सर्वत इति वा निरु० १ । ७ इति सीमव्ययं सर्वार्थे गृह्यते (इत्) एव (अन्ये) परोपकारका बुद्धिमन्तो धार्मिका विद्वांसः (ईळते) स्तुवन्ति ॥१॥

अन्वयः—वयं यथान्ये विद्वांसः सूक्तेभिर्वचोभिर्देवयतीनां पुरूणां वो युष्माकं विशां प्रजानां सुखाय यंयह्वमग्निं सीमीळते तथा तमिदेव प्रेमहे प्रकृष्टतया याचामहे प्रकाशयामश्च ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । हेमनुष्या यूयं यथा विद्वांसः प्रजासुखसंपत्तये सर्वव्यापिनं परमेश्वरं निश्चित्योपदिश्य च तद्गुणान् प्रयत्नेन विज्ञापयंतिस्तावयंति तथैव वयमपि प्रकाशयामः । यथेश्वरोऽग्न्यादिपदार्थरचनपालनाभ्यां जीवेषु सर्वाणि सुखानि दधाति तथा वयमपि सर्वप्राणिसुखानि सदा निर्वर्त्तयेमेति बुध्यध्वम् ॥ १ ॥

पदार्थः— हम लोग जैसे (अन्ये) अन्यपरोपकारी धर्मात्मा विद्वान् लोग (सूक्तेभिः) जिन में अच्छे प्रकार विद्या कहीं हैं उन (वचोभिः) वेद के अर्थ ज्ञान युक्त वचनों से (देवयतीनाम्) अपने लिये दिव्यभोग वा दिव्यगुणों की इच्छा करने वाले (पुरूणाम्) बहुत (वः) तुम (विशाम्) प्रजा लोगों के सुख के लिये (यम्) जिस (यह्वम्) अनन्तगुण युक्त (अग्निम्) परमेश्वर की (सीम् + ईळते) सब प्रकार स्तुति करते हैं वैसे उस (इत्) ही को (प्रेमहे) अच्छे प्रकार याचना और गुणों का प्रकाश करें ॥ १ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचक लु० । हे मनुष्यो जैसे तुमलोग पूर्णविद्या युक्त विद्वान् लोग प्रजा के सुख की संपत्ति के लिये सर्वव्यापी परमेश्वर का निश्चय तथा उपदेश कर के प्रयत्न से जानते हैं वैसे ही हम लोग भी उस के गुण प्रकाशित

करें जैसे ईश्वर अग्नि आदि पदार्थों के रचन और पालन से जीवों में सब सुखों को धारण करता है वैसे हमलोग भी सब प्राणियों के लिये सदा सुख वा विद्या को सिद्ध करते रहें ऐसा जानों ॥ १ ॥

पुनः सएवार्थ उपदिश्यते ।

फिर भी अगले मंत्र में उक्त विषय का उपदेश किया है ।

जनासो अग्निं दधिरे सहोवृधं हविष्मन्तो विधेम ते । स त्वं नो अद्य सुमना इहाविता भवा वाजेषु सन्त्य ॥ २ ॥

जनासः । अग्निम् । दधिरे । सहःऽवृधम् । हविष्मन्तः । विधेम । ते । सः । त्वम् । नः । अद्य । सुऽमनाः । इह । अविता । भव । वाजेषु । सन्त्य ॥ २ ॥

पदार्थः— (जनासः) विद्यासु प्रादुर्भूता मनुष्याः (अग्निम्) सर्वाभिरक्षकमीश्वरम् (दधिरे) धरन्ति । अत्र लडर्थे लिट् (सहोवृधम्) सहोबलंवर्धयतीति सहोवृत्तम् (हविष्मन्तः) प्रशस्तानिहवींषि दातुमादातुमर्हाणि वस्तूनि विद्यन्ते येषांते । अत्र प्रशंसार्थेमतुप् (विधेम) सेवेमहि (ते) तव अत्र सायणाचार्येण तेत्वामित्युक्तंतन्न संभवति द्वितीयैकवचने त्वाऽऽदेशविधानात् (सः) ईश्वरः (त्वम्) सर्वदाप्रसन्नः (नः) अस्माकम् (अद्य) अस्मिन्नहनि (सुमनाः) शोभनंमनो ज्ञानं यस्य सः (इह) अस्मिन् संसारे (अविता) रक्षको ज्ञापकः सर्वासु विद्यासु प्रवेशकः (भवा) अत्र द्यचोतस्तिङ इति दीर्घः (वाजेषु) युद्धेषु (संत्य) सन्तौदाने

साधुस्तत्संबुद्धौ अत्र षणुदानइत्यस्माद्धातोर्हुलकादौणादिकस्तिः प्रत्ययस्ततः साध्वर्थं यच्च ॥ २ ॥

अन्वयः— हे सन्त्येश्वर यथा हविष्मन्तो जनासो यस्य ते तवाश्रयं दधिरे तथा तं सहोवृधमग्निं त्वां वयं विधेम ससुमनास्त्व मद्यनोस्माकमिह वाजेषु चाविता भव ॥ २ ॥

भावार्थः—मनुष्यैरेकस्याद्वितीयपरमेश्वरस्योपासनेनैव संतोषितव्यं नहि विद्वांसः कदाचिद् ब्रह्मस्थानेऽन्यद्वस्तूपास्यत्वेनस्वीकुर्वन्ति । अतएव तेषां युद्धेष्विहकदाचित् पराजयो न दृश्यते । एवं नहि कदाचिदनीश्वरोपासकास्तान् विजेतुं शक्नुवन्ति येषामीश्वरो रक्षकोस्ति कुतस्तेषां पराभवः ॥ २ ॥

पदार्थः— हे (सन्त्य) सब वस्तु देने हारे ईश्वर जैसे (हविष्मन्तः) उत्तम देने लेने योग्य वस्तु वाले (जनासः) विद्या में प्रसिद्ध हुए विद्वान् लोग जिस (ते) आप के आश्रय का (दधिरे) धारण करते हैं वैसे उन (सहोवृधम्) बल को बढ़ाने वाले (अग्निम्) सब के रक्षक आप को हम लोग (विधेम) सेवन करें (सः) सो (सुमनाः) उत्तम ज्ञान वाले (त्वम्) आप (अद्य) आज (नः) हम लोगों के (इह) इस संसार और (वाजेषु) युद्धों में (अविता) रक्षक और सब विद्याओं में प्रवेश कराने वाले (भव) हूजिये ॥ २१ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को एक अद्वितीय परमेश्वर की उपासना ही से संतुष्ट रहना चाहिये क्योंकि विद्वान् लोग परमेश्वर के स्थान में अन्य वस्तु को उपासना भाव से स्वीकार कभी नहीं करते इसी कारण उन का युद्ध वा इस संसार में कभी पराजय दीख नहीं पड़ता क्योंकि वे धार्मिक ही होते हैं और इसी से ईश्वर की उपासना नहीं करने वाले उन के जीतने को समर्थ नहीं होते । क्योंकि ईश्वर जिनकी रक्षा करने वाला है उन का कैसे पराजय हो सकता है ॥ २ ॥

लोग उन के नियोग से (देवत्तम) ईश्वर ने दिये वा विद्वानों ने पढ़ाये हुए (ब्रह्म) वेद को (प्रगायत) अच्छे प्रकार षड्जादि स्वरों से स्तुति पूर्वक गाया करो ॥ ४ ॥

भावार्थः— विद्वान् मनुष्यों को चाहिये कि ईश्वर के कहे हुए वेदों को पढ़ वायु के गुणों को जान और यज्ञ वा बल के कर्मों का अनुष्ठान करके सब प्राणियों के लिये सुख देवें ॥

मोक्षमूलर सहिब का अर्थ जिन के घरों में वायु देवता आते हैं हे बुद्धिमान् मनुष्यों तुम उन के आगे उन देवताओं की स्तुति करो तथा देवता कैसे हैं कि उन्मत्त विजय करने वा वेग वाले इस में चौथे मंडल सत्रहवें सूक्त दूसरे मंत्र का प्रमाण है । सो यह अशुद्ध है क्योंकि सब जगह पवनों की स्थिति के जाने आने वाली क्रिया होने वा उन के सामीप्य के विना वायु के गुणों की स्तुति के संभव होने से और वायु से भिन्न वायु की कोई देवता नहीं है इस से तथा जो मंत्र का प्रमाण दिया है वहां भी उन का अभीष्ट अर्थ इनके अर्थ के साथ नहीं है ॥ ४ ॥

पुनरेतेषां योगेन किंकिं भवतीत्युपदिश्यते ।

फिर इन के योग से क्या २ होता है यह अगले मंत्र में उपदेश किया है ।

प्र शंसा गोष्वघ्न्यं क्रीळं यच्छर्धो मारुतम् ।
जम्भे रसस्य वावृधे ॥ ५ ॥

प्र । शंस । गोषु । अघ्न्यम् । क्रीळम् । यत् ।
शर्धः । मारुतम् । जम्भे । रसस्य । वावृधे ॥ ५ ॥

पदार्थः— (प्र) प्रकृष्टार्थे (शंसः) अनुशाधि (गोषु) पृथिव्यादिष्विन्द्रियेषु पशुषु वा (अघ्न्यम्) हन्तुमयोग्यमघ्न्याभ्यो गोभ्यो हितं वा । अघ्न्यादयश्च । उ० ४ । १ । १६ अनेनाऽयं सिद्धः । अघ्न्येति गोनामसु पठितम् । निघं० २ । ११ (क्रीडम्) क्रीडति येन तत् (यत्) शर्धः) बलम् (मारुतम्) मरुतो विकारो

मारुतस्तम् (जम्भे) जम्भ्यन्ते गात्राणि विनाम्यन्ते चेष्टान्ते येन मुखेन तस्मिन् (रसस्य) भुक्तान्नत उत्पन्नस्य शरीरवर्द्धकस्य भोगेन (ववृधे) वर्धते । अत्र तुजादीनां दीर्घोऽभ्यासस्येति दीर्घः ॥ ५ ॥

अन्वयः— हे विद्वंस्त्वं यद्गोषु क्रीडमघ्न्यं मारुतं जम्भे रसस्य सकाशादुत्पद्यमानं शर्धो बलं ववृधे तन् मह्यं प्रशंस नित्यमनुशाधि ॥ ५ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यद्वायुसम्बन्धि शरीरादिषुक्रीडाबलवर्धनमस्तितन्नित्यंवर्धनीयम् । यावद्रसादिज्ञानं तत्सर्ववायुसन्नियोगेनैवजायते अतः सर्वैः परस्परमेवमनुशासनं कार्य्यं यतः सर्वेषां वायुगुणविद्या विदिता स्यात् ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । स प्रसिद्धो वृषभो गवां मध्य अर्थात् पवनदलानां मध्य उपाधिवर्द्धितोजातः सन् यथा तेन मेघावयवाः खादिताः । कुतः । अनेनमरुतामादरः कृतस्तस्मादित्यशुद्धास्ति कथं । अत्र यद्गवांमध्येमारुतं बलमस्ति । तस्य प्रशंसाः कार्य्याः । यच्चप्राणिभिर्मुखेनखाद्यते तदपिमारुतंबलमस्तीति । अत्र जम्भशब्दार्थे विलसन मोक्षमूलराख्यविवादो निष्फलोस्ति ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे विद्वान्मनुष्यो तुम (यत्) जो (गोषु) पृथिवी आदि भूत वा वाणी आदि इन्द्रिय तथा गौ आदि पशुओं में (क्रीडम्) क्रीडा का निमित्त (अघ्न्यम्) नहीं हनन करने योग्य वा इन्द्रियों के लिये हितकारी (मारुतम्) पवनों का विकार रूप (रसस्य) भोजन किये हुए अन्नादि पदार्थों से उत्पन्न (जम्भे) जिस से गात्रों का संचलन हो मुख में प्राप्त हो के शरीर में स्थित (शर्द्धः) बल (ववृधे) वृधि को प्राप्त होता है उसको मेरे लिये नित्य (प्रशंस) शिक्षा करो ॥ ५ ॥

भावार्थः— मनुष्यों को योग्य है कि जो वायुसम्बधि शरीर आदि में क्रीड़ा और बल का बढ़ना है उसको नित्य उन्नति देवें और जितना रस आदि

प्रतीत होता है वह सब वायु के संयोग से होता है इस से परस्पर इस प्रकार सब शिक्षा करनी चाहिये कि जिस से सब लोगों को वायु के गुणों की विद्या विदित हो जावे ॥

मोक्ष मूलर साहिब का कथन कि वह प्रसिद्ध वायु पवनों के दलों में उपाधि से बढ़ा हुआ जैसे उस पवन ने मेघावयवों को स्वादयुक्त किया है क्योंकि इस ने पवनों का आदर किया इस से । सो यह अशुद्ध है कैसे कि जो इस मंत्र में इन्द्रियों के मध्य में पवनों का बल कहा है उस की प्रशंसा करनी और जो प्राणि लोग मुख से स्वाद लेते हैं वह भी पवनों का बल है और इस शब्द के अर्थ में विलसन और मोक्षमूलर साहिब का वादाविवाद निष्फल है ॥ ५ ॥

पुनरेतेभ्योप्रजाराजजनाभ्यां किं किंकार्य्यं ज्ञातव्यं चेत्युपदिश्यते ।

फिर इन पवनों से मनुष्यों को क्या २ करना वा जानना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

को वो वर्षिष्ठ आ नरो दिवश्च ग्मश्च धूतयः । यत्सीमन्तं न धूनुथ ॥ ६ ॥

कः । वः । वर्षिष्ठः । आ । नरः । दिवः । च । ग्मः । च । धूतयः । यत् । सीम् । अन्तम् । न । धूनुथ ॥ ६ ॥

पदार्थः—(कः) प्रश्ने (वः) युष्माकंमध्ये (वर्षिष्ठः) अतिशयेनवृद्धः (आ) समन्तात् (नरः) नयन्ति ये ते नरस्तत्संबुद्धौ (दिवः) द्योतकान् सूर्यादिलोकान् (च) समुच्चये (ग्मः) प्रकाशरहितपृथिव्यादिलोकान् । ग्मेतिपृथिवीनामसु पठितम् । निघं० १ । १ अवगमधातोर्बाहुलकादौणादिक आप्रत्यय उपधालोपश्च (च) तत्संबधितश्च (धूतयः) धून्वन्ति येते (यत्) ये

(सीम्) सर्वतः (अन्तम्) वस्त्रप्रान्तम् (न) इव (धूनुथ) शत्रून् कम्पयत ॥ ६ ॥

अन्वयः— हे धृतयो नरो विद्वांसो मनुष्या यद्यो यूयं दिवः सूर्यादिप्रकाशकाँल्लोकाँस्तत्सम्बन्धिनोऽन्याँश्च ग्मः पृथिवीस्तत्सं-बधिनइतराँश्च सींसर्वतस्तृणवृक्षाद्यवयवान् कंपयन्तोवायवोनेव शत्रुगणानामन्तं यदाधूनुथ समन्तात्कम्पयत तदा वो युष्माकं मध्ये को वर्षिष्ठो विद्वान्न जायेत ॥ ६ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालंकारः । विद्वद्भीराजपुरुषैर्यथाकश्चि-द्बलवान्मनुष्योनिर्बलं केशान् गृहीत्वाकम्पयति यथा च वायवः सर्वान् लोकान् धृत्वा कम्पयित्वा चालयित्वा स्वं स्वं परिधिं प्राप-यन्ति तथैव सर्वं शत्रुगणं प्रकम्प्य तत्स्थानात्प्रचाल्य प्रजारक्षणी-या ॥ ६ ॥

मोक्षमूरलोक्तिः । हेमनुष्या युष्माकं मध्ये महान् कोस्ति यूयं कंपयितार आकाशपृथिव्योः । यदायूयंधारितवस्त्रप्रान्तकम्पनवत् तान् कम्पयत । अन्तशब्दार्थं सायणाचार्योक्तं नस्वीकुर्वे किंतुविल-सनाख्यादिभिरुक्तमित्यशुद्धमिति । कुतः । अत्रोपमालंकारेण यथा राजपुरुषाः शत्रूनितरे मनुष्यास्तृणकाष्ठादिकंच गृहीत्वा कम्प-यन्ति तथा वायवोऽग्निपृथिव्यादिकं गृहीत्वा कम्पयन्तीत्यर्थस्यवि दुषां सकाशान्निश्चयः कार्यइत्युक्तत्वात् । यथा सायणाचार्येण क्ष-तोर्थोव्यर्थोस्ति तथैव मोक्षमूलरोक्तोऽस्तीतिविजानीमः ॥ ६ ॥

पदार्थः— हे विद्वान् मनुष्यो (धूतयः) शत्रुओं को कंपाने वाले (नरः) नीति युक्त (यत्) ये तुम लोग (दिवः) प्रकाश वाले सूर्य आदि (च) वा उन के संबन्धी और तथा (ग्मः) पृथिवी (च) और उन के संबन्धी प्रकाश रहित लोकों को (सीम्) सब ओर से अर्थात् तृण वृक्ष आदि अवयवों के सहित ग्रहण कर के कम्पाते हुए वायुओं के (न) समान शत्रुओं का (अन्तम्) नाश कर दुष्टों

को जब (आधूनुथ) अच्छे प्रकार कम्पाओ तब (वः) तुमलोगों के बीच में (कः) कौन (वर्षिष्ठः) यथावत् श्रेष्ठविद्वान् प्रसिद्ध न हो ॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालंकार है। विद्वान् राजपुरुषों को चाहिये कि जैसे कोई बलवान् मनुष्य निर्बल मनुष्य के केशों का ग्रहण करके कम्पाता और जैसे वायु सब लोकों का ग्रहण तथा चलायमान कर के अपनी २ परिधि में प्राप्त करते हैं वैसे ही सब शत्रुओं को कम्पा और उन के स्थानों से चलायमान कर के प्रजा की रक्षा करें ॥ ६ ॥

मोक्षमूलर साहिब का अर्थ कि हे मनुष्यो तुम्हारे बीच में बड़ा कौन है तथा तुम आकाश वा पृथिवी लोक को कम्पाने वाले हो जब तुम धारण किये हुए वस्त्र का प्रान्त भाग कंपने समान उनको कंपित करते हो। सायणाचार्य के कहे हुए अन्त शब्द के अर्थ को मैं स्वीकार नहीं करता किंतु विलसन आदि के कहे हुए को स्वीकार करता हूं। यह अशुद्ध और विपरीत है क्योंकि इस मंत्र में उपमालंकार है। जैसे राजपुरुष शत्रुओं और अन्य मनुष्य तृणकाष्ठ आदि को ग्रहण कर के कम्पाते हैं वैसे वायु भी हैं इस अर्थका विद्वानों के सकाश से निश्चय करना चाहिये इस प्रकार कहे हुए व्याख्यान से। जैसा सायणाचार्य का किया हुआ अर्थ व्यर्थ है वैसा ही मोक्षमूलर साहिब का किया हुआ अर्थ अनर्थ है ऐसा हम सब सज्जन लोग जानते हैं ॥ ६ ॥

पुनाराजप्रजाजनैः कथं भवितव्यमित्युपदिश्यते ।

फिर वे राजा और प्रजा जन कैसे होने चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

नि वो॒ यामा॑य॒ मानु॑षो द॒ध्र उ॒ग्राय॑ म॒न्यवे॑ ।
जिही॑त॒ पर्व॑तो गि॒रिः ॥ ७ ॥

नि । व॒: । यामा॑य । मानु॑षः । द॒ध्रे । उ॒ग्राय॑ । म॒न्यवे॑ । जिही॑त । पर्व॑तः । गि॒रिः ॥ ७ ॥

पदार्थः—(नि) निश्चयार्थे (वः) युष्माकम् (यामाय) यथार्थव्यवहारप्रापणाय । अर्त्तिस्तुसु० उ० १ । १३९ इति याधातोर्मश्रत्ययः (मानुषः) सभापतिर्मनुजः (दध्रे) धरति । अत्र लडर्थे लिट् (उग्राय) तीव्रदण्डाय (मन्यवे) क्रोधरूपाय । (जिहीत) स्वस्थानाच्चलति । अत्र लडर्थे लिङ् (पर्वतः) मेघः (गिरिः) योगिरति जलादिकं गृणाति महतः शब्दान् वा सः ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे प्रजासेनास्था मनुष्या भवन्तो यस्य सेनापतेर्भयाद्वायोः सकाशाद्गिरिः पर्वतइव शत्रुगणो जिहीत पलायते स मानुषो वो युष्माकं यामाय मन्यव उग्राय च राज्यं दध्र इति विजानन्तु ॥ ७ ॥

भावार्थः—अत्रलुप्तोपमालंकारः । हे प्रजासेनास्था मनुष्याः युष्माकं सर्वे व्यवहारा राज्यव्यवस्थयैव वायुवद्यवस्थाप्यन्ते । स्वनियमविचलितेभ्यस्य युष्मभ्यं वायुरिवसभाध्यक्षो भृशं दण्डं दद्यात् यस्यभयाच्छत्रवश्च वायोर्मेघाइवप्रचलिता भवेयुस्तं पितृवन्मन्यध्वम् ॥ ७ ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । हे वायवो युष्माकमागमनेन मनुष्यस्य पुत्रः स्वयमेवनम्रो भवति युष्माकं क्रोधात् पलायत इतिव्यर्थास्ति कुतोऽत्रगिरिपर्वतशब्दाभ्यां मेघोगृहीतोस्ति मानुषशब्दोर्थात् निदध्रे इति क्रियायाः कर्त्तास्त्यतो नात्रबालकशिरोनमनस्य ग्रहणं यथा सायणाचार्यस्यव्यर्थोर्थः तथैवमोक्षमूलरस्यापीतिवेद्यम् । यदि वेदकर्त्तेश्वरएव नैव मनुष्यः सन्तीत्येतावत्यपि मोक्षमूलरेण नस्वीकृतं तर्हि वेदार्थज्ञानस्य तु का कथा ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे प्रजासेना के मनुष्यो जिस सभापति राजा के भय से वायु के बल से (गिरिः) जल को रोकने गर्जना करने वाले (पर्वतः) मेघ शत्रु लोग (जिहीत) भागते हैं वह (मानुषः) सभाध्यक्ष राजा (वः) तुमलोगों के (यामाय)

यथार्थ व्यवहार चलाने और (मन्यवे) क्रोध रूप (त्वेषाय) तीव्रदंड देने के लिये राज्य व्यवस्था का (दध्रे) धारण कर सकता है ऐसा तुम लोग जानो ॥ ७ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है। हे प्रजा सेनास्थ मनुष्यो तुम लोगों के सब व्यवहार वायु के समान राजव्यवस्था ही से ठीक २ चल सकते हैं और जब तुम लोग अपने नियमोपनियमों पर नहीं चलते हो तब तुम को सभाध्यक्ष राजा वायु के समान शीघ्र दण्ड देता है और जिसके भय से वायु से मेघों के समान शत्रुजन पलायमान होते हैं उसको तुम लोग पिता के समान जानो ॥ ७ ॥

मोक्ष मूलर कहते हैं कि हे पवनो आप के आने से मनुष्य का पुत्र अपने आपही नम्र होता है तथा तुम्हारे क्रोध से डर के भागता है यह उनका कथन व्यर्थ है क्योंकि इस मंत्र में गिरि और पर्वत शब्द से मेघ का ग्रहण किया है। तथा मानुष शब्द का अर्थ धारण क्रिया का कर्त्ता है और न इस मंत्र में बालक के शिर के नमन होने का ग्रहण है। जैसा कि सायणाचार्य का अर्थ व्यर्थ है वैसाही मोक्षमूलर का भी जानना चाहिये। वेद का करने वाला ईश्वरही है और मनुष्य नहीं इतनी भी परीक्षा मोक्षमूलर साहिब ने नहीं की पुनर्वेदार्थज्ञान की तो क्याही कथा है ॥ ७ ॥

पुनस्तेषां योगेन किं भवतीत्युपदिश्यते ।

फिर उन पवनों के योग से क्या होता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है।

येषामज्मेषु पृथिवी जुजुर्वाँइव विश्पतिः । भिया यामेषु रेजते ॥ ८ ॥

येषाम् । अज्मेषु । पृथिवी । जुजुर्वान्ऽइ-व । विश्पतिः । भिया । यामेषु । रेजते ॥ ८ ॥

पदार्थः—(येषाम्) महताम् (अज्मेषु) प्रापकक्षेपकादिगु-

गेषु सत्सु (पृथिवी) भूः (जुजुर्वान् इव) यथा वृद्धावस्थांप्राप्तोमनुष्यः। जॄषवयोहानावित्यस्मात् क्वसुः। बहुलंछन्दसीत्युत्वम्। वाछन्दसि-सर्वेविधयो भवन्तीति हलिचेतिदीर्घोन (विश्पतिः) विशां प्रजानां पालको राजा (भिया) भयेन (यामेषु) स्वस्वगमनरूपमार्गेषु (रेजते) कम्पते चलति ॥ ८ ॥

अन्वयः— हे विद्वांसो येषामरुतामज्मेषु सत्सु भिया जुजुर्वानिव वृद्धोविश्पतिः पृथिव्यादिलोकसमूहो यामेषु रेजते कम्पते चलति तान् कार्य्येषु संप्रयुङ्ध्वम् ॥ ८ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालङ्कारः। यथा जीर्णावस्थांप्राप्तः कश्चिद्राजा रोगैः शत्रूणां भयेन वा कम्पते तथा वायुभिः सर्वतो धारितः पृथिवीलोकः स्वपरिधौ प्रतिक्षणं भ्रमति एवं सर्वे लोकाश्च। नहि सूत्रवद्वेष्टनेन वायुना विनाकस्यचिल्लोकस्य स्थितिर्भ्रमणं च संभवतीति॥

मोक्षमूलरोक्तिः। येषां मरुतां धावने पृथिवी निर्बलराजवद्भयेन मार्गेषु कम्पते संस्कृतरीत्यायं महान् दोषो यत् स्त्रीलिङ्गोपमेयेन सह पुंल्लिङ्गोपमा न दीयत इत्यलीकास्ति कुतो वायोर्योगेनैव पृथिव्या धारणभ्रमणे संभूय तद्भीषणे नैव पृथिव्यादीनां लोकानां स्वरूपस्थितिर्भवति नायं लिङ्गव्यत्ययेनोपमालङ्कारे दोषो भवितुमर्हति। मनोवद्वायुर्गच्छति। वायुरिव मनो गच्छति। श्येनवन् मैना गच्छति स्त्रीवत् पुरुषः पुरुषवत् स्त्री। हस्तीवन् महिषी हस्तिनीवद्वा। चन्द्रवन्मुखम्। सूर्यप्रकाश इव राजनीतिरित्यादिनास्यशोभनत्वात् ॥ ८ ॥

पदार्थः— हे विद्वान् लोगो (येषाम्) जिन पवनों के (अज्मेषु) पहुंचाने फेंकने आदिगुणों में (भिया) भय से (जुजुर्वानिव) जैसे वृद्धावस्था को प्राप्त हुआ (विश्पतिः) प्रजा की पालना करने वाला राजा शत्रुओं से कम्पता है वैसे

(पृथिवी) पृथिवी आदि लोक (यामेषु) अपने २ चलने रूप परिधि मार्गों में (रेजते) चलायमान होते हैं ॥ ८ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार है। जैसे कोई राजा जीर्ण अवस्था को प्राप्त हुआ रोग वा शत्रुओं के भय से कम्पता है वैसे पवनों से सब प्रकार धारण किये हुए पृथिवी आदि लोक घूमते हैं। और सूत्र के समान बंधे हुए वायु के विना किसी लोक की स्थिति वा भ्रमण का संभव कभी नहीं हो सकता ॥

मोक्षमूलर साहिब का कथन कि जिन पवनों के दौड़ने में पृथिवी निर्बल राजा के समान भय से मार्गों में कम्पित होती है। संस्कृत की रीति से यह बड़ा दोष है कि जो स्त्रीलिङ्ग उपमेय के साथ पुल्लिङ्ग वाची उपमान दिया है। सो यह मोक्ष मू० का कथन मिथ्या है क्योंकि वायु के योग ही से पृथिवी के धारण वा भ्रमण का संभव होकर वायु के भीषणही से पृथिवी आदि लोकों के स्वरूप की स्थिति होती है तथा यह लिङ्ग व्यत्यय से उपमालंकार में दोष नहीं होसकता जैसे मनुष्य के तुल्य वायु और वायु के समान मन चलता है श्येनपक्षी के समान मैना स्त्री के समान पुरुष वा पुरुष के समान स्त्री हाथी के समान भैंसी वा हथिनी के समान। चंद्रमा के समान मुख सूर्य प्रकाश के समान राजनीति इस प्रकार उपमालंकार में लिङ्ग भेद से कोई भी दोष नहीं आसकता ॥ ८ ॥

पुनस्तेवायवः कीदृशगुणाः सन्तीत्युपदिश्यते ।

फिर वे वायु कैसे गुण वाले हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

स्थिरं हि जानमेषां वयो मातुर्निरेतवे ।
यत्सीमनु द्विता शवः ॥ ९ ॥

स्थिरम् । हि । जानम् । एषाम् । वयः । मातुः । निःऽएतवे । यत् । सीम् । अनु । द्विता । शवः ॥ ९ ॥

पदार्थः— (स्थिरम्) गमनरहितम् (हि) खलु (जानम्) जायते यस्मात्तदाकाशम् । अत्र जन धातोर्घञ् स्वरव्यत्ययेनाद्युदात्तत्वम् । सायणाचार्येणेदं जनिबध्योरित्यादीनामबोधादुपेक्षितम् (एषाम्) वायूनाम् (वयः) पक्षिणः) मातुः) अन्तरिक्षस्यमध्ये (निरेतवे) निरन्तरमेन्तुं गन्तुम् (यत्) (सीम्) सर्वतः (अनु) अनुक्रमेण (द्विता) द्वयोः शब्दस्पर्शयोर्गुणयोर्भावः (शवः) बलम् शव इति बलनामसु पठितम् । निघं० २ । ९ ॥९॥

अन्वयः—हे मनुष्या एषां यत् स्थिरं जानं शवो बलं द्विता वर्त्तते यदाश्रित्य वयः पक्षिणो मातुरंतरिक्षस्य मध्ये सीं निरेतवे शक्नुवन्ति तान् भवन्तोऽनुविजानन्तु ॥ ९ ॥

भावार्थः— य इमे कार्यवायव आकाशादुत्पद्यतेस्ततो गच्छन्त्यागच्छन्ति यत्र यत्रावकाशस्तत्र तत्र येषां सर्वतो गमनं संभवति। सर्वे प्राणिनो याननुजीवनं प्राप्य बलवन्तो भवन्ति तान् युक्त्या यूयं सेवध्वम् ॥ ९ ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । सत्यमेव वायूनामुत्पत्तिस्तेषां सामर्थ्यं मातुः सकाशादागच्छत्येतेषां सामर्थ्यं द्विगुणं चास्तीति निष्प्रयोजना स्येयं व्याख्याऽस्ति। कुतः सर्वेषां द्रव्याणामुत्पत्तिः स्वस्वकारणानुकूलत्वेन बलवती जायते तेषां कार्याणां मध्ये कारणगुणा आगच्छंत्येव वयःशब्देन किल पक्षिणो ग्रहणमस्तीत्यतः ॥ ९ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो (एषाम्) इन (वायूनाम्) पवनों का (यत्) जो (स्थिरम्) निश्चल (जानम्) जन्म स्थान आकाश (शवः) बल और जिस में (द्विता) शब्द और स्पर्श गुण का योग है जिसके आश्रय से (वयः) पक्षी (मातुः) अन्तरिक्ष के बीच में (सीम्) सब प्रकार (निरेतवे) निरन्तर जाने आने को समर्थ होते हैं उन वायुओं को आप लोग (अनु) पश्चात् विशेषता से जानिये ॥ ९ ॥

भावार्थः— ये कार्य रूप पवन आकाश में उत्पन्न होकर इधर उधर जाते आते हैं जहां अवकाश है वहां जिनके सब प्रकार गमन का संभव होता और जिनकी अनुकूलता से सब प्राणी जीवन को प्राप्त होकर बल वाले होते हैं उन को युक्ति के साथ तुम लोग सेवन किया करो ॥

मोक्षमूलर की उक्ति है कि सत्यही है कि पवनों की उत्पत्ति बलवाली तथा उनका सामर्थ्य आकाश से आता है उनका सामर्थ्य द्विगुण वा पुष्कल है। सो यह निष्प्रयोजन है क्योंकि सब द्रव्यों की उत्पत्ति अपने २ कारण के अनुकूल बलवाली होती है उनके कार्यों में कारण के गुण आतेही हैं और वयःशब्द से पक्षियों का ग्रहण है ॥

पुनस्ते कीदृशं कर्म कुर्युरित्युपदिश्यते ।

फिर वे कैसे काम को करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ।

उदु त्ये सूनवो गिरः काष्ठा अज्मेष्वत्नत ।
वाश्रा अभिज्ञु यातवे ॥ १० ॥

उत् । ऊमिति । त्ये । सूनवः । गिरः । काष्ठाः । अज्मेषु । अत्नत । वाश्राः । अभिऽज्ञु । यातवे ॥ १० ॥

पदार्थः— (उत्) उत्कृष्टार्थे (उ) वितर्के (त्ये) परोक्षाः (सूनवः) ये प्राणिगर्भान् विमोचयन्ति (गिरः) वाचः (काष्ठाः) दिशः । काष्ठा इति दिङ्नामसु पठितम् । निघं० १ । ६ (अज्मेषु) गमनाऽधिकरणेषु मार्गेषु (अत्नत) तन्वते । अत्र लडर्थे लुङ् । बहुलं छन्दसीति विकरणाऽभावः । तनिपत्योश्छन्दसि । अ० ६ । ४ । ९९ अनेनोपधालोपः (वाश्राः) यथा

शब्दायमाना गावो वत्सानभितो गच्छन्ति तथा (अभिज्ञु) अभिगते जानुनी यासां ताः । अत्र । अव्ययं विभक्ति० अ० २ १ । ६ । इति यौगपद्यार्थे समासः । वाछन्दसि सर्वे विधयो भवन्तीति समासान्तोऽनुरादेशश्च (यातवे) यातुम् अत्र तुमर्थे तवेन् प्रत्ययः ॥ १० ॥

अन्वयः— हे राजप्रजाजना भवन्तस्त्येतेंऽतरिक्षस्थास् सूनवो वायव अभिज्ञु वाश्रा इव गिरः काष्ठा अज्मेषु उ आयातवे यातुं तन्वन्तीव सुखमु अतत तन्वन्तु ॥ १० ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । राजप्रजाजनैर्यथेमे वायव एव वाचो जलानि च चालयित्वा विस्तार्य शब्दानाश्रावयन्तो गमनागमनजन्मवृद्धिक्षयहेतवः सन्ति तथैतैः शुभकर्माण्यनुष्ठेयानि ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । ये गायनाः पुत्राः स्वगतौ गोष्ठानानि विस्तीर्णानि लम्बीभूतानि कुर्वन्ति गावोजानुबलेनागच्छन्तितिव्यर्थास्ति कुतः अत्र सूनुशब्देन प्रियां वाचमुच्चारयन्तो बालकागृह्यन्ते । यथागावोवत्सलेहनार्थं पृथिव्यां जानुनी स्थापयित्वा सुखयन्ति तथा वायवोऽपीति विवक्षितत्वात् ॥ १० ॥

त्रयोदशोवर्गः समाप्तः १३ ॥

पदार्थः— हे राज प्रजा के मनुष्यो आप लोग (त्ये) वे अन्तरिक्ष में रहने वा (सूनवः) प्राणियों के गर्भ छुड़ाने वाले पवन (अभिज्ञु ।) जिनकी सम्मुख जंघा हों (वाश्राः) उन शब्द करती वा बछड़ों को सब प्रकार प्राप्त होती हुई गौओं के समान (गिरः) वाणी वा (काष्ठाः) जलों को (अज्मेषु) जाने के मार्गों में (उ) और (आयातवे) प्राप्त होने को विस्तार करते हुओं के समान सुख का (उदतत) अच्छे प्रकार विस्तार कीजिये ॥ १० ॥

भावार्थः— इस मंत्र में लुप्तोपमालंकार है। राजा और प्रजा के मनुष्यों को चाहिये कि जैसे ये वायुही वाणी और जलों को चलाकर विस्तृत करके अच्छे प्रकार शब्दों को श्रवण कराते हुए जाना आना जन्म वृद्धि और नाश के हेतु हैं वैसे ही शुभाशुभकर्मों का अनुष्ठान सुख दुःख का निमित्त है॥

मोक्षमूलर की उक्ति है कि जो गान कराने वाले पुत्र अपनी गति में गौओं के स्थानों को विस्तारयुक्त लावे करते हैं तथा गौ जांघ के बल से आती हैं सो यह व्यर्थ है क्योंकि ? इस मंत्र में सूनु शब्द से प्रिय वाणी को उच्चारण करते हुए बालक ग्रहण किये हैं जैसे गौ बछड़ों को चाटने के लिये पृथिवी में जंघाओं को स्थापन करके सुखयुक्त होती हैं इस प्रकार विवक्षा के होने से ॥१०॥

यह तेरहवां वर्ग समाप्त हुआ ॥ १३ ॥

पुनरेते किं कुर्युरित्युपदिश्यते ।

फिर ये राजपुरुष क्या करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है।

त्यं चिद् घा दीर्घं पृथुं मिहो नपातममृध्रम्।
प्र च्यावयन्ति यामभिः ॥ ११ ॥

त्यम् । चित् । घ । दीर्घम् । पृथुम् । मिहः । नपातम् । अमृध्रम् । प्र । च्यवयन्ति । यामऽभिः ॥ ११ ॥

पदार्थः— (त्यम्) मेघम् (चित्) अपि (घ) एव । अत्र । ऋचितुनुघेतिदीर्घः (दीर्घम्) स्थूलम् (पृथुम्) विस्तीर्णम् (मिहः) सेचनकर्त्तारः अत्रेगुपधलक्षणः कः प्रत्ययः। सुपां सुलुगितिजसः स्थानेसुः (नपातम्) योनपातयति जलं तम् । अत्र नभ्राण्नपादिति निपातनम् (अमृध्रम्) नमर्धतेनोनक्ति तम् । अत्र नञ्पूर्वान्मृधधातोर्बाहुलकादौणादिकोरक् प्रत्ययः (प्र) प्रकृष्टार्थे (च्याव-

यन्ति) पातयन्ति (यामभिः) यांत्यायान्ति यैस्तैः स्वकीयगमना गमनैः ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे राजपुरुषा यूयं यथा मिहोदृष्ट्या सिचन कर्त्तारो मरुतो यामभिरेव नपातममृध्रं पृथुंदीर्घं त्वं चिदपि प्रच्यावयन्ति तथा शत्रून् प्रच्याव्य प्रजा आनन्दयत ॥ ११ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । राजपुरुषैर्यथा मरुतएव मेघनिमित्तं पुष्कलं जलमुपरिगमयित्वा परस्परंघर्षणेन विद्युतमुत्पाद्य तत्समूहमपतनशीलमतुन्दनीयं दीर्घावयवं मेघं भूमौ निपातयन्ति तथैव धर्मविरोधिनः सर्वे व्यवहाराः प्रच्यावनीयाः ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । ते वायवोऽस्य दीर्घकालं वर्षतोऽप्रतिवद्धस्य मेघस्य निमित्तमस्ति पातनाय मार्गस्योपरि । इति किंचिच्छुद्धास्ति । कुतः । मिहइति मरुतां विशेषणमस्त्यनेन मेघविशेषणं कृतमस्त्यतः ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे राज पुरुषो तुम लोग जैसे (मिहः) वर्षा जल से सींचने वाले पवन (यामभिः) अपने जाने के मार्गों से (घ) ही (त्यम्) उस (नपातम्) जलको न गिराने और (अमृध्रम्) गीला न करने वाले (पृथुम्) बड़े (चित्) भी (दीर्घम्) स्थूल मेघ को (प्रच्यावयन्ति) भूमि पर गिरादेते हैं वैसे शत्रुओं को गिरा के प्रजाको आनन्दित करो ॥ ११ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है राजपुरुषों को चाहिये कि जैसे पवन ही मेघ के निमित्त बहुत जल को ऊपर पहुंचा कर परस्पर घिसने से बिजुली का उत्पन्न कर उस न गिरने योग्य तथा न गीला करने और बड़े आकार वाले मेघ को भूमि में गिराते हैं वैसे ही धर्म विरोधी सब व्यवहारों को छोड़ें और छुड़ावें ॥

मोक्षमूलर की उक्ति है कि वे पवन इस बहुत काल वर्षा कराते हुए अप्रतिबद्ध मेघ के निमित्त और मार्ग के ऊपर गिराने के लिये हैं यह कुछेक अशुद्ध है। क्योंकि (मिहः) यह पद पवनों का विशेषण है और इन्हों ने मेघ का विशेषण किया है॥ ११॥

पुनस्ते वायुवत् कर्माणि कुर्युरित्युपदिश्यते

फिर वे राजप्रजाजन वायु के समान कर्म्म करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है॥

मरुतो यद्ध वो बलं जनाँ अचुच्यवीतन।
गिरीँरचुच्यवीतन॥ १२॥

मरुतः। यत्। ह। वः। बलम्। जनान्। अचुच्यवीतन। गिरीन्। अचुच्यवीतन॥ १२॥

पदार्थः—(मरुतः) वायव इव सेनाध्यक्षादयः (यत्) यस्मात् (ह) प्रसिद्धम् (वः) युष्माकम् (बलम्) सेनादिकम् (जनान्) प्रजास्थान् मनुष्यान्। अत्र दीर्घादटि समानपादे। अ० ८। ३। ९। इति नकारस्य रुत्वम्। अत्रानुनासिकः पूर्वस्य तु वा। अ० ८। ३। २। इति पूर्वस्याऽनुनासिकः। भो भगो अघो० अ०८। ३। १७। इति यलोपः (अचुच्यवीतन) प्रेरयन्ति। अत्र लडर्थे लङ्। बहुलं छन्दसीति शपः श्लुः। बहुलं छन्दसीतीडागमः। तप्तनप्तनथनाश्चेति तनबादेशः। पुरुषव्यत्ययः। सायणाचार्येणेदं भ्रान्त्या लुङन्तं व्याख्याय बहुलं छन्दसीति शपः श्लुरिति सूत्रं योजितम्। तत्र च्लेरपवादत्वाच्छबेव नास्ति कुतः श्लुः कस्य लुक् तस्मादशुद्धमेव (गिरीन्) मेघान् गिरिरिति मेघनामसु पठितम्। निघं० १। १०। अत्र रुत्वाऽनुनासिकाविति

पूर्ववत् (अचुच्यवीतन) आकाशे भूमौ च प्रापयन्ति। अस्य सिद्धिः पूर्ववत् अत्रान्तर्गतो ण्यर्थः ॥ १२ ॥

अन्वयः– हे मरुत इव वर्त्तमानाः सेनापत्यादयो यूयं यद्वो युष्माकं दृबलमस्ति तेन वायवो गिरीनचुच्यवीतनेव जनानचुच्यवीतन स्व स्व व्यवहारेषु प्रेरयत ॥ १२ ॥

भावार्थः–अत्र लुप्तोपमालङ्कारः। सभाध्यक्षादिराजपुरुषैर्यथा वायवो मेघानितस्ततः प्रेरयन्ति तथैव सर्वे प्रजाजनाः स्व स्व कर्मसु न्यायव्यवस्थया सदैव निरालस्ये प्रेरणीयाः ॥ १२॥

मोक्षमूलरोक्तिः। हे मरुत ईदृग्बलेन सह यादृशी शक्तिर्युष्माकमस्ति यूयं पुरुषाणां पातननिमित्तं स्थ पर्वतानां चेत्यशुद्धास्ति। कुतः। गिरिशब्देनात्र मेघस्य ग्रहणं न शैलानां जन शब्देन सामान्य गतिमतो ग्रहणं नतु पतनमात्रस्यातः ॥ १२ ॥

पदार्थः– हे (मरुतः) पवनों के समान सेनाध्यक्षादि राज पुरुषो तुम लोग (यत्) जिस कारण (वः) तुम्हारा (दृ) प्रसिद्ध (बलम्) सेना आदि दृढ़ बल है इसलिये जैसे वायु (गिरीन्) मेघों को (अचुच्यवीतन) इधर उधर आकाश पृथिवी में घुमाया करते हैं वैसे (जनान्) प्रजा के मनुष्यों को (अचुच्यवीतन) अपने २ उत्तम व्यवहारों में प्रेरित करो ॥ १२ ॥

भावार्थः– इस मंत्र में लुप्तोपमालंकार है। सभाध्यक्षादि राज पुरुषों को चाहिये कि जैसे वायु मेघों को इधर उधर घुमा के वर्षाते हैं वैसे ही प्रजा के सब मनुष्यों को न्याय की व्यवस्था से अपने २ कर्मों में आलस्य छोड़ के सदा नियुक्त करते रहैं ॥ १२ ॥

मोक्षमूलर की उक्ति है, हे पवनो ऐसे बल के साथ जैसी आप की शक्ति है और तुम पुरुष वा पर्वतों को गमन कराने के निमित्त हो सो यह अशुद्ध है क्योंकि गिरि शब्द से इस मन्त्र में मेघ का ग्रहण है और जन शब्द से सामान्य गति वाले का ग्रहण है गमन मात्र का नहीं है ॥ १२ ॥

पुनस्ते वायुभ्यः किं किमुपकुर्युरित्युपदिश्यते ।

फिर वे वायुओं से क्या २ उपकार लेवें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

यद्ध यान्ति मरुतः सं ह ब्रुवतेऽध्वन्ना । शृणोति कश्चिदेषाम् ॥ १३ ॥

यत् । ह । यान्ति । मरुतः । सम् । ह । ब्रुवते । अध्वन् । आ । शृणोति । कः । चित् । एषाम् ॥ १३ ॥

पदार्थः— (यत्) ये (ह) स्फुटम् (यान्ति) गच्छन्ति (मरुतः) वायवः (सम्) संगमे (ह) प्रसिद्धम् (ब्रुवते) परस्परमुपदिशन्ति (अध्वन्) अध्वनि विद्यामार्गे । अत्रसुपांसुलुगिति ङेर्लुक् (आ) समन्तात् (शृणोति) शब्दविद्यां गृह्णाति (कः) विद्वान् (चित्) अपि (एषाम्) मरुताम् ॥ १३ ॥

अन्वयः— यथा यद्येतद्गमे मरुत इतस्ततो ह यान्त्यायान्ति तथा ऽध्वन्विद्यामार्गे शिल्पिनो विद्वांसो ह समाब्रुवते एषां मरुतां विद्यां कश्चिदेव शृणोति विजानाति च नतु सर्वे ॥ १३ ॥

भावार्थः— अस्य वायोर्विद्यां कश्चिद्विद्या क्रियाकुशल एव ज्ञातुं शक्नोति नेतरो जडधीः ॥ १३ ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । यदा खलु मरुतः सह गच्छन्ति स्वमार्गाणामुपरि परस्परं वदन्ति । कश्चिन्मनुष्यः शृणोति किमित्यशुद्धा-

स्ति । कुतः । मरुतां जडत्वेन परस्परं वार्त्ताकरणाऽसंभवात् । वक्तृ-णां चेतनानां जीवानां वचनश्रवणहेतुत्वाच्च ॥ १३ ॥

पदार्थः— जैसे (यत्) ये (मरुतः) पवन (यान्ति) जाते आते हैं वैसे (अध्वन्) विद्यामार्ग में कारीगर विद्वान् लोग (ह) स्पष्ट (समावुवते) मिल के अच्छे प्रकार परस्पर उपदेश करते हैं और (एषाम्) इन वायुओं की विद्या को (कश्चित्) कोई विद्वान् पुरुष (शृणोति) सुनता और जानता है सब साधारण पुरुष नहीं ॥ १३ ॥

भावार्थः— इस वायु विद्या को कोई विद्वान् ही ठीक २ जान सकता है जड़ बुद्धि नहीं जान सकता ॥ १३ ॥

मोक्षमूलर की उक्ति है कि जब निश्चय करके पवन परस्पर साथ २ जाते वा अपने मार्गों के ऊपर बोलते हैं तब कोई मनुष्य क्या श्रवण करता है अर्थात् नहीं यह अशुद्ध है क्योंकि पवनों का जड़त्व होने से वार्त्ता करना असम्भव है और कहने वाले चेतन जीवों के बोलने में हेतु तो होते हैं ॥ १३ ॥

पुनर्मनुष्यैर्वायुभ्यः किं किं कार्य्यमित्युपदिश्यते ।

फिर मनुष्यों को वायुओं से क्या २ कार्य्य लेना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

प्र यात शीभमाशुभिः सन्ति कण्वेषु वो दुवः । तत्रो षु मादयाध्वै ॥ १४ ॥

प्र । यात । शीभम् । आशुऽभिः । सन्ति । कण्वेषु । वः । दुवः । तत्रो इति । सु । मादयाध्वै ॥ १४ ॥

पदार्थः— (प्र) प्रकृष्टार्थे (यात) अभीष्टं स्थानं प्राप्नुत (शीभम्) शीघ्रम् शीभमिति क्षिप्रनामसु पठितम् । निघं० २ । १५ ।

(आशुभिः) शीघ्रं गमनागमनकारकैर्विमानादियानैः (सन्ति) (कण्वेषु) मेधाविषु (वः) युष्माकम् (दुवः) परिचरणानि (तत्रो) तेषु खलु (सु) शोभनार्थे। सुञः। अ० ८। ३। १०७ इति मूर्द्धन्यादेशः (मादयाध्वै) मादयध्वम् लेट् प्रयोगोयम् ॥ १४ ॥

अन्वयः— हे राजप्रजाजना यूयमाशुभिः शीभं वायुवत्। प्रयात। येषु कण्वेषु वो दुवः सन्ति तत्रो सु मादयाध्वै ॥ १४ ॥

भावार्थः—राजप्रजास्थैर्विद्वद्भिर्जनैरभीष्टस्थानेषु वायुवच्छीघ्रगमनाय यानान्युत्पाद्य स्वकार्याणि सततं साधनीयानि। धर्मात्मनां सेवने ऽधर्मात्मनां च ताडने सदैवानन्दितव्यञ्च ॥ १४ ॥

मोक्षमूलरोक्तिः। यूयं तीव्रगतीनामश्वानामुपरि स्थित्वा शीघ्रमागच्छत तत्र युष्माकं पूजारयः कण्वानां मध्ये सन्ति यूयं तेषां मध्ये आनन्दं कुरुत इत्यशुद्धास्ति। कुतः। महान्तो वेगादयो गुणा एवाश्वास्ते वायौ समवायसंबंधेन वर्त्तन्ते। तेषामुपरि वायूनां स्थितेरसंभवात्। कण्व शब्देन विदुषां ग्रहणं तत्र निवासिनानन्दस्योद्भवाच्चेति ॥ १४ ॥

पदार्थः—हेराजपुरुषो तुमलोग (आशुभिः) शीघ्र ही गमनागमन करानेवाले यानों से शीभं) शीघ्र वायु के समान (प्रयात) अच्छे प्रकार अभीष्ट स्थान को प्राप्त हुआ करो जिन (कण्वेषु) बुद्धिमान् विद्वानों में (वः) तुमलोगों की (दुवः) सत्क्रिया हैं (तत्रो) उन विद्वानों में तुम लोग (सुमादयाध्वै) सुन्दर रीति से प्रसन्न रहो। १४ ॥

भावार्थः—राज और प्रजा के विद्वानों को चाहिये कि वायु के समान अभीष्ट स्थानों को शीघ्र जाने आने के लिये विमानादि यान बना के अपने कार्यों को निरन्तर सिद्ध करें और धर्मात्माओं की सेवा तथा दुष्टों को ताड़ने में सदैव आनन्दित रहैं ॥ १४ ॥

मोक्षमूलर की उक्ति है कि तुम तीव्र गति वाले घोड़ों के ऊपर स्थित होकर जल्दी आओ वहां आप के पूजारी कण्वों के मध्य में हैं तुम उन में आनन्दित होओ सो यह अशुद्ध है क्योंकि बड़े २ बेग आदि गुण ही वायु के हैं वे गुण उन में समवाय संबन्ध से रहते हैं उन के ऊपर इन पवनों की स्थिति होने का ही संभव नहीं और कण्व शब्द से विद्वानों का ग्रहण है उन में निवास करने से विद्या की प्राप्ति और आनन्द का प्रकाश होता है ॥ १४ ॥

पुनस्ते वायवः किं प्रयोजनाः सन्तीत्युपदिश्यते ।

फिर वे वायु किस २ प्रयोजन के लिये हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अस्ति हि ष्मा मदाय वः स्मसि ष्मा वयमेषाम् । विश्वं चिदायुर्जीवसे ॥ १५ ॥

अस्ति । हि । स्म । मदाय । वः । स्मसि । स्म । वयम् । एषाम् । विश्वम् । चित् । आयुः । जीवसे ॥ १५ ॥

पदार्थः—(अस्ति) वर्त्तते (हि) यतः (स्म) खलु । अत्र निपातस्य चेति दीर्घः । अविहितलक्षणो मूर्द्धन्यः सुषामादिषु द्रष्टव्यः । अ० ८ । ३ । ९८ इति वार्त्तिकेन मूर्द्धन्यादेशः । इदं पदं सायणाचार्येण व्याकरणविषयमबुध्वा त्यक्तम् (मदाय) आनन्दाय (वः) युष्माकम् (स्मसि) भवेम । अत्र लिङर्थे लट् इदं तोमसीतीकारागमः (स्म) नैरन्तर्ये । अत्रापि पूर्ववन्मूर्द्धन्यादेशः (वयम्) उपदेश्या जनाः (एषाम्) ज्ञातविद्यानां मरुतां सकाशात् (विश्वम्) सर्वम् (चित्) अपि (आयुः) प्राणधारणम् (जीवसे) जीवितुम् । अत्र तुमर्थे० इत्यसेन्प्रत्ययः ॥ १५ ॥

अन्वयः—हे विद्वांसो मनुष्या एषां हि स्म वो युष्माकं मदाय जीवसे विश्वमायुरस्ति तथा भूता वयं चित्स्म सिस्म ॥ १५ ॥

भावार्थः—यथा योगाभ्यासेन प्राणविद्याविदो वायुविकारज्ञाः पथ्यकारिणो जनाश्चानन्देन सर्वमायुर्भुञ्जते तथैवेतरैर्जनैस्तत्सकाशात्तद्विद्यां ज्ञात्वा सर्वमायुर्भोक्तव्यम् ॥ १५ ॥

मोक्षमूलरोक्तिः । निश्चयेन तव युष्माकं प्रसन्नता पुष्कलास्ति वयं सदा युष्माकं भृत्याः स्मः । यद्यपि वयं सर्वमायुर्जीविमेत्यशुद्धास्ति कुतः । अत्र प्रमाणरूपेण वायुना जीवनं भवतीति वयमेतद्विद्यांविजानीमेत्युक्तत्वादिति ॥ १५ ॥

एवमेव यथात्र मोक्षमूलरेण कपोलकल्पनया मंत्रार्था विरुद्धा वर्णितास्तथैवाग्रेप्येतदुक्तिरन्यथास्तीति वेदितव्यम् । यदा पक्षपातविरहा विद्वांसो मद्रचितस्य मंत्रार्थभाष्यस्य मोक्षमूलरोक्तादेश्च सम्यक् परीक्ष्य विवेचनं करिष्यन्ति तदैतेषां कृतावशुद्धिर्विदिता भविष्यतीत्यलमिति विस्तरेण । अत्राग्निप्रकाशकस्य सर्वचेष्टाबलायुर्निमित्तस्य वायोस्तद्विद्याविदां राजप्रजास्थविदुषां च गुणवर्णनादेतत्सूक्तार्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति वेद्यम् ॥

इति चतुर्दशो वर्गः सप्तत्रिंशं सूक्तञ्च समाप्तम् ॥ ३७ ॥

पदार्थः— हे विद्वान् मनुष्यो (एषाम्) जानी है विद्या जिन की उन पवनों के सकाश से (हि) जिस कारण (स्म) निश्चय करके (वः) तुम लोगों के (मदाय) आनन्द पूर्वक (जीवसे) जीने के लिये (विश्वम्) सब (आयुः) अवस्था है इसी प्रकार (वयम्) आप से उपदेश को प्राप्त हुए हम लोग (चित्) भी (स्मसिस्म) निरन्तर होवें ॥ १५ ॥

भावार्थः—जैसे योगाभ्यास करके प्राणविद्या और वायु के विकारों को ठीक २ जानने वाले पथ्य कारी विद्वान् लोग आनन्द पूर्वक सब आयु भोगते हैं वैसे अन्य मनुष्यों को भी करनी चाहिये कि उन विद्वानों के सकाश से उस वायु विद्या को जान के संपूर्ण आयु भोगें ॥ १५ ॥

मोक्षमूलर की उक्ति है कि निश्चय करके वहां तुम्हारी प्रसन्नता पुष्कल है हम लोग सब दिन तुम्हारे भृत्य हैं जो भी हम संपूर्ण आयु भर जीते हैं यह अशुद्ध है । क्योंकि यहां प्राणरूप वायु से जीवन होता है हम लोग इस विद्या को जानते हैं इस प्रकार इस मन्त्र का अर्थ है ॥ १५ ॥

इसी प्रकार कि जैसे यहां मोक्षमूलर साहेब ने अपनी कपोल कल्पना से मंत्रों के अर्थ विरुद्ध वर्णन किये हैं वैसे आगे भी इन की उक्ति अन्यथा ही है ऐसा सब को जानना चाहिये । जब पक्षपात को छोड़ कर मेरे रचे हुए मन्त्रार्थ भाष्य वा मोक्षमूलरादिकों के कहे हुए की परीक्षा करके विवेचना करेंगे तब इनके किये हुए ग्रन्थों की अशुद्धि जान पड़ेगी बहुत को थोड़े ही लिखने से जान लेवें आगे अब बहुत लिखने से क्या है । इस सूक्त में अग्नि के प्रकाश करने वाले सब चेष्टा बल और आयु के निमित्त वायु और उस वायु विद्या को जानने वाले राज प्रजा के विद्वानों के गुण वर्णन से इस सूक्तार्थ की पूर्व सूक्तार्थ के साथ संगति जाननी चाहिये। यह चौदहवां वर्ग और सैंतीशवां सूक्त समाप्त हुआ ॥ ३७ ॥

अथास्य पंचदशर्चस्याष्टत्रिंशस्य सूक्तस्य घौरः कण्वऋषिः । मरुतो देवताः ॥ १ । ८ । ११ । १३ । १५ गायत्री । २ । ६ । ७ । ६ । १० निचृद्गायत्री । ३ । पादनिचृत् । ५ । १२ । पिपीलिकामध्यानिचृत् । १४ यवमध्याविराड्गायत्रीछन्दः षड्जः स्वरः ॥

तत्रादिमे मंत्रे वायुरिव मनुष्यैर्भवितव्यमित्युपदिश्यते ।

अब अड़तीसवें सूक्त का आरम्भ है । उसके पहिले मंत्र में वायु के समान मनुष्यों को होना चाहिये इस विषय का वर्णन अगले मंत्र में किया है ॥

कद्ध नूनं कधप्रियः पिता पुत्रं न हस्तयोः ।
दधिध्वे वृक्तबर्हिषः ॥ १ ॥

कत् । ह । नूनम् । कधऽप्रियः । पिता । पुत्रम् । न । हस्तयोः । दधिध्वे । वृक्तऽबर्हिषः ॥ १ ॥

पदार्थः—(कत्) कदा अत्र छान्दसो वर्णलोपो वेत्याकारलोपः (ह) प्रसिद्धम् (नूनम्) निश्चयार्थे (कधप्रियः) ये कथाभिः कथाभिः प्रीणयन्ति ते । अत्र वर्णव्यत्ययेन थकारस्य धकारः । इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः ॥ अ० ३ । १ । १३५ ॥ (पिता) जनकः (पुत्रम्) औरसम् (न) इव (हस्तयोः) बाह्वोः (दधिध्वे) धरिष्यथ । अत्र लोडर्थे लिट् (वृक्तबर्हिषः) ऋत्विजो विद्वांसः ॥ १ ॥

अन्वयः—हे कधप्रिया वृक्तबर्हिषो विद्वांसः पिता हस्तयोः पुत्रं न मरुतो लोकानिव कद्ध नूनं यज्ञं कर्म दधिध्वे ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालंकारौ । यथा पिता हस्ताभ्यां स्वपुत्रं गृहीत्वा शिक्षित्वा पालयित्वा सत्कार्येषु नियोज्य सुखी भवति तथैव ये मनुष्या मरुतो लोकानिव विद्यया यज्ञं गृहीत्वा युक्त्या संसेवन्ते त एव सुखिनो भवन्तीति ॥ १ ॥

पदार्थः—हे (कधप्रियाः) सत्य कथाओं से प्रीति कराने वाले (वृक्तबर्हिषः) ऋत्विज् विद्वान् लोगो (न) जैसे (पिता) उत्पन्न करने वाला जनक (पुत्रम्) पुत्रको (हस्तयोः) हाथों से धारण करता है और जैसे पवन लोकों को धारण कर रहे हैं वैसे (कद्ध) कब प्रसिद्धि से (नूनम्) निश्चय करके यज्ञ कर्मको (दधिध्वे) धारण करोगे ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचक लुप्तोपमा लंकार हैं । जैसे पिता हाथों से अपने पुत्र को ग्रहण कर शिक्षा पूर्वक पालना तथा अच्छे कार्यों में नियुक्त करके सुखी होता और जैसे पवन सब लोकों को धारण करते हैं वैसे विद्या से यज्ञ का ग्रहण कर युक्ति से अच्छे प्रकार सेवन करते हैं वेही सुखी होते हैं ॥ १ ॥

पुनस्ते कथं प्रश्नोत्तरं कुर्युरित्युपदिश्यते ।

फिर मनुष्यों को परस्पर किस प्रकार प्रश्नोत्तर करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

क्वं नूनं कद्वो अर्थं गंता दिवो न पृथिव्याः।
क्वं वो गावो न रण्यन्ति ॥ २ ॥

क्वं । नूनम् । कत् । वः । अर्थम् । गंता । दिवः । न । पृथिव्याः । क्वं । वः । गावः । न । रण्यन्ति ॥ २ ॥

पदार्थः—(क्व) कुत्र (नूनम्) निश्चयार्थे (कत्) कदा (वः) युष्माकम् (अर्थम्) द्रव्यं (गंत)। गच्छत गच्छन्ति वा अत्र पक्षे लडर्थे लोट् बहुलं छन्दसीति शपोलुक् । तप्तनप्तन० इति तनबादेशो ङित्वाभावादननालोपाभावः । द्यचोतस्तिङ् इति दीर्घश्च (दिवः) द्योतनकर्मणः सूर्यस्य (न) इव (पृथिव्याः) भूमेरुपरि (क्व) कस्मिन् (वः) युष्माकम् (गावः) पशव इन्द्रियाणि वा (न) उपमार्थे (रण्यंति) रणन्ति शब्दयन्ति। अत्र व्यत्ययेन शपः स्थाने श्यन् ॥ २ ॥

अन्वयः—मनुष्या यूयं कन्नूनं पृथिव्या दिवो गावोऽर्थं गन्त क्व वो युष्माकमर्थं गन्त तथा वो युष्माकं गावो रण्यन्ति नेव मरुतः क्व रणन्ति ॥ २ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालंकारौ । यथा सूर्यस्य किरणाः पृथिव्यां स्थितान् पदार्थान् प्रकाशयन्ति। तथा यूयमपि विदुषां समीपं

प्राप्य क्व वायूनां नियोगः कर्त्तव्य इति तान् पृष्ट्वाऽर्थान् प्रकाशयत । यथा गावः स्ववत्सान् प्रति शब्दयित्वा धावन्ति तथा यूयमपि विदुषां संगं कर्तुं शीघ्रं गच्छत गत्वा शब्दयित्वाऽस्माकमिन्द्रियाणि वायुवत् क्व स्थित्वाऽर्थान् प्रति गच्छन्तीति पृष्ट्वा युष्माभिर्निश्चेतव्यम् ॥ २ ॥

पदार्थः— हे मनुष्यो तुम (न) जैसे (कत्) कब (नूनम्) निश्चय से (पृथिव्याः) भूमि के बाष्प और (दिवः) प्रकाश कर्म वाले सूर्य की (गावः) किरणें (अर्थम्) पदार्थों को (गन्त) प्राप्त होती हैं वैसे (क्व) कहां (वः) तुम्हारे अर्थ को (गंत) प्राप्त होते हो जैसे (गावः) गौ आदि पशु अपने बछड़ों के प्रति (रण्यन्ति) शब्द करते हैं वैसे तुम्हारी गाय आदि शब्द करते हुओं के समान वायु कहां शब्द करते हैं ॥ २ ॥

भावार्थः— इस मन्त्र में दो उपमालङ्कार हैं । हे मनुष्यो जैसे सूर्य की किरणें पृथिवी में स्थित हुए पदार्थों को प्रकाश करती हैं वैसे तुम भी विद्वानों के समीप जाकर, कहां पवनों का नियोग करना चाहिये ऐसा पूछ कर अर्थों को प्रकाश करो और जैसे गौ अपने बछड़ों के प्रति शब्द करके दौड़ती हैं वैसे तुम भी विद्वानों के सङ्ग करने को प्राप्त हो तथा हम लोगों की इन्द्रियां वायु के समान कहां स्थित होकर अर्थों को प्राप्त होती हैं ऐसा पूछ कर निश्चय करो ॥२॥

पुनस्तदेवाह ।

फिर भी उक्त विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

क्व॑ वः सु॒म्ना नव्यां॑सि॒ मरु॑तः॒ क्व॑ सुवि॒ता ।
क्वो॒३॑ विश्वा॑नि॒ सौभ॑गा ॥ ३ ॥

क्व॑ । व॒ः । सु॒म्ना । नव्यां॑सि । मरु॑तः । क्व॑ । सु॒वि॒ता । क्वो॒३ इति॑ । विश्वा॑नि । सौभ॑गा ॥ ३ ॥

पदार्थः— (क्व) कुत्र (वः) युष्माकं विदुषाम् (सुम्ना) सुखानि । अत्र सर्वत्र शेश्छन्दसि बहुलमिति शेर्लोपः (नव्यांसि) नवीयांसि नवतमानि । अत्र छान्दसो वर्णलोपो वेतीकारलोपः (मरुतः) वायुवच्छीघ्रं गमनकारिणो जनाः (क्व) कस्मिन् (सुविता) प्रेरणानि (क्वो) कुत्र । अत्र वर्णव्यत्ययेनाकारस्थान ओकारः (विश्वा) सर्वाणि (सौभगा) सुभगानां कर्म्माणि । अचोद्गातत्वादत्र ॥ ३ ॥

अन्वयः— हे मरुतो मनुष्या यूयं विदुषां सदेशं प्राप्य वो युष्माकं क्व विश्वानि नव्यांसि सुम्ना क्व सुविता सौभगाः सन्तीति पृच्छत ॥ ३ ॥

भावार्थः— अत्र लुप्तोपमालङ्कारः । हे शुभे कर्म्मणि वायुवत् क्षिप्रं गन्तारो मनुष्या युष्माभि र्विदुषः प्रति पृष्ट्वा यथा नवीनानि क्रियासिद्धिनिमित्तानि कर्म्माणि नित्यं प्राप्येरं स्तथा प्रयतितव्यम् ॥ ३ ॥

पदार्थः— हे (मरुतः) वायु के समान शीघ्र गमन करने वाले मनुष्यो तुम लोग विद्वानों के समीप प्राप्त होकर (वः) आप लोगों के (विश्वानि) सब (नव्यांसि) नवीन (सुम्ना) सुख (क्व) कहां सब (सुविता) प्रेरणा करने वाले गुण (क्व) कहां और सब नवीन (सौभगा) सौभाग्य प्राप्ति कराने वाले कर्म (क्वो) कहां हैं ऐसा पूछो ॥ ३ ॥

भावार्थः— हे शुभ कर्मों में वायु के समान शीघ्र चलने वाले मनुष्यो तुम लोगों को चाहिये कि विद्वानों के प्रति पूछ कर जिस प्रकार नवीन क्रिया की सिद्धि के निमित्त कर्म प्राप्त होवें वैसा अच्छे प्रकार निरन्तर यत्न किया करो ॥ ३ ॥

पुन स्ते कीदृशाः स्युरित्युपदिश्यते ।

फिर वे राज पुरुष कैसे होने चाहिए इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

यद्यूयं पृश्निमातरो मर्त्तासः स्यातन ।
स्तोता वो अमृतः स्यात् ॥ ४ ॥

यत् । यूयम् । पृश्निऽमातरः । मर्त्तासः ।
स्यातन । स्तोता । वः । अमृतः । स्यात् ॥ ४ ॥

पदार्थः— (यत्) यदि (यूयम्) (पृश्निमातरः) पृश्निराकाशो माता येषां वायूनां त इव (मर्त्तासः) मरणधर्माणो राजप्रजा जनाः अत्राज्जसेरसुगित्यसुगागमः (स्यातन) भवेत । तस्यतनबादेशः (स्तोता) स्तुतिकर्त्ता सभाध्यक्षो राजा (वः) युष्माकम् (अमृतः) शत्रुभिरप्रतिहतः (स्यात्) भवेत् ॥ ४ ॥

अन्वयः— हे पृश्निमातर इव वर्त्तमाना मर्त्तासो यूयं यद्यदि पुरुषार्थिनः स्यातन तर्हि वः स्तोताऽमृतः स्यात् ॥ ४ ॥

भावार्थः— राजप्रजापुरुषैरालस्यं त्यक्त्वा वायव इव स्वकर्मसु नियुक्तैर्भवितव्यम् । यत एतेषां रक्षकः सभाध्यक्षो राजा शत्रुभिर्हन्तुमशक्यो भवेत् ॥ ४ ॥

पदार्थः— हे (पृश्निमातरः) जिन वायुओं का माता आकाश है उन के सदृश (मर्त्तासः) मरणधर्म युक्त राजा और प्रजा के पुरुषो आप पुरुषार्थ युक्त (यत्) जो अपने २ कामों में (स्यातन) हों तो (वः) तुम्हारी रक्षा करने वाला सभाध्यक्ष राजा (अमृतः) अमृत सुख युक्त स्यात् होवे ॥ ४ ॥

भावार्थः– राजा और प्रजा के पुरुषों को उचित है कि आलस्य छोड़ वायु के समान अपने २ कामों में नियुक्त होवें जिस से सबका रक्षक सभाध्यक्ष राजा शत्रुओं से मारा नहीं जा सकता ॥ ४ ॥

तत्सम्बंधेन जीवस्य किं भवतीत्युपदिश्यते ॥

उन वायुओं के संबंध से जीव को क्या होता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

मा वो मृगो न यवसे जरिता भूदजोष्यः ।
पथा यमस्य गादुप ॥ ५ ॥

मा । वः । मृगः । न । यवसे । जरिता ।
भूत् । अजोष्यः । पथा । यमस्य । गात् ।
उप ॥ ५ ॥

पदार्थः– (मा) निषेधार्थे (वः) एतेषां मरुताम् (मृगः) हरिणः (न) इव (यवसे) भक्षणीये घासे (जरिता) स्तोता जनः (भूत्) भवेत् । अत्र बहुलं छन्दस्यमाङ्योगेपीत्यडभावः (अजोष्यः) असेवनीयः (पथा) श्वासप्रश्वासरूपेण मार्गेण (यमस्य) निग्रहीतुर्वायोः (गात्) गच्छेत् । अत्र लडर्थे लुङडभावश्च (उप) सामीप्ये ॥ ५ ॥

अन्वयः– हे राजप्रजाजना यूयं यवसे मृगोनेव वो जरिताऽजोष्यो माभूत् यमस्य पथा च मोपगादेवं विधत्त ॥ ५ ॥

भावार्थः– अत्रोपमालंकारः । यथा हरिणा निरंतरं घासं भक्षयित्वा सुखिनो भवन्ति तथा प्राणविद्याविन्मनुष्यो युक्त्या-

ऽऽहारविहारं कृत्वा यमस्य मार्गं मृत्युं नोपगच्छेत् पूर्णमायुर्भुक्त्वा शरीरं सुखेन त्यजेत् ॥ ५ ॥

पदार्थः— हे राजा और प्रजा के जनो आप लोग (न) जैसे (मृगः) हिरन (यवसे) खाने योग्य घास खाने के निमित्त प्रवृत्त होता है वैसे (वः) तुम्हारा (जरिता) विद्याओं का दाता (अजोष्यः) असेवनीय अर्थात् पृथक् (माभूत्) न होवे तथा (यमस्य) निग्रह करने वाले वायु के (पथा) मार्ग से (मोपगात्) कभी अल्पायु होकर मृत्यु को प्राप्त न होवे वैसा काम किया करो ॥ ५ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार है । जैसे हिरन युक्ति से निरन्तर घास खा कर सुखी होते हैं वैसे प्राण वायु की विद्या को जानने वाला मनुष्य युक्ति के साथ अहार विहार कर वायु के मार्ग से अर्थात् मृत्यु को प्राप्त नहीं होता और संपूर्ण अवस्था को भोग के सुख से शरीर को छोड़ता है अर्थात् सदा विद्या पढ़ें पढ़ावें कभी विद्यार्थी और आचार्य वियुक्त नहो और प्रमाद करके अल्पायु में न मर जाय ॥ ५ ॥

पुनस्तद्विषयमाह ।

फिर भी पूर्वोक्त विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

मो षु णः॒ परा॑परा॒ निर्ऋ॑तिर्दु॒र्हणा॑ वधीत् ।

प॒दी॒ष्ट तृष्ण॑या स॒ह ॥ ६ ॥

मो इति॑ । सु । नः॒ । परा॑ऽपरा । निःऽऋ॑तिः । दुः॒ऽहना॑ । व॒धीत् । प॒दी॒ष्ट । तृष्ण॑या । स॒ह ॥ ६ ॥

पदार्थः—(मो) निषेधार्थे (सु) सर्वथा (नः) अस्मान् (पराऽपरा) या परोत्कृष्टा चासावपराऽनुत्कृष्टा च सा (निर्ऋतिः)

व यूनां रोगकारिका दुःखप्रदा गतिः । निर्ऋतिर्निरमणादृच्छतेः कृच्छ्रापत्तिरितरा सा पृथिव्या संदिह्यते तयोर्विभागः ॥ निरु० । २ । ७ ॥ (दुर्हणा) दुःखेन हन्तुं योग्या (बधीत्) नाशयतु । अत्र लोडर्थे लुङ् लर्गतो ण्यर्थश्च (पदीष्ट) पत्सीष्ट प्राप्नुयात् । अत्र छन्दस्युभयथेति सार्वधातुकाश्रयणात्सलोपः (तृष्णया) तृष्यते यया पिपासया लोभगत्या वा तया (सह) सहिता ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे अध्यापका यूयं यथा पराऽपरा दुर्हणा निर्ऋतिर्मरुतां प्रतिकूला गतिस्तृष्णया सह नोऽस्मान्मोपदिष्ट मोपबधीच्च किं त्वेतेषां या सुष्ठु सुखप्रदा गतिः सास्मान्नित्यं प्राप्ता भवेदेवं प्रयतध्वम् ॥ ६ ॥

भावार्थः—मरुतां द्विविधा गतिरेका सुखकारिणी द्वितीया दुःखकारिणी च तत्र यासु नियमैः सेविता रोगान् हन्त्री सती शरीरादिसुखहेतुर्भवति साऽऽद्या । या च कुनियमैः प्रमादेनोत्पादिता कृच्छ्रदुःखरोगप्रदासाऽपरा । एतयोर्मध्यान्मनुष्यैः परमेश्वराऽनुग्रहेण विद्वत्संगेन स्वपुरुषार्थैश्च प्रथमामुत्पाद्य द्वितीयां निहत्य सुखमुन्नेयम् । यः पिपासादिधर्मः स वायुनिमित्तेनैव यश्च लोभवेगः सोऽज्ञानेनैव जायत इति वेद्यम् ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे अध्यापक लोगो आप जैसे (पराऽपरा) उत्तम मध्यम और निकृष्ट (दुर्हणा) दुःख से हटने योग्य (निर्ऋतिः) पवनों की रोग करने वा दुःख देने वाली गति (तृष्णया) प्यास वा लोभ गति के (सह) साथ (नः) हमलोगों को (मोपदिष्ट) कभी न प्राप्त हो और (माबधीत्) बीच में न मरें किन्तु जो इन पवनों की सुख देने वाली गति है वह हमलोगों को नित्य प्राप्त होवे वैसा प्रयत्न किया कीजिये ॥ ६ ॥

भावार्थः—पवनों की दो प्रकार की गति होती है एक सुख कारक और दूसरी दुःख करने वाली उन में से जो उत्तम नियमों से सेवन की हुई रोगों का हनन करती हुई शरीर आदि के सुख का हेतु है वह प्रथम और जो खोटे नि-

यम और प्रमाद से उत्पन्न हुई क्लेश दुःख और रोगों को देने वाली वह दूसरी इन्हीं के मध्यमें से मनुष्यों को अति उचित है कि परमेश्वर के अनुग्रह और अपने पुरुषार्थों से पहिली गति को उत्पन्न करके दूसरी गति का नाश करके सुख की उन्नति करनी चाहिये और जो पिपासा आदि धर्म हैं वह वायु के निमित्त से तथा जो लोभ का वेग है वह अज्ञान से ही उत्पन्न होता है ॥ ६ ॥

पुनस्ते कीदृशा भवेयुरित्युपदिश्यते ॥

फिर वे कैसे हों इस विष का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

सत्यं त्वेषा अमंवन्तो धन्वञ्चिदा रुद्रियासः।
मिहं कृण्वन्त्यवाताम् ॥ ७ ॥

सत्यम् । त्वेषाः । अमंऽवन्तः । धन्वंम् । चित् । आ । रुद्रियासः । मिहंम् । कृण्वन्ति । अवाताम् ॥ ७ ॥

पदार्थः—(सत्यम्) अविनाशि गमनागमनाख्यं कर्म (त्वेषाः) वाह्याभ्यन्तरघर्षणेनोत्पन्नविद्युदग्निना प्रदीप्ताः । (अमवन्तः) अमानां रोगाणां गमनागमनबलानां वा संबन्धो विद्यते एषान्ते। अत्र संबंधार्थे मतुप्। अमरोगे । अमगत्यादिषु चेत्यस्माद्बलादेश्चेति। करणाधिकरणयो। र्घञ् । अमन्ति रोगं प्राप्नुवन्ति यद्वाऽमति गच्छंत्यागच्छन्ति बलयन्ति यैस्तेऽमाः (धन्वन्) धन्वन्यन्तरिक्षे मरुस्थले वा । धन्वेत्यन्तरिक्षनामसु पठितम् । निघं० । १ । ३ ॥ पदना० च निघं० ॥ ४ । २ ॥ (चित्) उमार्थे (आ) अभितः (रुद्रियासः) रुद्राणां जीवानामिमे जीवननिमित्ता रुद्रिया वायवः । तस्येदमिति शैषिको घः । आज्जसेरसुगित्यसुगागमः (मिहम्) मेहति सिंचति यया तां वृष्टिम् (कृणवन्ति) कुर्वन्ति (अवाताम्) अविद्यमाना वातो यस्यास्ताम् ॥ ७ ॥

अन्वयः– हे मनुष्या यूयं धन्वन्तरिक्षे त्विषा अमवन्तो रुद्रियासो मरुतो वर्त्तन्तेऽवातां मिहं वृष्टिमाकृण्वंति तेषां मरुतां सत्यकर्मास्ति चिद्दिवानुतिष्ठत ॥ ७ ॥

भावार्थः–मनुष्यै र्यथा येन्तरिक्षस्थाः सत्यगुणस्वभावावायवो वृष्टिहेतवः सन्ति त एव युक्त्या परिचरिता अनुकूला सन्तः सुखयन्ति । अयुक्त्या सेविताः प्रतिकूलाः सन्तश्च दुःखयन्ति तथा युक्त्या धर्माऽनुकूलानि कर्माणि सेव्यानि ॥ ७ ॥

पदार्थः–हे मनुष्यो तुमलोग जैसे (धन्वन्) अन्तरिक्ष में (त्विषाः) बाहिर भीतर घिसने से उत्पन्न हुई विजुली से प्रदीप्त (अमवन्तः) जिन का रोगों और गमनागमन रूप वालों के साथ सम्बन्ध है (रुद्रियासः) प्राणियों के जीने के निमित्त वायु (अवाताम्) हिंसा रहित (मिहम्) सींचने वाली वृष्टि को (आकृण्वंति) अच्छे प्रकार संपादन करते हैं और इन का (सत्यम्) सत्य कर्म है (चित्) वैसेही सत्य कर्म का अनुष्ठान किया करो ॥ ७ ॥

भावार्थः–मनुष्यों को चाहिये कि जैसे अन्तरिक्ष में रहने तथा सत्यगुण और स्वभाव वाले पवन वृष्टि के हेतु हैं वेही युक्ति से सेवन किये हुए अनुकूल होकर सुख देते और युक्ति रहित सेवन किये प्रतिकूल होकर दुःखदायक होते हैं वैसे युक्ति से धर्मानुकूल कर्मों का सेवन करें ॥ ७ ॥

एते किंवत्किं कुर्युरित्युपदिश्यते ॥

ये मनुष्य किस के समान क्या करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

वाश्रेव विद्युन्मिमाति वत्सं न माता सिंषक्ति । यदेषां वृष्टिरसर्जि ॥ ८ ॥

वाश्राऽइव । विऽद्युत् । मिमाति । वत्सम् ।

न । माता । सिषक्ति । यत् । एषाम् । वृष्टिः । असर्जि ॥ ८ ॥

पदार्थः—(वाश्रेव) यथा कामयमाना धेनुः (विद्युत्) स्तनयित्नुः (मिमाति) मिमीते जनयति । अत्र व्यत्ययेन परस्मैपदम् (वत्सम्) स्वापत्यम् (न) इव (माता) मान्यप्रदा जननी (सिषक्ति) समेति सेवते वा । सिषक्तु सचत इति सेवमानस्य । निरु० ॥ ३ । २१ ॥ (यत्) या (एषाम्) मरुतां संबंधेन (वृष्टिः) अन्तरिक्षाज्जलस्याधः पतनम् (असर्जि) सृज्यते । अत्र लडर्थे लुङ् ८ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यद्येषां विद्युद्वत्सं वाश्रेवसिहं मिमाति कामयमाना माता पयसा पुत्रं सिषक्ति नेव यया वृष्टिरसर्जि सृज्यते तथैवपरस्परं शुभगुणवर्षणेन सुखकारका भवत ॥ ८ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालंकारौ । यथा स्वस्ववत्सान् सेवितुं कामयमाना धेनवो मातरः स्व पुत्रान् प्रत्युच्चैः शब्दानुच्चार्य धावन्ति तथैव विद्युन्महाशब्दं कुर्वन्ती मेघावयवान्सेवितुं धावति ॥ ८ ॥

पदार्थः— हे मनुष्यो आप लोग (यत्) जो (एषाम्) इन वायुओं के योग से उत्पन्न हुई (विद्युत्) बिजुली (वाश्रेव) जैसे गौ अपने (वत्सम्) बछड़े की इच्छा करती हुई सेवन करती है वैसे (मिहम्) वृष्टि को (मिमाति) उत्पन्न करती और इच्छा करती हुई (माता) मान्य देने वाली माता पुत्र का दूध से (सिषक्तिन) जैसे सींचती है वैसे पदार्थों को सेवन करती है जो वर्षा को (असर्जि) करती है वैसे शुभ गुण कर्मों से एक दूसरों के सुख करने हारे हूजिये ॥ ८ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में दो उपमालंकार हैं। हे विद्वान् मनुष्यो तुम लोगों को उचित है कि जैसे अपने २ बछड़ों को सेवन करने के लिये इच्छा करती

हुई गी और अपने छोटे बालक को सेवने हारी माता ऊंचे स्वर से शब्द कर के उन को ओर दौड़ती हैं वैसे ही विजुली बड़े २ शब्दों को करती हुई मेघ के अवयवों के सेवन करने के लिये दौड़ती है ॥ ८ ॥

पुनरेते वायवः किं कुर्वंतीत्युपदिश्यते ॥

फिर वे वायु क्या करते हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है।

दिवा चित्तमः कृण्वन्ति पर्जन्येनोदवाहेन । यत्पृथिवीं व्युन्दन्ति ॥ ९ ॥

दिवा । चित् । तमः । कृण्वन्ति । पर्जन्येन । उदवाहेन । यत् । पृथिवीम् । विऽउन्दन्ति ॥ ९ ॥

पदार्थः- (दिवा) दिवसे (चित्) इव (तमः) अन्धकाख्यां रात्रिम् (कृण्वन्ति) कुर्वन्ति (पर्जन्येन) मेघेन (उदवाहेन) य उदकानि वहति धरति तेन । अत्र कर्मण्यण् अ० ३ । २ । १ इत्यण् प्रत्ययः । वाच्छन्दसि सर्वे विधयो भवंतीत्युदकस्योद आदेशः (यत्) ये (पृथिवीम्) विस्तीर्णां भूमिम् (व्युन्दन्ति) विविधतयाक्लेदयन्त्यार्द्रयन्ति ॥ ९ ॥

अन्वयः— हे मनुष्या यदे वायव उदवाहेन पर्जन्येन दिवा तमः कृण्वन्ति चित् पृथिवीं व्युन्दन्ति तान्युक्त्योपकुरुत ॥ ९ ॥

भावार्थः-अत्रोपमालंकारः । वायव एव जलावयवान् कठिनीकृत्य घनाकारं मेघं दिवसेऽप्यंधकारं जनित्वा पुनर्विद्युतमुत्पाद्य तया तान् छित्वा पृथवीं प्रति निपात्य जलैः स्निग्धां कृत्वानेकानोषध्यादिसमूहान् जनयन्तीति विद्वांसोऽन्यानुपदिशन्तु ॥ ९ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् लोगो आप (यत्) जो पवन (उदवाहेन) जलों को धारण वा प्राप्त कराने वाले (पर्जन्येन) मेघ से (दिवा) दिन में (तमः) अन्धकार रूप रात्रि के (चित्) समान अंधकार (कृण्वन्ति) करते हैं (पृथिवीम्) भूमि को (व्युन्दन्ति) मेघ के जल से आर्द्र करते हैं उनका युक्ति से सेवन करो ॥९॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमा लंकार है। पवन ही जलों के अवयवों को कठिन सघनाकार मेघ को उत्पन्न उस बिजुली से उन मेघों के अवयवों को छिन्न भिन्न और पृथिवी में गेर कर जलों से स्निग्ध करके अनेक ओषधी आदि समूहों को उत्पन्न करते हैं उनका उपदेश विद्वान् लोग अन्य मनुष्यों को सदा किया करें ॥ ९ ॥

॥ पुनरेतेषां योगेन किं भवतीत्युपदिश्यते ॥

फिर इन पवनों के योग से क्या होता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अधं स्वनान्मरुतां विश्वमासद्म पार्थिवम्। अरेजन्त प्र मानुषाः ॥ १० ॥

अधं। स्वनात्। मरुताम्। विश्वम्। आ। सद्म। पार्थिवम्। अरेजन्त। प्र। मानुषाः ॥ १० ॥

पदार्थः—(अध) आनन्तर्ये। वर्णव्यत्ययेन थस्य धः (स्वनात्) उत्पन्नाच्छब्दात् (मरुताम्) वायूनां विद्युतश्च सकाशात् (विश्वम्) सर्वम् (आ) समन्तात् (सद्म) सीदन्ति यस्मिन् गृहे तत्। सद्मेति गृहनामसु पठितम् निघं॰ ३ । ४ । (पार्थिवम्) पृथिव्यां विदितं वस्तु (अरेजन्त) कम्पते रेजृकंपन अस्माद्धातोर्लङर्थे लङ् (प्र) प्रगतार्थे (मानुषाः) मानवाः ॥ १० ॥

अन्वयः—हे मानुषा यूयं येषां मरुतां स्वनादध विश्वं पार्थिवं सद्म कम्पते प्राणिनः पारेजन्त प्रकम्पन्ते चलन्तीति विजानीत ॥ १० ॥

भावार्थः—हे ज्योतिर्विदो विपश्चितो भवन्तो मरुतां योगेनैव सर्वं मूर्तिमद्द्रव्यं चेष्टते प्राणिनो भयं कराद्विद्युच्छब्दाद्भीत्वा कम्पते पृथिव्यादिकं प्रतिक्षणं भ्रमतीति निश्चिन्वन्तु ॥ १० ॥

पदार्थः—हे (मानुषाः) मननशील मनुष्यो तुम जिन (मरुताम्) पवनों के (स्वनात्) उत्पन्न शब्द के होने से (अध) अनन्तर (विश्वम्) सब (पार्थिवम्) पृथिवी में विदित वस्तु मात्र का (सद्म) स्थान कंपता और प्राणिमात्र (पारेजन्त) अच्छे प्रकार कंपित होते हैं इस प्रकार जानो ॥ १० ॥

भावार्थः—हे ज्योतिष शास्त्र के विद्वान् लोगो आप पवनों के योगही से सब मूर्तिमान् द्रव्य चेष्टा को प्राप्त होते प्राणी लोग बिजुली के भयंकर शब्द से भय को प्राप्त हो कर कंपित होते और भूगोल आदि प्रतिक्षण भ्रमण किया करते हैं ऐसा निश्चित समझो ॥ १० ॥

पुनस्ते मानवो वायुभिः किं कुर्वन्तीत्युपदिश्यते ॥

फिर वेमनुष्य पवनों से क्या करते हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

मरुतो वीळुपाणिभिश्चित्रा रोधस्वतीरनु यातेमखिद्रयामभिः ॥ ११ ॥

मरुतः । वीळुपाणिऽभिः । चित्राः । रोधस्वतीः । अनु । यात । ईम् । अखिद्रयामभिः ॥ ११ ॥

पदार्थः— (मरुतः) योगाभ्यासिनो व्यवहारसाधका वा जनाः (वीळुपाणिभिः) वीळूनि दृढानि बलानि पाणयोर्ग्रहण-साधनव्यवहारयोर्येषां तैः । वीड्विति बलनामसु पठितम् । निघं० २ । ९ (चित्राः) अद्भुतगुणाः (रोधस्वतीः) रोधो बहुविधमावर्णं विद्यते यासां नदीनां नाडीनां वा ताः रोधस्वत्य इति नदीनामसु पठितम् । निघं० १ । १३ (अनु) अनुकूले (यात) प्राप्नुत (ईम्) एव (अखिद्रयामभिः) अच्छिन्नानि निरन्तराणि निगमानि येषां तैः । स्फायितञ्चि० उ० २ । १४ इति रक् । सर्वधातुभ्यो मनिनिति करणे मनिंश्च ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे मरुतो यूयमखिद्रयामभिर्वीळुपाणिभिः पवनैः सह रोधस्वतीश्चित्रा ईमनुयात ॥ ११ ॥

भावार्थः— वायुषु गमनबलव्यवहारहेतूनि कर्माणि स्वाभाविकानि सन्ति । एते खलु नदीनां गमयितारो नाडीनां मध्ये गच्छन्तो रुधिररसादिकं शरीराऽवयवेषु प्रापयन्ति तस्माद्योगिभिर्योगाभ्यासिनेतरैर्जनैश्च बलादिसाधनाय वायुभ्यो महोपकारा ग्राह्याः ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे (मरुतः) योगाभ्यासी योग व्यवहार सिद्धि चाहने वाले पुरुषा तुम लोग (अखिद्रयामभिः) निरन्तर गमन शील (वीळुपाणिभिः) दृढ़ बल रूप ग्रहण के साधक व्यवहार वाले पवनों के साथ (रोधस्वतीः) बहुत प्रकार के बांध वा आवरण और (चित्राः) आश्चर्य्य गुण वाली नदी वा नाडियों के (ईम्) (अनु) अनुकूल (यात) प्राप्त हो ॥ ११ ॥

भावार्थः— पवनों में गमन बल और व्यवहार होने के हेतु स्वाभाविक धर्म हैं और ये निश्चय करके नदियों को चलाने वाले नाडियों के मध्य में गमन करते हुए रुधिर रसादि को शरीर के अवयवों में प्राप्त करते हैं इस कारण योगी लोग योगाभ्यास और अन्य मनुष्य बल आदि के साधन रूप वायुओं से बड़े २ उपकार ग्रहण करें ॥ ११ ॥

पुनस्तदेवाह ॥

फिर भी उक्त विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

स्थिरा वः सन्तु नेमयो रथा अश्वांस एषाम् । सुसंस्कृता अभीशवः ॥ १२ ॥

स्थिराः । वः । सन्तु । नेमयः । रथाः । अश्वांसः । एषाम । सुऽसंस्कृताः । अभीशवः ॥ १२ ॥

पदार्थः—(स्थिराः) दृढाः (वः) युष्माकम् (सन्तु) भवन्तु (नेमयः) कलाचक्राणि (रथाः) विमानादीनि यानानि (अश्वासः) अग्न्यादयस्तुरङ्गा वा । अत्राज्जसेरसुगित्यसुगागमः (एषाम्) मरुतां साकाशात् (अभीशवः) अभितो श्नुवते व्याप्नुवन्ति मार्गान्यैस्तेरश्मयो हया वा । अत्राभिपूर्वादश्नूङ् व्याप्तावित्यस्माद्धातोः । कृवापाया० उ० १ । १ इत्युण् वर्णव्यत्ययेनाकारस्थान ईकारश्च ॥ १२ ॥

अन्वयः—हे विद्वांसो मनुष्या वो युष्माकमेषां मरुतां सकाशात्सुसंस्कृता नेमयो रथा अभिशवोऽश्वासश्च स्थिराः सन्तु ॥१२॥

भावार्थः— ईश्वर उपदिशति । हे मनुष्या युष्माभिर्विविधकलाचक्राणि यानानि रचयित्वा तेष्वग्निजलादीनां शीघ्रं मयतृणां संप्रयोगेण वायूनां योगात्सुखेन सर्वतो गमनागमनानि शत्रुविजयादयः सर्वेव्यवहाराः संसाधनीया इति ॥ १२ ॥

पदार्थः— हे विद्वान् लोगो (वः) तुम्हारे (एषाम्) इन पवनों के सकाश से (सुसंस्कृताः) उत्तम शिल्प विद्या से संस्कार किए हुए (नेमयः) कलाचक्र युक्त (रथाः) विमान आदि रथ (अभीशवः) मार्गों को व्याप्त करने वाले (अश्वासः) अग्नि आदि वा घोड़ों के सदृश (स्थिराः) दृढ़ बल युक्त (सन्तु) होवें ॥ १२ ॥

भावार्थः— ईश्वर उपदेश करता है । हे मनुष्यो तुम को चाहिये कि अनेक प्रकार के कलाचक्र युक्त विमान आदि यानों को रच कर उन में जल्दी चलने वाले अग्नि जल के सम्प्रयोग वा पवनों के योग से सुख पूर्वक जाने आने और शत्रुओं को जीतने आदि सब व्यवहारों को सिद्ध करो ॥ १२ ॥

तदेतदुपदेशको विद्वान् कीदृशो भवेदित्युपदिश्यते ॥

फिर इस विमानादि विद्या का उपदेशक विद्वान् कैसा होवे इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अच्छा वदा तना गिरा जरायै ब्रह्मणस्पतिम् । अग्निं मित्रं न दर्शतम् ॥ १३ ॥

अच्छ । वद । तना । गिरा । जरायै । ब्रह्मणः । पतिम् । अग्निम् । मित्रम् । न । दर्शतम् ॥ १३ ॥

पदार्थः—(अच्छ) सम्यग्रीत्या । अत्र दीर्घः (वद) उपदिश । अत्र द्व्यचोतस्तिङ इतिदीर्घः (तना) गुणप्रकाशं विस्तारयन्त्या (गिरा) स्वकीयया वेदयुक्तया वाण्या (जरायै) स्तुत्यै । जरास्तुतिर्जरतेः स्तुतिकर्मणः । निरु० १० । ८ (ब्रह्मणः) वेदस्याऽध्यापनोपदेशेन (पतिम्) पालकम् (अग्निम्) ब्रह्मवर्चस्विनम् (मित्रम्) सुहृदम् (न) इव (दर्शतम्) द्रष्टव्यम् ॥ १३ ॥

अन्वयः–हे सर्वविद्याविद्विद्वँस्त्वं ब्रह्मणस्पतिं दर्शतमग्निं मित्रं न जरायै तना गिरा विमानादियानविद्यामच्छावद ॥ १३ ॥

भावार्थः– अत्रोपमालङ्कारः । हे विद्वांसो मनुष्या यथा प्रियः सखा प्रीतं तेजस्विनं वेदोपदेशकं सुहृदं सेवागुणस्तुतिभ्यां प्रीणाति तथा सर्वविद्याविस्तारिकया वेदवाण्या विमानादियानरचनविद्यां तद्गुणज्ञानाय सम्यगुपदिशत ॥ १३ ॥

पदार्थः— हे सब विद्या के जानने वाले विद्वान् तू (न) जैसे (ब्रह्मणः) वेद के पढ़ाने और उपदेश से (पतिम्) पालने हारे (दर्शतम्) देखने योग्य (अग्निम्) तेजस्वी (मित्रम्) जैसे मित्र को मित्र उपदेश करता है वैसे (जरायै) गुण ज्ञान के लिये (तना) गुणों के प्रकाश को बढ़ाने हारी (गिरा) अपनी वेद युक्त वाणी से विमानादि यान विद्या का (अच्छावद) अच्छे प्रकार उपदेश कर ॥ १३ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार है। हे विद्वान् मनुष्यो तुम लोगों को चाहिये कि जैसे प्रिय मित्र अपने प्रिय तेजस्वी वेदोपदेशक मित्र को सेवा और गुणों की स्तुति से तृप्त करता है वैसे सब विद्याओं का विस्तार करने वाली वेद वाणी से विमानादि यानों के रचने की विद्या का उस के गुण ज्ञान के लिये निरंतर उपदेश करो ॥ १३ ॥

पुनस्तत्पाठितो विद्यार्थी कीदृशो भवेदित्युपदिश्यते ।

फिर उस विद्वान् का पढ़ाया शिष्य कैसा होना चाहिये इस का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

मिमीहि श्लोकमास्ये पर्जन्यइव ततनः ।
गाय गायत्रमुक्थ्यम् ॥ १४ ॥

मिमीहि । श्लोकम् । आस्ये । पर्जन्यःऽइव । ततनः । गाय । गायत्रम् । उक्थ्यम् ॥ १४ ॥

पदार्थः—(मिमीहि) निर्मिमीहि। माङ् माने शब्दे चेत्यस्य रूपम् व्यत्ययेन परस्मैपदम् (श्लोकम्) वेदशिक्षायुक्तां वाणीम्। श्लोक इति वाङ्नामसु पठितम्। निघं० १। ११। (आस्ये) मुखे (पर्जन्य इव) यथा मेघो गर्जनं कुर्वन्वृष्टिं तनोति (ततन) विस्तारय। लेटि मध्यमैकवचने तनु विस्तार इत्यस्य रूपम्। विकरणव्यत्ययेन नोः श्लुः (गाय) पठ पाठय वा (गायत्रम्) गायत्रीछन्दस्कम् (उक्थ्यम्) गातुं वक्तुं योग्यम् ॥ १४ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् मनुष्य त्वमास्ये श्लोकं मिमीहि तं च पर्जन्य इव ततनः। उक्थ्यं गायत्रं च गाय ॥ १४ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालङ्कारः हे विद्वद्भिरधीतविद्या मनुष्या युष्माभिः सर्वथा प्रयत्नेन स्वकीयां वाणीं वेदविद्यासुशिक्षितां कृत्वा वाचस्पत्यं संपाद्य परमेश्वरस्य वाय्वादीनां च गुणाः स्तोतव्याः श्रोतव्या उपदेशनीयाश्च ॥ १४ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् मनुष्य तू (आस्ये) अपने मुख में (श्लोकम्) वेद की शिक्षा से युक्त वाणी को (मिमीहि) निर्माण कर और उस वाणी को (पर्जन्य इव) जैसे मेघ वृष्टि करता है वैसे (ततनः) फैला और (उक्थ्यम्) कहने योग्य (गायत्रम्) गायत्री छन्द वाले स्तोत्ररूप वैदिक सूक्तों को (गाय) पढ़ तथा पढ़ा ॥ १४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालङ्कार है। हे विद्वानों से विद्या पढ़े हुए मनुष्यो तुम लोगों को उचित है कि सब प्रकार प्रयत्न के साथ वेद विद्या से शिक्षा की हुई वेदवाणी से वाणी के वेत्ता के समान वक्ता होकर वायु आदि पदार्थों के गुणों की स्तुति तथा उपदेश किया करो ॥ १४ ॥

पुनः स किं कुर्यादित्युपदिश्यते।

फिर वह विद्वान् क्या करे इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है॥

वन्दस्व मारुतं गणं त्वेषं पनस्युमर्किणम्।

अस्मे वृद्धा असन्निह ॥ १५ ॥

वन्दस्व । मारुतम् । गणम् । त्वेषम् । पनस्युम् । अर्किणम् । अस्मे इति । वृद्धाः । असन् । इह ॥ १५ ॥

पदार्थः—(वन्दस्व) कामय (मारुतम्) मरुतमिमम् (गणम्) समूहम् (त्वेषम्) अग्न्यादिप्रकाशवद्द्रव्ययुक्तम् (पनस्युम्) पनायति व्यवहरति येन तदात्मन इच्छुम् क्याच्छन्दसीत्युः प्रत्ययः (अर्किणम्) प्रशस्तोऽर्कोऽर्चनं विद्यते यस्मिंस्तम् । अत्र प्रशंसार्थ इनिः (अस्मे) अस्माकम् । अत्र सुपां सुलुगित्यामः स्थाने शे (वृद्धाः) दीर्घविद्यायुक्ताः (असन्) भवेयुः । लेट्प्रयोगः (इह) अस्मिन् सर्वव्यवहारे ॥ १५ ॥

अन्वयः—हे विद्वंस्त्वं यथेहास्मे वृद्धा असन् तथाऽर्किणं त्वेषं पनस्युं मारुतं गणं वन्दस्व ॥ १५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । मनुष्यैर्यथा वायवः कार्याणि साधकत्वेन सुखप्रदा भवेयुस्तथा विद्यापुरुषार्थाभ्यां प्रयतितव्यम् ॥ १५ ॥

अथास्मिन् वायु दृष्टान्तेन विद्वद्गुणवर्णिते नातीतेन सूक्तेन सहास्य संगतिरस्तीति बोध्यम् ॥ इति सप्त दशो वर्गोऽष्टात्रिंशं सूक्तं च समाप्तम् ॥ ३८ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् मनुष्य तू जैसे (इह) इस सब व्यवहार में (अस्मे) हम लोगों के मध्य में (वृद्धाः) बड़ी विद्या और आयु से युक्त वृद्ध पुरुष सत्याचरण करने वाले (असन्) होवें वैसे (अर्किणम्) प्रशंसनीय (त्वेषम्) अग्नि आदि

प्रकाशवान् द्रव्यों से युक्त (पनस्युम्) अपने आत्मा के व्यवहार की इच्छा के हेतु (मारुतम्) वायु के इस (गणम्) समूह को (वन्दस्व) कामना कर ॥ १५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में लुप्तोपमालंकार है। मनुष्यों को चाहिये कि जैसे पवन कार्यों को सिद्ध करने के साधन होने से सुख देने वाले होते हैं वैसे विद्या और अपने पुरुषार्थ से सुख किया करें ॥ १५ ॥

इस सूक्त में वायु के दृष्टान्त से विद्वानों के गुण वर्णन करने से पूर्व सूक्त के साथ इस सूक्त की संगति जाननी चाहिये यह सत्रहवां वर्ग और अड़तीसवां सूक्त समाप्त हुआ ॥ ३८ ॥

अथ दशर्चस्यैकोनचत्वारिंशस्य सूक्तस्य घोरपुत्रः कण्व ऋषिः मरुतो देवताः । १ । ५ । ६ । पथ्याबृहती ७ उपरिष्टाद्विराड् बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः । २ । ८ । १० । विराड् सतः पङ्क्तिः । ४ । ६ । निचृत्सतः पंक्तिश्छन्दः । पंचमः स्वरः । ३ । अनुष्टुप् छन्दः । गांधारः स्वरः । अत्र सायणाचार्य्यादिभिर्विलसनमोक्ष मूलराख्यादिभिश्चैतत्सूक्तस्था मंत्राः सतो बृहती छन्दस्का अयुजो बृहती छन्दस्काश्च छन्दः शास्त्राभिप्रायमविदित्वाऽन्यथा व्याख्याता इति मन्तव्यम् ॥

पुनस्ते विद्वांसः कथं २ संवदन्त इत्युपदिश्यते ॥

अब उनतालिसवें सूक्त का आरंभ है । फिर वे विद्वान् लोगपरस्पर किस २ प्रकार संवाद करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

प्र यदि॒त्था प॑रा॒वतः॑ शो॒चिर्न मान॒मस्य॑थ ।
कस्य॒ क्रत्वा॑ मरुतः॒ कस्य॒ वर्प॑सा॒ कं या॑थ॒ कं ह॑ धूतयः ॥ १ ॥

प्र । यत् । इत्था । पराऽवतः । शोचिः । न । मानम् । अस्यथ । कस्य । क्रत्वा । मरुतः । कस्य । वर्पसा । कम् । याथ । कम् । ह । धूतयः ॥ १ ॥

पदार्थः- (प्र) प्रकृष्टार्थे (यत्) ये (इत्था) अस्माद्धेतोः (परावतः) दूरात् (शोचिः) सूर्यज्योतिः पृथिव्याम् (न) इव (मानम्) यत्परिमाणम् (अस्यथ) प्रक्षिपत (कस्य) सुखस्वरूपस्य परमात्मनः (क्रत्वा) क्रतुना कर्मणा ज्ञानेन वा । अत्र जसादिषु छन्दसि वा वचनमिति नादेशाभावः । (मरुतः) विद्वांसः (कस्य) सुखदातुर्भाग्यशालिनः (वर्पसा) रूपेण । वर्प इति रूपनामसु पठितम् निघं० ३ । ७ (कम्) सुखप्रदं देशम् (याथ) प्राप्नुत (कम्) सुखहेतुं पदार्थम् (ह) खलु (धूतयः) ये धून्वन्ति ते । क्तिच् क्तौ च संज्ञायाम् । ३ । ३ । १७४ इति क्तिच् ॥ १ ॥

अन्वयः— हे मरुतो यूयं यद्ये धूतयो वायव इव शोचिर्न परावतः कस्य मानमस्यथ । इत्था ह कस्य क्रत्वा वर्पसा च कं याथचेति समाधानानि ब्रूत ॥ १ ॥

भावार्थः- अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारौ । सुखमभीप्सुभिर्विद्वद्भिर्जनैर्यथा सूर्यस्य रश्मयो दूरदेशाद्भूमिं प्राप्य पदार्थान् प्रकाशयन्ति तथैव सर्वसुखदातुः परमात्मनो भाग्यशालिनः परमविदुषश्च सकाशाद्विद्यायोगगुणकर्मस्वभावान्याथातथ्यतो विज्ञाय तेष्वेव रमणीयं वायवः कारणमानं कारणस्वरूपेण यान्तीति विजानीत ॥ १ ॥

पदार्थः— हे (मरुतः) विद्वान् लोगो आप (यत्) जो (धूतयः) सब को कंपाने वाले वायु (शोचिर्न) जैसे सूर्य की ज्योति और वायु पृथिवी पर दूर से गिरते हैं इस प्रकार (परावतः) दूर से (कस्य) किस के (मानम्) परिमाण को (अस्यथ) छोड़ देते (इत्था) इसी हेतु से (कस्य) सुख स्वरूप परमात्मा के (क्रत्वा) कर्म वा ज्ञान और (वर्पसा) रूप के साथ (कम्) सुख-दायक देश को (याथ) प्राप्त होते हो इन प्रश्नों के उत्तर दीजिये ॥ १ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार है । सुख की इच्छा करने वाले विद्वान् पुरुषों को चाहिये कि जैसे सूर्य की किरणें दूर देश से भूमि को प्राप्त होकर पदार्थों का प्रकाश करती हैं वैसे ही अभिमान को दूर से त्याग के सब सुख देने वाले परमात्मा और भाग्य शाली परमविद्वान् के गुण कर्म स्वभाव और मार्ग को ठीक २ जान के उन्ही में रमण करें ये वायु कारण से आते कारणस्वरूप से स्थित और कारण में लीन भी हो जाते हैं ॥ १ ॥

अथैतेभ्य उपदिश्याऽऽशीर्दत्वा युष्माभिः किं किंसाधनीय मित्युपदिश्यते ॥

अब ईश्वर इन को उपदेश और आशीर्वाद देकर सब से कहता है कि तुम को क्या २ सिद्ध करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

स्थिरा वः सन्त्वायुधा पराणुदे वीळू उत प्रतिष्कभे । युष्माकमस्तु तविषी पनीयसी मा मर्त्यस्य मायिनः ॥ २ ॥

स्थिरा । वः । सन्तु । आयुधा । पराऽनुदे । वीळू । उत । प्रतिऽस्कभे । युष्माकम् । अस्तु ।

तविषी । पनीयसी । मा । मर्त्यस्य । मायिनः ॥ २ ॥

पदार्थः— (स्थिरा) स्थिराणि चिरंस्थातुमर्हाणि । अत्र सर्वत्र शेश्छन्दसीति लोपः (वः) युष्माकम् (सन्तु) भवन्तु (आयुधा) आयुधान्याग्नेयानि धनुर्बाणभुसुंडीशतघ्न्यादीन्यस्त्र-शस्त्राणि (पराणुदे) परान्नुदन्ति शत्रून्यस्मिन्युद्धे तस्मै । अत्र कृतो बहुलमित्यधिकरणे क्विप् (वीळू) वीडूनि दृढानि बलका-रीणि । अत्र ईषाअक्षादित्वात्प्रकृतिभावः (उत) अप्येव (प्रतिष्कभे) प्रतिष्कंभते प्रतिबध्नाति शत्रून्येन कर्मणा तस्मै । अत्र सौत्रात् स्कम्भुधातोः पूर्ववत् क्विप् (युष्माकम्) धार्मिकाणां वीराणाम् (अस्तु) भवतु (तविषी) प्रशस्तबलविद्यायुक्ता सेना । तवेर्णिद्वा । उ० १ । ४८ अनेन टिषच् प्रत्ययो णिद्वा । तविषीति बलनामसु पठितम् निघं० २ ९ (पनीयसी) अतिशयेन स्तोतु-मर्हा व्यवहारसाधिका (मा) निषेधार्थे (मर्त्यस्य) मनुष्यस्य (मायिनः) कपटाद्यधर्माचरणयुक्तस्य । माया कुत्सिता प्रज्ञा विद्यते यस्य तस्य । अत्र निंदार्थे इनिः । मायेति प्रज्ञानामसु पठितम् निघं० ३ । ९ ॥ २ ॥

अन्वयः— हे धार्मिकमनुष्या व आयुधा शत्रूणां पराणुद उत प्रतिष्कभे स्थिरावीळू सन्तु । युष्माकं तविषी सेना पनीयस्यस्तु मायिनो मर्त्यस्य मा सन्तु ॥ २ ॥

भावार्थः—धार्मिका मनुष्या एवेश्वरानुग्रहविजयौ प्राप्नुवन्ति ईश्वरोपि धर्मात्मभ्य एवाशीर्ददाति नेतरेभ्यः एतैः प्रशस्तानि शस्त्रास्त्राणि रचयित्वा तत्प्रक्षेपाभ्यासं कृत्वा प्रशस्तां सेनां

शिक्षित्वा दुष्टानां शत्रूणां बधनिरोधपराजयान्कृत्वा न्यायेन नित्यं प्रजारक्षणेनेदं मायावी प्राप्तुं कर्त्तुं शक्नोति ॥ २ ॥

पदार्थः— हे धार्मिक मनुष्यो (वः) तुम्हारे (आयुधा) आग्नेय आदि अस्त्र और तलवार धनुष् बाण भुसुंडी बन्दूक शतघ्नी तोप आदि शस्त्र अस्त्र (पराणुदे) शत्रुओं को व्यथा करने वाले युद्ध (उत) और (प्रतिष्कभे) रोकने बांधने और मारने रूप कर्म्मों के लिये (स्थिरा) स्थिर दृढ़ चिरस्थायी (वीळू) दृढ़ बड़े २ उत्तम युक्त (तविषी) प्रशस्त सेना (पनीयसी) अतिशय करके स्तुति करने योग्य वा व्यवहार को सिद्ध करने वाली (अस्तु) हो और पूर्वोक्त पदार्थ (मायिनः) कपट आदि अधर्माचरण युक्त (मर्त्यस्य) दुष्ट मनुष्यों के (मा) कभी मत हों ॥ २ ॥

भावार्थः— धार्मिक मनुष्य ही परमात्मा की कृपा पात्र होकर सदा विजय को प्राप्त होते हैं दुष्ट नहीं। परमात्मा भी धार्मिक मनुष्यों ही को आशीर्वाद देता है पापियों को नहीं । पुण्यात्मा मनुष्यों को उचित है कि उत्तम २ शस्त्र अस्त्र रच कर उनके फेंकने का अभ्यास करके सेना को उत्तम शिक्षा देकर शत्रुओं का निरोध वा पराजय कर के न्याय से मनुष्यों की निरन्तर रक्षा करनी चाहिये ॥ २ ॥

अथ विद्वन्मनुष्यकृत्यमुपदिश्यते ॥

अब अगले मंत्र में विद्वान्मनुष्यों के कार्य का उपदेश किया है ॥

परा॑ ह॒ यत् स्थि॒रं ह॒थ नरो॑ व॒र्त्तय॑था गु॒रु । वि या॑थन व॒निनः॑ पृथि॒व्या व्याशाः॒ पर्व॑तानाम् ॥ ३ ॥

परा॑ । ह॒ । यत् । स्थि॒रम् । ह॒थ । नरः॑ । व॒र्तय॑थ । गु॒रु । वि । या॒थ॒न॒ । व॒निनः॑ । पृ॒थि॒व्याः । वि । आशाः॑ । पर्व॑तानाम् ॥ ३ ॥

पदार्थः- (परा) प्रकृष्टार्थे (ह) किल (यत्) ये (स्थिरम्) दृढं बलम् (हथ) भग्नांगाञ्छत्रून् कुरुथ (नरः) नेतारो मनुष्याः (वर्त्तयथ) निष्पादयथ । अत्रान्येषामपीति दीर्घः (गुरु) गुरुत्वयुक्तं न्यायाचरणं पृथिव्यादिकं द्रव्यं वा (वि) विविधार्थे (याथन) प्राप्नुथ । अत्र तप्तनप्तन० इति थस्य स्थाने थनादेशः (वनिनः) वनं रश्मिसंबन्धो विद्यते येषान्ते वायवः । अत्र सम्बन्धार्थ इनिः (पृथिव्याः) भूगोलस्यान्तरिक्षस्य वा (वि) विशिष्टार्थे (आशाः) दिशः । आशा इति दिङ्नामसु पठितम् निघं० १ । ६ (पर्वतानाम्) गिरीणां मेघानां वा ॥ ३ ॥

अन्वयः- हे नरो नायका यूयं यथा वनिनो वायवो यत्पर्वतानां पृथिव्याश्च व्याशाः सन्तः स्थिरं गुरु हत्वा नयन्ति तथा तत्स्थिरं गुरु बलं संपाद्य शत्रून् पराहथ ह किलैतान् विवर्त्तयथ विजयाय वायुवच्छत्रुसेनाः शत्रुपुराणि वा वियाथ ॥ ३ ॥

भावार्थः- अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यथा वेगयुक्ता वायवो वृक्षादीन् भंजते पृथिव्यादिकं धरन्ति तथा धार्मिका न्यायाधीशा अधर्म्माचरणानि भङ्क्त्वा धर्म्येण न्यायेन प्रजा धरेयुः सेनापतयश्च महत्सैन्यं धृत्वा शत्रून् हत्वा पृथिव्यां चक्रवर्त्तिराज्यं संसेव्य सर्वासु दिक्षु सत्कीर्त्तिं प्रचारयन्तु यथा सर्वेषां प्राणाः प्रियाः सन्ति तथैते विनयशीलास्थां प्रजास्युः ॥ ३ ॥

पदार्थः- हे (नरः) नीति युक्त मनुष्यो तुम जैसे (वनिनः) सम्यक् विभाग और सेवन करने वाले किरण सम्बन्धी वायु अपने बल से (यत्) जिन (पर्वतानाम्) पहाड़ और मेघों (पृथिव्याः) और भूमि को (व्याशाः) चारों दिशाओं में व्यासवत् व्याप्त होकर उस (स्थिरम्) दृढ़ और (गुरु) बड़े २ पदार्थों को धरते और वेग से वृक्षादि को उखाड़ के तोड़ देते हैं वैसे विजय के लिये शत्रुओं की सेनाओं को (पराहथ) अच्छे प्रकार नष्ट करो और (ह) निश्चय

से इन शत्रुओं को (विवर्त्तयथ) तोड़ फोड़ उलट पलट कर अपनी कीर्त्ति से (आशाः) दिशाओं को (वियाथन) अनेक प्रकार व्याप्त करो ॥ ३ ॥

भावार्थः– इस मंत्र में वाचक लुप्तोपमालङ्कार है । जैसे वेग युक्त वायु वृक्षादि को उखाड़ तोड़ झंझोड़ देते और पृथिव्यादि को धरते हैं वैसे धार्मिक न्यायाधीश अधर्माचारी को रोक के धर्म युक्त न्याय से प्रजा का धारण करें और सेनापति दृढ़ बल युक्त हो उत्तम सेना का धारण शत्रुओं को मार पृथिवी पर चक्रवर्त्ति राज्य का सेवन कर सब दिशाओं में अपनी उत्तम कीर्त्ति का प्रचार करें और जैसे प्राण सब से अधिक प्रिय होते हैं वैसे राज पुरुष प्रजा को प्रिय हों ॥ ३ ॥

पुनस्ते कीदृशा भवेयुरित्युपदिश्यते ।

फिर वे विद्वान् किस प्रकार के हों इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

नहि वः शत्रुर्विविदे अधि द्यवि न भूम्यां रिशादसः । युष्माकमस्तु तविषी तना युजा रुद्रासो नू चिदाधृषे ॥ ४ ॥

नहि । वः । शत्रुः । विविदे । अधि । द्यवि । न । भूम्याम् । रिशादसः । युष्माकम् । अस्तु । तविषी । तना । युजा । रुद्रासः । नु । चित् । आऽधृषे ॥ ४ ॥

पदार्थः– (नहि) निषेधार्थे (वः) युष्मान् (शत्रुः) विरोधी (विविदे) (विंदेत्) अत्र लिङर्थे लिट् (अधि) उपरिभावे

(द्यवि) प्रकाशे (न) निषेधार्थे (भूम्याम्) पृथिव्याम् (रिशादसः) रिशान् शत्रून् रोगान् वासमन्तादृस्यन्त्युपक्षयन्ति ये तत्सम्बुद्धौ (युष्माकम्) मनुष्याणाम् (अस्तु) भवतु (तविषी) प्रशस्तबलयुक्ता सेना (तना) विस्तृता (युजा) युनक्ति यया तया । अत्र कृतो बहुलमिति करणे क्विप् (रुद्रासः) ये रोदयन्त्यन्यायकारिणोजनांस्तत्सम्बुद्धौ (नु) क्षिप्रम् (चित्) यदि (आधृषे) समन्तादृ धृष्णुवन्ति यस्मिन् व्यवहारे तस्मै। अत्र पूर्ववत् क्विप् ॥४॥

अन्वयः— हे रिशादसो रुद्रासो वीरा चित् यदि युष्माकमाधृषे तना युजा तविष्यस्तु स्यात्तर्ह्यधि द्यवि न्यायप्रकाशे वो युष्मान् शत्रुर्नुनहि विविदे कदाचिन्न प्राप्नुयान्न भूम्यां भूमिराज्ये कश्चिच्छत्रुरुत्पद्येत ॥ ४ ॥

भावार्थः— यथा पवना अजातशत्रवः सन्ति तथा मनुष्या विद्याधर्मबलपराक्रमवन्तो न्यायाधीशा भूत्वा सर्वान्प्रशास्य दुष्टाञ्छत्रून् निवार्याऽदृष्टशत्रवः स्युः ॥ ४ ॥

पदार्थः— हे (रिशादसः) शत्रुओं के नाश कारक (रुद्रासः) अन्याय कारी मनुष्यों को रुलाने वाले वीर पुरुष (चित्) जो (युष्माकम्) तुम्हारे (आधृषे) प्रगल्भ होने वाले व्यवहार के लिये (तना) विस्तृत (युजा) बलादि सामग्री युक्त (तविषी) सेना (अस्तु) हो तो (अधिद्यवि) न्याय प्रकाश करने में (वः) तुम लोगों को (शत्रुः) विरोधी शत्रु (नु) शीघ्र (नहि) नहीं (विविदे) प्राप्त हो और (भूम्याम्) भूमि के राज्य में भी तुम्हारा कोई मनुष्य विरोधी उत्पन्न न हो ॥ ४ ॥

भावार्थः— जैसे पवन आकाश में शत्रु रहित विचरते हैं वैसे मनुष्य विद्या धर्म बल पराक्रम वाले न्यायाधीश हो सब को शिक्षा दे और दुष्ट शत्रुओं को दण्ड देके शत्रुओं से रहित होकर धर्म में वर्तें ॥ ४ ॥

पुनस्ते कीदृशानि कर्माणि कुर्युरित्युपदिश्यते ।

फिर वे कैसे कर्म्म करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

प्र वेपयन्ति पर्वतान्वि विञ्चन्ति वनस्पतीन् । प्रो आरत मरुतो दुर्मदा इव देवासः सर्वया विशा ॥ ५ ॥

प्र । वेपयन्ति । पर्वतान् । वि । विञ्चन्ति । वनस्पतीन् । प्रोइति । आरत । मरुतः । दुर्मदाःऽइव । देवासः । सर्वया । विशा ॥ ५ ॥

पदार्थः—(प्र) प्रकृष्टार्थे (वेपयन्ति) चालयन्ति (पर्वतान्) मेघान् (वि) विवेकार्थे (विञ्चन्ति) विभंजन्ति (वनस्पतीन्) वटाश्वत्थादीन् (प्रो) प्रवेशार्थे (आरत) प्राप्नुत । अत्र लोडर्थे लङ् (मरुतः) वायुवद्बलवन्तः (दुर्मदाइव) यथा दुष्टमदा जनाः (देवासः) न्यायाधीशाः सेनापतयः सभासदो विद्वांसः । अत्राऽऽज्जसेरसुगित्यसुक् (सर्वया) अखिलया (विशा) प्रजया सह ॥ ५ ॥

अन्वयः— हे मरुतो देवासो यूयं यथा वायवो वनस्पतीन् प्रवेपयन्ति पर्वतान्विञ्चन्ति तथा दुर्मदा इव वर्त्तमानानरीन् युद्धेन प्रो आरत सर्वया प्रजया सह सुखेन वर्त्तध्वम् ॥ ५ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालङ्कारः । यथा राजधर्मनिष्ठा विद्वांसो दण्डेनोन्मत्तान्दस्यून् वशं नीत्वा धार्मिकीः प्रजाः पालयन्ति तथा यूयमप्येताः पालयत यथा वायवो भूगोलस्याऽभितो विचरन्ति तथा भवन्तोपि विचरन्तु ॥ ५ ॥ अष्टादशो वर्गः ॥ १८ ॥

पदार्थः—हे (मरुतः) वायुवत् बलिष्ठ और प्रिय (देवासः) न्यायाधीश सेनापति सभाध्यक्ष विद्वान् लोगो तुम जैसे वायु (वनस्पतीन्) बड़ और पिप्पल आदि वनस्पतियों को (प्रवेपयन्ति) कंपाते और जैसे (पर्वतान्) मेघों को (विविंचति) पृथक् २ कर देते हैं वैसे (दुर्मदा इव) मदोन्मत्तों के समान वर्त्तते हुए शत्रुओं को युद्ध से (प्रोआतर) अच्छे प्रकार प्राप्त हूजिये और (सर्वया) सब (विशा) प्रजा के साथ सुख से वर्त्तिये ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमा लंकार है । जैसे राजधर्म में वर्त्तने वाले विद्वान् लोग दंड से घमंडी डाकुओं को वश में करके धर्मात्मा प्रजाओं का पालन करते हैं वैसे तुम भी अपनी प्रजाका पालन करो और जैसे पवन भूगोल के चारों ओर विचरते हैं वैसे आप लोग भी सर्वत्र जाओ आओ । यह अठारवां वर्ग समाप्त हुआ । १८ ॥

पुनर्मनुष्यैः केन सहैतान्संप्रयोज्य कार्याणि साधनीयानी त्युपदिश्यते ॥

फिर मनुष्यों को किस के साथ इन को युक्त करके कार्यों को सिद्ध करने चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

उपो रथेषु पृषतीरयुग्ध्वं प्रष्टिर्वहति रोहितः । आ वो यामाय पृथिवी चिदश्रोदबीभयन्त मानुषाः ॥ ६ ॥

उपोइति । रथेषु । पृषतीः । अयुग्ध्वम् । प्रष्टिः । वहति । रोहितः । आ । वः । यामाय । पृथिवी । चित् । अश्रोत् । अबीभयन्त । मानुषाः ॥ ६ ॥

पदार्थः—(उपो) सामीप्ये (रथेषु) स्थलजलान्तरिक्षाणां मध्ये रमणसाधनेषु यानेषु (पृषतीः) पर्षन्ति सिंचन्ति याभिस्ताः शीघ्रगतीः मरुतां धारणवेगादयोऽश्वाः। पृषत्यो मरुतामित्यादिष्टोपयोजननामसु पठितम् निघं० १ । १५ । (अयुग्ध्वम्) सम्प्रयुङ्ग्ध्वम्। अत्र लोडर्थे लुङ् बहुलं छन्दसीति विकरणाभावश्च(प्रष्टिः)पृच्छन्ति ज्ञीप्सन्त्यनेन सः (वहति) प्रापयति (रोहितः) रक्तगुणविशिष्टस्याग्नेर्वेगादिगुणसमूहः। रोहितोग्नेरित्यादिष्टोपयोजननामसु पठितम् निघं० १ । ३। (चित्) एव (अश्रोत्) शृणोति। अत्र बहुलं छन्दसीति विकरणाभावः (अबीभयन्त) भीषयन्ते। अत्र लडर्थे लुङ् (मानुषाः) विद्वांसो जनाः ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे मानुषा यूयं वो युष्माकं यामाय प्रष्टीरोहितोग्निः पृथिवी भूमावन्तरिक्षे गमनाय यान् वहति यस्य शब्दान श्रोद बीभयन्ते तेषु रथेषु तं पृषतीश्चायुग्ध्वम् ॥ ६ ॥

भावार्थः—यदि मनुष्या यानेषु जलाग्निवायुप्रयोगान् कृत्वा तत्र स्थित्वा गमनागमने कुर्युस्तर्हि सुखेनैव सर्वत्र गन्तुमागन्तुं च शक्नुयुः । ६ ॥

पदार्थः— हे (मानुषाः) विद्वान् लोगो तुम (वः) अपने (यामाय) स्थानान्तर में जाने के लिये (प्रष्टिः) प्रश्नोत्तरादि विद्या व्यवहार से विदित (रोहितः) रक्त गुण युक्त अग्नि (पृथिवी) स्थल जल अन्तरिक्ष में जिन को (उपवहति) अच्छे प्रकार चलाता है जिन के शब्दों को (अश्रोत्) सुनते और (अबीभयन्त) भय को प्राप्त होते हैं उन (रथेषु) रथों में (पृषतीः) वायुओं को (अयुग्ध्वम्) युक्त करो ॥ ६ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य यानों में जल अग्नि और वायु को युक्त कर उन में बैठ गमनागमन करें तो सुख ही से सर्वत्र जाने आने को समर्थ हों ॥ ६ ॥

पुनस्ते कीदृशा भवेयुरित्युप दिश्यते ॥

फिर वे कैसे हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

आ वो॑ म॒क्षू तन॑ाय॒ कं रुद्रा॒ अवो॑ वृणी॒महे । गन्ता॑ नू॒नं नोऽव॑सा॒ यथा॑ पु॒रेत्था॑ कण्वा॑य बि॒भ्युषे॑ ॥ ७ ॥

आ । व॒ः । म॒क्षु । तना॑य । कम् । रुद्रा॑ः । अव॑ः । वृ॒णी॒म॒हे॒ । गन्त॑ । नू॒नम् । न॒ः । अव॑सा । यथा॑ । पु॒रा । इ॒त्था । कण्वा॑य । बि॒भ्युषे॑ ॥ ७ ॥

पदार्थः- (आ) समन्तात् (वः) युष्माकम् (मक्षु) शीघ्रम्। ऋचितुनुघमक्षु० इतिदीर्घः (तनाय) यः सर्वस्मै सद्विद्याधर्मोपदेशेन सुखानि तनोति तस्मै। अत्र बाहुलकादौणादिकोऽन् प्रत्ययः। इदं सायणाचार्येण पचाद्यच्यिशुद्धं व्याख्यातम्। कुतोऽच् स्वराभावेन ञ्नित्यादिर्नित्यमित्याद्युदात्तस्याभिहितत्वात् (कम्) सुखम्। कमिति सुखनामसु पठितम्। निघं० ३। ६। (रुद्राः) दुष्टरोदनकारकाश्चतुश्चत्वारिंशद्वर्षकृतब्रह्मचर्यविद्याः (अवः) अवन्ति येन तद्रक्षणादिकम् (वृणीमहे) स्वीकुर्महे (गन्त) प्राप्नुत। अत्र द्व्यचोतस्तिङ इति दीर्घः बहुलंछन्दसीति शपो लुक्। तप्तनप्तन० इति तनबादेशः (नूनम्) निश्चितार्थे (नः) (अस्मभ्यम्) (अवसा) रक्षणादिना (यथा) येन प्रकारेण (पुरा) पूर्वं पुराकल्पे

वा (इत्था) अनेन प्रकारेण (कण्वाय) मेधाविने (बिभ्युषे) भयं प्राप्ताय ॥ ७ ॥

अन्वयः— हे रुद्रा यथा वयं वोऽवसा मक्षु नूनं कं वृणीमहे इत्था यूयं नोऽवो गन्त यथा चेश्वरो बिभ्युषे तनाय कण्वाय रक्षां विधत्ते तथा यूयं वयंच मिलित्वाऽखिलप्रजायाः पालनं सततं विदध्याम ॥ ७ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालंकारः यथा मेधाविनो वाय्वादिद्रव्य गुणसंप्रयोगेण भयं निवार्य सद्यः सुखिनो भवन्ति तथाऽस्माभि रप्यनुष्ठेयमिति ॥ ७ ॥

पदार्थः— हे (रुद्राः) दुष्टों को रोदन कराने वाले ४४ वर्ष पर्यन्त अखण्डित ब्रह्मचर्य सेवन से सकल विद्याओं को प्राप्त विद्वान् लोगो (यथा) जैसे हम लोग (वः) आप लोगों के लिये (अवसा) रक्षादि से (मक्षु) शीघ्र (नूनम्) निश्चित (कम्) सुख को (वृणीमहे) सिद्ध करते हैं (इत्था) ऐसे तुम भी (नः) हमारे वास्ते (अवः) सुख वर्द्धक रक्षादि कर्म (गन्त) किया करो और जैसे ईश्वर (बिभ्युषे) दुष्टप्राणी वा दुःखों से भय भीत (तनाय) सब को सद्विद्या और धर्म के उपदेश से सुखकारक (कण्वाय) आप्त विद्वान् के अर्थ रक्षा करता है वैसे तुम और हम मिलके सब प्रजा की रक्षा सदा किया करें ॥ ७ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार । जैसे मेधावी विद्वान् लोग वायु आदि के द्रव्य और गुणों के योग से भय को निवारण करके तुरन्त सुखी होते हैं। वैसे हमलोगों को भी होना चाहिये ॥ ७ ॥

पुनःयुष्माभिस्तेभ्यः किं साधनीयमित्युपदिश्यते ।

फिर तुम को उन से क्या सिद्ध करना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

युष्मेषितो मरुतो मर्त्येषित आ यो नो अभ्व ईषते । वि तं युयोत शवसा व्योज-

सा वि युष्माकाभिरूतिभिः ॥ ८ ॥

युष्माऽइषितः । मरुतः । मर्त्यऽइषितः । आ । यः । नः । अभ्वः । ईषते । वि । तम् । युयोत । शवसा । वि । ओजसा । वि । युष्माकाभिः ॥ ८ ॥

पदार्थः–(युष्मेषितः) यो युष्माभिर्जेतुमिषितः सः । अत्र छान्दसो वर्णलोपो वेति दकारलोपः । इमं सुगमपक्षं विहाय सायणाचार्येण प्रत्ययलक्षणादिकोलाहलः कृतः (मरुतः) ऋत्विजः । मरुत इति ऋत्विङ् नामसु पठितम् । निघं० ३ । १८ (मर्त्येषितः) मर्त्यैः सेनास्थैरितरैश्चेषितो विजयः (आ) समन्तात् यः शत्रुः (नः) अस्मान् (अभ्वः) यो विरोधी मित्रो न भवति सः (ईषते) हिनस्ति (वि) विगतार्थे (तम्) शत्रुम् (युयोत) पृथक् कुरुत । अत्र बहुलं छन्दसीति शपः श्लुः । तप्तनप्तन० इति तनबादेशः (शवसा) बलयुक्तसैन्येन (वि) विविधार्थे (ओजसा) पराक्रमेण (वि) विशिष्टार्थे (युष्माकाभिः) युष्माभिरनुकंपिताभिः सेनाभिः (ऊतिभिः) रक्षाप्रीतितृप्त्यवगमप्रवेशयुक्ताभिः । ८ ।

अन्वयः–हे मरुतो यूयं योऽभ्वो युष्मेषितो मर्त्येषितः शत्रुर्नोऽस्मानीषते तं शवसा व्योजसा युष्माकाभिरूतिभिर्वियुयोत ॥८॥

भावार्थः–मनुष्यैर्ये स्वार्थिनः परोपकारविरहाः परपीडारता अरयः सन्ति तान् विद्याशिक्षाभ्यां दुष्कर्मभ्यो निवर्त्याऽथवा परमे सेनाबले संपाद्य युद्धेन विजित्य निवार्य सर्वहितं सुखं विस्तारणीयम् ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे (मरुतः) विद्वानों तुम (यः) जो (अभ्वः) विरोधी मित्र भाव रहित (युष्मेषितः) तुम लोगों को जीतने और (मर्त्येषितः) मनुष्यों से विजय की इच्छा करने वाला शत्रु (नः) हमलोगों को (ईषते) मारता है उस को (शवसा) बलयुक्त सेना वा (व्योजसा) अनेक प्रकार के पराक्रम और (युष्माकाभिः) तुम्हारी कृपापात्र (ऊतिभिः) रक्षा प्रीति तृप्ति ज्ञान आदिकों से युक्त सेनाओं से (वियुयोत) विशेषता से दूर कर दीजिये । ८ ।

भावार्थः—मनुष्यों को उचित है कि जो स्वार्थी परोपकार से रहित दूसरे को पीडा देने में अत्यन्त प्रसन्न शत्रु हैं उन को विद्या वा शिक्षा के द्वारा खोटे कर्मों से निवृत्त कर वा उत्तम सेना बल को संपादन युद्ध से जीत निवारण करके सब के हित का विस्तार करना चाहिये । ८ ।

पुनस्तच्छोधिताः प्रेरिताः किं किं साध्नुवन्तीत्युपदिश्यते ।

फिर उन से शोधे वा प्रेरे हुए वे क्या २ करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

असा॑मि॒ हि प्र॑यज्यवः॒ कण्वं॑ द॒द प्र॑चेत॒सः । असा॑मिभिर्मरुत॒ आ न॑ ऊ॒तिभि॒र्गन्ता॑ वृ॒ष्टिं न वि॒द्युतः॑ ॥ ९ ॥

असा॑मि । हि । प्र॒ऽय॒ज्य॒वः॒ । कण्व॑म् । द॒द । प्र॒ऽचे॒त॒सः॒ । असा॑मिऽभिः । म॒रु॒तः॒ । आ । नः॒ । ऊ॒तिऽभिः॑ । गन्त॑ । वृ॒ष्टिम् । न । वि॒द्युतः॑ ॥ ९ ॥

पदार्थः-(असामि) सम्पूर्णम् । सामीति खण्डवाची । नसामि असामि (हि) खलु (प्रयज्यवः) प्रकृष्टो यज्युः परोपकाराख्यो यज्ञो येषां राजपुरुषाणां तत्सम्बुद्धौ (कण्वम्) मेधाविनं विद्यार्थिनम् (दद) दत्त अत्र लोडर्थे लिट् (प्रचेतसः) प्रकृष्टं चेतो ज्ञानं येषां ते (असामिभिः) क्षयरहिताभिः रीतिभिः । अत्र षैञ्क्षय इत्यस्माद्धातोर्बाहुलकादौणादिको मिः प्रत्ययः । (मरुतः) पूर्णबला ऋत्विजः (आ) समन्तात् (नः) अस्मभ्यम् (ऊतिभिः) रक्षादिभिः (गन्त) गच्छत । अत्र दीर्घः (वृष्टिम्) वर्षाः (न) इव (विद्युतः) स्तनयित्नवः ॥ ९ ॥

अन्वयः- हे प्रयज्यवः प्रचेतसो मरुतो यूयं सामिभिरूतिभिर्विद्युतो वृष्टिं नासामि सुखं सर्वस्मै दद हि किल शत्रुविजयाय कण्वमागन्त ॥ ९ ॥

भावार्थः— अत्रोपमालंकारः । यथा मरुतः सूर्यविद्युतश्च वृष्टिं कृत्वा सर्वेषां प्राणिनां सुखाय विविधानि फलपत्रपुष्पादीन्युत्पादयन्ति । तथैव विद्वांसः सर्वेभ्यो मनुष्येभ्यो वेदविद्यां दत्त्वा सुखानि संपादयंत्विति ॥ ९ ॥

पदार्थः— हे (प्रयज्यवः) अच्छे प्रकार परोपकार करने (प्रचेतसः) उत्तम ज्ञानयुक्त (मरुतः) विद्वान् लोगो तुम (असामिभिः) नाश रहित (ऊतिभिः) रक्षा सेना आदि से (न) जैसे (विद्युतः) सूर्य विजुली आदि (वृष्टिम्) वर्षा कर सुखी करते हैं वैसे (नः) हम लोगों को (असामि) अखंडित सुख (दद) दीजिये (हि) निश्चय से दुष्ट शत्रुओं को जीतने के वास्ते (कण्वम्) और आप्त विद्वान् के समीप नित्य (आगन्त) अच्छे प्रकार जाया कीजिये ॥ ९ ॥

भावार्थः- इस मंत्र में उपमालंकार है । जैसे पवन सूर्य विजुली आदि वर्षा करके सब प्राणियों के सुख के लिये अनेक प्रकार के फल पत्र पुष्प अन्न आदि को उत्पन्न करते हैं वैसे विद्वान् लोग भी सब प्राणी मात्र को वेद विद्या देकर उत्तम २ सुखों को निरन्तर संपादन करें ॥ ९ ॥

पुनस्ते किं कुर्युरित्युपदिश्यते ॥

फिर वे क्या करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

असा॒म्योजो॑ बिभृथा सुदान॒वोऽसा॑मि धूत॒यः शवः॑ । ऋ॒षि॒द्विषे॑ मरुतः परिम॒न्यव॒ इषुं॒ न सृ॑जत॒ द्विष॑म् ॥ १० ॥

असा॑मि । ओजः॑ । बि॒भृ॒थ॒ । सु॒ऽदा॒न॒वः॒ । असा॑मि । धू॒त॒यः॒ । शवः॑ । ऋ॒षि॒ऽद्विषे॑ । म॒रु॒तः॒ । प॒रि॒ऽम॒न्यवे॑ । इषु॑म् । न । सृ॒ज॒त॒ । द्विष॑म् ॥ १० ॥

पदार्थः-(असामि) अखिलम् (ओजः) विद्यापराक्रमम् (बिभृथ) धरत तेन पुष्यत वा। अत्रान्येषामपीति दीर्घः (सुदानवः) शोभनं दानुर्दानंयेषां तत्संबुद्धौ (असामि) पूर्णम् (धूतयः) ये धून्वन्ति ते (शवः) बलम् (ऋषिद्विषे) वेदवेदविदीश्वरविरोधिने दुष्टाय मनुष्याय (मरुतः) ऋत्विजः (परिमन्यवः) परितः सर्वतो मन्युः क्रोधो येषां वीराणां ते (इषुम्) बाणादिशस्त्रसमूहम् (न) इव (सृजत) प्रक्षिपत (द्विषम्) शत्रुम् ॥ १० ॥

अन्वयः हे धूतयः सुदानवो मरुत ऋत्विजो यूयं परिमन्यवो द्विषं शत्रुं प्रतीषुं शस्त्रसमूहं प्रक्षिपन्ति नर्षिद्विषेऽसाम्योजोऽसामि शवो बिभृथ ब्रह्मद्विषं शत्रुं प्रति शस्त्राणि सृजत प्रक्षिपत ॥ १० ॥

775 – 790 तक पेज गायब

भावार्थ:— अत्रोपमालंकार: । यथा धार्मिका जातक्रोधा: शूरवीरा: शस्त्रप्रहारै: शत्रून् विजित्य निष्कंटकराज्यं प्राप्य प्रजा: सुखयन्ति । तथैव सर्वे मनुष्या वेदविद्याविद्वदीश्वरद्विष्टून् प्रत्यखिलाभ्यां बलपराक्रमाभ्यां शस्त्राऽस्त्राणि प्रक्षिप्यैतान्विजित्य वेदविद्येश्वरप्रकाशयुक्तं राज्यं निष्पादयन्तु ॥ १० ॥

अत्र वायुविद्वद्गुणवर्णनात्पूर्वसूक्तार्थेन सहास्य संगतिरस्तीति बोध्यम् । इत्येकोनचत्वारिंशं सूक्तं मेकोनविंशो वर्गश्च समाप्त: ॥

पदार्थ:— हे (धूतय:) दुष्टों को कंपाने (सुदानव:) उत्तम दान स्वभाव वाले (मरुत:) विद्वान् लोगो तुम (न) जैसे (परिमन्यव:) सब प्रकार क्रोध युक्त सूरवीर मनुष्य (द्विषम्) शत्रु के प्रति (इषुम्) बाण आदि शस्त्र समूहों को छोड़ते हैं वैसे (ऋषिद्विषे) वेद वेदों को जानने वाले और ईश्वर के विरोधी दुष्ट मनुष्यों के लिये (असामि) अखिल (ओज:) विद्या पराक्रम (असामि) संपूर्ण (शव:) बल को (बिभृथ) धारण करो और उस शत्रु के प्रति शस्त्र वा अस्त्रों को (सृजत) छोड़ो ॥ १० ॥

भावार्थ:— इस मंत्र में उपमालङ्कार है । जैसे धार्मिक शूरवीर मनुष्य क्रोध को उत्पन्न शस्त्रो के प्रहारोंसे शत्रुओं को जीत निष्कंटक राज्य को प्राप्त होकर प्रजा को सुखी करते हैं वैसे ही सब मनुष्य वेद विद्वान् वा ईश्वर के विरोधियों के प्रति सम्पूर्ण बल पराक्रमों से शस्त्र अस्त्रों को छोड़ उन को जीत कर ईश्वर वेद विद्या और विद्वान् युक्त राज्य को संपादन करें ॥ १० ॥

इस सूक्त में वायु और विद्वानों के गुण वर्णन करने से पूर्व सूक्तार्थ के साथ इस सूक्त के अर्थ की संगति जाननी चाहिये । यह उनतालीसवां सूक्त और उन्नीसवां वर्ग समाप्त हुआ ॥ ३९ ॥ १९ ॥

अथाष्टर्चस्य चत्वारिंशस्य घोरपुत्र: कण्व ऋषि: । बृहस्पतिर्देवता १ । १२ निचृदुपरिष्टाद्बृहती ५ पथ्या बृहतीछन्द: । मध्यम: । ३ । ७ । आर्चीत्रिष्टुप्छन्द: धैवत: स्वर: । ४ । ६ शत: पङ्क्तिर्निचृत्पङ्क्तिश्छन्द: पञ्चम: स्वर: ॥

पदार्थः— ये वरुण आदि धार्मिक विद्वान् लोग (बाहुतेव) जैसे शूर-वीर बाहुबलों से चोर आदि को निवारण कर दुःखों को दूर करते हैं वैसे (यम्) जिस (मर्त्यम्) मनुष्य को (पिप्रति) सुखों से पूर्ण करते और (रिषः) हिंसा करने वाले शत्रु से (पांति) बचाते हैं (सः) वे (सर्वः) समस्त मनुष्य मात्र (अरिष्टः) सब विघ्नों से रहित होकर वेद विद्या आदि उत्तम गुणों से नित्य (एधते) वृद्धि को प्राप्त होते हैं ॥ २ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में उपमालंकार है । जैसे सभा और सेनाध्यक्ष के सहित राज पुरुष बाहुबल वा उपाय के द्वारा शत्रु डांकू चोर आदि और दरिद्र पन को निवारण कर मनुष्यों को अच्छे प्रकार रक्षा पूर्ण सुखों को संपादन सब विघ्नों को दूर पुरुषार्थ में संयुक्त कर ब्रह्मचर्य सेवन वा विषयों की लिप्सा छोड़ने से शरीर की वृद्धि और विद्या वा उत्तम शिक्षा से आत्मा की उन्नति करते हैं वैसे ही प्रजा जन भी किया करें ॥ २ ॥

पुनस्ते राजजनाश्च परस्परं किं कुर्युरित्युपदिश्यते ॥

फिर वे राजप्रजा पुरुष क्या करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

वि दुर्गा वि द्विषः पुरो घ्नन्ति राजान एषाम् । नयन्ति दुरिता तिरः ॥ ३ ॥

वि । दुःऽगा । वि । द्विषः । पुरः । घ्नंति । राजानः । एषाम् । नयन्ति । दुःऽइता । तिरः ॥ ३ ॥

पदार्थः— (वि) विविधार्थे (दुर्गा) येषु दुःखेन गच्छन्ति तानि । अत्र सुदुरोरधिकरणे० अ० ३ । २ । १४८ । इति दुरुपपदा-द्गमेर्डः प्रत्ययः । शेश्छन्दसीति लोपः (वि) विशेषार्थे (द्विषः)

येद्विषन्त्यप्रीणयन्ति ताञ्छत्रून् (पुरः) पुराणि (घ्नन्ति) नाशयन्ति (राजानः) ये राजन्ते सत्कर्मगुणैः प्रकाशन्ते ते (एषाम्) शत्रूणाम् (नयन्ति) गमयन्ति (दुरिता) दुरिता दुःसहानि दुःखानि । अत्रापिशिलोपः (तिरः) अदर्शने ॥ ३ ॥

अन्वयः ये राजान एषां शत्रूणां दुर्गा घ्नन्ति द्विषः शत्रूँस्तिरो नयन्ति ते साम्राज्यं प्राप्तुं शक्नुवन्ति ॥ ३ ॥

भावार्थः—येऽन्यायकारिणो धार्मिकान् पीडयित्वा दुर्गस्था भवंति पुनरागत्य दुःखयंति तेषां विनाशाय श्रेष्ठानां पालनाय धार्मिका विद्वांसो राजपुरुषास्तेषां दुर्गाणि विनाश्य तान् छित्वा भित्वा हिंसित्वा मरणं वा वशत्वं प्रापय्य धर्मेण राज्यं पालयेयुः ॥ ३ ॥

पदार्थः— जो (राजनः) उत्तम कर्म वा गुणों से प्रकाशमान राजा लोग (एषाम्) इन शत्रुओं के (दुर्गा) दुःख से जाने योग्य प्रकोटों और (पुरः) नगरों को (घ्नन्ति) छिन्न भिन्न करते और (द्विषः) शत्रुओं को (तिरोनयन्ति) नष्ट कर देते हैं वे चक्रवर्त्ति राज्य को प्राप्त होने को समर्थ होते हैं ॥ ३ ॥

भावार्थः— जो अन्याय करने वाले मनुष्य धार्मिक मनुष्यों को पीड़ा देकर दुर्ग में रहते और फिरआकर दुःखी करते हों उनको नष्ट और श्रेष्ठों के पालन करने के लिये विद्वान् धार्मिक राजा लोगों को चाहिये कि उनके प्रकोट और नगरों का विनाश और शत्रुओं को छिन्न भिन्न मार और वशीभूत करके धर्म से राज्य का पालन करें ॥ ३ ॥

पुनस्ते किं साधयेयुरित्युपदिश्यते ॥

फिर वे क्या सिद्ध करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है॥

सुगः पन्था अनृक्षर आदित्यास ऋतंयते । नात्रावखादो अस्ति वः ॥ ४ ॥

सुऽगः । पन्थाः । अनृक्षरः । आदित्यासः । ऋतम् । यते । न । अत्र । अवऽखादः । अस्ति । वः ॥ ४ ॥

पदार्थः– (सुगः) सुखेन गच्छन्ति यस्मिन् सः (पंथाः) जलस्थलान्तरिक्षगमनार्थः शिक्षाविद्याधर्मन्यायप्राप्त्यर्थश्च मार्गः (अनृक्षरः) कंटकगर्त्तादिदोषरहितः सेतुमार्जनादिभिः सह वर्त्तमानः सरलः । चोरदस्युकुशिक्षाऽविद्याऽधर्माऽऽचरणरहितः (आदित्यासः) सुसेवितेनाष्टचत्वारिंशद्वर्षब्रह्मचर्येण शरीरात्मबलसाहित्येनाऽऽदित्यवत्प्रकाशिता अविनाशिधर्मविज्ञाना विद्वांसः । आदित्याइति पदना० । निघं०५ । ई अनेन ज्ञानवत्त्वं सुखप्रापकत्वं च गृह्यते (ऋतम्) ब्रह्म सत्यं यज्ञं वा (यते) प्रयतमानाय (न) निषेधार्थे (अत्र) विद्वत्प्रचारिते रक्षिते व्यवहारे (अवखादः) विखादो भयम् (अस्ति) भवति (वः) युष्माकम् ॥ ४ ॥

अन्वयः–यत्रादित्यासो रक्षका भवन्ति यत्र चैतैरनृक्षरः सुगः पन्थाः सम्पादितस्तदर्थमृतं यते च वोऽत्रावखादो नास्ति ॥ ४ ॥

भावार्थः–मनुष्यैर्भूमिसमुद्रान्तरिक्षेषु रथनौकाविमानानां गमनाय सरला दृढाः कंटकचोरदस्युभयादिदोषरहिताः पंथानो निष्पाद्या यत्र खलु कस्याऽपि किंचिद्दुःखभये न स्याताम् । एतत्सर्वं संसाध्याखण्डचक्रवर्त्तिराज्यं भोग्यं भोजयितव्यमिति ॥ ४ ॥

पदार्थः–जहां (आदित्यासः) अच्छे प्रकार सेवन से अड़तालीस वर्ष युक्त ब्रह्मचर्य से शरीर आत्मा के बल सहित होने से सूर्य्य के समान प्रकाशित हुए अविनाशी धर्म्म को जानने वाले विद्वान् लोग रक्षा करने वाले हों वा जहां इन्हीं से जिस (अनृक्षरः) कण्टक गढ़ा चोर डाकू अविद्या अधर्माचरण से रहित सरल (सुगः) सुख से जानने योग्य (पन्थाः) जल स्थल अन्तरिक्ष में जाने के

लिये वा विद्या धर्म न्याय प्राप्ति के मार्ग का सम्पादन किया हो उस और (ऋतम्) ब्रह्मसत्य वा यज्ञ को (यते) प्राप्त होने के लिये तुम लोगों को (अत्र) इस मार्ग में (अवखादः) भय (नास्ति) कभी नहीं होता ॥ ४ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को भूमि समुद्र अन्तरिक्ष में रथ नौका विमानों के लिये सरल दृढ़ कण्टक चोर डाकू भय आदि दोष रहित मार्गों को संपादन करना चाहिये जहां किसी को कुछ भी दुःख वा भय न होवे इन सब को सिद्ध करके अखण्ड चक्रवर्त्ती राज्य को भोग करना वा कराना चाहिये ॥ ४ ॥

पुनरेते कं संरक्ष्य किं प्राप्नुयुरित्युपदिश्यते ॥

फिर ये किस की रक्षा कर किस को प्राप्त होते हैं इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

यं यज्ञं नयथा नर आदित्या ऋजुना पथा ।
प्र वः स धीतये नशत् ॥ ५ ॥

यम् । यज्ञम् । नयथ । नरः । आदित्याः । ऋजुना । पथा । प्र । वः । सः । धीतये । नशत् ॥ ५ ॥

पदार्थः– (यम्) वक्ष्यमाणम् (यज्ञम्) शत्रुनाशकं श्रेष्ठपालनाख्यं राजव्यवहारम् (नयथ) प्राप्नुथ । अत्रान्येषामपीति दीर्घः (नरः) नयन्ति सत्यं व्यवहारं प्राप्नुवन्त्यसत्यं च दूरीकुर्वंति तत्सम्बुद्धौ (आदित्याः) पूर्वोक्ता वरुणादयो विद्वांसः (ऋजुना) सरलेन शुद्धेन (पथा) न्यायमार्गेण (प्र) प्रकृष्टार्थे (वः) युष्माकम् (सः) यज्ञः(धीतये) धीयन्ते प्राप्यन्ते सुखान्यनया क्रियया सा (नशत्) नाशं प्राप्नुयात् । अत्र व्यत्ययेन शप् लेट्प्रयोगश्च ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे आदित्या नरो यूयं धीतये यं यज्ञमृजुना पथा नयथ स वः प्रणशत् यूयमपि नयथ। एवं कृते सति स यज्ञो वो युष्माकं धीतये न प्रणशत्। नाशं न प्राप्नुयात् ॥ ५ ॥

भावार्थः— अत्र पूर्वस्मान्मंत्रान्नेत्यनुवर्त्तते यत्र विद्वांसः सभासेनाध्यक्षाः सभास्थाः सभ्याः भृत्याश्च भूत्वा विनयं कुर्वन्ति तत्र न किंचिदपि सुखं नश्यतीति ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे (आदित्याः) सकलविद्याओं से सूर्य्यवत् प्रकाशमान (नरः) न्याययुक्त राजसभासदो आप लोग (धीतये) सुखों को प्राप्त कराने वाली क्रिया के लिये (यम्) जिस (यज्ञम्) राजधर्मयुक्त व्यवहार को (ऋजुना) शुद्ध सरल (पथा) मार्ग से (नयथ) प्राप्त होते हो (सः) सो (वः) तुमलोगों को (प्रणशत्) नष्ट करने हारा नहीं होता ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में पूर्व मंत्र से (न) इस पद की अनुवृत्ति है जहां विद्वान् लोग सभा सेनाध्यक्ष सभा में रहने वाले भृत्य हो कर विनय पूर्वक न्याय करते हैं वहां सुख का नाश कभी नहीं होता ॥ ५ ॥

पुनः स संरक्षितः सन् मनुष्यः किं प्राप्नोतीत्युपदिश्यते ।

फिर वह रक्षा को प्राप्त होकर किस को प्राप्त होता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

स रत्नं मर्त्यो वसु विश्वं तोकमुत त्मना।
अच्छा गच्छत्यस्तृतः ॥ ६ ॥

सः। रत्नम्। मर्त्यः। वसु। विश्वम्। तोकम्। उत। त्मना। अच्छ। गच्छति। अस्तृतः ॥ ६ ॥

पदार्थः—(सः) वक्ष्यमाणः (रत्नम्) रमन्ते जनानां मनांसि यस्मिँस्तत् (मर्त्यः) मनुष्यः (वसु) उत्तमं द्रव्यम् (विश्वम्) सर्वम् (तोकम्) उत्तमगुणवदपत्यम् । तोकमित्यपत्यना० निघं०।२।२। (उत) अपि (त्मना) आत्मना मनसा प्राणेन वा । अत्र मंत्रेष्व-ङ्यादेरात्मनः । अ० ६ । ४ । १४१ अनेनास्याकारलोपः (अच्छ) सम्यक् प्रकारेण। अत्र निपातस्य चेति दीर्घः (गच्छति) प्राप्नोति (अस्तृतः) अहिंसितस्सन् ॥ ६ ॥

अन्वयः—योऽस्तृतोऽहिंसितो मर्त्यो मनुष्योऽस्ति स त्मनाऽऽ-त्मना विश्वं रत्नं स्वपि तोकमच्छ गच्छति ॥ ६ ॥

भावार्थः—विद्वद्भिर्मनुष्यैः सम्यग्रक्षिता मनुष्यादयः प्राणि नः सर्वानुत्तमान् पदार्थान् संतानांश्च प्राप्नुवन्ति नैतेन विना कस्यचिद्वृद्धिर्भवतीति ॥ ६ ॥

पदार्थः—जो (अस्तृतः) हिंसा रहित (मर्त्यः) मनुष्य है (सः) वह (त्मना) आत्मा मन वा प्राण से (विश्वम्) सब (रत्नम्) मनुष्यों के मनों के रमण कराने वाले (वसु) उत्तम से उत्तम द्रव्य (उत) और (तोकम्) सब उत्तम गुणों से युक्त पुत्रों को (अच्छ गच्छति) अच्छे प्रकार प्राप्त होता है ॥ ६ ॥

भावार्थः—विद्वान् मनुष्यों से अच्छे प्रकार रक्षा किये हुए मनुष्य आदि प्राणी सब उत्तम से उत्तम पदार्थ और संतानों को प्राप्त होते हैं रक्षा के विना किसी पुरुष वा प्राणी की बढ़ती नहीं होती ॥ ६ ॥

सर्वैः किं कृत्वैतत्सुखं प्रापयितव्यमित्युपदिश्यते ।

सब को क्या करके इस सुख को प्राप्त कराना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

कथा राधाम सखायः स्तोमं मित्रस्यार्यम्णः । महि प्सरो वरुणस्य ॥ ७ ॥

कथा । राधाम । सखायः । स्तोमम् । मित्रस्य । अर्य्यम्णः । महि । प्सरः । वरुणस्य ॥ ७॥

पदार्थः-(कथा) केन हेतुना (राधाम) साध्नुयाम । अत्र विकरणव्यत्ययः (सखायः) मित्राः संतः (स्तोमम्) गुणस्तुतिसमूहम् (मित्रस्य) सर्वसुहृदः (अर्य्यम्णः) न्यायाधीशस्य (महि) महासुखप्रदम् (प्सरः) यं प्साति भुंजते स भोगः (वरुणस्य) सर्वोत्कृष्टस्य ॥ ७ ॥

अन्वयः-वयं सखायः सन्तो मित्रस्यार्य्यम्णो वरुणस्य च महि स्तोमं कथा राधामास्माकं कथं प्सरः सुखभोगः स्यात् ॥७ ॥

भावार्थः-यदा केचित्कंचित्पृच्छेयुर्वयं केन प्रकारेण मैत्रीन्यायोत्तमविद्याः प्राप्नुयामेति स तान् प्रत्येवं ब्रूयात्परस्परं विद्यादानपरोपकाराभ्यामेवैतत्सर्वं प्राप्तुं शक्यं नैतेन विना कश्चित्किंचिदपि सुखं साद्धुं शक्नोतीति ॥ ७ ॥

पदार्थः-हम लोग (सखायः) सब के मित्र होकर (मित्रस्य) सब के सखा (अर्य्यम्णः) न्यायाधीश (वरुणस्य) और सब से उत्तम अध्यक्ष के (महि) बड़े (स्तोमम्) गुण स्तुति के समूह को (कथा) किस प्रकार से (राधाम) सिद्ध करें और किस प्रकार हमको (प्सरः) सुखों का भोग सिद्ध होवे ॥ ७ ॥

भावार्थः- जब कोई मनुष्य किसी को पूछे कि हम लोग किस प्रकार से मित्र पन न्याय और उत्तम विद्याओं को प्राप्त होवें वह उन को ऐसा कहे कि परस्पर मित्रता विद्या दान और परोपकार ही से यह सब प्राप्त हो सकता है इस के विना कोई भी मनुष्य किसी सुख को सिद्ध करने को समर्थ नहीं हो सकता ॥ ७ ॥

सभाध्यक्षादयः प्रजास्थैः सह किं किं प्रतिजानीरन्नित्युपदिश्यते ।

सभाध्यक्ष आदि लोग प्रजा जनों के साथ क्या प्रतिज्ञा करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

मा वो घ्नंतं मा शपंन्तं प्रति वोचे देवयन्तंम् । सुम्नैरिद्व आ विवासे ॥ ८ ॥

मा । वः । घ्नन्तम् । मा । शपन्तम् । प्रति । वोचे । देवऽयन्तम् । सुम्नैः । इत् । वः । आ । विवासे ॥ ८ ॥

पदार्थः-(मा) निषेधार्थे (वः) युष्मान् (घ्नन्तम्) हिंसन्तम् (मा) (शपन्तम्) आक्रोशन्तम् (प्रति) प्रतीतार्थे (वोचे) वदेयम् । अत्र स्थानिवत्वादात्मनेपदमडभावश्च (देवयन्तम्) देवान् दिव्यगुणान् कामयमानम् (सुम्नैः) सुखैः सुम्नमिति सुखना० । निघं० ३ । ६ (इत्) एव (वः) युष्मान् (आ) समंतात् (विवासे) परिचरामि ॥ ८ ॥

अन्वयः-अहं वो युष्मान्मन्मित्रान् घ्नन्तं मा प्रतिवोचे वो युष्माञ्छपंतं मा प्रतिवोचे प्रियं न वदेयम् । किन्तु युष्मान्सुम्नैः सह देवयन्तमिदेवाविवासे ॥ ८ ॥

भावार्थः-मनुष्यैः स्वमित्रशत्रौ तन्मित्रेऽपि प्रीतिः कदाचिन्नैव कार्य्या मित्ररक्षा सदैव विधेया । विदुषां मित्राणां प्रियधनभोजनवस्त्रयानादिभिर्नित्यं परिचर्य्या कार्य्या नोअमित्रःसुखमेधते तस्माद्विद्वांसो धार्मिकान् मित्रान्संपादयेयुः ॥ ८ ॥

पदार्थः-मैं (वः) मित्र रूप तुम को (घ्नन्तम्) मारते हुए जन से (माप्रतिवोचे) संभाषण भी न करूं (वः) तुम को (शपंतम्) कोसते हुए मनुष्य

से प्रिय (मा०) न बोलूं किन्तु (सुम्नैः) सुखों से सहित तुम को सुख देने हारे (दूतं) ही (देवयन्तम्) दिव्यगुणों की कामना करने हारे को (आविवासे) अच्छे प्रकार सेवा सदा किया करूं ॥ ८ ॥

भावार्थः—मनुष्य को योग्य है कि न अपने शत्रु और न मित्र के शत्रु में प्रीति करे मित्र की रक्षा और विद्वानों को प्रियवाक्य भोजन वस्त्र यान आदि से सेवा सदा करनी चाहिये क्यों कि मित्र रहित पुरुष सुख की वृद्धि नहीं कर सकता इस से विद्वान् लोग बहुत से धर्मात्माओं को मित्र करें ॥ ८ ॥

उक्तवक्ष्यमाणेभ्यश्चतुर्भ्यो दुष्टेभ्यो भयं कृत्वा कदाचिन्न विश्वसेदित्युपदिश्यते ।

जो कहे और जिन को आगे कहते हैं उन चार दुष्टों से नित्यभय करके उनका विश्वास कभी न करे इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

चतुरश्चिद्दद॑मानाद्बिभीयादा निधातोः । न दुरुक्ताय स्पृहयेत् ॥ ९ ॥

चतुरः । चित् । दद॑मानात् । बिभीयात् । आ । निऽधातोः । न । दुःऽउक्ताय । स्पृहयेत् ॥ ९ ॥

पदार्थः—(चतुरः) घ्नन्तं शपन्तं द्वावुक्तौ । द्वौ वक्ष्यमाणौ (चित्) अपि (ददमानात्) दुःखार्थं विषादिकं प्रयच्छतः (बिभीयात्) भयं कुर्यात् (आ) आभिमुख्ये (निधातोः) अन्यायेन परपदार्थानां स्वीकर्तुः (न) निषेधार्थे (दुरुक्ताय) दुष्टमुक्तं येन तस्मै (स्पृहयेत्) ईप्सेदाप्तुमिच्छेत् ॥ ९ ॥

८०१ से ८२८ तक पेज गायब

अन्वयः—मनुष्यो मतः शपतो ददामानान्निधातोरेताञ्चतुरः प्रति न विश्वसेच्चिद्बिभीयात्तथा दुरुक्ताय न स्पृहयेदेतान्यं च मित्रान्कर्त्तुं नेच्छेत् ॥ ९ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्दुष्टकर्म्मकारिणां दुष्टवचसां सङ्गविश्वासौ कदाचिन्नैवकार्यौ मित्रद्रोहापमानविश्वासघातश्च कदाचिन्नैव कर्त्तव्या इति ॥ ९ ॥

अस्मिन्सूक्ते प्रजारक्षणं शत्रुविजयमार्गशोधनं यानरचनचालने द्रव्योन्नतिकरणं श्रेष्ठैः सह मित्रत्वभावनं दुष्टेष्वविश्वासकरणमधर्म्माचरणान्नित्यं भयमित्युक्तमतः पूर्वसूक्तार्थेन सहैतदर्थस्य संगतिरस्तीति बोध्यम्। इति प्रथमस्य तृतीये त्रयोविंशो वर्गः । २३ । प्रथममंडल एकचत्वारिंशं सूक्तं च समाप्तम् ॥ ४१ ॥

पदार्थः—मनुष्य (चतुरः) मारने शाप देने और (ददमानात्) विषाद देने और (निधातोः) अन्याय से दूसरे के पदार्थों को हरने वाले इन चार प्रकार के मनुष्यों का विश्वास न करे (चित्) और इन से (बिभीयात्) नित्य डरे और (दुरुक्ताय) दुष्ट वचन कहने वाले मनुष्य के लिये (नस्पृहयेत्) इन पांचों को मित्र करने की इच्छा कभी न करे ॥ ९ ॥

भावार्थः— जैसे मनुष्यों को दुष्ट कर्म्म करने वा दुष्ट वचन बोलने वाले मनुष्यों का संग विश्वास और मित्र से द्रोह दूसरे का अपमान और विश्वासघात आदि कर्म्म कभी न करें ॥ ९ ॥

इस सूक्त में प्रजा की रक्षा शत्रुओं को जीतना मार्ग का शोधना यान की रचना और उन का चलाना द्रव्यों की उन्नति करना श्रेष्ठों के साथ मित्रता दुष्टों में विश्वास न करना और अधर्माचरण से नित्य डरना इस प्रकार कथन से पूर्व सूक्तार्थ के साथ इस सूक्त के अर्थ की संगति जाननी चाहिये । यह पहले अष्टक के तीसरे अध्याय में तेईसवां वर्ग। २३ । और पहले मंडल में इकतालीसवां सूक्त समाप्त हुआ ॥ ४१ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को परमेश्वर की आज्ञा पालन के लिये अपने पुरुषार्थ से परमेश्वर वा आलस्य रहित उत्तम विद्वानों का आश्रय लेकर चक्रवर्त्ति राज्य विद्या और राज्य लक्ष्मी का स्वीकार करना चाहिये सब विद्याओं के जानने वाले विद्वान् लोग जो उत्तम गुण और श्रेष्ठ अपने करने योग्य कर्म है उसी को नित्य करें और जो दुष्ट कर्म है उस को कभी न करें ॥ १ ॥

पुनर्विद्वत्सङ्गगुणा उपदिश्यन्ते ॥

फिर विद्वानों के सङ्ग के गुणों का उपदेश अगले मंत्र किया है ॥

जुष्टो हि दूतोऽअसि हव्यवाहनोऽग्ने रथीरध्वराणाम् । सजूरश्विभ्यामुषसा सुवीर्यमस्मे धेहि श्रवो बृहत् ॥ २ ॥

जुष्टः । हि । दूतः । असि । हव्यऽवाहनः । अग्ने । रथीः । अध्वराणाम् । सजूः । अश्विऽभ्याम् । उषसा । सुऽवीर्यम् । अस्मेऽइति । धेहि । श्रवः । बृहत् ॥ २ ॥

पदार्थः—(जुष्टः) प्रीतः सेवितः (हि) खलु (दूतः) शत्रूणामुपतापयिताऽतिप्रतापगुणयुक्तो वा (असि) (हव्यवाहनः) यो हव्यानि ग्राह्यदातव्यानि हुतानि द्रव्याणि यानानि वा वहति प्राप्नोति सः (अग्ने) राजविद्याविचक्षण (रथीः) प्रशस्ता रथा यस्य सन्ति सः । अत्र छन्दसीवनिपौचवक्तव्यौ अ० ५ । २ । १०९ । अनेन रथशब्दान्मत्वर्थ ईप्रत्ययः (अध्वराणाम्) अहिंसनीयानां

यज्ञानां मध्ये (सजूः) यः समानान् जुषते । अत्र जुष धातोः क्विप् समानस्य सादेशश्च (अश्विभ्याम्) वायुजलाभ्याम् (उषसा) प्रातः कालेन युक्तया क्रियया (सुवीर्य्यम्) सुष्ठुवीर्य्याणि यस्य सः (अस्मे) अस्मासु । अत्र सुपां सुलुगिति सप्तम्याः स्थाने शेआदेशः (धेहि) धर (श्रवः) सर्वविद्याश्रवणनिमित्तमन्नम् (बृहत्) महत्तमम् ॥ २ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्वन् यतस्त्वं जुष्टो दूतः सन्नध्वराणां रथीर्हव्यवाहनः सजूरसि तस्मादस्मे अश्विभ्यामुषसा सिद्धं बृहत्सुवीर्य्यं श्रवो धेहि ॥ २ ॥

भावार्थः—नहि कश्चिद्विदुषां सङ्गेन विना सर्वविद्यां प्राप्य शत्रुविजयमुत्तमं पराक्रमं चक्रवर्त्तिश्रियं च प्राप्तुं शक्नोति । नहि खल्वग्नेर्जलादियोगेन विनोत्तमव्यवहारसिद्धिं च प्राप्तुमर्हतीति ॥ २ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) पावक के समान राजविद्या के जानने वाले विद्वन् (हि) जिस कारण आप (जुष्टः) प्रसन्न प्रकृति और (दूतः) शत्रुओं को ताप कराने वाले होकर (अध्वराणाम्) अहिंसनीय यज्ञों को सिद्ध करते (रथीः) प्रशंसनीय रथयुक्त (हव्यवाहनः) देने लेने योग्य वस्तुओं को प्राप्त होने (सजूः) अपने तुल्यों के सेवन करने वाले (असि) हो इस से (अस्मे) हम लोगों में (अश्विभ्याम्) वायु जल (उषसा) प्रातःकाल में सिद्ध हुई क्रिया से सिद्ध किये हुए (बृहत्) बड़े (सुवीर्यम्) उत्तम पराक्रम कारक (श्रवः) सब विद्या के श्रवण का निमित्त अन्न को (धेहि) धारण कीजिये ॥ २ ॥

भावार्थः—कोई मनुष्य विद्वानों के सङ्ग के विना विद्या को प्राप्त शत्रु को जीत के उत्तम पराक्रम चक्रवर्त्ति राज्य लक्ष्मी के प्राप्त होने को समर्थ नहीं हो सकता और अग्नि जल आदि के योग के विना उत्तम व्यवहार की सिद्धि भी नहीं कर सकता ॥ २ ॥

पुनस्तं कथंभूतं स्वीकुर्य्युरित्युपदिश्यते ॥

फिर कैसे मनुष्य का स्वीकार करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

अ॒द्या दू॒तं वृ॑णीमहे॒ वसु॑म॒ग्निं पु॑रुप्रि॒यम् ।
धू॒मके॑तुं॒ भाऋ॑जीकं॒ व्यु॑ष्टिषु य॒ज्ञाना॑मध्व॒-
र॒श्रिय॑म् ॥ ३ ॥

अ॒द्य । दू॒तम् । वृ॒णी॒म॒हे॒ । वसु॑म् । अ॒ग्निम् ।
पु॒रु॒ऽप्रि॒यम् । धू॒मऽके॑तुम् । भाःऽऋ॑जीकम् ।
विऽउ॑ष्टिषु । य॒ज्ञाना॑म् । अ॒ध्व॒र॒ऽश्रिय॑म् ॥ ३ ॥

पदार्थः—(अद्य) अस्मिन् दिने । निपातस्य चेति दीर्घः (दूतम्) यो दुनोति पदार्थान् देशांतरं प्रापयति तम् (वृणीमहे) स्वीकुर्वीमहि (वसुम्) सकलविद्यानिवासम् (अग्निम्) पावकमिव विद्वांसम् (पुरुप्रियम्) यः पुरूणां बहूनां प्रियस्तम् (धूमकेतुम्) धूमः केतुर्ध्वजो यस्य तम् (भाऋजीकम्) भाति प्रकाशयति सा भा सभा कान्तिर्वा तां योऽर्जयते तम् (व्युष्टिषु) विविधा उष्टयः कामनास्तासु (यज्ञानाम्) अग्निहोत्राद्यश्वमेधान्तानां योगज्ञानशिल्पोपासनाज्ञानानां वा मध्ये (अध्वरश्रियम्) याऽध्वराणामहिंसनीयानां यज्ञानां श्रीः शोभा ताम् ॥ ३ ॥

अन्वयः—वयमद्य मनुष्यजन्मविद्याप्राप्तिसमयं प्राप्याऽस्मिन् दिने व्युष्टिषु भाऋजीकं यज्ञानां मध्येऽध्वरश्रियं दूतमग्निमिव वर्त्तमानं विद्वांसं दूतं वृणीमहे ॥ ३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । मनुष्यैर्विद्याराज्यसुखप्राप्त्यर्थमनूचानं विद्वांसं दूतं कृत्वा बहुगुणयोगेन बहुकार्य्यप्रापिकां विद्युतं स्वीकृत्य सर्वाणि कार्य्याणि संसाधनीयानि ॥ ३ ॥

पदार्थः—हमलोग (अद्य) आज मनुष्य जन्म वा विद्या के प्राप्ति समय को प्राप्त होकर (व्युष्टिषु) अनेक प्रकार की कामनाओं में (भानृजीकम्) कामनाओं के प्रकाशक (यज्ञानाम्) अग्निहोत्र आदि अश्वमेध पर्य्यन्त वा योग उपासना ज्ञान शिल्पविद्यारूप यज्ञों के मध्य (अध्वरश्रियम्) अहिंसनीय यज्ञों की श्री शोभा रूप (धूमकेतुम्) जिस का धूमही ध्वजा है (वसुम्) सब विद्याओं का घर वा बहुत धन की प्राप्ति का हेतु (पुरुप्रियम्) बहुतों को प्रिय (दूतम्) पदार्थों को दूर पहुंचाने वाले (अग्निम्) भौतिक अग्नि के सदृश विद्वान् दूत को (वृणीमहे) अंगीकार करें ॥ ३ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को उचित है कि विद्या वा राज्य की प्राप्ति के लिये सब विद्याओं के कथन करने वा सब वार्तों का उत्तर देने वाले विद्वान् को दूत करें और बहुत गुणों के योग से बहुत कार्य्यों को प्राप्त कराने वाली बिजुली को स्वीकार करके सब कार्य्यों को सिद्ध करें ॥ ३ ॥

पुनस्तं कीदृशं गृह्णीयुरित्युपदिश्यते

फिर किस प्रकार के विद्वान् को ग्रहण करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

श्रेष्ठं यविष्ठमतिथिं स्वाहुतं जुष्टं जनाय दाशुषे । देवाँ अच्छा यातवे जातवेदसमग्निमीळे व्युष्टिषु ॥ ४ ॥

श्रेष्ठम् । यविष्ठम् । अतिथिम् । सुऽआहुतम् । जुष्टम् । जनाय । दाशुषे । देवान् ।

अच्छ॑ । यात॑वे । जा॒तऽवे॑दसम् । अ॒ग्निम् । ई॒ळे । विऽउ॑ष्टिषु ॥ ४ ॥

पदार्थः–(श्रेष्ठम्) अत्युत्तमम् (यविष्ठम्) बलवत्तरम् (अतिथिम्) नित्यं भ्रमणशीलं सेवितुमर्हम् (स्वाहुतम्) यः सुष्ठु हूयते तम् (जुष्टम्) विद्वद्भिः प्रीतं सेवितं वा (जनाय) धार्मिकाय विदुषे मनुष्याय (दाशुषे) दात्रे (देवान्) विदुषो दिव्यगुणान्वा (अच्छ) उत्तमेन प्रकारेण । अत्र निपातस्य चेति दीर्घः (यातवे) यातुं प्राप्तुम् । अत्र तुमर्थे से० इति तवेन् प्रत्ययः (जातवेदसम्) जातेषु पदार्थेषु विद्यमानमिव व्याप्तविद्यम् (अग्निम्) वह्निवद्वर्त्तमानं विद्वांसम् (ईळे) सत्कुर्याम् (व्युष्टिषु) विशिष्टासु कामनास्वध्येषितासु सतीषु ॥ ४ ॥

अन्वयः–अहं व्युष्टिषु यातवे दाशुषे जनाय श्रेष्ठं यविष्ठं जुष्टं स्वाहुतं जातवेदसमतिथिमग्निमिव प्रकाशमानं विद्वांसं दूतमन्यान्देवान्वाऽच्छेळे ॥ ४ ॥

भावार्थः–अत्र वाचकलुप्तोपमालंकारः । मनुष्यैः श्रेष्ठानां धर्मबलानां सर्वैर्विद्वद्भिः सत्कृतानां प्रसन्नस्वभावानां सर्वोपकारकाणां विदुषामतिथीनामेव सत्कारः कर्त्तव्यः यतः सर्वहितं स्यात् ॥ ४ ॥

पदार्थः–मैं (व्युष्टिषु) विशिष्ट पढ़ने के योग्य कामनाओं में (यातवे) प्राप्ति के लिये (दाशुषे) दाता (जनाय) धार्मिक विद्वान् मनुष्य के अर्थ (श्रेष्ठम्) अति उत्तम (यविष्ठम्) परम बलवान् (जुष्टम्) विद्वान् से प्रसन्न वा सेवित (स्वाहुतम्) अच्छे प्रकार बुला के सत्कार के योग्य (जातवेदसम्) सब पदार्थों में व्याप्त (अतिथिम्) सेवा करने के योग्य (अग्निम्) अग्नि के तुल्य वर्त्तमान सज्जन अतिथि और (देवान्) दिव्य गुण वाले विद्वानों को (अच्छेळे) अच्छे प्रकार सत्कार करूँ ॥ ४ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलुप्तोपमालंकार है। मनुष्यों को अति योग्य है कि उत्तम धर्म बलवाले प्रसन्न स्वभाव सहित सब के उपकारक विद्वान् और अतिथियों का सत्कार करें जिस से सब जनों का हित हो ॥ ४ ॥

पुनस्तं कीदृशं स्वीकुर्युरित्युपदिश्यते ॥

फिर कैसे को ग्रहण करें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है

स्तविष्यामि त्वामहं विश्वस्यामृत भोजन। अग्ने त्रातारममृतं मियेध्य यजिष्ठं हव्यवाहन ॥ ५ ॥

स्तविष्यामि। त्वाम्। अहम्। विश्वस्य। अमृत। भोजन। अग्ने। त्रातारम्। अमृतम्। मियेध्य। यजिष्ठम्। हव्यवाहन ॥ ५ ॥

पदार्थः—(स्तविष्यामि) स्तोष्यामि (त्वाम्) जगदीश्वरम् (अहम्) (विश्वस्य) समस्तस्य संसारस्य (अमृत) अविनाशिन् (भोजन) पालक (अग्ने) स्वप्रकाशेश्वर (त्रातारम्) अभिरक्षितारम् (अमृतम्) नाशरहितं सदा मुक्तम् (मियेध्य) दुःखानां प्रक्षेप्तः (यजिष्ठम्) सुखानामतिशयितं दातारम् (हव्यवाहन) यो हव्यानि होतुं दातुमर्हाणि द्रव्याणि सुखसाधकानि वहति प्रापयति तत्सम्बुद्धौ ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे अमृत भोजन मियेध्य हव्यवाहनाऽग्ने जगदीश्वराऽहं विश्वस्य त्रातारं यजिष्ठममृतं त्वां स्तविष्यामि स्तोष्यामि नान्यं कदाचित् ॥ ५

भावार्थः—नहि विद्वद्भिरस्य सर्वस्य रक्षकं मोक्षदातारं विद्याकामानन्दप्रदं सेवनीयं परमेश्वरं हित्वा कस्यापीश्वरत्वेनाऽऽश्रयः स्तुतिर्वा कदापि कर्त्तव्या ॥ ५ ॥

पदार्थः—(अमृत) अविनाशि स्वरूप (भोजन) पालन कर्त्ता (मियेध्य) प्रमाण करने (हव्यवाहन) लेने देने योग्य पदार्थों को प्राप्त कराने वाले (अग्ने) परमेश्वर (अहम्) मैं (विश्वस्य) सब जगत् के (त्रातारम्) रक्षा (यजिष्ठम्) अत्यन्त यजन करने वाले (अमृतम्) नित्य स्वरूप (त्वा) तुझ ही को (स्तविष्यामि) स्तुति करूंगा ॥ ५ ॥

भावार्थः—विद्वानों को योग्य है कि इस सब जगत् के रक्षक मोक्ष देने विद्या काम आनन्द के देने से वा उपासना करने योग्य परमेश्वर को छोड़ अन्य किसी का भी ईश्वरभाव से आश्रय न करें ॥ ५ ॥

पुनः स कीदृशः कस्मै किं करोतीत्युपदिश्यते ॥

फिर वह कैसा है किस के लिये क्या करता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

सुशंसो बोधि गृणते यविष्ठ्य मधुजिह्वः स्वाहुतः । प्रस्कण्वस्य प्रतिरन्नायुर्जीवसे नमस्या दैव्यं जनम् ॥ ६ ॥

सुऽशंसः । बोधि । गृणते । यविष्ठ्य । मधुऽजिह्वः । सुऽआहुतः । प्रस्कण्वस्य । प्रऽतिरन् । आयुः । जीवसे । नमस्य । दैव्यम् । जनम् ॥ ६ ॥

पदार्थः—(सुशंसः) शोभना शंसा स्तुतयो यस्य विदुषः सः (बोधि) बुध्येत । अत्र लिङर्थे लुङडभावश्च (गृणते) स्तुतिं कुर्वते (यविष्ठ्य) अतिशयेन युवा यविष्ठो यविष्ठ एव यविष्ठ्यस्तत्सम्बुद्धौ (मधुजिह्वः) मधुरगुणयुक्ता जिह्वा यस्य । अत्र फलिपाटिनमि० उ० १ । १८ अनेन मनधातोरुः प्रत्ययो नस्य धकारादेशश्च (स्वाहुतः) यः सुखेनाह्वयते (प्रस्कण्वस्य) प्रकृष्टश्चासौ कण्वो मेधावी च तस्य (प्रतिरन्) दुःखात्तरन् । अत्र बहुलं छन्दसीति शपो लुक् (आयुः) जीवनम् (जीवसे) जीवितुम् (नमस्य) पूजितुं योग्य । अत्र नमस् धातोर्यत् । अन्येषामपीति दीर्घश्च (दैव्यम्) देवेषु विद्वत्सु भवम् (जनम्) मनुष्यम् ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे यविष्ठ्य नमस्य विद्वन् मधुजिह्वः सुशंसः स्वाहुतः प्रस्कण्वस्य जीवसे आयुः प्रतिरंस्त्वं गृणते शास्त्राणि बोध्यनेन दैव्यं जनं रक्षसि तस्मात् सत्कर्त्तव्योऽसि ॥ ६ ॥

भावार्थः—सर्वैर्मनुष्यैः सर्वोत्कृष्टत्वान्नमस्करणीयो विद्वांश्च सत्कर्त्तव्यः । एवमेतं समाश्रित्य सर्वे आयुर्विद्ये प्राप्तव्ये इति ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे (यविष्ठ्य) अत्यन्त बलवान् (नमस्य) पूजने योग्य विद्वान् (मधुजिह्वः) मधुर ज्ञान रूप जिह्वा युक्त (सुशंसः) उत्तम स्तुति से प्रशंसित (स्वाहुतः) सुख से आह्वान बोलने योग्य (प्रस्कण्वस्य) उत्तम मेधावी विद्वान् के (जीवसे) जीवने के लिये (आयुः) जीवन को (प्रतिरन्) दुःखों से पार करते जो आप (गृणते) सत्य की स्तुति करते हुए मनुष्य के लिये शास्त्रों का (बोधि) बोध कीजिये और जिस से (दैव्यम्) विद्वानों में उत्पन्न हुए (जनम्) मनुष्य की रक्षा करते हो इस से सत्कार के योग्य हो ॥ ६ ॥

भावार्थः—सब मनुष्यों को उचित है कि जो सब से उत्कृष्ट विद्वान् है उसी का सत्कार करें ऐसे ही इस का अच्छे प्रकार आश्रय लेकर सब उमर और विद्या को प्राप्त करें ॥ ६ ॥

पुनः स कीदृशोऽस्तीत्युपदिश्यते ॥

फिर वह किस प्रकार का है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

होतारं विश्ववेदसं सं हि त्वा विश इन्धते । स आ वह पुरुहूत प्रचेतसोऽग्ने देवाँ इह द्रवत् ॥ ७ ॥

होतारम् । विश्वऽवेदसम् । सम् । हि । त्वा । विशः । इन्धते । सः । आ । वह । पुरुहूत । प्रऽचेतसः । अग्ने । देवान् । इह । द्रवत् ॥ ७ ॥

पदार्थः—(होतारम्) हवनस्य कर्त्तारम् (विश्ववेदसम्) विश्वानि सर्वाणि सुखानि विन्दति यस्मात्तम् (सम्) सम्यगर्थे (हि) खलु (त्वा) त्वाम् (विशः) प्रजाः (इन्धते) प्रदीप्यन्ते (सः) (आ) अभितः (वह) प्राप्नुहि (पुरुहूत) यः पुरुभिर्बहुभिर्विद्वद्भिर्हूयते स्तूयते तत्सम्बुद्धौ (प्रचेतसः) प्रकृष्टं चेतो विज्ञानं यासां ताः (अग्ने) विशिष्टज्ञानयुक्त (देवान्) वीरान्विदुषो दिव्यगुणान् वा (इह) अस्मिन् युद्धादिव्यवहारे (द्रवत्) द्रवतु ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे पुरुहूताग्ने विद्वन् प्रचेतसो विशो यं होतारं विश्ववेदसं त्वां हि खलु समिंधते ताः प्रति भवान् द्रवत् ॥ ७ ॥

भावार्थः—नहि विद्वत्सहायेन विना प्रजासुखं दिव्यगुणप्राप्तिः शत्रुविजयश्च जायते तस्मादेतत्सर्वैः प्रयत्नेन संसाधनीयमिति ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे (पुरुहूत) बहुत विद्वानों ने बुलाये हुए (अग्ने) विशिष्टज्ञान युक्त विद्वन् (प्रचेतसः) उत्तम ज्ञान युक्त (विशः) प्रजा जिस (होतारम्) हवन के कर्त्ता (विश्ववेदसम्) सब सुख प्राप्त (त्वा) आप को (हि) निश्चय करके (समिन्धते) अच्छे प्रकार प्रकाश करती हैं (सः) सो आप (इन) इस युद्ध आदि कर्मों में उत्तम ज्ञान वाले देवान् शूरवीर विद्वानों को (आवह) अच्छे प्रकार प्राप्त हूजिये ॥ ७ ॥

भावार्थः—विद्वानों के सहाय के विना प्रजा के सुख को वा दिव्य गुणों की प्राप्ति और शत्रुओं से विजय नहीं हो सकता इस से यह सब मनुष्यों को प्रयत्न के साथ सिद्ध करना चाहिये ॥ ७ ॥

पुनस्तं कीदृशं जानीयुः केन सह च किं प्राप्नोतीत्युपदिश्यते ॥

फिर वह कैसा और किस के सहाय से किस को प्राप्त होता है इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

सवितारमुषसमश्विना भगमग्निं व्युष्टिषु क्षपः । कण्वासस्त्वा सुतसोमास इन्धते हव्यवाहं स्वध्वर ॥ ८ ॥

सवितारम् । उषसम् । अश्विना । भगम् । अग्निम् । विऽउष्टिषु । क्षपः । कण्वासः । त्वा । सुतऽसोमाः । इन्धते । हव्यऽवाहम् । सुऽअध्वर ॥ ८ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० । मनुष्य लोग जैसे सूर्य्य के प्रकाश से सुरूप की प्रसिद्धि होती है वैसे ही विदुषी स्त्री से घर का काम और पुत्रों की उत्पत्ति होती है ऐसा जान कर उन से उपकार लेवें ॥ २ ॥

पुनः सा कीदृशीत्यु० ॥

फिर वह कैसी है इस० ॥

वयश्चित्ते पतुत्रिणो द्विपच्चतुष्पदर्जुनि । उषः प्रारन्नृतूँरनु दिवो अन्तेभ्यस्परि ॥ ३ ॥

वयः । चित् । ते । पतत्रिणः । द्विऽपत् । चतुःऽपत् । अर्जुनि । उषः । प्र । आरन् । ऋतून् । अनु । दिवः । अन्तेभ्यः । परि ॥ ३ ॥

पदार्थः—(वयः) पक्षिणः (चित्) इव (ते) तव (पतत्रिणः) पतनशीलाः । अत्र पतेरत्रिन् उ० ४ । ८० अनेनायं सिद्धः (द्विपत्) द्वौ पादौ यस्य मनुष्यादेः सः (चतुष्पत्) चत्वारः पादा यस्य पश्वादेः सः । अत्रोभयत्र वाच्छन्दसीति पदादेशः (अर्जुनि) अर्जयन्ति प्रतियतन्ते ययोषसा सा । अत्र अर्जप्रतियत्ने धातोः रक् प्रत्ययो णिलुक् च । उ० ३ । ५७ अनेनायं सिद्धः । अर्जुनीत्युषर्ना० निघं० १ । ८ (उषः) उषर्वत्सुषार्थनिमित्ते (प्र) (आरन्) प्रापयति (ऋतून्) वसन्तादीन् (अनु) पश्चात् (दिवः) प्रकाशस्य (अन्तेभ्यः) समीपेभ्योऽहोरात्रेभ्यः (परि) सर्वतः ॥ ३ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि यथार्जुनि दिवोऽन्तेभ्यऋतून् संपादयन्ती द्विपच्चतुष्पच्च बोधयन्ती सत्युषाः सर्वान्प्राप्नोति यथाऽस्याः पतत्रिणो वयः प्रारँश्चित्ते गुणा भवन्तु ॥ ३ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालंकारः । यथोषा मुहूर्त्तप्रहरदिनमासर्त्वयनसम्वत्सरान् विभजन्ती सर्वेषां प्राणिनां व्यवहारचेतने च विभजति तथा स्त्री सर्वाणि गृहकृत्यानि विभजेत् ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि जैसे (अर्जुनि) अच्छे प्रकार प्रयत्न का निमित्त (उषः) उषा (दिवः) सूर्य्य प्रकाश के (अन्तेभ्यः) समीप से (ऋतून्) ऋतुओं को सिद्ध और (द्विपत्) मनुष्यादि तथा (चतुष्पत्) पशु आदि का बोध कराती हुई सब को प्राप्त हो के जैसे इस से (पतत्रिणः) नीचे ऊंचे उड़ने वाले (वयः) पक्षी (प्रारन्) इधर उधर जाते हैं (चित्) वैसे ही (ते) तेरे गुण हों ॥ ३ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालंकार है जैसे उषा मुहूर्त्त प्रहर दिन मास ऋतु अयन अर्थात् दक्षिणायन उत्तरायण और वर्षों का विभाग करती हुई सब प्राणियों के व्यवहार और चेतनता को करती है वैसे ही स्त्री सब गृहकृत्यों को पृथक् २ करे ॥ ३ ॥

पुनः सा कीदृशी किं कुर्यादित्यु०

फिर वह कैसी और क्या करे इस०

व्युच्छन्ती हि रश्मिभिर्विश्वमाभासि रोचनम् । तां त्वामुषर्वसूयवो गीर्भिः कण्वा अहूषत ॥ ४ ॥ ६ ॥

विऽउच्छन्ती । हि । रश्मिऽभिः । विश्वम् । आभासि । रोचनम् । ताम् । त्वाम् । उषः । वसुऽयवः । गीःऽभिः । कण्वाः । अहूषत ॥ ४ ॥

925—940 तक पूर्व गायन

पदार्थः—(व्युच्छन्ती) विविधतया वासयन्ती (हि) खलु (रश्मिभिः) किरणैः (विश्वम्) सर्वं जगत् (आभासि) समन्तात् प्रकाशयति । अत्र व्यत्ययः (रोचनम्) देदीप्यमानं रुचिकरम् (ताम्) (त्वाम्) एताम् (उषः) उषाः (वसुयवः) ये वसून् पृथिव्यादीन् युवन्ति मिश्रयंत्यमिश्रयन्ति ते विद्वांसः (गीर्भिः) वेदशिक्षासहिताभिः (कण्वाः) मेधाविनः (अहूषत) स्पर्द्धन्ताम्॥४॥

अन्वयः—हे वसुयवः कण्वा यूयं यथोषरुषा व्युच्छन्ती हि खलुरश्मिभीरोचनं विश्वमाभास्याभाति तथाभूतां त्वां स्त्रियं गीर्भिरहूषत ॥ ४ ॥

भावार्थः—विद्वद्भिरुषर्गुणवद्वर्त्तमाना स्त्री श्रेष्ठाऽस्तीति बोद्धव्यं सर्वेभ्यउपदेष्टव्यं च ॥ ४ ॥

अत्रोषर्गुणवत्स्त्रीगुणवर्णनादेतत्सूक्तार्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति वेदितव्यम् ॥ ४ ॥

इत्येकोनपंचाशं सूक्तं षष्ठो वर्गश्च समाप्तः ॥ ४६ ॥

पदार्थः—हे (वसुयवः) जो पृथिवी आदि वसुओं को संयुक्त और वियुक्त करने वाले (कण्वाः) बुद्धिमान् लोग जैसे (उषः) उषा (व्युच्छन्ती) विविध प्रकार से वसाने वाली (हि) निश्चय करके (रश्मिभिः) किरणों से (रोचनम्) रुचिकारक (विश्वम्) सब संसार को (आभासि) अच्छे प्रकार प्रकाशित करती है वैसी (ताम्) उस (त्वाम्) तुझ स्त्री को (गीर्भिः) वेदशिक्षायुक्त अपनी वाणियों से (अहूषत) प्रशंसित करें ॥ ४ ॥

भावार्थः—विद्वानों को चाहिये कि उषा के गुणों के तुल्य स्त्री उत्तम होती है इस बात को जानें और सब को उपदेश करें ॥ ४ ॥

इस में उषा के गुण वर्णन करने से इस सूक्त के अर्थ की पूर्वसूक्त के अर्थ के साथ संगति जाननी चाहिये ॥

यह उनचासवां सूक्त ४९ और छठा वर्ग ६ समाप्त हुआ ॥

———:०:———

अथेन्द्रशब्दार्थवद्विद्वद्गुणा उपदिश्यन्ते ॥

अब इक्कावनवें सूक्त का आरम्भ है उस के पहिले मंत्र में इन्द्र शब्दार्थ के समान विद्वानों के गुणों का उपदेश किया है ॥

अभि त्यं मेषं पुरुहूतमृग्मियमिन्द्रं गीर्भिर्मदता वस्वो अर्णवम्। यस्य द्यावो न विचरन्ति मानुषा भुजे मंहिष्ठमभि विप्रमर्चत ॥ १ ॥

अभि। त्यम्। मेषम्। पुरुऽहूतम्। ऋग्मियम्। इन्द्रम्। गीःऽभिः। मदत। वस्वः। अर्णवम्। यस्य। द्यावः। न। विऽचरन्ति। मानुषा। भुजे। मंहिष्ठम्। अभि। विप्रम्। अर्चत ॥ १ ॥

पदार्थः—(अभि) आभिमुख्ये (त्यम्) तम् (मेषम्) दृष्टिद्वारा सेक्तारम् (पुरुहूतम्) पुरुभिर्बहुभिर्विद्वद्भिः स्तुतम् (ऋग्मियम्) यदृग्भिर्मीयते तम् (इन्द्रम्) सूर्यमिव शत्रूणां विदारयितारम् (गीर्भिः) वाग्भिः (मदत) हर्षत (वस्वः) वसोर्धनस्य (अर्णवम्) समुद्रवद्वर्त्तमानम् (यस्य) इन्द्रस्य (द्यावः) प्रकाशः (न) इव विचरन्ति (मानुषा) मनुष्याणां हितकारकाणि (भुजे) भोगाय (मंहिष्टम्) अतिशयेन महान्तम् (अभि) सर्वतः (विप्रम्) मेधाविनम् (अर्चत) सत्कुरुत ॥ १ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयमर्णवमिव त्यं मेषं पुरुहूतमृग्मियं मंहिष्ठमिन्द्रं परमैश्वर्यवन्तं राजानं गीर्भिरभिमदत सर्वतो हर्षयत

सूर्यस्य द्याव: किरणान्नेव यस्य भुजे मानुषा विचरन्ति तस्य वस्वो दातारं विप्रमभ्यर्चत ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलु० मनुष्यैर्बहुगुणयोगाद्यः सूर्यवद्विद्वान् राजा वर्त्तेतां सएव सत्कर्त्तव्यः । नह्येतेन विना कस्यचित् सुखभोगो जायत इति ॥ १ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम (अर्णवम्) समुद्र के तुल्य (त्यम्) उस (मेषम्) दृष्टिद्वारा सेचन करने हारे (पुरुहूतम्) बहुत विद्वानों से स्तुत (ऋग्मियम्) ऋचाओं से मान करने योग्य (मंहिष्ठम्) गुणों से बड़े (इन्द्रम्) समग्र ऐश्वर्य्य से युक्त शत्रुओं को विदारण करने वाले राजा को (गीर्भिः) सत्य प्रशंसित वाणियों से (अभिमदत) हर्षित करो और सूर्य्य के (द्यावः) किरणों के (न) समान (यस्य) जिस को (भुजे) भोग के लिये (मानुषा) मनुष्यों के हित करने वाले गुण (विचरन्ति) विचरते हैं उस (वस्वः) धन के देने वाले विद्वान् का (अभ्यर्चत) सदा सत्कार करो ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमा और वाचकलु० मनुष्यों को योग्य है कि जो बहुत गुणों के योग से सूर्य्य के सदृश विद्यायुक्त राजा हो उसी का सत्कार सदा किया करें ॥ १ ॥

पुनः स कीदृश इत्यु० ॥

फिर वह कैसा है इस० ॥

अभीमवन्वन्त्स्वभिष्टिमूतयोऽन्तरिक्षप्रान्तविषीभिरावृतम् । इन्द्रं दक्षास ऋभवो मदच्युतं शतक्रतुं जवनी सूनृताऽरुहत् ॥ २ ॥

अभि । ईम् । अवन्वन् । सुऽअभिष्टिम् । ऊतयः । अन्तरिक्षऽप्राम् । तविषीभिः ।

आऽवृंतम् । इन्द्रंम् । दक्षांसः । ऋभवंः । मदऽच्युतम् । शतऽक्रंतुम् । जवंनी । सूनृता । आ । अरुहत् ॥ २ ॥

पदार्थः- (अभि) आभिमुख्ये (ईम्) जलमन्नं पृथिवीं वा। ईमित्युदकना० निघं० १ । १२ पदना० निघं० ४ । २ । (अवन्वन्) अवन्ति रक्षणादिकं कुर्वन्ति अत्राऽवधातोर्विकरणव्यत्ययेन श्नुः (स्वभिष्टिम्) शोभनाऽभिष्टाइष्टयो यस्मात्तम् । अत्र व्यत्ययेन ह्रस्वः (ऊतयः) रक्षादयः (अन्तरिक्षप्राम्) स्वतेजसान्तरिक्षं प्राप्य प्राति पिपर्ति ताम् (तविषीभिः) बलाकर्षणादि गुणाढ्याभिः सेनाभिः (आवृतम्) संयुक्तम् (इन्द्रम्) सुखानां बिभर्तारं सेनेशम् (दक्षासः) विज्ञानबलवृद्धाः शीघ्रकारिणः (ऋभवः) मेधाविनः (मदच्युतम्) मदा हर्षणादयश्च्युता यस्मात्तम् (शतक्रतुम्) अनेककर्मप्रज्ञायुक्तम् (जवनी) वेगशीला (सूनृता) अन्नादिसमूहकरी राजनीतिः। सूनृतेत्यन्नना०। निघं० २ । ७ (आ) समन्तात् (अरुहत्) रोहेत् ॥ २ ॥

अन्वयः-हे सेनेश यस्य तवोतयः प्रजा रक्षन्ति दक्षास ऋभवो यं स्वभिष्टिमन्तरिक्षप्राम्मदच्युतं शतक्रतुं तविषीभिरावृतमिन्द्रं त्वामभ्यवन्वन्नभ्यवन्ति जवनी सूनृताऽरुहत्तं वयमपि सततं रक्षेम ॥ २ ॥

भावार्थः-धार्मिका मेधाविनो यस्याश्रयं कुर्य्युस्तस्यैवाश्रयं सर्वे मनुष्या गृह्णीयुः ॥ २ ॥

पदार्थः-हे सेनापते जिस आप की (ऊतयः) रक्षा प्रजा का पालन करती हैं (दक्षासः) विज्ञान वृद्ध शीघ्र कार्य को सिद्ध करने वाले (ऋभवः)

मेधावी विद्वान् लोग जिस (स्वभिष्टिम्) उत्तम इष्टि युक्त (अन्तरिक्षप्राम्) अपने तेज से अन्तरिक्ष अर्थात् अवकाश में सब को सुख से पूर्ण करने (मदच्युतम्) हर्षादि को पृथक् रखने (शतक्रतुम्) अनेक कर्मों के कर्त्ता (तविषीभिः) बल आकर्षण आदि गुणों से युक्त सेना से (आहृतम्) संयुक्त (इन्द्रम्) बिजुली के सदृश वर्त्तमान आप को (अभ्यवर्षन्) कार्यों को करने के लिये सब प्रकार से वृद्धि युक्त करते हैं जिस को (जवनी) वेग युक्त (सूनृता) अन्नादि पदार्थों को सिद्ध करने हारी राजनीति (आरुहत्) बढ़ के प्राप्त होवे उस आप की रक्षा हम किया करें ॥ २ ॥

भावार्थः—धर्मात्मा बुद्धिमान् लोग जिस का आश्रय करें उसी का शरण ग्रहण सब मनुष्य करें ॥ २ ॥

पुनः स कीदृश इत्यु० ॥

फिर वह कैसा है इस० ॥

त्वं गोत्रमङ्गिरोभ्योऽवृणोरपोतात्रये शतदुरेषु गातुवित् । ससेन चिद्विमदायावहो वस्वाजावद्रिं वावसानस्य नर्त्तयन् ॥ ३ ॥

त्वम् । गोत्रम् । अङ्गिरःऽभ्यः । अवृणोः । अप । उत । अत्रये । शतऽदुरेषु । गातुऽवित् । ससेन । चित् । विऽमदाय । अवहः । वसु । आजौ । अद्रिम् । वावसानस्य । नर्त्तयन् ॥ ३ ॥

पदार्थः—(त्वम्) (गोत्रम्) मेघम् । गोत्रमिति मेघना० निघं० १ । १० । (अङ्गिरोभ्यः) प्राणरूपेभ्यो वायुभ्यः । प्राणो वा अङ्गिराः । शत० ६ । ३ । ७ । ३ (अवृणोः) वृणु (अप) दूरीकरणे (उत) अपि (अत्रये) अविद्यमानानि त्रीणि

दुःखान्याध्यात्मिकाऽधिभौतिकाऽधिदैविकानि यस्मिन् सुखे तस्मै (शतऽदुरेषु) शतावरणेषु मेघावयवेषु घनेषु (गातुवित्) यो भूगर्भविद्यया गातुं पृथिवीं वेत्ति सः । गातुरितिपृथिवीना० निघं० १ । १ । (चित्) इव (विमदाय) विविधा मदा हर्षा यस्मिन् व्यवहारे तस्मै (अवहः) प्राप्नुहि (वसु) धनादिकम् (आजौ) संग्रामे (अद्रिम्) मेघम् (वावसानस्य) आच्छादकस्य । अत्र यङ्लुगन्तादस्आच्छने धातोः कर्त्तरि ताच्छीलिकश्चानश् बहुलं छन्दसीति शपः श्लुः (नर्त्तयन्) नृत्यं कारयन् । अत्र नपादम्याङ्यम० अ० १ । ३ । ८८ इति निषिधे प्राप्ते व्यत्ययेन परस्मैपदम् ॥ ३ ॥

अन्वयः– हे ससेन राजँस्त्वं यथा सूर्य्योऽङ्गिरोभ्योऽद्रिं गोत्रं मेघं चिदिवात्रयआजौ शत्रुबलमपावृणोः वावसानस्यारिपक्षस्य सेनां नर्त्तयन्निव विमदाय वस्वाऽवहरुतापि गातुवित्त्वं शतदुरेष्विवावृतां स्वसेनामपावृणोषि स भवान् सत्कर्त्तव्योऽसि ॥ ३ ॥

भावार्थः– अत्र वाचकलु० सेनापत्यादयो यावत्सूर्य्यवत्पराक्रमं न गृह्णीयुस्तावच्छत्रुविजयमाप्तुं न शक्नुयुः ॥ ३ ॥

पदार्थः–हे (ससेन) सेना से सहित सेनाध्यक्ष आप जैसे सूर्य (अङ्गिरोभ्यः) प्राणरूप पवनों से (अद्रिम्) प्रवर्त्त और मेघों के तुल्य वर्त्तमान (अत्रये) जिस में तीन अर्थात् आध्यात्मिक आधिभौतिक और आधिदैविक दुःख नहीं हैं उस (आजौ) सङ्ग्राम में शत्रुओं के बल को (अपावृणोः) दूर कर देते हो (वावसानस्य) ढांकने वाले शत्रु पक्ष की सेना को (नर्त्तयन्) नचाते के समान कंपाते हुए (विमदाय) विविध आनन्द के वास्ते (वसु) धन को (आवहः) अच्छे प्रकार प्राप्त कर (उत) और (गातुवित्) भूगर्भ विद्या के जानने वाले आप (शतदुरेषु) असंख्य मेघ के अवयवों में ढके हुए पदार्थों के समान ढकी हुई अपनी सेना को बचाते हो सो आप सत्कार के योग्य हो ॥ ३ ॥

भावार्थः–इस मंत्र में वाचकलु० सेनापति आदि जब तक वायु के सकाश से उत्पन्न हुए सूर्य के समान पराक्रमी नहीं होते तब तक शत्रुओं को नहीं जीत सकते ॥ ३ ॥

पुनः स कीदृशः किं कुर्यादित्यु० ॥

फिर वह किस के समान क्या करे इस० ॥

त्वमपामपिधानावृणोरपाधारयः पर्वते दानुमद्वसु । वृत्रं यदिन्द्र शवसावधीरहिमादित्सूर्यं दिव्यारोहयो दृशे ॥ ४ ॥

त्वम् । अपाम् । अपिऽधाना । अवृणोः । अप । अधारयः । पर्वते । दनुऽमत् । वसु । वृत्रम् । यत् । इन्द्र । शवसा । अवधीः । अहिम् । आत् । इत् । सूर्यम् । दिवि । आ । अरोहयः । दृशे ॥ ४ ॥

पदार्थः-(त्वम्) सभेश (अपाम्) जलानाम् (अपिधाना) अपिधानान्यावरणानि (अवृणोः) वृणुयाः (अप) दूरीकरणे (अधारयः) धारयन् । अत्र नञुपपदाद्धारिपारीति शः प्रत्ययः । (पर्वते) मेघे (दानुमत्) प्रशस्ता दानवो दानानि वस्तूनि वा विद्यन्ते यस्मिंस्तस्मिन् (वसु) द्रव्यम् (वृत्रम्) मेघम् (यत्) यस्मात् (इन्द्र) परमैश्वर्य्यवन् (शवसा) बलेन (अवधीः) हिन्धि (अहिम्) सर्वत्र व्याप्तुमर्हं मेघम् (आत्) अनन्तरम् (इत्) एव (सूर्यम्) (दिवि) प्रकाशे (आ) समन्तात् (अरोहयः) रोहयसि (दृशे) द्रष्टुं दर्शयितुं वा ॥ ४ ॥

अन्वयः-हे इन्द्र यत्त्वमपिधाना सूर्यइव शत्रुबन्धनान्यपावृणोर्दूरीकरोषि यथायं रविः पर्वते मेघे जलं दानुमद्वस्वधारयन्

सन्नृचं विद्युदिव शत्रूनिदबधीः किरणाः सूर्यमिव दृशे न्यायमारोहयस्तस्मात्त्वं राज्यं कर्त्तुमर्हसि ॥ ४ ॥

भावार्थः—मनुष्याणां योग्यतास्ति येनेश्वरेण यः सर्वान् लोकानाकृष्यान्तरिक्षे स्थाप्य वर्षयित्वा सर्वान्प्रकाश्य च सुखानि ददातीदृशं सूर्य्यं निर्माय स्थापितइति वेदितव्यम् ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) जगदीश्वर (यत्) जिस कारण (त्वम्) आप जैसे सूर्य्य (अपाम्) जलों के (अपिधाना) आच्छादनों को दूर करता है वैसे शत्रुओं के बल को (अपावृणोः) दूर करते हैं जैसे (पर्वते) मेघ में (दानुमत्) उत्तम शिखर युक्त (वसु) द्रव्य वा जल को (अधारयः) धारण करता और (शवसा) बल से (अहिम्) व्याप्त होने योग्य (वृत्रम्) मेघ को (अवधीः मारता है वैसे शत्रुओं को छिन्न भिन्न करते हो और जैसे किरण समूह (सूर्य्यम्) सूर्य को (अरोहयः) अच्छे प्रकार स्थापित करते हैं वैसे न्याय के प्रकाश से युक्त हैं इस से राज्य करने के योग्य हैं ॥ ४ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि जिस ईश्वर ने मेघ के द्वार का छेदन करता आकर्षण अन्तरिक्ष में स्थापन वर्षा और सब को प्रकाशित करके सुखों को देता है उस सूर्य को रच कर स्थापन किया है ऐसा जानें ॥ ४ ॥

पुनः सभाध्यक्षगुणा उप० ॥

फिर सभाध्यक्षादि के गुणों का उप० ॥

त्वं मायाभिरप मायिनोऽधमः स्वधाभिर्ये अधि शुप्तावजुह्वत । त्वं पिप्रोर्नृमणः प्रारुजः पुरः प्र ऋजिश्वानं दस्युहत्येष्वाविथ ॥ ५ ॥ ६ ॥

त्वम् । मायाभिः । अप । मायिनः । अधमः । स्वधाभिः । ये । अधि । शुप्तौ ।

अजुहत । त्वम् । पिप्रोः । नृऽमनः । प्र । अरुजः । पुरः । प्र । ऋजिश्वानम् । दस्युऽहत्येषु । आविथ ॥ ५ ॥ ९ ॥

पदार्थः-(त्वम्) सेनाध्यक्षः (मयाभिः) प्रज्ञानोपायैः । मायेति प्रज्ञाना० निघं० ३ । ९ (अप) दूरीकरणे (मायिनः) निंदिता माया प्रज्ञा विद्यते येषां तान्मायिनः (अधमः) धम कंपय (स्वधाभिः) अन्नादिभिरुदकादिभिर्वा । स्वधेत्यन्नना० निघं० २ । ७ । उदकना० निघं० १ । १२ (ये) चोरदस्य्वादयः परस्वापहर्त्तारः (अधि) उपरिभावे (शुप्तौ) शयने कृते सति । अत्र वर्णव्यत्ययेन शः (अजुह्वत) स्पर्द्धन्ते (त्वम्) उक्तार्थः (पिप्रोः) न्यायपूर्त्तेः कर्त्तोः (नृमनः) नृषु मनो ज्ञानं तत्सम्बुद्धौ (प्र) प्रकृष्टार्थे (अरुजः) रुज (पुरः) अग्रतः (प्र) प्रकृष्टार्थे (ऋजिश्वानम्) यऋजीन् ज्ञानादिसरलान् गुणानश्नुते तं धार्मिकं मनुष्यम् । अत्र इकृष्यादिभ्यइत्यृजधातोरिक् । अशूङ् धातोर्ङ्वनिप् । अकारलोपश्च (दस्युहत्येषु) दस्यूनां हत्या हननानि येषु सङ्ग्रामादिव्यवहारेषु (आविथ) रक्ष ॥ ५ ॥

अन्वयः-हे नृमणस्त्वं पुरः स्वधाभिः पिप्रोराज्ञामृजिश्वानं चाविथ ये मायिनो मायाभिः शुप्तावधि परपदार्थान्नजुह्वत तान्दस्यूनपाधमो दूरीकुरु दस्युहत्येषु प्रारुजः प्रभग्नान् कुरु ॥५॥

भावार्थः-यः सभाद्यध्यक्षः स्वसत्यन्यायेन श्रेष्ठदुष्टकर्मकारिभ्योयथावत्फलानि दत्वा रक्षति सएवाऽत्र साम्यभाग्भवेत् ॥५॥

पदार्थः-हे (नृमणः) मनुष्यों में मन रखने वाले सभाध्यक्ष (त्वम्) आप (पुरः) प्रथम (स्वधाभिः) अन्नादिपदार्थों से (पिप्रोः) न्याय कीपूर्ण

करने हारे न्यायाधीशों की आज्ञा और (ऋजिश्वानम्) ज्ञान आदि सरल गुणों से युक्त को (प्राविथ) रक्षा कर और जो (मायिनः) निन्दित बुद्धि वाले (मायाभिः) कपट छलादि से वा (शुष्णं) सोने के उपरान्त पराये पदार्थों को (अजुहत) हरण करते हैं उन डाकू आदि दुष्टों को (अपाधमः) दूर कीजिये और उन को (दस्युहत्येषु) डाकुओं के हनन रूप संग्रामों में (प्रारुजः) छिन्न भिन्न कर दीजिये॥५॥

भावार्थः—जो सभाध्यक्ष अपने सत्यरूपी न्याय से उत्तम वा दुष्ट कर्मों के करने वाले मनुष्यों के लिये फलों को देकर दोनों की यथायोग्य रक्षा करता है वही इस गजत् में सत्कार के योग्य होता है ॥ ५ ॥

पुनरपि सभाध्यक्षगुणाउप० ॥

फिर भी अगले मंत्र में सभाध्यक्ष के गुणों का उप० ॥

त्वं कुत्सं शुष्णहत्येष्वाविथारन्धयोऽतिथिग्वाय शम्बरम् । महान्तं चिदर्बुदं नि क्रमीः पदा सनादेव दस्युहत्याय जज्ञिषे ॥६॥

त्वम् । कुत्सम् । शुष्णऽहत्येषु । आविथ । अरन्धयः । अतिथिऽग्वाय । शम्बरम् । महान्तम् । चित् । अर्बुदम् । नि । क्रमीः । पदा । सनात् । एव । दस्युऽहत्याय । जज्ञिषे ॥ ६ ॥

पदार्थः—(त्वम्) सभाध्यक्षः (कुत्सम्) वज्रादिशस्त्रसमूहम् (शुष्णहत्येषु) शुष्णानां बलानां हत्या हननं येषु संग्रामेषु । शुष्णमिति बलना० निघं० । २ । ९ । (आविथ) रक्ष (अरन्धयः) हिन्धि (अतिथिग्वाय) अतिथीनां गमनाय ।

अत्रातिथ्युपपदाद्गमधातोर्बाहुलकादौणादिको ड्वः प्रत्ययः (शम्बरम्) बलम् । शम्बरमितिबलना० निघं० २ । ९ (महान्तम्) महागुणविशिष्टम् (चित्) इव (अर्बुदम्) असङ्ख्यातगुणविशिष्टम् (नि) नितराम् (क्रमीः) क्रमस्व (पदा) पादेन (सनात्) संभजनात् (एव) निश्चयार्थे (दस्युहत्याय) दस्यूनां हननं यस्मिन् व्यवहारे तस्मै (जज्ञिषे) जातोऽसि जातोऽस्ति वा॥ ६ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् वीर यतस्त्वं पदा पदाक्रान्तं शत्रुसमूहं चिदिव शुष्णहत्येषु युद्धेषु महान्तं कुत्सं धृत्वा प्रजा आविथ शत्रूनरन्धयोऽतिथिग्वाय शुद्धमार्गायार्बुदं शम्बरं बलं निक्रमीः सनात्पदा दस्युहत्यायैव जज्ञिषे तस्मादस्माभिः सत्कर्त्तव्योसि ॥ ६ ॥

भावार्थः—सभाद्यध्यक्षादिभिर्यथा सूर्यस्तथा शत्रून्हत्वा श्रेष्ठान्पालयित्वा शुद्धान् मार्गान् कृत्वाऽसंख्यातं बलं धृत्वा शत्रूणां हननाय प्रभावो वर्द्धनीयः ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् शूर वीर मनुष्य जिस से (त्वम्) तू (पदा) पाद से आक्रान्त हुए शत्रु समूह को मारने वाले के (चित्) समान (शुष्णहत्येषु) शत्रुओं के बलों के हनने योग्य व्यवहारों में (महान्तम्) महागुणविशिष्ट (कुत्सम्) शस्त्र वर वज्र को धारण करके प्रजा को (आविथ) रक्षा करते औ दुष्टों को (अरन्धयः) मारते हो (अतिथिग्वाय) अतिथि यों के जाने आने को शुद्ध मार्ग के लिये (अर्बुदम्) असंख्यातगुणविशिष्ट (शम्बरम्) बल को नित्यशः क्रम से बढ़ाते हो (सनात्) अच्छे प्रकार सेवन करने से (पदा) पदाक्रान्त शत्रु सेना को नाश करते हो (दस्युहत्याय) शत्रुओं के मारने रूप व्यवहार के लिये (एव) ही (जज्ञिषे) उत्पन्न हुए हो इस से हम लोग आप का सत्कार करते हैं ॥ ६ ॥

भावार्थः—सभाध्यक्षादिकों को योग्य है कि जैसे शत्रुओं को मार श्रेष्ठों की रक्षा मार्गों को शुद्ध और असंख्यात बल को धारण कर शत्रुओं के मारने के लिये अत्यन्त प्रभाव बढ़ावें ॥ ६ ॥

पुनः सभाद्यध्यक्षः कीदृश इत्यु०

फिर वह सभा आदि का अध्यक्ष कैसा है इस०

त्वे विश्वा तविषी सध्र्यग्घिता तव राधः सोमपीथाय हर्षते। तव वज्रश्चिकिते बाह्वोर्हितो वृश्चा शत्रोरव विश्वानि वृष्ण्या ॥७॥

त्वे इति । विश्वा । तविषी । सध्र्यक् । हिता । तव । राधः । सोमऽपीथाय । हर्षते । तव । वज्रः । चिकिते । बाह्वोः । हितः । वृश्च । शत्रोः । अव । विश्वानि । वृष्ण्या ॥७॥

पदार्थः–(त्वे) त्वयि (विश्वा) अखिला (तविषी) बलयुक्ता सेना (सध्र्यक्) सह सेवमानम् (हिता) हितकारिणी (तव) (राधः) धनम् (सोमपीथाय) सुखकारकपदार्थभोगाय (हर्षते) हर्षति । अत्र व्यत्ययेनात्मनेपदम् (तव) (वज्रः) शस्त्रसमूहः (चिकिते) चिकित्सति (बाह्वोः) भुजयोः (हितः) धृतः (वृश्च) छिन्धि (शत्रोः) (अव) रक्ष (विश्वानि) सर्वाणि (वृष्ण्या) वृषभ्यो वीरेभ्यो हितानि बलानि ॥ ७ ॥

अन्वयः–हे विद्वँस्त्वे त्वयि या विश्वा तविषी हिता सध्र्यग्राधः सोमपीथाय हर्षते यस्तव बाह्वोर्हितो वज्रो येन भवान् चिकिते सुखानि ज्ञापयति तेनाऽस्माकं विश्वानि वृष्ण्याऽव शत्रोर्बलं वृश्च ॥ ७ ॥

भावार्थः—यदि च श्रेष्ठेषु बलं जायेत तर्हि सर्वेषां सुखं वर्द्धेत यदि दुष्टेषु बलमुत्पद्येत तर्हि सर्वेषां दुःखं वर्द्धेत तस्माच्छ्रेष्ठानां सुखबलवृद्धिर्दुष्टानां बलहानिर्नित्यं कार्येति ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् मनुष्य (त्वे) आप में जो (विश्वा) सब (तविषी) बल (हिता) स्थापित किया हुआ (सध्र्यक्) साथ सेवन करने वाला (राधः) धन (सोमपीथाय) सुख करने वाले पदार्थों के भोग के लिये (हर्षते) हर्ष युक्त करता है जो (तव) आप के (बाह्वोः) भुजाओं में (हितः) धारण किया (वज्रः) शस्त्रसमूह है जिस से आप (चिकिते) सुखों को जानते हो उस से हम लोगों के (विश्वानि) सब (वृष्ण्या) वीरों के लिये हित करने वाले बल को (अव) रक्षा और (शत्रोः) शत्रु के बल का नाश कीजिये ॥ ७ ॥

भावार्थः—जो श्रेष्ठों में बल उत्पन्न हो तो उस से सब मनुष्यों को सुख होवे जो दुष्टों में बल होवे तो उस से सब मनुष्यों को दुःख होवे इस से श्रेष्ठों के सुख की वृद्धि और दुष्टों के बल की हानि निरन्तर करनी चाहिये ॥ ७ ॥

पुनः स किं कुर्यादित्यु० ॥

फिर वह सभाध्यक्ष क्या करे इस० ॥

वि जा॑नी॒ह्यार्या॒न्ये च॒ दस्य॑वो ब॒र्हिष्म॑ते रन्धया॒ शास॑दव्र॒तान्। शाकी॑ भव॒ यज॑मानस्य चोदि॒ता विश्वेत्ता ते॑ सध॒मादे॑षु चाकन ॥८॥

वि । जा॒नी॒हि॒ । आर्या॑न् । ये । च॒ । दस्य॑वः । ब॒र्हिष्म॑ते । र॒न्ध॒य॒ । शास॑त् । अ॒व्र॒तान् । शाकी॑ । भ॒व॒ । यज॑मानस्य । चो॒दि॒ता । विश्वा॑ । इत् । ता । ते॒ । स॒ध॒मादे॑षु । चा॒क॒न॒ ॥ ८ ॥

पदार्थः—(वि) विशेषार्थे (जानीहि) विद्धि (आर्य्यान्) धार्मिकानाप्तान्विदुषः सर्वोपकारकान्मनुष्यान् (ये) वक्ष्यमाणाः (च) समुच्चये (दस्यवः) परपीडका मूर्खा धर्मरहिता दुष्टा मनुष्याः (बर्हिष्मते) बर्हिषः प्रशस्ता ज्ञानादयो गुणा विद्यन्ते यस्मिन् व्यवहारे तन्निष्पत्तये (रन्धय) हिंसय (शासत्) शासनं कुर्वन् (अव्रतान्) सत्यभाषणादिरहितान् (शाकी) प्रशस्तः शाकः शक्तिर्विद्यते यस्य सः (भव) निर्वर्त्तस्व (यजमानस्य) यज्ञनिष्पादकस्य (चोदिता) प्रेरकः (विश्वा) सर्वाणि (इत्) एव (ता) तानि (ते) तव (सधमादेषु) सुखेन सह वर्त्तमानेषु स्थानेषु (चाकन) कामये । अत्र कनधातोर्वर्त्तमाने लिट् तुजादीनां दीर्घोऽभ्यासस्येत्यभ्यासदीर्घत्वं च ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे मनुष्य त्वं बर्हिष्मत आर्य्यान्विजानीहि ये दस्यवः सन्ति ताँश्च विदित्वा रन्धय।ऽव्रतान् शासत् यजमानस्य चोदिता सन् शाकी भव यतस्ते तवोपदेशेन सङ्गेन वा सधमादेषु ता तानि विश्वाविश्वान्येतानि सर्वाणि कर्माणीदेवाहं चाकन ॥८॥

भावार्थः— मनुष्यैर्दस्युस्वभावं विहायाऽऽर्य्यस्वभावयोगेन नित्यं भवितव्यम् । तआर्य्या भवितुमर्हन्ति ये सद्विद्यादिप्रचारेण सर्वेषामुत्तमभोगसिद्धयेऽधर्मदुष्टनिवारणाय च सततं प्रयतन्ते न खलु कश्चिदार्यसङ्गाध्ययनोपदेशैर्विना यथावद्विद्वान् धर्मात्माऽऽर्य्यस्वभावो भवितुं शक्नोति तस्मात्किल सर्वैरुत्तमानि गुणकर्माणि सेवित्वा दस्युकर्म्माणि हित्वा सुखयितव्यम् ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्य तू (बर्हिष्मते) उत्तम सुखादि गुणों के उत्पन्न करने वाले व्यवहार की सिद्धि के लिये (आर्य्यान्) सर्वोपकारक धार्मिक विद्वान् मनुष्यों को (विजानीहि) जान और (ये) जो (दस्यवः) परपीड़ा करने वाले अधर्मी दुष्ट मनुष्य हैं उन को जान कर (बर्हिष्मते) धर्म की सिद्धि के लिये (रन्धय)

मार और उन (अव्रतान्) सत्यभाषणादि धर्म रहित मनुष्यों को (शासत्) शिक्षा करते हुए (यजमानस्य) यज्ञ के करता का (चोदिता) प्रेरणा कर्त्ता और (शाकी) उत्तम शक्ति युक्त सामर्थ्य को (भव) सिद्ध कर जिस से (ते) तेरे उपदेश वा सङ्ग से (सधमादेषु) सुखों के साथ वर्त्तमान स्थानों में (ता) उन (विश्वा) सब कर्मों को सिद्ध करने को (इत्) ही मैं (चाकन) इच्छा करता हूं ॥ ८ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को दस्यु अर्थात् दुष्टस्वभाव को छोड़ कर आर्य्य अर्थात् श्रेष्ठ स्वभावों के आश्रय से वर्त्तना चाहिये । वे ही आर्य हैं कि जो उत्तम विद्यादि के प्रचार से सब के उत्तम भोग की सिद्धि और अधर्मी दुष्टों के निवारण के लिये निरन्तर यत्न करते हैं निश्चय करके कोई मनुष्य आर्य्यों के संग उन से अध्ययन वा उपदेशों के विना यथावत् विद्वान् धर्मात्मा आर्यस्वभाव युक्त होने को समर्थ नहीं होसकता इस से निश्चय करके आर्य के गुण और कर्मों को सेवन कर निरन्तर सुखी रहना चाहिये ॥ ८ ॥

पुनः स किं कुर्वन् किं कुर्यादित्यु०

फिर वह क्या करके किस को करे इस०

अनुव्रताय रन्धयन्नपव्रतानाभूभिरिन्द्रः श्नथयन्ननाभुवः । वृद्धस्य चिद्वर्धतो द्यामिनक्षतः स्तवानो वम्रो वि जघान सन्दिहः ॥ ९ ॥

अनुऽव्रताय । रन्धयन् । अपऽव्रतान् । आऽभूभिः । इन्द्रः । श्नथयन् । अनाभुवः । वृद्धस्य । चित् । वर्धतः । द्याम् । इनक्षतः । स्तवानः । वम्रः । वि । जघान । सम्ऽदिहः ॥ ९ ॥

पदार्थः–(अनुव्रताय) अनुगतानि धर्म्याणि व्रतानि यस्य तस्मै (रन्धयन्) सेनया सामादिभिर्वा हिंसयन् (अपव्रतान्) अपगतानि दुष्टानि मिथ्याभाषणादीनि व्रतानि कर्माणि येषा-न्तान् दस्यून् (आभूभिः) समन्ताद्भवन्ति वीरा यासु प्रशासनक्रि-यासु ताभिः (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् सभाशालासेनान्यायाधीशः (श्नथयन्) हिंसयन् (अनाभुवः) ये समन्ताद्धर्माचरणे भवन्ति त आभुवो नाभुवोऽनाभुवस्तान् (वृद्धस्य) ज्ञानादिगुणैः श्रेष्ठस्य (चित्) इव (वर्धतः) यो गुणैर्दोषैर्वा वर्धते तस्य (द्याम्) किरण-प्रकाशवद्विद्याप्रकाशम् (इनक्षतः) व्याप्नुवतः । अयं निपातेकारो-पपदस्य नक्षधातोः प्रयोगः (स्तवानः) यः स्तौति सः (वम्रः) उद्गि-रकस्त्यक्ता (वि) विशेषे (जघान) हन्ति (सन्दिहः) संदिहत्यसौ सन्दिहः ॥ ६ ॥

अन्वयः–मनुष्यैर्यइन्द्रः परमविद्याद्यैश्वर्यवान्मनुष्यआभूभिः सह वर्त्तमानोऽनुव्रतायार्यायाव्रतान् दुष्टान् दस्यून् रंधयन्ननाभुवः श्नथयन् शिथिलीकुर्वन्निनक्षतो वर्धतो वृद्धस्य स्तवानो वम्रो-ऽधर्मस्योद्गिरकः सन्दिहो द्यां चिदिव प्रकाशं कुर्वन्सूर्य्यइव विद्या-प्रचारं विस्तारयन् दुष्टान् विजघान विशेषेण हन्ति सएव कुल-भूषकोऽस्ति तं सर्वाधिपतित्वेऽधिकृत्य राजधर्मः पालनीयः ॥ ६ ॥

भावार्थः–अत्रोपमालं०। मनुष्यैर्धार्मिकैर्भूत्वा सर्वान्मनुष्यान-विद्यातो निवर्त्य विद्यावतः कृत्वा धर्माऽधर्मौ संदिह्य निश्चित्य च धर्मग्रहणमधर्मत्यागश्च कार्य्यः कारयितव्यश्च । सदैवार्य्याणां संग-ङ्कृत्वा दस्यूनां च त्यक्त्वा सर्वोत्तमायां व्यवस्थायां वर्त्तितव्य-मिति ॥ ६ ॥

पदार्थः–मनुष्यों को उचित है कि जो (इन्द्रः) परम विद्या आदि ऐश्वर्य्य वाला सभा शाला सेना और न्याय का अध्यक्ष (आभूभिः) उत्तम वीरों को

शिक्षा करने वाली क्रियाओं के साथ बर्त्तमान (अनुव्रताय) अनुकूल धर्म युक्त व्रतों के धारण करने वाले आर्य मनुष्य के लिये (अपव्रतान्) मिथ्या भाषणादि दुष्ट कर्म युक्त डाकू मनुष्यों को (रन्धयन्) अति ताड़ना करता हुआ (अनाभुवः) जो धर्मात्माओं से विरुद्ध मनुष्य हैं उन पापियों को (श्नथयन्) शिथिल करता (इनक्षतः) व्याप्तियुक्त (वर्धतः) गुण दोषों से बढ़ने वाले (वृद्धस्य) ज्ञानादि गुणों से युक्त श्रेष्ठ को (स्तवानः) स्तुति का कर्त्ता (बम्रः) अधर्म का नाश (संदिहः) धर्माऽधर्म को सन्देह से निश्चय करने वाला (द्याम्) सूर्य प्रकाश के (चित्) समान विद्या के प्रकाश को विस्तार युक्त करता हुआ दुष्टों को (विजघान) विशेष करके मारता है उसी कुल को सुभूषित करने वाले आर्य मनुष्य को सभाधिपतिपन में स्वीकार कर राजधर्म का यथावत् पालन करें ॥ ८ ॥

भावार्थः-इस मंत्र में उपमालंकार है। सब धार्मिक मनुष्यों को उचित है कि सब मनुष्यों को अविद्या से निवारण और विद्या पढ़ा विद्वान् कर के धर्माऽधर्म के विचार पूर्वक निश्चय से धर्म का ग्रहण और अधर्म का त्याग करें सदैव आर्यों का सङ्ग डाकुओं के सङ्ग का त्याग कर सब से उत्तम व्यवस्था में वर्त्तें ॥ ८ ॥

पुनः सभाध्यक्षः कीदृश इत्यु० ॥

फिर वह सभाध्यक्ष कैसा हो इस० ॥

तक्षद्यत्त॑उशना॒ सह॑सा॒ सहो॒ वि रोद॑सी म॒ज्मना॑ बाधते॒ शवः॑ । आ त्वा॒ वात॑स्य नृमणो मनो॒युज॒ आपूर्य॑माणमवहन्न॒भि श्रवः॑ ॥ १० ॥ १० ॥

तक्ष॑त् । यत् । ते॒ । उ॒शना॑ । सह॑सा । सहः॑ । वि । रोद॑सी॒इति॑ । म॒ज्मना॑ । बा॒धते॒ । शवः॑ । आ । त्वा॒ । वात॑स्य । नृऽम॒नः॒ ।

मनः॒ऽयुजः॑ । आ । पूर्य॑माणम् । अ॒व॒ह॒न् । अ॒भि । श्रवः॑ ॥ १० ॥ १० ॥

पदार्थः—(तक्षत्) तनूकरोति (यत्) (ते) तव (उशना) कामयमानः (सहसा) सामर्थ्येनाकर्षणेन वा (सहः) बलं सहनम् (वि) विशेषार्थे (रोदसी) द्यावापृथिव्यौ (मज्मना) शुद्धेन बलेन । मज्मेति बलना० । निघं० २ । ६ (बाधते) विलोडयति (शवः) बलम् (आ) समन्तात् (त्वा) त्वाम् (वातस्य) बलिष्ठस्य वायोरिव (नृमणः) नृषु नयनकारिषु मनो यस्य तत्सम्बुद्धौ (मनोयुजः) ये मनसा युज्यंते ते भृत्याः (आ) समन्तात् (पूर्य्यमाणम्) न्यूनतारहितम् (अवहन्) प्राप्नुयुः (अभि) आभिमुख्ये (श्रवः) श्रवणमन्नं वा ॥ १० ॥

अन्वयः—हे नृमणो विद्वन्नुशना भवान् सहसा शत्रूणां सहो हत्वा सूर्यो रोदसी भूमिप्रकाशाविव मज्मना स्वकीयेन शुद्धेन बलेन शवः शत्रूणां बलं विबाधतस्रातक्षच्च । मनोयुजो भृत्यास्त्वा त्वामाश्रित्य ते तव वातस्यापूर्यमाणं श्रवोऽभ्यवहन् समन्तात्प्राप्नुयुः ॥ १० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० । नहि विदुषा सेनाद्यध्यक्षेण विना पृथिवीराज्यव्यवस्था शत्रूणां बलहानिर्विद्यासद्गुणप्रकाशावुत्तमान्नादिप्राप्तिश्च जायते ॥ १० ॥

पदार्थः—हे (नृमणः) मनुष्यों में मन देने वाले (उशना) कामयमान विद्वान् आप (सहसा) अपने सामर्थ्य से शत्रुओं के (सहः) बल का हनन करके जैसे सूर्य (रोदसी) भूमि और प्रकाश को करता है वैसे (मज्मना) शुद्ध बल से (शवः) शत्रुओं के बल को (विबाधते) विलोड़न वा (आतक्षत्) छेदन करते हो और (ते) आप के (मनोयुजः) मन से युक्त होने वाले भृत्य (त्वा)

आप का आश्रय लेके (ते) आप के (वातस्य) बल युक्त वायु के सम्बन्धी (आपूर्यमाणम्) न्यूनतारहित (श्रवः) श्रवण और अन्नादि को (अभ्यावहन्) प्राप्त होवें ॥ १० ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० विद्वान् सेनाध्यक्ष के विना पृथिवी के राज्य की व्यवस्था शत्रुओं के बल की हानि विद्यादि सद्गुणों का प्रकाश और उत्तम अन्नादि की प्राप्ति नहीं होती ॥ १० ॥

पुनः स कीदृश इत्यु० ॥

फिर वह कैसा हो इस० ॥

मन्दिष्ट यदुशने काव्ये सचाँ इन्द्रो वङ्कू वंङ्कुतराधितिष्ठति । उग्रो ययिं निरपः स्रोतसा सृजद्वि शुष्णस्य दृंहिता ऐरयत्पुरः ॥ ११ ॥

मन्दिष्ट । यत् । उशने । काव्ये । सचा । इन्द्रः । वङ्कूइति । वङ्कुऽतरा । अधि । तिष्ठति । उग्रः । ययिम् । निः । अपः । स्रोतसा । असृजत् । वि । शुष्णस्य । दृंहिताः । ऐरयत् । पुरः ॥ ११ ॥

पदार्थः—(मन्दिष्ट) अतिशयेन मन्दिता तत्सम्बुद्धौ (यत्) यस्मिन् (उशने) कामयमाने (काव्ये) कवीनां कर्मणि (सचा) विज्ञानप्रापकेन गुणसमूहेन (इन्द्रः) सभाध्यक्षः (वङ्कू) कुटिलगती शत्रूदासिनौ (वङ्कुतरा) अतिशयेन कुटिलौ (अधि)

ईश्वरोपरिभावयोः (तिष्ठति) प्रवर्त्तते (उग्रः) दुष्टानां हन्ता (ययिम्) याति सोऽयं ययिर्मेघस्तम् (निः) नितराम् (अपः) जलानीव प्राणान् (स्रोतसा) प्रस्रवितेन (असृजत्) सृजति (वि) विशिष्टार्थे (शुष्णस्य) बलस्य (दृंहिताः) वर्धिकाः क्रियाः (ऐरयत्) गमयति (पुरः) पूर्वम् ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे मन्दिष्ठ यउग्रइन्द्रः सभाध्यक्षो भवान्सूर्य्यः स्रोतसाऽपइव यद्वंकू कुटिलौ वंकुतरौ शत्रूदासीनावधितिष्ठति यथा सविता ययिं मेघं निरसृजत्तथा शुष्णस्य बलस्य दृंहिताः क्रियाः पुरो व्यैरयद्विविधतया प्रेरते तथा त्वं भव ॥ ११ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० मनुष्यैर्यः कविः सर्वशास्त्रवेत्ता कुटिलताविनाशको दुष्टानामुपर्युग्रः श्रेष्ठानामुपरि कोमलः सर्वथा बलवर्द्धकः पुरुषोऽस्ति सएव सभाधिकारादिषु योजनीयः ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे (मन्दिष्ठ) अतिशय करके स्तुति करने वाले जो (उग्रः) दुष्टों को मारने वाले (इन्द्रः) सभाध्यक्ष आप जैसे सूर्य (स्रोतसा) स्रोताओं से (आपः) जलों को बहाता है वैसे (उशने) अतीव सुन्दर (यत्) जिस (काव्ये) कवियों के कर्म में जो (वङ्कू) कुटिल (वङ्कुतरा) अतिशय करके कुटिल चाल वाले शत्रु और उदासी मनुष्यों के (अधितिष्ठति) राज्य में अधिष्ठाता होते हो जैसे सविता (ययिम्) मेघ को (निरसृजत्) नित्य सर्जन करता है वैसे (शुष्णस्य) बल को (दृंहिताः) वृद्धि कराने हारी क्रियाओं को (पुरः) पहिले (व्यैरयत्) प्राप्त करते हो सो आप सब को सत्कार करने योग्य हो ॥ ११ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० मनुष्यों को योग्य है कि जो कवि सब शास्त्र का वक्ता कुटिलता का विनाश करने दुष्टों में कठोर श्रेष्ठों में कोमल सर्वथा बल को बढाने वाला पुरुष है उसी को सभा आदि के अधिकारों में स्वीकार करें ॥ ११ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा है इस० ॥

आ स्म रथं वृषपाणेषु तिष्ठसि शार्यातस्य

प्रभृता येषु मन्दसे। इन्द्र यथा सुतसोमेषु चाकनोऽनर्वाणं श्लोकमारोहसे दिवि ॥ १२ ॥

आ । स्म । रथम् । वृषऽपानेषु । तिष्ठसि । शार्यातस्य । प्रऽभृताः । येषु । मन्दसे । इन्द्र । यथा । सुतऽसोमेषु । चाकनः । अनर्वाणम् । श्लोकम् । आ । रोहसे । दिवि ॥ १२ ॥

पदार्थः-(आ) अभितः (स्म) एव (रथम्) विमानादिकम् (वृषपानेषु) ये वृषन्ति पोषयन्ति ते वृषाः सोमादयः पदार्थास्तेषां पानेषु (तिष्ठसि) (शार्य्यातस्य) यो वीरसमूहं शरितुं हिंसितुं योग्यान्समन्तान्निरन्तरमतति व्याप्नोति तस्य मध्ये । अत्र अधातोर्बहुलमौणादिकः । अतधातोरच् प्रत्ययः (प्रभृताः) प्रकृष्टतया धृताः (येषु) उत्तमगुणेषु पदार्थेषु (मन्दसे) हर्षसि (इन्द्र) उत्कृष्टैश्वर्य्ययुक्त (यथा) येन प्रकारेण (सुतसोमेषु) सुता निष्पादिताः सोमा उत्तमा रसा येभ्यस्तेषु (चाकनः) कामयसे (अनर्वाणम्) अग्न्याद्यश्वसहितं पश्वाद्यश्वरहितम् । अर्वेत्यश्वना० । निघं० १ । १४ (श्लोकम्) सर्वावयवैः संहितावाचम् (आ) समन्तात् (रोहसि) (दिवि) द्योतनात्मके सूर्यप्रकाशयुक्तेऽन्तरिक्षइव न्यायप्रकाशे ॥ १२ ॥

अन्वयः-हे इन्द्र विद्वन् सभाध्यक्ष यस्मात्त्वं यथा विद्वांसः पदार्थविद्यां सम्यगेत्य सुखानि प्राप्नुवन्ति ये शार्य्यातस्य येषु सुतसोमेषु वृषपाणेषु व्यवहारेषु प्रभृतास्तथैतान्प्राप्य मन्दसेऽनर्वाणं रथं

श्लोकमातिष्ठसि चाकनः दिव्यारोहसि तस्मात्त्वं योग्योऽसि ॥१२॥

भावार्थः—अत्रोपमालङ्कारः । नहि विमानादियानैर्विद्वत्सङ्गेन च विना कस्यचित्सुखं सम्भवति तस्माद्विद्वत्सभां पदार्थज्ञानोपयोगौ च कृत्वा सर्वैरानन्दितव्यम् ॥ १२ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) उत्तम ऐश्वर्य वाले सभाध्यक्ष जिस से तू (यथा) जैसे विद्वान् लोग पदार्थ विद्या को सिद्ध करके सुखों को प्राप्त होते और जो (शार्यातस्य) वीर पुरुष के (येषु) जिन (सुतसोमेषु) उत्तम रसों से युक्त (वृषपाणेषु) पुष्टि करने वाले सोमलतादि पदार्थों अर्थात् वैद्यक शास्त्र की रीत से अति श्रेष्ठ बनाये हुए और उत्तम व्यवहारों में (प्रभृताः) धारण किये हों वैसे उन को प्राप्त हो के (मन्दसे) आनन्दित होते और (अनर्वाणम्) अग्नि आदि अश्व सहित पशु आदि अश्व रहित (श्लोकम्) सब अवयवों से सहित रथ के मध्य (स्म) ही (आतिष्ठसि) स्थित और उस की (चाकनः) इच्छा करते हैं और (दिवि) प्रकाश रूप सूर्य लोक में (आरोहसे)आरोहण करते हो (स्म) इस लिये आप योग्य हो ॥ १२ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं० । विमानादि यान वा विद्वानों के सङ्ग के विना किसी मनुष्य को सुख नहीं हो सकता इस से विद्वानों की सभा वा पदार्थों के ज्ञान के उपयोग से सब मनुष्यों को आनन्द में रहना चाहिये ॥१२॥

पुनः स कीदृशइत्यु०

फिर वह कैसा हो इस०

अद॑दा अ॒र्भां म॑ह॒ते व॑च॒स्यवे॑ क॒क्षीव॑ते वृच॒यामि॑न्द्र सुन्व॒ते । मेना॑ऽभवो वृषण॒श्वस्य॑ सुक्रतो॒ विश्वे॒त्ता ते॒ सव॑नेषु प्र॒वाच्या॑ ॥ १३ ॥

अद॑दाः । अ॒र्भाम् । म॒ह॒ते । व॒च॒स्यवे॑ । क॒क्षीव॑ते । वृ॒च॒याम् । इ॒न्द्र॒ । सु॒न्व॒ते । मेना॑ ।

अभवः । वृषणऽश्वस्य । सुक्रतोऽइतिसुक्रतो । विश्वा । इत् । ता । ते । सवनेषु । प्रऽवाच्या ॥ १३ ॥

पदार्थः-(अददाः) देहि (अर्भाम्) अल्पामपि शिल्पक्रियां वाचं वा (महते) महागुणविशिष्टाय (वचस्यवे) आत्मनो वचः शास्त्रोपदेशमिच्छवे (कक्षीवते) कक्षाः प्रशस्ताऽङ्गुलयइव विद्याप्रान्ता विद्यन्ते यस्य तस्मै। कक्षाइत्यङ्गुलिना० निघं० २।५ (वृचयाम्) छेदनभेदनप्रकाराम् (इन्द्र) शिल्पक्रियाविद्विद्वन् (सुन्वते) शिल्पविद्यानिष्पादकाय (मेना) वाणी। मेनेति वाङ्ना० निघं० १।११। (अभवः) भव (वृषणश्वस्य) वृषणो वृष्टिहेतवो यानगमयितारो वाऽश्वा यस्य तस्य। वा०—वृषण्वस्वश्वयोश्च १।४।१८। अनेन भसंज्ञाकरणान्नलोपो न, णत्वं च भवति (सुक्रतो) शोभनाः क्रतवः प्रज्ञाः कर्माणि वा यस्य तत्सम्बुद्धौ (विश्वा) सर्वाणि (इत्) एव (ता) तानि (ते) तव (सवनेषु) सुन्वन्ति सुवन्ति यैः कर्मभिस्तेषु (प्रवाच्या) प्रकृष्टतया वक्तुं योग्या ॥१३॥

अन्वयः-हे सुक्रतो इन्द्र शिल्पविद्याविद्विद्वँस्त्वं वचस्यवे महते सुन्वते कक्षीवते जनाय यां वृचयामर्भां स्वल्पामपि क्रियामददाः या सवनेषु प्रवाच्या मेना वाक् क्रिया वा वृषणश्वस्य शिल्पक्रियामिच्छोस्ते यानि विश्वा कार्य्याणि सन्ति तानीदेव संसाधितुं समर्थोऽभवो भव ॥ १३ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु० विद्वद्भिरग्न्यादिपदार्थविद्यादानं कृत्वा सर्वेभ्यो हितं निष्पादनीयमिति ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे (सुक्रतो) शोभन कर्म युक्त (इन्द्र) शिल्प विद्या को जानने वाले विद्वान् तू (वचस्यवे) अपने को शास्त्रोपदेश की इच्छा करने वा (महते) महागुण विशिष्ट (सुन्वते) शिल्प विद्या को सिद्ध करने (कक्षीवते) विद्याप्रान्त अङ्गुली वाले मनुष्य के लिये जिस (वृचयाम्) छेदन भेदनरूप (अर्भाम्) थोड़ी भी शिल्पक्रिया को (अददाः) देते हो (सवनेषु) प्रेरणा करने वाले कर्मों में (प्रवाच्या) अच्छे प्रकार कथन करने योग्य (मेना) वाणी (वृषणश्वस्य) शिल्प क्रिया की इच्छा करने वाले (ते) आप के (विश्वा) सब कार्य्य हैं (ता) (इत्) उन ही के सिद्ध करने को समर्थ (अभवः) हूजिये ॥ १३ ॥

भावार्थः—विद्वान् मनुष्यों को अग्नि आदि पदार्थों से विद्यादान करके सब मनुष्यों के लिये हित के काम करने चाहिये ॥ १३ ॥

पुनः स कीदृग्गुणो भवेदित्यु०

फिर वह कैसे गुण वाला हो इस०

इन्द्रो अश्रायि सुध्यो निरेके पज्रेषु स्तोमो दुर्यो न यूपः। अश्वयुर्गव्यू रथयुर्वसूयुरिन्द्र इद्रायः क्षयति प्रयन्ता ॥ १४ ॥

इन्द्रः। अश्रायि। सुऽध्यः। निरेके। पज्रेषु। स्तोमः। दुर्यः। न। यूपः। अश्वऽयुः। गव्युः। रथऽयुः। वसुऽयुः। इन्द्रः। इत्। रायः। क्षयति। प्रयन्ता ॥ १४ ॥

पदार्थः—(इन्द्रः) सर्वाधीशः (अश्रायि) श्रियेत सेव्येत (सुध्यः) शोभना धीर्येषान्ते। अत्र छन्दस्युभयथा। अ०६। ४। ४० अनेन पाक्षिको यणादेशः (निरेके) निर्गता रेकाः शंका यस्मात्तस्मिन्

(पज्रेषु) शिल्पव्यवहारेषु । अत्र पन धातोर्बाहुलकादौणादिको रक्प्रत्ययो वर्णव्यत्ययेन जकारादेशश्च (स्तोमः) स्तुतिसमूहः (दुर्यः) गृहसम्बन्धी द्वारस्थः । दुर्याइति गृहना० । निघ०३ । ४ (न) इव (यूपः) स्तम्भः (अश्वयुः) आत्मनोऽश्वानिच्छुः (गव्युः) आत्मनो गा धेनुपृथिवीन्द्रियकिरणानिच्छुः (इन्द्रः) विद्याद्यैश्वर्य्यवान् (इत्) एव (रायः) धनानि (क्षयति) प्राप्नुयात् । लेट्प्रयोगोऽयम् (प्रयन्ता) प्रकर्षेण यमनकर्त्ता सन् ॥ १४ ॥

अन्वयः– योऽश्वयुर्गव्यूरथयुर्वसूयुरिदिवेन्द्रो रायः क्षयति स मनुष्यैर्यं सुध्यः सन्ति तैर्दुर्यो यूपो नेवायमिन्द्रो निरेकि पज्रेषु स्तोमः स्तोतुमर्होऽश्रायि ॥ १४ ॥

भावार्थः– अत्रोपमालंकारः । यथा सूर्यस्याश्रयेण बहूनि कार्याणि सिध्यन्ति तथा विदुषामग्निजलादीनां सकाशाद्रथ सिध्या धनप्राप्तिर्जायतइति ॥ १४ ॥

पदार्थः–जो (अश्वयुः) अपने अश्वों (गव्युः) अपने पृथिवी इन्द्रिय किरणों (रथयुः) अपने रथ और (वसूयुः) अपने द्रव्यों की इच्छा और (प्रयन्ता) अच्छे प्रकार नियम करने वाले के (इत्) समान (इन्द्रः) विद्यादि ऐश्वर्ययुक्त विद्वान् (रायः) धनों को (क्षयति) निवास युक्त करता है वह (सुध्यः) जो उत्तमबुद्धि वाले विद्वान् मनुष्य हैं उन से (दुर्यः) गृहसंबन्धी (यूपः) खंभाके (न) समान (इन्द्रः) विद्यादि ऐश्वर्यवान् विद्वान् (निरेकि) शंकारहित (पज्रेषु) शिल्पादि व्यवहारों में (स्तोमः) स्तुतिकरने योग्य (अश्रायि) सेवन युक्त होता है ॥ १४ ॥

भावार्थः–इस मंत्र में उपमालंकार है । जैसे सूर्य से बहुत उत्तम२ कार्य सिद्ध होते हैं वैसे विद्वान् वा अग्नि जलादि के सकाश से रथ की सिद्धि के द्वारा धन की प्राप्ति होती है ॥ १४ ॥

अथ सभाध्यक्षगुणा उप०

अब अगले मंत्र में सभाध्यक्ष के गुणों का उप०

इदन्नमो वृषभाय स्वराजे सत्यशुष्माय

तवसेऽवाचि । अस्मिन्निन्द्र वृजने सर्ववीराः स्मत्सूरिभिस्तव शर्मन्त्स्याम ॥ १५ ॥ ११ ॥

इदम् । नमः । वृषभाय । स्वऽराजे । सत्यऽशुष्माय । तवसे । अवाचि । अस्मिन् । इन्द्र । वृजने । सर्वऽवीराः । स्मत् । सूरिऽभिः । तव । शर्मन् । स्याम ॥ १५ ॥ ११ ॥

पदार्थः—(इदम्) प्रत्यक्षम् (नमः) सत्करणम् (वृषभाय) सुखवृष्टेः कर्त्रे (स्वराजे) स्वयं राजते तस्मै सर्वाधिपतये परमेश्वराय (सत्यशुष्माय) सत्यमविनश्वरं शुष्मं बलं यस्य तस्मै (तवसे)बलाय। तवइति बलना० निघं० २ । ९ । (अवाचि) उच्यते (अस्मिन्) जगति वक्ष्यमाणे वा (इन्द्र)परमपूज्य (वृजने) वर्जन्ति दुःखानि येन बलेन तस्मिन् । वृजनमिति बलना० निघं० २ । ९ (सर्ववीराः) सर्वे च वीराश्च ते सर्ववीराः (स्मत्) श्रेष्ठार्थे (सूरिभिः) मेधाविभिः सह (तव (शर्मन्) शर्मणि गृहे । शर्मेति गृहना० । निघं० ३ । ४ । (स्याम) भवेम ॥ १५ ॥

अन्वयः— हे इन्द्र सभेश यथा सूरिभिर्वृषभाय सत्यशुष्माय तवसे स्वराजे जगदीश्वरायेदं नमोऽवाच्युच्यते तथास्मदादिभिरप्युच्यतेवंविधाय वयं तवास्मिन्वृजने शर्मन्स्मत्सुष्ठुतया सर्ववीराः स्याम भवेम ॥ १५ ॥

भावार्थः—सर्वैर्मनुष्यैर्विद्वद्भिः सह वर्त्तमानैर्भूत्वा परमेश्वरस्योपासनां पूर्णप्रीत्या विद्वत्सङ्गं च कृत्वाऽस्मिन्संसारे परमानन्दः प्राप्तव्यः प्रापयितव्यश्चेति ॥ १५ ॥

अस्मिन्सूक्ते सूर्याग्निविद्युदादिपदार्थवर्णनं बलादिप्रापणमनेकालङ्कारोक्त्या विविधार्थवर्णनं सभाध्यक्षपरमेश्वरगुणप्रतिपादनं चोक्तमतएतत्सूक्तार्थस्य पूर्वसूक्तोक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति वेदितव्यम् । इत्येकादशो वर्गएकपंचाशं सूक्तं च समाप्तम् । वर्गः ११ सूक्तम् ॥ ५१ ॥

पदार्थः— हे (इन्द्र) परम पूजनीय सभापते जैसे (सूरिभिः) विद्वानों ने (वृषभाय) सुख की वृष्टि करने (सत्यशुष्माय) विनाश रहित बलयुक्त (तवसे) अति बल से प्रवृद्ध (स्वराजे) अपने आप प्रकाशमान परमेश्वर को (इदम्) इस (नमः) सत्कार को (अवाचि) कहते हैं वैसे हम भी करें ऐसे कर के हम लोग (तव) आपके (अस्मिन्) इस जगत् वा इस (वृजने) दुःखों को दूर करने वाले बल से युक्त (शर्मन्) गृह में (सत्) अच्छेप्रकार सुखो (स्याम) होवें ॥१५॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचलु० सब मनुष्यों को विद्वानों के साथ वर्त्तमान रह कर परमेश्वर ही की उपासना पूर्णप्रीति से विद्वानों का सङ्ग कर परम आनन्द को प्राप्त करना और कराना चाहिये ॥ १५ ॥

इस सूक्त में सूर्य अग्नि और बिजुली आदि पदार्थों का वर्णन बलादि की प्राप्ति, अनेक अलंकारों के कथन से विविध अर्थों का वर्णन, और सभाध्यक्ष तथा परमेश्वर के गुणों का प्रति पादन किया है इस से इस सूक्तार्थ की पूर्व सूक्तार्थ के साथ सङ्गति जाननी चाहिये। यह ग्यारहवां वर्ग ११ और इक्यावनवां सूक्त समाप्त हुआ ॥ ५१ ॥

———:o:———

अथाऽस्य पंचदशर्चस्य द्विपंचाशस्य सूक्तस्यांगिरसः सव्य ऋषिः । इन्द्रो देवता १ । ८ भुरिक् त्रिष्टुप् ७ त्रिष्टुप् ९ । १० स्वराट् त्रिष्टुप् १२ । १३ । १५ निचृत्त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः । २—४ निचृज्जगती ५ । १४ जगती ६ । ११ विराट् जगती च छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनः स इन्द्रः कीदृगित्यु०

अब बावनवें सूक्त का आरंभ है। उस के प्रथम मंत्र में इन्द्र कैसा हो इस विषय का उपदेश किया है

त्यं सु मे॒षं म॑हया स्व॒र्विदं॑ श॒तं यस्य॑ सु॒भ्वः॑ सा॒कमीर॑ते । अत्यं॒ न वाजं॑ हवन॒स्यदं॒ रथ॒मेन्द्रं॑ ववृत्या॒मव॑से सुवृ॒क्तिभिः॑ ॥ १ ॥

त्यम् । सु । मे॒षम् । म॒ह॒य॒ । स्व॒ःऽविद॑म् । श॒तम् । यस्य॑ । सु॒भ्वः॑ । सा॒कम् । ईर॑ते । अत्य॑म् । न । वाज॑म् । ह॒व॒न॒ऽस्यद॑म् । रथ॑म् । आ । इन्द्र॑म् । व॒वृ॒त्या॒म् । अव॑से । सु॒वृ॒क्तिभिः॑ ॥ १ ॥

पदार्थः—(त्यम्) तं सभाध्यक्षम् (सु) शोभने (मेषम्) सुखजलनाभ्यां सर्वान् सेक्तारम् (महय) पूजयोपकुरु वा । अत्रान्येषामपि दृश्यतइति दीर्घः (स्वर्विदम्) स्वरन्तरिक्षं विंदति येन तम् (शतम्) असंख्याताः (यस्य) इन्द्रस्य (सुभ्वः) ये जनाः सुष्टु सुखं भावयन्ति ते । अत्र छन्दस्युभयथेति यणादेशः (साकम्) सह (ईरते) गच्छंति प्राप्नुवन्ति (अत्यम्) अश्वम् । अत्यइत्यश्वना० निघं० १ । १४ (न) इव (वाजम्) वेगयुक्तम् (हवनस्यदम्) येन हवनं पन्थानं स्यन्दते तम् (रथम्) विमानादिकम् (आ) समन्तात् (इन्द्रम्) परमैश्वर्यवन्तम् (वदृत्याम्) वर्त्तयेयम् । लिङ्प्रयोगोऽयम् । बहुलं

छन्दसीत्यादिभिर्द्वित्वादिकम् (अवसे) रक्षणाद्याय (सुवृक्तिभिः) सुष्ठु शोभना वृक्तयो दुःखवर्जनानि यासु क्रियासु ताभिः ॥ १ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् यस्येन्द्रस्य सेनाध्यक्षस्य शतं सुभ्वो जनाः सुवृक्तिभिः साकमत्यमश्वं नेवावसे हवनस्यदं वाजमिन्द्रं स्वर्विदं रथमीरते येनाहं ववृत्यां वर्त्तयेयं त्यन्तं मेषं त्वं सुमहय ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० मनुष्या यथाऽश्वं नियोज्य रथादिकं चालयन्ति तथैतैर्वह्न्यादिभिर्यानानि वाहयित्वा कार्याणि साधयेयुः ॥ १ ॥

पदार्थः—(यस्य) जिस परमैश्वर्य्य युक्त सभाध्यक्ष के (शतम्) असंख्यात (सुभ्वः) सुखों को उत्पन्न करने वाले कारीगर लोग (सुवृक्तिभिः) दुःखों को दूर करने वाली उत्तम क्रियाओं के (साकम्) साथ (अत्यम्) अश्व के (न) समान अग्नि जलादि से (अवसे) रक्षादि के लिये (हवनस्यदम्) सुख पूर्वक आकाश मार्ग में प्राप्त करने वाले (वाजम्) वेगयुक्त (इन्द्रम्) परमोत्कृष्ट ऐश्वर्य के दाता (स्वर्विदम्) जिस से आकाश मार्ग से जा आ सकें उस (रथम्) विमान आदि यान को (ईरते) प्राप्त होते हैं और जिस से मैं (ववृत्याम्) वर्त्तता हूं (त्यम्) उस (मेषम्) सुख को वर्षाने वाले को हे विद्वान् मनुष्य तू उन का (सुमहय) अच्छे प्रकार सत्कार कर ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० मनुष्यों को जैसे अश्व को युक्त कर रथ आदि को चलाते हैं । वैसे अग्नि आदि से यानों को चला के कार्यों को सिद्ध कर सुखों को प्राप्त होना चाहिये ॥ १ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा हो इस० ॥

स पर्व॑तो॒ न ध॒रुणे॒ष्वच्यु॑तः स॒हस्र॑मूति॒स्तवि॑षीषु वावृधे । इन्द्रो॒ यद्वृ॒त्रमव॑धीन्नदी॒वृत॑मु॒ब्जन्नर्णां॑सि॒ जर्हृ॑षाणो॒ अन्ध॑सा ॥ २ ॥

सः । पर्वतः । न । धुरुणेषु । अच्युतः । सुहस्रम्ऽऊतिः । तविषीषु । वुवृधे । इन्द्रः । यत् । वृत्रम् । अवधीत् । नुदीऽवृतम् । उब्जन् । अर्णांसि । जर्हृषाणः । अन्धसा ॥ २ ॥

पदार्थः–(सः) पूर्वोक्तः (पर्वतः) मेघः (न) इव (धरुणेषु) धारकेषु वाय्वादिषु (अच्युतः) अक्षयः (सहस्रमूतिः) सहस्रमूतयो रक्षणादीनि यस्मात्सः । अत्र वाच्छन्दसि सर्वे विधयो भवन्तीति विभक्त्यलोपः (तविषीषु) बलयुक्तेषु सैन्येषु (वावृधे) अतिशयेन वर्द्धते (इन्द्रः) सूर्यः (यत्) यः (वृत्रम्) मेघम् (अवधीत्) हन्ति (नदीवृतम्) नदीभिर्वृतो युक्तो नदीर्वर्त्तयति वा तम् (उब्जन्) आर्जवं कुर्वन् । अधो निपातयन्वा (अर्णांसि) जलानि । अर्णइत्युदकना० निघं० १ । १२ (जर्हृषाणः) पुनः पुनर्हर्षं प्रापयन् (अन्धसा) अन्नादिना ॥ २ ॥

अन्वयः–हे राजप्रजाजन यथा धरुणेष्वच्युतोर्णांस्युब्जन्निन्द्रो नदीवृतं वृत्रमवधीत् स च पर्वतो नेव वावृधे पुनः पुनर्वर्धते यद्यस्त्वं शत्रून्हिंधि सहस्रमूतिस्तविषीषु जर्हृषाणः सन्नन्धसा वर्द्धस्व ॥ २ ॥

भावार्थः–अत्र वाचकलु० यो मनुष्यः सूर्यवत्सेनादिधारणं कृत्वा मेघवदन्नादिसामग्र्या सह वर्त्तमानो बलानि वर्धयति स गिरिवत्स्थिरसुखः सन् शत्रून् हत्वा राज्यं वर्द्धयितुं शक्नोति ॥ २ ॥

पदार्थः–हे राजप्रजाजन जैसे (धरुणेषु) धारकों में (अच्युतः) सत्य सामर्थ्य युक्त (अर्णांसि) जलों को (उब्जन्) बलपकड़ता हुआ (इन्द्रः) सविता (नदीवृतम्) नदियों से युक्त वा नदियों को वर्त्ताने वाले (वृत्रम्) मेघ को (अवधीत्) मारता है (सः) वह (पर्वतः) पर्वत के (न) समान (ववृधे) बढ़ता है वैसे

(यत्) जो तू शत्रुओं को मार (सहस्रमूतिः) असंख्यात रक्षा करने हारे (तविषीषु) बलों में (जर्हृषाणः) वार २ हर्ष को प्राप्त करता हुआ (अन्धसा) अन्नादि के साथ वर्त्तमान वार २ बढ़ाता रह ॥ २ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० जो मनुष्य सेना आदि को धारण कर और मेघ के तुल्य अन्नादि सामग्री के साथ वर्त्तमान हो के बलों को बढाता है वह पर्वत के समान स्थिर सुखी हो शत्रुओं को मार कर राज्य के बढाने में समर्थ होता है ॥ २ ॥

पुनः स कीदृश इत्यु० ॥

फिर वह कैसा है इस० ॥

स हि द्वरो द्वरिषु वव्र ऊधनि चन्द्रबुध्नो मदवृद्धो मनीषिभिः। इन्द्रं तमह्वे स्वपस्यया धिया मंहिष्ठरातिं स हि पप्रिरन्धसः ॥३॥

सः । हि । द्वरः । द्वरिषु । वव्रः । ऊधनि । चन्द्रऽबुध्नः । मदऽवृद्धः । मनीषिभिः । इन्द्रम् । तम् । अह्वे । सुऽअपस्यया । धिया । मंहिष्ठऽरातिम् । सः । हि । पप्रिः । अन्धसः ॥३॥

पदार्थः—(सः) पूर्वोक्तः (हि) किल (द्वरः) यो द्वरत्यावृणोति (द्वरिषु) आवरकेषु व्यवहारेषु (वव्रः) कूप इव । वव्र इति कूपना० निघं० ३ । २३ (ऊधनि) उषसि । अत्र वाच्छन्दसि सर्वे० इत्यूधसोनङिति समासान्तो नङादेशः । ऊध इत्युषर्ना० निघं० १ । ८ (चन्द्रबुध्नः) चन्द्रं सुवर्णं चन्द्रमा वा बुध्नेऽन्तरिक्षे यस्य यस्माद्वा सः । चन्द्रमिति हिरण्यना० निघं० १ । २ (मदवृद्धः) मदो हर्षो वृद्धो

यस्य यस्माद्वा सः (मनीषिभिः) मेधाविभिः। मनीषीति मेधाविना० निघं० ३। १५ (इन्द्रम्) विद्वांसम् (तम्) पूर्वोक्तम् (अह्वे) आह्वयामि (स्वपस्यया) अपइति कर्मना० निघं० २। १ (धिया) प्रज्ञया (मंहिष्ठरातिम्) अतिशयेन मंहिष्ठो रातिर्दानं यस्य यस्माद्वा तम् (सः) पूर्वोक्तः (हि) खलु (पप्रिः) पूरकः (अन्धसः) अन्नादेः॥३॥

अन्वयः—यऊधनि ह्वरिषु ह्वरश्चन्द्रबुध्नो मदवृद्धोऽन्धसः पप्रिर्वव्रइव मेघोऽस्ति तद्वन्मनीषिभिः सह वर्त्तमानः सभाध्यक्षो हि किल वर्त्तेत तं मंहिष्ठरातिमिन्द्रं स्वपस्यया धियाऽहमह्व आह्वयामि॥ ३॥

भावार्थः—अत्रोपमालं० मनुष्यैर्यो मेघवत्प्रजाः पालयति सूर्यवत्सुखं वर्षति स परमैश्वर्यवान् सभाध्यक्षः संस्थापनीयः॥३॥

पदार्थः—जो (ऊधनि) प्रातःकाल में (ह्वरिषु) अन्धकारावृत व्यवहारों में (ह्वरः) अन्धकार से आवृतद्वार (चन्द्रबुध्नः) बुध्न अर्थात् अन्तरिक्ष में सुवर्ण वा चन्द्रमा के वर्ण से युक्त (मदवृद्धः) हर्ष से बढ़ा हुआ (अन्धसः) अन्नादि को (पप्रिः) पूर्ण करने वाला (वव्रः) कूप के समान मेघ है उस के तुल्य (मनीषिभिः) मेधावियों के साथ (हि) निश्चय करके वर्त्तमान सभाध्यक्ष है (तम्) उस (मंहिष्ठरातिम्) अत्यन्त पूजनीय दानयुक्त (इन्द्रम्) विद्वान् को (स्वपस्यया) उत्तम कर्म युक्त व्यवहार में होने वाली (धिया) बुद्धि से मैं (अह्वे) आह्वान करता हूं॥ ३॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं० मनुष्यों को चाहिये कि जो मेघ के तुल्य प्रजापालन करता है उस परमैश्वर्य युक्त पुरुष को सभाध्यक्ष का अधिकार देवें॥ ३॥

पुनः स कीदृशइत्यु०॥

फिर वह कैसा है इस०॥

आ यं पृणन्ति दिवि सद्मबर्हिषः समुद्रं न

सुभ्व१ःस्वा अभिष्टयः । तं वृत्रहत्ये अनु तस्थु-
रूतयः शुष्मा इन्द्रमवाता अह्रुतप्सवः ॥ ४ ॥

आ । यम् । पृणन्ति । दिवि । सद्मऽबर्हिषः ।
समुद्रम् । न । सुऽभ्वः । स्वाः । अभिष्टयः ।
तम् । वृत्रऽहत्ये । अनु । तस्थुः । ऊतयः ।
शुष्माः । इन्द्रम् । अवाताः । अह्रुतऽप्सवः ॥ ४ ॥

पदार्थः—(आ) समन्तात् (यम्) सभाध्यक्षम् (पृणन्ति) सुखयेयुः (दिवि) न्यायप्रकाशे (सद्मबर्हिषः) सद्मस्थानं बर्हिरुत्तमं यासां ताः (समुद्रम्) सागरम् (न) इव (सुभ्वः) या सुष्ठु भवन्ति ताः (स्वाः) स्वकीयाः (अभिष्टयः) इष्टेच्छाः (तम्) पूर्वोक्तम् (वृत्रहत्ये) वृत्राणां मेघाऽवयवानां हत्या हननमिव हननं यस्मिँस्तस्मिन्संग्रामे (अनु) आनुपूर्व्ये (तस्थुः) वर्त्तन्ते (ऊतयः) रक्षणाद्याः (शुष्माः) बलवत्यः शोषणकारिण्यो वा (इन्द्रम्) परमैश्वर्य्यहेतुं सूर्य्यम् (अवाताः) अविद्यमानो वातो वायुः कम्पनं यासां ताः (अह्रुतप्सवः) अह्रुतं कुटिलं सूर्य्यंरूपं यासां ताः । अत्र ह्रुह्वरेश्छन्दसि अ० ७ । २ । ३६) अनेन ह्रुरादेशः । प्स्वीति रूपना० निघं० ३ । ७ ॥ ४ ॥

अन्वयः—सद्मबर्हिषो मनुष्या अवाता नद्यः सुभ्वो समुद्रं न यमिन्द्रं वृत्रहत्ये स्वाअभिष्टयः शुष्माअह्रुतप्सवऊतयः प्रजाआपृणन्ति तमनुतस्थुरनुतिष्ठेयुः । सएव साम्राज्यं कर्त्तुमर्हति ॥ ४ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालंकारः । यथा सरितः समुद्रं जलमयमन्तरिक्षं वा प्राप्य स्थिराभवन्ति तथैव ससभं विद्वांसं प्राप्य सर्वाः प्रजाः स्थिरसुखा जायन्ते ॥ ४ ॥

पदार्थः—(सप्तबर्हिषः) उत्तम स्थान आसन युक्त (सुभ्वः) उत्तम होने वाले मनुष्य (अवाताः) वायु के चलने से रहित नदियां (समुद्रंन) जैसे सागर वा आकाश को प्राप्त होकर स्थिर होती हैं वैसे जिस (इन्द्रम्) सभासदों सहित सभापति को (स्वाः) अपने (अभिष्टयः) शुभेच्छा युक्त (शुष्माः) बल सहित (अक्रुतप्सवः) कुटिलता रहित (ऊतयः) सुरचित प्रजा (आपृणन्ति) सुखी करें (तम्) उस परमैश्वर्य कारक वीर पुरुष के (अनुतस्थुः) अनुकूल स्थित होवें वही चक्रवर्त्ती राज्य करने को योग्य होता है ॥ ४ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालंकार है । जैसे नदी समुद्र वा अन्तरिक्ष को प्राप्त होकर स्थिर होती हैं वैसे ही सभासदों के सहित विद्वान् को प्राप्त होकर सब प्रजा स्थिर सुख वाली होती हैं ॥ ४ ॥

पुनः स कीदृशो भवेदित्यु० ॥

फिर वह कैसा हो इस० ॥

अभि स्ववृष्टिं मदे अस्य युध्यतो रघ्वीरिव प्रवणे सस्रुरूतयः । इन्द्रो यद्वज्री धृषमाणो अन्धसा भिनद्बलस्य परिधींरिव त्रितः ॥ ५ ॥ १२ ॥

अभि । स्वऽवृष्टिम् । मदे । अस्य । युध्यतः । रघ्वीःऽइव । प्रवणे । सस्रुः । ऊतयः । इन्द्रः । यत् । वज्री । धृषमाणः । अन्धसा । भिनत् । बलस्य । परिधीन्ऽइव । त्रितः ॥ ५ ॥ १२ ॥

पदार्थः—(अभि) आभिमुख्ये (स्ववृष्टिम्) स्वस्य शस्त्राणां वा वृष्टिर्यस्य तम् (मदे) हर्षे (अस्य) शत्रोर्हर्चस्य वा (युध्यतः) युद्धं कुर्वतः (रघ्वीरिव) यथा गमनशीला नद्यः (प्रवणे) निम्नस्थाने (सस्रुः) गच्छन्ति (ऊतयः) रक्षणाद्याः (इन्द्रः) सभाद्यध्यक्षो विद्युद्वा (यत्) यः (वज्री) प्रशस्तो वज्रः शत्रुच्छेदकः शस्त्रसमूहो विद्यते यस्य सः (धृषमाणः) शत्रूणां धर्षणाकर्षणे प्रगल्भः (अन्धसा) अन्नादिनोदनादिना वा (भिनत्) भिनत्ति (बलस्य) बलवतः शत्रोर्मेघस्य वा। बलइति मेघना० निघं० १।१० (परिधींरिव) सर्वत उपरिस्था गोलरेखेव (त्रितः) उपरिरेखातो मध्यरेखातस्तिर्यग्रेखातश्च॥५॥

अन्वयः—यद्यः सूर्यइव शस्त्राणां स्ववृष्टिं कुर्वन् धृषमाणो वज्रीन्द्रः सभाद्यध्यक्षो मदेऽस्य युध्यतः शत्रोस्त्रितः परिधीँरिव बलमभिभिनदभितो भिनत्ति तस्यान्धसा रघ्वीः प्रवणइवोतयः सस्रुः॥५॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथाऽऽपो निम्नस्थानं प्रतिगच्छंति तथा सभाध्यक्षो नम्रो भूत्वा विनयं प्राप्नुयात्॥५॥

पदार्थः—(यत्) जो सूर्य्य के समान (स्ववृष्टिम्) अपने शस्त्रों की वृष्टि करता हुआ (धृषमाणः) शत्रुओं को प्रगल्भता दिखाने हारा (वज्री) शत्रुओं को छेदन करने वाले शस्त्र समूह से युक्त (इन्द्रः) सभाध्यक्ष (मदे) हर्ष में (अस्य) इस (युध्यतः) युद्ध करते हुए (बलस्य) शत्रु के (त्रितः) ऊपर, मध्य और टेढ़ी तीन रेखाओं से (परिधीँरिव) सब प्रकार ऊपर की गोल रेखा के समान बल को (अभिभिनत्) सब प्रकार से भेदन करता है उस के (अंधसा) अन्नादि वा जल से (रघ्वीरिव) जैसे जल से पूर्ण नदियां (प्रवणे) नीचे स्थान में जाती हैं वैसे (ऊतयः) रक्षा आदि (सस्रुः) गमन करती हैं॥५॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे जल नीचे स्थान को जाते हैं वैसे सभाध्यक्ष नम्र होकर विनय को प्राप्त होवे॥५॥

पुनः स किंवत्किं करोतीत्यु०

फिर वह सभाध्यक्ष किस के तुल्य क्या करता है इस०

परीं घृणा चरति तित्विषे शवोऽपो वृत्वी रजसो बुध्नमाशयत् । वृत्रस्य यत् प्रवणे दुर्गृभिश्वनो निजघन्थ हन्वोरिन्द्र तन्यतुम् ॥ ६ ॥

परि । ईम् । घृणा । चरति । तित्विषे । शवः । अपः । वृत्वी । रजसः । बुध्नम् । आ । अशयत् । वृत्रस्य । यत् । प्रवणे । दुःऽगृभिश्वनः । निऽजघन्थ । हन्वोः । इन्द्र । तन्यतुम् ॥ ६ ॥

पदार्थः—(परि) सर्वतः (ईम्) उदकम् । ईमित्युदकना० निघं० १ । १२ (घृणा) दीप्तिः क्षरणं वा (चरति) सेवते (तित्विषे) प्रकाशय (शवः) बलम् (अपः) जलानि (वृत्वी) आवृत्य (रजसः) अन्तरिक्षस्य मध्ये (बुध्नम्) शरीरम् । वेदम-पीतरबुध्नमेतस्मादेव बद्धा अस्मिन् धृताः प्राणाइति । निरु० १० । ४४ (आ) समंतात् (अशयत्) शेते (वृत्रस्य) मेघस्य (यत्) यस्य (प्रवणे) गमने (दुर्गृभिश्वनः) दुःखेन गृभिर्गृहीतिर्ग्र-हणं स्वाऽभिव्याप्तिर्यस्य तस्य। अत्र गृहधातोः, इक्कृषादिभ्यइतीक्

हस्य भत्वं च । अशूङ् व्याप्तावित्यस्मात्क्वनिन्प्रत्ययो बुगागमोऽकारलोपश्च (निजघंथ) नितरां हन्ति (हन्वोः) मुखावयवयोरिव (इन्द्र) सवितृवद्वर्त्तमान (तन्यतुम्) विद्युतम् ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र यथा तित्विषे यस्येन्द्रस्य सूर्यस्य शवो बलं घृणा दीप्तिरीमुदकं परिचरति यो यस्य दुर्गृभिश्वनो वृत्रस्य मेघस्य बुध्नं शरीरं रजसोंतरिक्षस्य मध्येऽपो वृत्वी जलमावृत्याशयच्छेते तस्य हन्वोरग्रपार्श्वभागयोरुपरि तन्यतुं विद्युतं प्रहृत्य प्रवणे निजघंथ तथा वर्त्तमानः सन्न्याये प्रवर्त्तस्व ॥ ६ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलु०-मनुष्याणामियं योग्यतास्ति यत्सूर्यमेघवद्वर्त्तित्वा विद्यान्यायवर्षा प्रकाशो कार्य्येति ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सूर्य के समान वर्त्तमान सभाध्यक्ष जैसे (तित्विषे) प्रकाश के लिये (यत्) जिस सूर्य का (शवः) बल वा (घृणा) दीप्ति (ईम्) जल को (परिचरति) सेवन करती है जो (दुर्गृभिश्वनः) दुःख से जिस का ग्रहण हो (वृत्रस्य) मेघ का (बुध्नम्) शरीर (रजसः) अन्तरिक्ष के मध्य में (आपः) जल को (वृत्वो) आवरण करके (अशयत्) सोता है उस के (हन्वोः) आगे पीछे के मुख के अवयवों में (तन्यतुम्) बिजुली को छोड़ कर उसे (प्रवणे) नीचे (निजघंथ) मार कर गेर देता है वैसे वर्त्तमान होकर न्याय में प्रवृत्त हूजिये ॥६॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०-मनुष्यों को योग्य है कि जो सूर्य वा मेघ के समान वर्त्त के विद्या और न्याय को वर्षा का प्रकाश करें ॥ ६ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु०

फिर वह कैसा है इस०

ह्रदं न हि त्वां न्यृषन्त्यूर्मयो ब्रह्माणीन्द्र तव यानि वर्धना। त्वष्टा चित्ते युज्यं वावृधे शवस्ततक्ष वज्रमभिभूत्योजसम् ॥ ७ ॥

ह्रुदम् । न । हि । त्वा । निऽऋषन्ति । ऊर्मयः । ब्रह्माणि । इन्द्र । तव । यानि । वर्धना । त्वष्टा । चित् । ते । युज्यम् । ववृधे । शवः । ततक्ष । वज्रम् । अभिभूतिऽओजसम् ॥ ७ ॥

पदार्थः—(ह्रदम्) जलाशयम् (न) इव (हि) खलु (त्वा) त्वाम् (न्यृषंति) नितराम् प्राप्नुवन्ति (ऊर्मयः) तरङ्गादयः (ब्रह्माणि) बृहत्तमान्यन्नानि (इन्द्र) विद्युद्वद्वर्त्तमान (तव) (यानि) वक्ष्यमाणानि (वर्धना) सुखानां वर्धनानि (त्वष्टा) मेघाऽवयवानां मूर्त्तद्रव्याणां च छेत्ता (चित्) अपि (ते) तव (युज्यम्) योक्तुमर्हम् (ववृधे) वर्धते (शवः) बलम् (ततक्ष) तक्षति (वज्रम्) प्रकाशसमूहम् (अभिभूत्योजसम्) अभिगतानि तपऐश्वर्याण्योजः पराक्रमश्च यस्मात्तम् ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र ते वर्द्धना ब्रह्माण्यूर्मयो ह्रदं न न्यृषन्ति यथा हि त्वष्टा ज्योतींषि शवोऽभिभूत्योजसं युज्यं वज्रं प्रहृत्य सर्वान् पदार्थान् ततक्ष तक्षति तथा त्वं भव ॥ ७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० यथा जलं निम्नं स्थानं गत्वा स्थिरं स्वच्छं भवति तथा सद्गुणविनयवन्तं पुरुषं प्राप्य स्थिराः शुद्धिकारका भवंतीति ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) बिजुली के समान वर्त्तमान (ते) आप के (वर्द्धना) बढ़ाने हारे (ब्रह्माणि) बड़े २ अन्न (ऊर्मयः) तरंग आदि (ह्रदम्) (न) जैसे नदी जलस्थान को प्राप्त होती हैं वैसे (हि) निश्चय करके ज्योतियों को (न्यृषन्ति)

प्राप्त होते हैं वह (त्वष्टा) मेघाऽवयव वा मूर्त्तिमान द्रव्यों का छेदन करने वाले (अभिभूत्योजसम्) ऐश्वर्य युक्त पराक्रम तथा (युज्यम्) युक्त करने योग्य (वज्रम्) प्रकाश समूह का प्रहार करके सब पदार्थों को (ततक्ष) छेदन करता है वैसे आप भी हूजिये ॥ ७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० जैसे जल नीचेस्थानों को जाकर स्थिर वा स्वच्छ होता है वैसे ही राजपुरुष उत्तम २ गुण युक्त तथा विनय वाले पुरुष को प्राप्त होकर स्थिर और शुद्धि करने वाले होते हैं ॥ ७ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा हो यह वि० ॥

जघन्वाँ उ हरिभिः संभृतक्रतविन्द्र वृत्रं मनुषे गातुयन्नपः । अयच्छथा बाह्वोर्वज्रमायसमधारयो दिव्या सूर्यं दृशे ॥ ८ ॥

जघन्वान् । ऊम्इति । हरिऽभिः । सम्भृतऽक्रतोइति सम्भृतऽक्रतो । इन्द्र । वृत्रम् । मनुषे । गातुऽयन् । अपः । अयच्छथाः । बाह्वोः । वज्रम् । आयसम् । अधारयः । दिवि । आ । सूर्यम् । दृशे ॥ ८ ॥

पदार्थः—(जघन्वान्) हननं कुर्वन् (उ) वितर्के (हरिभिः) हरणशीलैरश्वैः किरणैर्वा (संभृतक्रतो) संभृताः धारिताः क्रतवः क्रियाप्रज्ञा वा येन तत्सम्बुद्धौ (इन्द्र) मेघावयवानां छेदकवच्छेत्रुच्छेदक (वृत्रम्) मेघम् (मनुषे) मानवाय (गातुयन्) यो गातुं

पृथिवीमेति सः (अपः) जलानि (अयच्छथाः) (बाह्वोः) बलाकर्ष-णयोरिव भुजयोः (वज्रम्) किरणसमूहवच्छस्त्रसमूहम् (आयसम्) अयोनिर्मितम् (अधारयः) धारय (दिवि) द्योतनात्मके व्यवहारे (आ) समंतात् (सूर्यम्) सवितृमण्डलमिव न्यायविद्याप्रकाशम् (दृशे) दर्शयितुम् ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे संभृक्रतो इन्द्र सभेश त्वं यथा सविता हरिभि-र्वृत्रं जघन्वानपो मनुषे गातुयन् प्रजा धरति तथा प्रजापालनाय बाह्वोरायसं वज्रमाधारयः समंताद्धारय सार्वजनिकसुखाय दिवि सूर्यं दृशइव न्यायविद्यार्कं प्रकाशय ॥ ८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० यथा सूर्यलोको बलाकर्षणाभ्यां सर्वान् लोकान् धृत्वा जलमाकृष्य वर्षित्वा दिव्यं सुखं जनयति तथैव सभा सर्वान् शुभगुणान् धृत्वा श्रियमाकृष्य सुपात्रेभ्यो दत्वा प्रजाभ्यआनन्दं प्रकटयेत् ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे (संभृतक्रतो) क्रियाप्रज्ञाओं को धारण किये हुए (इन्द्र) मेघावयवों को छेदन करने वाले सूर्य्य के समान शत्रुओं को ताड़ने वाले सभापति आप जैसे सूर्य अपने किरणों से (वृत्रम्) मेघ को (जघन्वान्) गिराता हुआ (आपः) जलों को (मनुषे) मनुष्यों को (गातुयन्) पृथिवी पर प्राप्त करता हुआ प्रजा का धारण करता है वैसे ही प्रजा की रक्षा के लिये (बाह्वोः) बल तथा आकर्षणों के समान भुजाओं के मध्य (आयसम्) लोहे के (वज्रम्) किरण समूह के तुल्य शस्त्रों को (आधारयः) अच्छे प्रकार धारण कीजिये वीरों को कराइये और सब मनुष्यों को सुख होने के लिये (दिवि) शुद्ध व्यवहार में (सूर्य्यम्) सूर्य मण्डल के समान न्याय और विद्या के प्रकाश को (दृशे) दिखाने के लिये (अयच्छथाः) सब प्रकार से प्रदान कीजिये ॥ ८ ॥

भावार्थः—जैसे सूर्य लोक बल और आकर्षण गुणों से सब लोकों के धारण से जल को आकर्षण कर वर्षा से दिव्य सुखों को उत्पन्न करता है वैसे ही सभा सब गुणों को धर धनकार्य्य से सुपात्रों को सुमार्ग की प्रवृत्ति के लिये दान दे कर प्रजा के लिये आनन्द को प्रकट करे ॥ ८ ॥

पुनः स किं कुर्य्यादित्यु० ॥

फिर वह क्या करे इस वि० ॥

बृहत्स्वश्चन्द्रममवद्यदुक्थ्य१मकृण्वत भियसा रोहणं दिवः । यन्मानुषप्रधना इन्द्रमूतयः स्वर्नृषाचो मरुतोऽमदन्ननु ॥ ९ ॥

बृहत् । स्वऽचन्द्रम् । अमऽवत् । यत् । उक्थ्यम् । अकृण्वत । भियसा । रोहणम् । दिवः । यत् । मानुषऽप्रधनाः । इन्द्रम् । ऊतयः । स्वः । नृऽसाचः । मरुतः । अमदन् । अनु ॥ ९ ॥

पदार्थः-(बृहत्) महत् (स्वश्चन्द्रम्) स्वेन प्रकाशेनाह्लादकारकेण युक्तं सुवर्णम् । चन्द्रमिति हिरण्यना० निघं० १ । २ अत्र ह्रस्वाच्चन्द्रोत्तरपदे मंत्रे । अ० ६ । १ । १५१ अनेन सुडागमः (अमवत्) अमः प्रशस्तो बोधः संभागो यस्मिँस्तत् (यत्) गुणप्रकाशकम् (उक्थ्यम्) प्रशंसनीयम् (अकृण्वत) कुर्वन्ति (भियसा) भयेन (रोहणम्) आरोहन्ति येन तत् (दिवः) प्रकाशमानस्य (यत्) यम् (मानुषप्रधनाः) मनुष्याणां प्रकृष्टानि धनानि याभ्यस्ताः (इन्द्रम्) विद्युतम् (ऊतयः) रक्षणाद्याः (स्वः) सुखम् (नृषाचः) ये नॄन् सचंति समवयन्ति ते (मरुतः) प्राणादयः (अमदन्) हर्षन्ति (अनु) आनुकूल्ये ॥ ९ ॥

अन्वयः—ये मानुषप्रधना नृषाचो मरुत इन्द्रं प्राप्य यद्-बृहत्स्वश्चन्द्रममवदुक्थ्यं स्वः सुखं चाक्रण्वत कुर्वन्ति यदो भियसा दुःखभयेन दिवः प्रकाशमानस्य मोक्षसुखस्यारोहणमूतयो भूत्वा-ऽन्वमदन्ननुमोदंते ते सुखिनः स्युः ॥ ६ ॥

भावार्थः—विद्याधनं राज्यं पराक्रमो बलं पुरुषसहायश्च यं धार्मिकं विद्वांसं प्राप्नुवन्ति तमुत्तमं सुखं जनयन्ति ॥ ६ ॥

पदार्थः—जो (मानुषप्रधनाः) मनुष्यों को उत्तम धन प्राप्त करने तथा (नृषाचः) मनुष्यों को कर्म्म में संयुक्त करने वाले (मरुतः) प्राण आदि हैं वे (इन्द्रम्) बिजुली को प्राप्त हो कर (यत्) जिस (बृहत्) बड़े (स्वश्चन्द्रम्) अपने आह्लाद कारक प्रकाश से युक्त (अमवत्) उत्तम ज्ञान (उक्थ्यम्) प्रशंस-नीय (स्वः) सुख को (अक्रण्वत) संपादन करते हैं और (यत्) जो (भियसा) दुःख के भय से (दिवः) प्रकाशमान मोक्ष सुख का (रोहणम्) आरोहण (ऊतयः) रक्षा आदि होते हैं उन को करके (अन्वमदन्) उस के अनुकूल आनन्द करते हैं वे मनुष्य सुख को प्राप्त होते हैं ॥ ६ ॥

भावार्थः—विद्याधन राज्य पराक्रम बल वा पुरुषों की सहायता ये सब जिस धार्मिक विद्वान् मनुष्य को प्राप्त होते हैं उस को उत्तम सुख उत्पन्न करते हैं ॥ ६ ॥

पुनः स किं कुर्यादित्यु०

फिर वह क्या करे यह वि०

द्यौश्चिदस्यामवाँ अहेः स्वनादयोयवीद्-भियसा वज्र इन्द्र ते । वृत्रस्य यद्बद्बधा-नस्य रोदसी मदे सुतस्य शवसाभिनच्छिरः ॥ १० ॥ १३ ॥

द्यौः । चित् । अस्य । अमवान् । अहेः । स्वनात् । अयोयवीत् । भियसा । वज्रः । इन्द्र । ते । वृत्रस्य । यत् । बद्बधानस्य । रोदसीइति । मदे । सुतस्य । शवसा । अभिनत् । शिरः ॥ १० ॥ १३ ॥

पदार्थः-(द्यौः) प्रकाशः (चित्) इव (अस्य) वक्ष्यमाणस्य (अमवान्) बलवान् (अहेः) मेघस्य (स्वनात्) शब्दात् (अयोयवीत्) पुनः पुनर्मिश्रयत्यमिश्रयति वा (भियसा) भयेन (वज्रः) शस्त्रास्त्रसमूहः (इन्द्र) परमैश्वर्यहेतो (ते) तव (वृत्रस्य) मेघस्य (यत्) यस्य (बद्बधानस्य) बन्धकस्य । अत्र बन्धधातोश्चानश् । बहुलं छन्दसीति शपः श्लुर्हलादिशेषाऽभावश्च (रोदसी) द्यावापृथिव्यौ (मदे) हर्षकारके व्यवहारे (सुतस्य) उत्पन्नस्य (शवसा) बलेन (अभिनत्) भिनत्ति (शिरः) उत्तमाङ्गम् ॥ १० ॥

अन्वयः-हे सेनेश यद्यस्य ते तवास्य सूर्यस्य द्यौरहेर्बद्बधानस्य सुतस्य वृत्रस्यावयवानयोयवीच्चिदिवामवान्वज्रो यस्य शवसा स्वनादरयः पलायन्ते रोदसी इव मदे वर्त्तमानस्य शत्रोः शिरोऽभिनत्सभवानस्माकं पालको भवतु ॥ १० ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु० । यथा सूर्यकिरणा विद्युच्च मेघं प्रति प्रवर्त्तन्ते तथैव सेनापत्यादिभिर्भवितव्यम् ॥ १० ॥

पदार्थः-हे (इन्द्र) परम ऐश्वर्य्य के हेतु सेनापति जो (अस्य) इस (ते) आप का और इस सूर्य्य का (द्यौः) प्रकाश (अहेः) (बद्बधानस्य) रोकने वाले मेघ के (सुतस्य) उत्पन्न हुए (वृत्रस्य) आवरण कारक जल के अवयवों

को (अयोयवीत्) मिलाता वा पृथक् करता है (चित्) वैसे (अमवान्) बलकारी (वज्रः) वज्र के (स्वनात्) शब्दों से (भियसा) और भय से (शवसा) बल के साथ शत्रुलोग भागते हैं (रोदसी) आकाश और पृथिवी के समान (मदे) आनन्दकारी व्यवहार में वर्त्तमान शत्रु का शिर काटते हैं सो आप हम लोगों का पालन कीजिये ॥ १० ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० जैसे सूर्य के किरण और बिजुली मेघ के साथ प्रवृत्त होती है वैसे ही सेनापति आदि के साथ सेना को होना चाहिये ॥ १० ॥

पुनः सभाध्यक्षः किं कुर्यादित्यु० ॥

फिर वह सभाध्यक्ष क्या करे यह वि० ॥

यदिन्न्विन्द्र पृथिवी दशभुजिरहानि विश्वा ततनन्त कृष्टयः । अत्राहं ते मघवन् विश्रुतं सहो द्यामनु शवसा बर्हणा भुवत् ॥ ११ ॥

यत् । इत् । नु । इन्द्र । पृथिवी । दशऽभुजिः । अहानि । विश्वा । ततनन्त । कृष्टयः । अत्र । अह । ते । मघऽवन् । विऽश्रुतम् । सहः । द्याम् । अनु । शवसा । बर्हणा । भुवत् ॥ ११ ॥

पदार्थः—(यत्) वक्ष्यमाणम् (इत्) एव (नु) शीघ्रम् (इन्द्र) सभासेनाध्यक्ष (पृथिवी) भूमिः (दशभुजिः) या दशभिरिन्द्रियैर्भुज्यते

सा (अहानि) दिनानि (विश्वा) सर्वाणि (ततनन्त) विस्तीर्णानि भवन्ति (कृष्टयः) कृषन्ति विलिखंति स्वानि कर्माणि ये ते मनुष्याः । कृष्टयइति मनुष्यना० निघं० २ । ३ (अत्र) अस्मिन् व्यवहारे (अह) विनिग्रहार्थे (ते) तव (मघवन्) उत्कृष्टधनविद्यैश्वर्य्ययुक्त (विश्रुतम्) यद्विविधंश्रूयते तद्यशः (सहः) बलम् (द्याम्) राजपालनविनयप्रकाशम् (अनु) आनुकूल्ये (शवसा) बलेन (बर्हणा) सर्वसुखप्रापिकया क्रियया । बर्हणाइति पदना० निघं० ४ । ३ अनेन प्राप्त्यर्थो गृह्यते (भुवत्) भवेत् । अत्र लेटि बहुलं छन्दसीति शपो लुक् । भूसुवोस्तिङीति गुणनिषेधादुवङादेशः ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे मघवन्निन्द्र त्वया यद्या दशभुजिः पृथिवी भुज्यते यस्य ते तव बर्हणा शवसाह द्यामनु विश्रुतं यशस्सहो भुवत्तेन सहितस्त्वं प्रयतस्व यतोऽत्र राज्ये कृष्टयो विश्वान्यहानीदेव सुखानि नु ततनन्त विस्तारयेयुः ॥ ११ ॥

भावार्थः— राजपुरुषैः स्वराज्ये सुखानां वृद्धिर्विविधगुणप्राप्तिश्च यथा स्यात्तथैवानुष्ठेयमिति ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे (मघवन्) उत्कृष्ट धन और विद्या के ऐश्वर्य्य से युक्त (इन्द्र) सभासेनाध्यक्ष आप (यत्) जो (दशभुजिः) दश इन्द्रियों से (पृथिवी) भूमि को भोगते हो (ते) आप के (बर्हणा) सब सुख प्राप्त कराने वा (अनुविश्रुतम्) अनुकूल कीर्त्ति कराने वाला यश (सहः) बल (भुवत्) होवे उस से युक्त हो के आप प्रयत्न कीजिये जिस से (अत्र) इस राज्य में (कृष्टयः) मनुष्य लोग (विश्वा) सब (अहानि) दिनों को (इत्) ही सुख से (नु) जल्दी (ततनंत) विस्तार करें ॥ ११ ॥

भावार्थः— राज पुरुषों को चाहिये कि जैसे अपने राज्य में सुखों की वृद्धि और अनेक प्रकार से गुणों की प्राप्ति हो वैसा अनुष्ठान करें ॥ ११ ॥

पुनरस्य जगतो राजेश्वरः कीदृशइत्यु० ॥

फिर इस समग्र जगत्का राजा परमात्मा कैसा है इस० ॥

त्वमस्य पारे रजसो व्योमनः स्वभूत्योजा अवसे धृषन्मनः । चकृषे भूमिं प्रतिमानमोजसोऽपः स्वः परिभूरेष्या दिवम् ॥ १२ ॥

त्वम् । अस्य । पारे । रजसः । विऽओमनः । स्वभूतिऽओजाः । अवसे । धृषत्ऽमनः । चकृषे । भूमिम् । प्रतिऽमानम् । ओजसः । अपः । स्वरिति स्वः । परिऽभूः । एषि । आ । दिवम् ॥ १२ ॥

पदार्थः-(त्वम्) परमेश्वरः (अस्य) संसारस्य क्लेशेभ्यः (पारे) अपरभागे (रजसः) पृथिव्यादिलोकानाम् (व्योमनः) आकाशस्य । अत्र वाच्छंदसि सर्वे विधयो भवन्तीत्यल्लोपो न भवति (स्वभूत्योजाः) स्वकीया भूतिरैश्वर्यमोजः पराक्रमो वा यस्य सः (अवसे) रक्षणाद्याय (धृषन्मनः) धृषद्धृष्यते मनः सर्वस्यान्तःकरणं येन तत्सम्बुद्धौ (चकृषे) कृतवानसि (भूमिम्) सर्वाधारां क्षितिम् (प्रतिमानम्) प्रतिमीयते परिणीयते प्रतिक्रियते येन तत् (ओजसः) पराक्रमस्य (अपः) प्राणान् (स्वः) सुखमन्तरिक्षं वा (परिभूः) यः परितः सर्वतो भवति सः (एषि) प्राप्नोषि (आ) समन्तात् (दिवम्) विज्ञानप्रकाशम् ॥ १२ ॥

अन्वयः-हे धृषन्मनो जगदीश्वर यः परिभूः स्वभूत्योजास्त्वमवसेऽस्य संसारस्य रजसो व्योमनः पारेष्येषि त्वं सर्वेषामोजसः

पराक्रमस्य स्वभूमिं चाप्रतिमानमा चक्षषे समंतात्कृतवानसि तं (सर्वे) वयमुपास्महे ॥ १२ ॥

भावार्थः– परमेश्वरः सर्वेभ्यः परः प्रकृष्टः सर्वेभ्यो दुःखेभ्यः पारे वर्त्तमानः सन् स्वसामर्थ्यात् सर्वान् लोकान् रचयित्वा तानभिव्याप्तः सन्सर्वान् व्यवस्थापयन् जीवानां पापपुण्यव्यवस्थाकरणेन न्यायाधीशः सन् वर्त्तते तथा सभेशो राज्यं कुर्वन् सर्वेभ्यः सुखं जनयेत् ॥ १२ ॥

पदार्थः– हे (धृषन्मनः) अनन्त प्रगल्भ विज्ञान युक्त जगदीश्वर जो (परिभूः) सबप्रकार होने (स्वभूत्योजाः) अपने ऐश्वर्य वा पराक्रम युक्त से (त्वम्) आप (अवसे) रक्षा आदि के लिये (अस्य) इस संसार के क्लेशों (रजसः) पृथिवी आदि लोकों तथा (व्योमनः) आकाश के (पारे) अपरभाग में भी (एषि) प्राप्त हैं और आप (ओजसः) पराक्रम आदि के (प्रतिमानम्) अवधि (स्वः) सुख (दिवम्) शुद्ध विज्ञान के प्रकाश (भूमिम्) भूमि और (अपः) जलों को (आचक्षषे) अच्छे प्रकार किया है उन आप की हम सब लोग उपासना करते हैं ॥ १२ ॥

भावार्थः– जैसे परमेश्वर सब से उत्तम सब से परे वर्त्तमान हो कर अपने सामर्थ्य से सब लोकों को रच के उन में सब प्रकार से व्याप्त हो धारण कर सब को व्यवस्था में युक्त करता हुआ जीवों के पाप पुण्य की व्यवस्था करने से न्यायाधीश हो कर वर्त्तता है वैसे ही न्यायाधीश भी सब भूमि के राज्य को संपादन करता हुआ सब के लिये सुखों को उत्पन्न करे ॥ १२ ॥

पुनः स कीदृश इत्यु० ॥

फिर वह परब्रह्म कैसा है इस० ॥

त्वं भुवः प्रतिमानं पृथिव्या ऋष्ववीरस्य बृहतः पतिर्भूः । विश्वमाप्रा अन्तरिक्षं महित्वा सत्यमद्धा नकिरन्यस्त्वावान् ॥ १३ ॥

त्वम् । भुवः । प्रतिमानम् । पृथिव्याः । ऋष्वऽवीरस्य । बृहतः । पतिः । भूः । विश्वम् । आ । अप्राः । अन्तरिक्षम् । महिऽत्वा । सत्यम् । अद्धा । नकिः । अन्यः । त्वाऽवान् ॥ १३ ॥

पदार्थः–(त्वम्) जगदीश्वरः (भुवः) भवतीति भूस्तस्याः (प्रतिमानम्) परिमाणम् (पृथिव्याः) विस्तृतस्याकाशस्य (ऋष्ववीरस्य) ऋष्वा महान्तो गुणा वीरा वा यस्य तस्य (बृहतः) महाबलस्य (पतिः) पालकः (भूः) भवसि (विश्वम्) सर्वं जगत् (आ) समन्तात् (अप्राः) प्रपूर्द्धि (अन्तरिक्षम्) अनेकेषां लोकानां मध्येऽवकाशरूपं वर्त्तमानमाकाशम् (महित्वा) महत्वा व्याप्त्याभिव्याप्य (सत्यम्) अव्यभिचारि सुपरीक्षितं वेदचतुष्टयजन्यम् (अद्धा) साक्षात् (नकिः) नैव (अन्यः) कश्चिदपि द्वितीयः (त्वावान्) त्वत्सदृशः ॥ १३ ॥

अन्वयः–हे जगदीश्वर यस्त्वं पृथिव्या भुवः प्रतिमानं बृहत ऋष्ववीरस्य जगतो महावीरस्य मनुष्यस्य पतिर्भूरसि त्वं विश्वं सर्वं जगदंतरिक्षं सत्यं च महित्वाऽद्धाप्राः तस्मात्कश्चिदन्यस्त्वावान् नकिर्विद्यते ॥ १३ ॥

भावार्थः–यथा परमेश्वरः सर्वस्य जगतो रचयिता परिमाणकर्त्ता व्याप्तः सत्यप्रकाशकोस्त्यतईश्वरसदृशः कश्चिदपि पदार्थो न भूतो न भविष्यतीति मत्वा तमेव वयमुपास्महे ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे जगदीश्वर जो (त्वम्) आप (पृथिव्याः) विस्तृत आकाश और (भुवः) भूमि के (प्रतिमानम्) परिमाण कर्त्ता तथा (बृहतः) महाबल युक्त (ऋष्ववीरस्य) बड़े गुण युक्त जगत्का वा महावीर मनुष्य के (पतिः) पालन करने वाले (भूः) हैं तथा आप (विश्वम्) सब जगत् (अन्तरिक्षम्) अनेक लोकों के मध्य में अवकाश स्वरूप आकाश और (सत्यम्) कारण रूप से अविनाशी अच्छे प्रकार परीक्षा किये हुए चारों वेद को (महित्वा) बड़ी व्याप्ति से व्याप्त हो कर (अत्राप्राः) साक्षात्कार पूरण करते हो इस मे (त्वावान्) आप के सदृश (अन्यः) दूसरा (नकिः) विद्यमान कोई भी नहीं है ॥ १३ ॥

भावार्थः—जैसे परमेश्वरही सब जगत्की रचना परिमाण व्यापक और सत्य का प्रकाश करने वाला है इस मे ईश्वर के सदृश कोई भी पदार्थ न हुआ और न होगा ऐसा समझ के हम लोग उसी की उपासना करें ॥ १३ ॥

पुनः स कीदृश इत्यु० ॥

फिर वह कैसा है यह वि० ॥

न यस्य॒ द्यावा॑पृथि॒वी अनु॒ व्यचो॒ न सिन्ध॑वो॒ रज॑सो॒ अन्त॑मान॒शुः । नोत स्ववृ॑ष्टिं॒ मदे॑ अस्य॒ युध्य॑त॒ एको॑ अ॒न्यच्च॑कृ॒षे विश्व॑मानु॒षक् ॥ १४ ॥

न । यस्य॑ । द्यावा॑पृथि॒वीइति॑ । अनु॑ । व्यच॑ः । न । सिन्ध॑वः । रज॑सः । अन्त॑म् । आ॒न॒शुः । न । उ॒त । स्वऽवृ॑ष्टिम् । मदे॑ । अ॒स्य॒ । युध्य॑तः । एक॑ः । अ॒न्यत् । च॒कृ॒षे । विश्व॑म् । आ॒नु॒षक् ॥ १४ ॥

पदार्थः-(न) निषेधार्थे (यस्य) जगदीश्वरस्य परमविदुषः सूर्यस्य वा (द्यावापृथिवी) प्रकाशाप्रकाशयुक्तौ लोकसमूहौ (अनु) अनुयोगे (व्यचः) व्याप्तेः (न) प्रतिषेधे (सिंधवः) समुद्राः (रजसः) रागविषयस्यैश्वर्यस्य लोकस्य वा (अन्तम्) सीमानम् (आनशुः) प्राप्नुवन्ति । अत्र व्यत्ययेन परस्मैपदम् (न) निवारणे (उत) अपि (स्वदृष्टिम्) स्वकीयानां घनानामिव प्रेरितानां पदार्थानां शस्त्राणां जलानां वा वर्षणं प्रति (मदे) आनन्दे (अस्य) मेघस्य (युध्यतः) युद्धमाचरतः (एकः) असहायः (अन्यत्) द्वितीयं भिन्नम् (चकृषे) करोषि (विश्वम्) जगत् (आनुषक्) व्याप्त्यानुषक्तमुत्कृष्टगुणैरनुरक्तमाकर्षणेनानुयुक्तं वा ॥ १४ ॥

अन्वयः-यस्य रजसः परमेश्वरस्याऽनुव्यचोऽनुगताया अनन्ताया व्याप्तेर्द्यावापृथिवी चन्द्रादयश्चान्तं नानशुः न व्याप्नुवन्ति नोतापि सिन्धवो व्याप्नुवन्ति। हे परमात्मँस्त्वं यथा स्वदृष्टिं प्रति मदे युध्यतो मेघस्य सूर्यस्याग्रे विजयो न भवति तथैकोऽसहायोऽद्वितीयः सन्नन्यद्विश्वमानुषक् चकृषे कृतवानसि तस्माद्भवानुपास्योऽस्ति ॥ १४ ॥

भावार्थः-यथा परमेश्वरस्य कस्यापि गुणस्य कोऽपि मनुष्यो लोकश्च पारं ग्रहीतुं न शक्नोति। यथा जगदीश्वरः पापकर्मकारिभ्यो दुःखफलदानेन पीडयन् विद्वान् दुष्टान् ताडयन् सूर्यो मेघावयवान् विदारयँश्च युद्धकारीव वर्त्तते तथैव सज्जनैर्भवितव्यम् ॥ १४ ॥

पदार्थः-(यस्य) जिस (रजसः) ऐश्वर्य युक्त जगदीश्वर की (अनुव्यचः) अनन्तव्याप्ति के अनुकूल वर्त्तमान (द्यावापृथिवी) प्रकाश अप्रकाश युक्त लोक और चन्द्रमादि भी (अन्तम्) अन्त अर्थात् सीमा को (न) नहीं (आनशुः) प्राप्त होते हैं। हे परमात्मन् जैसे (स्वदृष्टिम्) अपनी पदार्थों की वर्षा के प्रति (मदे) आनन्द में (युध्यतः) युद्ध करते हुए मेघ का सूर्य के सामने विजय नहीं होता वैसे (एकः)

सहाय रहित अद्वितीय जगदीश्वर (अन्यत्) अपने से भिन्न द्वितीय (विश्वम्) जगत् को (आनुषक्) अपनी व्याप्ति से युक्त किया है इस से आप उपासना के योग्य हैं ॥ १४ ॥

भावार्थः—जैसे परमेश्वर के किसी गुण को कोई मनुष्य वा कोई लोक सीमा को ग्रहण नहीं कर सकता और जैसे वह पाप युक्त कर्म करने वाले मनुष्यों के लिये दुःख रूप फल देने से पीड़ा देता विद्वान् दुष्टों को ताड़ना और सूर्य मेघाऽवयवों को विदारण करता और युद्ध करने वाले मनुष्य के समान वर्त्तता है वैसे ही सब सज्जन मनुष्यों को वर्त्तना चाहिये ॥ १४ ॥

पुनस्तदुपासकाः कीदृशा भवेयुरित्यु० ॥

फिर ईश्वरोपासक कैसे हों इस वि० ॥

आर्चन्नत्रं मरुतः सस्मिन्नाजौ विश्वे देवासो अमदन्ननु त्वा । वृत्रस्य यद्भृष्टिमता वधेन नि त्वमिन्द्र प्रत्यानं जघन्थ ॥ १५ ॥ ॥ १४ ॥

आर्चन् । अत्रं । मरुतः । सस्मिन् । आजौ । विश्वे । देवासः । अमदन् । अनु । त्वा । वृत्रस्य । यत् । भृष्टिऽमता । वधेन । नि । त्वम् । इन्द्र । प्रति । आनम् । जघन्थ ॥ १५ ॥ १४ ॥

पदार्थः—(आर्चन्) अर्चन्तु (अत्र) अस्मिन् जगति (मरुतः) ऋत्विजः । मरुतइति ऋत्विङ्ना० निघं० ३ । १८ (सस्मिन्) सर्वस्मिन् अत्र । छान्दसोवर्णलोपोवेति रेफवकारयोर्लोपः (आजौ)

संग्रामे (विश्वे) सर्वे (देवासः) विद्वांसः (अमदन्) हृष्यन्तु (अनु) पुनरर्थे (त्वा) त्वां सभाध्यक्षम् (वृत्रस्य) मेघस्येव शत्रोः (यत्) यः (भृष्टिमता) भृज्जन्ति यया सा भृष्टिः कान्तिरिव नीतिः सा प्रशस्ता विद्यते यस्मिन् तेन (बधेन) हननेन (नि) नित्यम् (त्वम्) (इन्द्र) परमैश्वर्यवन् (प्रति) प्रत्यक्षे (आनम्) अनंति येन तज्जीवनम् (जघन्थ) हन ॥ १५ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र सभासेनेश यद्यस्त्वं भृष्टिमता बधेन वृत्रस्येव शत्रोरानं जीवनं जघन्थ हन त्वा यस्मिन्नाजौ विश्वे देवासो मरुतो न्यार्चन् सततं सत्कुर्वन्तु यतस्ते प्रजास्थाः प्राणिनः प्रत्यन्वमदन् प्रत्यक्षमभादान् ॥ १५ ॥

भावार्थः—य एकं परमेश्वरमुपास्य विद्यां गृहीत्वा शत्रून् जित्वा विजयं प्राप्य प्रजा नित्यमनुमोदयंति ते विद्वांसः सुखिनो भवन्तीति ॥ १५ ॥

अत्र विद्वद्विद्युदाद्यग्नीश्वराणां गुणवर्णनादेतत्सूक्तार्थस्य पूर्वसूक्तोऽक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति वेदितव्यम् ॥

इति द्विपंचाशं सूक्तं चतुर्दशोवर्गश्च समाप्तः ॥ १४ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) परमैश्वर्य युक्त सभा सेना के स्वामी (यत्) जो (त्वम्) आप (भृष्टिमता) प्रशंसनीय नीति वाले न्याय व्यवहार से युक्त (बधेन) हनन से (वृत्रस्य) अधर्मी मनुष्य के समान (आनम्) प्राण को (जघन्थ) नष्ट करते हो उन (त्वा) आप को (यस्मिन्) सब (आजौ) संग्राम वा (अत्र) इस आप में श्रद्धा करने वाले (विश्वेदेवासः) सब विद्वान् और (मरुतः) ऋत्विज लोग (न्यार्चन्) नित्य सत्कार करते हैं इस से वे प्रजा के प्राणी (प्रत्यन्वमदन्) सब को आनन्दित करके आप आनन्दित होते हैं ॥ १५ ॥

भावार्थः—जो एक परमेश्वर की उपासना विद्या को ग्रहण और शत्रुओं को ताड़ कर प्रजा को निरन्तर आनंदित करते हैं वेही धार्मिक विद्वान् सुखी रहते हैं ॥ १५ ॥

इस सूक्त में विद्वान्, बिजुली आदि अग्नि और ईश्वर के गुणों का वर्णन होने से इस सूक्तार्थ की पूर्व सूक्तार्थ के साथ संगति जाननी चाहिये ॥

यह बावनवाँ ५२ सूक्त और चौदहवाँ वर्ग १४ समाप्त हुआ ॥

अथैकादशर्चस्य त्रिपंचाशस्य सूक्तस्याङ्गिरसः सव्य ऋषिः । इन्द्रो देवता ।१।३ निचृज्जगती २ भुरिग्जगती । ४ जगती ।५।७ विराड्जगती च छन्दः । निषादः स्वरः ६ । ८ । ९ । त्रिष्टुप् । १० भुरिक् त्रिष्टुप् च छन्दः । धैवतः स्वरः ।११ सतःपंक्तिश्छन्दः । पंचमः स्वरः ॥ यदि सायणाचार्य्यादीनां मोक्षमूलरादीनां वा छन्दःषड्जादिस्वरज्ञानमपि न स्यात्तर्हि भाष्यकरणयोग्यता तु कथं भवेत् ॥

जब सायणाचार्यादि वा मोक्ष मूलरादि कों को छन्द और षड्जादि स्वरों का भी ज्ञान नहीं तो भाष्य करने की योग्यता तो कैसे होगी ॥

मनुष्यैर्धर्मंविचार्य्य किं कर्त्तव्यमित्यु० ॥

अब त्रेपन वें सूक्त का आरंभ है उस के पहिले मंत्र में मनुष्यों को धर्म विचार कर क्या करना चाहिये इस० ॥

न्यू३षु वाचं प्र महे भरामहे गिर इन्द्राय सदने विवस्वतः । नू चिद्धि रत्नं ससतामिवाविदन्न दुष्टुतिर्द्रविणोदेषु शस्यते ॥ १ ॥

नि । ऊम् इति । सु । वाचम् । प्र । महे । भरामहे । गिरः । इन्द्राय । सदने । विवस्वतः । नु । चित् । हि । रत्नम् । ससताम्ऽइव । अविदत् । न । दुःऽस्तुतिः । द्रविणःऽदेषु । शस्यते ॥ १ ॥

पदार्थः—(नि) नितराम् (उ) वितर्के (सु) शोभने (वाचम्) वाणीम् (प्र) प्रकृष्टार्थे (महे) महति महासुखप्रापके (भरामहे) धरामहे (गिरः) स्तुतयः (इन्द्राय) परमैश्वर्यप्रापणाय (सदने) सीदन्ति यस्मिँस्थाने तस्मिन् (विवस्वतः) यथा प्रकाशमानस्य सूर्यस्य प्रकाशे (नु) शीघ्रम् (चित्) अपि (हि) खलु (रत्नम्) रमणीयं सुवर्णादिकम् (ससतामिव) यथास्वपतां पुरुषाणां तथा (अविदत्) विन्दति प्राप्नोति (न) निषेधे (दुःस्तुतिः) दुष्टा चासौ स्तुतिःपापकीर्तिश्च सा (द्रविणोदेषु) ये द्रविणांसि सुवर्णादीनि द्रव्यप्रदानि विद्यादीनि च ददति तेषु (शस्यते) प्रशस्ता भवति ॥ १ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वयं महे सदन इन्द्राय वाचं सुभरामहे स्वप्ने ससतामिव विवस्वतः सूर्यस्य प्रकाशे रत्नमिव गिरो निभरामहे । किन्तु द्रविणोदेष्वस्मासु दुष्टुतिर्न प्रशस्यते प्रशस्ता न भवति तथा यूयं भवत ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं० मनुष्यैर्यथा निद्रास्था मनुष्या आरामं प्राप्नुवन्ति तथा सर्वदा विद्यासुशिक्षाभ्यां संस्कृतां वाचं स्वीकृत्य प्रशस्तं कर्म सेवित्वा निद्रां दूरीकृत्य स्तुतिप्रकाशाय प्रयतितव्यम् ॥ १ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे हमलोग (महे) महासुख प्रापक (सदने) स्थान में (इन्द्राय) परमैश्वर्य के प्राप्त करने के लिये (सु) शुभलक्षणयुक्त (वाचम्) वाणी को (निभरामहे) निश्चित धारण करते हैं स्वप्न में (ससतामिव) सोते हुए पुरुषों के समान (विवस्वतः) सूर्य प्रकाश में (रत्नम्) रमणीय सुवर्णादि के समान (गिरः) स्तुतियों को धारण करते हैं किन्तु (द्रविणोदेषु) सुवर्णादि वा विद्यादिकों के देने वाले हमलोगों में (दुष्टुतिः) दुष्ट स्तुति और पाप की कीर्त्ति अर्थात् निन्दा (नप्रशस्यते) श्रेष्ठ नहीं होती वैसे तुम भी होवो ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं० । मनुष्यों को जैसे निद्रा में स्थित हुए मनुष्य आराम को प्राप्त होते हैं वैसे सर्वदा विद्या उत्तम शिक्षाओं से संस्कार की हुई वाणी को स्वीकार प्रशंसनीय कर्म का सेवन और निंदा को दूर कर स्तुति का प्रकाश होने के लिये अच्छे प्रकार प्रयत्न करना चाहिये ॥ १ ॥

अथ विद्वद्गुणा उपदिश्यन्ते ॥

अब अगले मंत्र में विद्वानों के गुणों का उपदेश किया है ॥

दुरो अश्वस्य दुर इन्द्र गोरसि दुरो यवस्य वसुन इनस्पतिः । शिक्षानरः प्रदिवो अकामकर्शनः सखा सखिभ्यस्तमिदं गृणीमसि ॥ २ ॥

दुरः । अश्वस्य । दुरः । इन्द्र । गोः । असि । दुरः । यवस्य । वसुनः । इनः । पतिः । शिक्षाऽनरः । प्रऽदिवः । अकामऽकर्शनः । सखा । सखिऽभ्यः । तम् । इदम् । गृणीमसि ॥ २ ॥

पदार्थः—(दुरः) सुखैः संवारकाणि द्वाराणि (अश्वस्य) व्याप्तिकारकाग्न्यादेस्तुरंगस्य वा (दुरः) (इन्द्र) विद्वन् (गोः) सुसंस्कृताया वाचः (असि) (दुरः) (यवस्य) उत्तमस्य यवादेरन्नस्य (वसुनः) सर्वोत्तमस्य द्रव्यस्य (इनः) ईश्वरः । इन इतीश्वरना० निघं० २ । २२ (पतिः) पालयिता (शिक्षानरः) यः शिक्षां नृणाति प्राप्नोति स शिक्षाया नरः शिक्षानरः । अत्र सर्वधातुभ्योऽजयं वक्तव्यइति नृधातोरच्प्रत्ययः (प्रदिवः) प्रकृष्टस्य न्यायप्रकाशस्य

(अकामकर्शनः) योऽकामानलसान् कृशति तनूकरोति सः (सखा) सुहृत् (सखिभ्यः) सुहृद्भ्यः (तम्) उक्तार्थम् (इदम्) अर्चनं सत्करणं यथा स्यात्तथा (गृणीमसि) अर्चामः स्तुमः ॥ २ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र विद्वन् योऽकामकर्शनः शिक्षानरः सखिभ्यः सखा पतिरिनइव त्वमश्वस्य दुरो गोर्दुरोऽभिप्राप्य यवस्य प्रदिवो दुरोऽधिष्ठितः सन् वसुनो दाताऽसि तं त्वामिदं वयं गृणीमसि ॥ २ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—नहि परमेश्वरतुल्येन धार्मिकेण विदुषा विना कस्मै चित्सर्वपदार्थानां सुखानां च प्रदाता कश्चिदस्ति परन्तु ये खलु सर्वमित्राः शिक्षाप्राप्ता मनुष्याः सन्ति तएवैतत् सर्वसुखं लभन्ते नेतरे ॥ २ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) विद्वान् जो (अकामकर्शनः) आलस्य युक्त मनुष्यों को कृश (शिक्षानरः) शिक्षाओं को प्राप्त करने वा (सखिभ्यः) मित्रों के (सखा) मित्र (पतिः) पालन करने वा (इनः) ईश्वर के तुल्य सामर्थ्य युक्त आप (अश्वस्य) व्याप्ति कारक अग्नि आदि वा तुरङ्गादि के द्वारों को प्राप्त हो के सुखदेने वाली (गोः) वाणी वा दूध देने वाली गौ के (दुरः) सुख देने वाले द्वारों को जान (यवस्य) उत्तम यव आदि अन्न (प्रदिवः) उत्तम विज्ञान प्रकाश और (वसुनः) उत्तम धन के देने वाले (असि) हैं (तम्) उस आपको (इदम्) पूजा वा सत्कार पूर्वक (गृणीमसि) स्तुति करते हैं ॥ २ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—परमेश्वर की तुल्य धार्मिक विद्वान् के विना किसी के लिये सब पदार्थ वा सब सुखों का देने वाला कोई नहीं है परन्तु जो निश्चय करके सब के मित्र शिक्षाओं को प्राप्त किये हुए आलस्य को छोड़ कर उद्योग ईश्वर की उपासना विद्या वा विद्वानों के संग की प्रीति से सेवन करने वाले मनुष्य हैं वे ही इन सब सुखों को प्राप्त होते हैं आलसी मनुष्य नहीं ॥ २ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा है यह वि० ॥

शचीव इन्द्र पुरुकृद्द्युमत्तम तवेदिदमभितश्चेकिते वसु । अतः सङ्गृभ्याभिभूत आ भर मा त्वायतो जरितुः काममूनयीः ॥ ३ ॥

शचीऽवः । इन्द्र । पुरुऽकृत् । द्युमत्ऽतम । तव । इत् । इदम् । अभितः । चेकिते । वसु । अतः । सम्ऽगृभ्य । अभिऽभूते । आ । भर । मा । त्वाऽयतः । जरितुः । कामम् । ऊनयीः ॥ ३ ॥

पदार्थः-(शचीवः) प्रशस्ताः प्रज्ञा बह्वी वाक् प्रशस्तं कर्म च विद्यते यस्य तत्सम्बुद्धौ (इन्द्र) परमैश्वर्यप्रापक विद्वन्वा (पुरुकृत्) यः पुरूणि बहूनि सुखानि करोति सः (द्युमत्तम) द्यौर्बहुः सर्वज्ञः प्रकाशो विद्याप्रकाशो वा विद्यते यस्मिन् सोऽतिशयित-स्तत्संबुद्धौ (तव) (इत्) एव (इदम्) वक्ष्यमाणम् (अभितः) सर्वतः (चेकिते) जानाति (वसु) परं प्रकृष्टं द्रव्यम् (अतः) पुरुषार्थात् (संगृभ्यः) सम्यग्गृहीत्वा (अभिभूते) अभिभूतिः शत्रूणामभिभवनं पराभवो यस्मात्तत्सम्बुद्धौ (आ) आभिमुख्ये (भर) धर (मा) निषेधे (त्वायतः) त्वामात्मानं तवात्मानं वेच्छतः (जरितुः) स्तोतुः (कामम्) इष्टसिद्धिम् (ऊनयीः) ऊनयेः । लुङ् प्रयोगोऽयम् ॥ ३ ॥

अन्वयः–हे शचीवो द्युमत्तम पुरुकृदिन्द्र सभेश यो मनुष्यस्तव कृपया सहायेन वाऽभित इदं वसु चेकिते जानाति । हे अभिभूते शत्रूणां पराभवकर्त्तर्यतस्त्वं त्वायतो जरितुर्धार्मिकस्य स्वजनस्य काममाभर समन्तात्प्रपूर्द्धि । अतस्त्वां संगृभ्याहं वर्त्ते त्वं मां सर्वैः कामैराभर त्वायतो जरितुर्मम कामं मोनयीः परिहीणं क्षीणं न्यूनं कदाचिन्मा सम्पादयेः ॥ ३ ॥

भावार्थः–मनुष्यैर्न किल परमेश्वरेणाप्तेन पुरुषसङ्गेन वा विना सर्वेषां कामानां पूर्त्तिः कर्त्तुं शक्या तस्मादेतमेवोपास्य संगम्य वा कामपूर्त्तिः संपादनीयेति ॥ ३ ॥

पदार्थः–हे (शचीवः) प्रशंसनीय प्रज्ञा वाणी और कर्मयुक्त (द्युमत्तम) अतिशय करके सर्वज्ञता विद्याप्रकाश युक्त (पुरुकृत्) बहुत सुखों के दाता (इन्द्र) परमैश्वर्य युक्त जगदीश्वर वा ऐश्वर्य प्रापक सभापति विद्वान् आप की कृपा वा आप के सहाय से मनुष्य (अभितः) सब ओर से (इदम्) इस (वसु) उत्तम धन को (चेकिते) जानता है । हे (अभिभूते) शत्रुओं के पराजय करने वाले जिस कारण आप (त्वायतः) आप वा उस के आत्मा की इच्छा करते हुए (जरितुः) स्तुति करने वाले धार्मिक भक्तजन को (कामम्) इष्टसिद्धि को (आभर) पूर्ण करें (अतः) इस पुरुषार्थ से आप को (संगृभ्य) ग्रहण करके मैं वर्त्तता हूं और आप मुझे सब कामों से पूर्ण कीजिये आप की इच्छा करते हुए स्तुति करने वाले मेरी इष्टसिद्धि को (मोनयीः) कभी क्षीण मत कीजिये ॥ ३ ॥

भावार्थः–मनुष्यों को निश्चय करके परमेश्वर वा विद्वान्मनुष्य के संग के विना कोई भी मनुष्य इष्टसिद्धि को पूरण करने वाला होने को योग्य नहीं है इस से इसी की उपासना वा विद्वान् मनुष्य का सत्सङ्ग करके इष्टसिद्धि को संपादन करना चाहिये ॥ ३ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा है यह वि० ॥

एभिर्द्युभिः सुमना एभिरिन्दुभिर्निरुन्धानो अमतिं गोभिरश्विना । इन्द्रेण दस्युं दरयन्त इन्दुभिर्युतद्वेषसः समिषा रभेमहि ॥ ४ ॥

एभिः । द्युभिः । सुऽमनाः । एभिः । इन्दुऽभिः । निऽरुन्धानः । अमतिम् । गोभिः । अश्विना । इन्द्रेण । दस्युम् । दरयन्तः । इन्दुऽभिः । युतऽद्वेषसः । सम् । इषा । रभेमहि ॥ ४ ॥

पदार्थः–(एभिः) प्रत्यक्षैः (द्युभिः) प्रकाशयुक्तैर्गुणैर्द्रव्यैर्वा (सुमनाः) शोभनं मनो विज्ञानं यस्य सभाद्यध्यक्षस्य सः (एभिः) वक्ष्यमाणैः (इन्दुभिः) आह्लादकारिभिर्गुणैः पदार्थैर्वा (निरुन्धानः) निरोधं कुर्वन् (अमतिम्) अविद्यमाना मतिर्विज्ञानं सुखं वा यस्यामविद्यायां दरिद्रायां वा तां सुरूपं वा (गोभिः) प्रशस्ताभिर्वाग्धेनुपृथिवीभिः (अश्विना) अग्निजलसूर्यचन्द्रादिभिः (इन्द्रेण) विद्युता तद्रचितेन विदारकेण शस्त्रेण वा (दस्युम्) बलात्कारेण परस्वापहर्त्तारम् (दरयंतः) विदारयन्तः (इन्दुभिः) अभिषुतैर्बलकारिभिः पेयैः सोमरसाभियुक्तैर्जलैः (युतद्वेषसः)

युताअभिश्रिताः पृथग्भूता द्वेषा येभ्यस्ते (सम्) सम्यगर्थे (इषा) इच्छयाऽन्नादिना वा (रभेमहि) आरम्भं कुर्वीमहि ॥ ४ ॥

अन्वयः—वयं योऽमतिं निरुन्धानः सुमना विद्वानस्ति तं प्राप्य तत्सहायेनैभिर्द्युभिरेभिरिन्दुभिर्गोभिरश्विनेन्दुभिरिषेन्द्रेण सह दस्युं दरयन्तो युतद्वेषसः शत्रुभिः सह युद्धं सुखेन समारभेमहि ॥ ४ ॥

भावार्थः—यः सभाद्यध्यक्षो वा सर्वं दारिद्र्यं विनाश्य शत्रुविजयं कृत्वा सर्वा विद्याः शिक्षित्वाऽस्मान् सुखयति ससर्वैर्मनुष्यैः समाश्रयितव्यश्चेति नहि खल्वेतत्सहायेन विना कश्चिदपि व्यावहारिकं पारमार्थिकं चानन्दं प्राप्तुं शक्नोति तस्मादेतत्सहायेन सर्वेषां धर्म्याणां कार्याणामारंभः सुखसेवनं च नित्यं कार्य्यमिति ॥ ४ ॥

पदार्थः—हम लोग जो (अमतिम्) विज्ञान वा सुख से अविद्या दरिद्रता तथा सुन्दर रूप को (निरुंधानः) निरोध वा ग्रहण करता हुआ (सुमनाः) उत्तम विज्ञान युक्त सभाध्यक्ष है उस को प्राप्त कर उस के सहाय वा (एभिः) इन (द्युभिः) प्रकाश युक्त द्रव्य (एभिः) इन (इन्दुभिः) आह्लाद कारकगुण वा पदार्थ इन (गोभिः) प्रशंसनीय गौ पृथिवी (अश्विना) अग्नि जल सूर्य्य चन्द्रआदि (इषा) इच्छा वा अन्नादि (इन्द्रेण) बिजुली और उस के रचे हुए विदारण करने वाले शस्त्र से (दस्युम्) बल से दूसरे के धन को लेने वाले दुष्ट को (दरयन्तः) विदारण करते हुए (युतद्वेषसः) द्वेष से अलग होने वाले शत्रुओं के साथ युद्ध को सुख से (समारभेमहि) आरंभ करें ॥ ४ ॥

भावार्थः—जो सभाध्यक्ष सब विद्याओं की शिक्षा कर हमलोगों को सुखी करता है उस का सब मनुष्यों को सेवन करना चाहिये इस के सहाय के विना कोई भी मनुष्य व्यावहारिक और परमार्थ विषक आनन्द को प्राप्त होने को समर्थ नहीं हो सकता इस से इस के सहाय से सब धर्म युक्त कार्यों का आरंभ वा सुख का सेवन करना चाहिये ॥ ४ ॥

पुनरेतत्सहायेन मनुष्यैः किं कर्त्तव्यमित्यु०

फिर इस के सहाय से मनुष्यों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

समिन्द्र राया समिषा रभेमहि सं वाजेभिः पुरुश्चन्द्रैरभिद्युभिः । सं देव्या प्रमत्या वीरशुष्मया गोअग्रयाऽश्वावत्या रभेमहि ॥ ५ ॥ १५ ॥

सम् । इन्द्र । राया । सम् । इषा । रभेमहि । सम् । वाजेभिः । पुरुऽचन्द्रैः । अभिद्युऽभिः । सम् । देव्या । प्रऽमत्या । वीरऽशुष्मया । गोऽअग्रया । अश्वऽवत्या । रभेमहि ॥ ५ ॥ १५ ॥

पदार्थः–(सम्) प्राप्तौ (इन्द्र) परमैश्वर्यप्रदेश्वर सभाध्यक्ष वा (राया) राज्यपरमश्रिया (सम्) सम्यक् (इषा) धर्मेच्छयान्नादिना वा (रभेमहि) आरम्भं कुर्याम (सम्) ऐश्वर्ये (वाजेभिः) विज्ञानादिगुणैः संग्रामैर्वा (पुरुश्चन्द्रैः) पुरवो बहवश्चन्द्रा आल्हादकारकाः सुवर्णरजतादयो धातवो वा येभ्यस्तैः (अभिद्युभिः) अभितो दिवो विद्याव्यवहारप्रकाशा येषु तैः (सम्) श्लेषे (देव्या) दिव्यगुणसहितया विद्यायुक्तया सेनया (प्रमत्या) प्रकृष्टा मतिर्मननं यस्यां तया (वीरशुष्मया) वीराणां योधॄणां शुष्माणि बलानि यस्यां तया (गोअग्रया) गाव इन्द्रियाणि धेनवः पृथिव्यो वाऽग्राः श्रेष्ठा यस्यां तया । अत्र । सर्वत्र विभाषागोः । अ० ६ । १ । १२२ अनेन प्रकृतिभावः (अश्ववत्या) प्रशस्ता वेगबलयुक्ता अश्वा विद्यन्ते यस्यां तया (रभेमहि) शत्रुभिः सह युध्येमहि ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र सभाध्यक्ष यथा वयं त्वत्सहायेन सम्राया समिषा पुरुश्चन्द्रैरभिद्युभिः संवाजेभिः प्रमत्या देव्या गोऽग्रयाऽश्वावत्या वीरशुष्मया सेनया सह वर्त्तमानाः शत्रुभिः संरभेमहि सम्यक् संग्रामं कुर्याम तथैतत्कृत्वा लौकिकपारमार्थिकान् व्यवहारान्रभेमहि तं त्वं संसाधय ॥ ५ ॥

भावार्थः—नहि कश्चिदपि विद्वत्सहायमन्तरा सम्यक् पुरुषार्थसिद्धिमाप्नोति नैव किल बलारोग्यपूर्णसामग्रीसुशिक्षितया धार्मिकशूरवीरयुक्तया चतुरङ्गिण्या सेनया विना कश्चिच्छत्रुपराजयं कृत्वा विजयं प्राप्तुं शक्नोति तस्मादेतत्सर्वदोन्नेयमिति ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सभाध्यक्ष जैसे हमलोग आप के सहाय से (सम्राया) उत्तम राज्यलक्ष्मी (समिषा) धर्म की इच्छा वा अन्नादि (अभिद्युभिः) विद्या व्यवहार और प्रकाश युक्त (पुरुश्चन्द्रैः) बहुत आह्लादकारक सुवर्ण और उत्तम चांदी आदि धातु (संवाजेभिः) विज्ञानादि गुण वा संग्राम तथा (प्रमत्या) उत्तम मतियुक्त (देव्या) दिव्य गुण सहित विद्या से युक्त सेना से (गोअग्रया) श्रेष्ठ इन्द्रिय गौ और पृथिवी से युक्त (वीरशुष्मया) शूरवीर योद्धाओं के बल से युक्त (अश्ववत्या) प्रशंसनीय वेग बल युक्त घोड़े वाली सेना के साथ वर्त्तमान हो के शत्रुओं के साथ (संरभेमहि) अच्छे प्रकार संग्राम को करें इस सब कार्य को करके लौकिक और पारमार्थिक सुखों को (रभेमहि) सिद्ध करें ॥ ५ ॥

भावार्थः—कोई भी मनुष्य विद्वान् की सहायता के विना अच्छे प्रकार पुरुषार्थ की सिद्धि को प्राप्त नहीं हो सकता और निश्चय करके बल आरोग्य पूर्ण सामग्री और उत्तम शिक्षा से युक्त धार्मिक शूर वीर युक्त चतुरंगिणी अर्थात् चौतर्फो अङ्ग से युक्त सेना के विना शत्रुओं का पराजय वा विजय के प्राप्त होने को समर्थ नहीं होसकता इस से सब मनुष्यों को इन कार्यों की उन्नति करनी चाहिये ॥५॥

पुनस्तैः किं कर्त्तव्यमित्यु० ॥

फिर उन मनुष्यों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

ते त्वा मदा अमदन्तानि वृष्ण्या ते

सोमा॑सो वृत्र॒हत्ये॑षु सत्पते। यत्का॒रवे॒ दश॑ वृत्राण्य॑प्र॒ति ब॒र्हिष्म॑ते॒ नि स॒हस्रा॑णि ब॒र्हय॑: ॥ ६ ॥

ते। त्वा॒। मदा॑:। अ॒म॒द॒न्। तानि॑। वृष्ण्या॑। ते। सोमा॑सः। वृ॒त्र॒ऽहत्ये॑षु। स॒त्ऽप॒ते॒। यत्। का॒रवे॑। दश॑। वृ॒त्राणि॑। अ॒प्र॒ति। ब॒र्हिष्म॑ते। नि। स॒हस्रा॑णि। ब॒र्हय॑: ॥ ६ ॥

पदार्थः—(ते) प्रजास्था धार्मिका विद्वांसः (त्वा) त्वां पाठशालाध्यक्षम् (मदाः) आनंदिता आनंदयितारः (अमदन्) हर्षयन्तु (तानि) पूर्वोक्तानि कर्माणि (वृष्ण्या) सुखसेचनसमर्थानि (ते) पूर्वोक्ताः (सोमासः) अभिषुताः सुसंपादिताः पदार्था यैस्ते (वृत्रहत्येषु) वृत्राः शत्रवो हत्या हननीया येषु तेषु संग्रामेषु (सत्पते) सत्पुरुषाणां पतिः पालयिता तत्सम्बुद्धौ (यत्) यः (कारवे) कर्मकर्त्रे (दश) दशत्वसंख्याविशिष्टानि (वृत्राणि) शत्रूणामावरकाणि कर्माणि (अप्रति) अप्रतीतानि यथास्यात्तथा (बर्हिष्मते) विज्ञानवते (नि) नित्यम् (सहस्राणि) बहून्यसंख्यातानि सैन्यानि (बर्हयः) वर्द्धय ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे सत्पते यस्त्वं बर्हिष्मते कारवे दश सहस्राणि वृत्राण्यप्रति निबर्हयस्तं त्वामाश्रित्य ते सोमासो मदाः शूरवीरा वृत्रहत्येषु तानि वृष्ण्या सेचनसमर्थान्युत्तमानि कर्माण्याचरन्तोऽमदन् ॥ ६ ॥

भावार्थः—सर्वैर्मनुष्यैः सदा सत्पुरुषसङ्गेनाऽनेकानि साधनानि प्राप्यानन्दयितव्यमिति ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे (सत्पते) सत्पुरुषों के पालन करने वाले सभाध्यक्ष (यत्) जो आप (बर्हिष्मते) विज्ञान युक्त (कारवे) कर्म करने वाले मनुष्य के लिये (वृत्राणि) शत्रुओं को रोकने हारे कर्म (दश) दश (सहस्राणि) हजार अर्थात् असंख्यात सेनाओं के (अप्रति) अप्रतीति जैसे हो वैसे प्रतिकूल कर्मों को (निबर्हयः) निरन्तर बढाइये उस आप के आश्रित होकर (ते) वे (सोमासः) उत्तम २ पदार्थों को उत्पन्न करने (मदाः) आनंदित करने वाले शूरवीर धार्मिक विद्वान् लोग (त्वा) आप को (वृत्रहत्येषु) शत्रुओं के मारने योग्य संग्रामों में (तानि) उन (वृषण्या) सुख वर्षाने वाले उत्तम २ कर्मों का आचरण करते हुए (अमदन्) प्रसन्न होते हैं ॥ ६ ॥

भावार्थः—सब मनुष्यों को चाहिये कि सत्पुरुषों के संग से अनेक साधनों को प्राप्त कर आनन्द भोगें ॥ ६ ॥

पुनः स सेनाध्यक्षः कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह सेनाध्यक्ष कैसा होवे इस० ॥

युधा युधमुप घेदेषि धृष्णुया पुरा पुरं समिदं हंस्योजसा। नम्या यदिन्द्र सख्या परावति निबर्हयो नमुचिं नाम मायिनम्॥ ७ ॥

युधा । युधम् । उप । घ । इत् । एषि । धृष्णुऽया । पुरा । पुरम् । सम् । इदम् । हंसि । ओजसा । नम्या । यत् । इन्द्र ।

सख्या । पराऽवति । निऽबर्हयः । नमुचिम् । नाम । मायिनम् ॥ ७ ॥

पदार्थः—(युधा) यो योधयति तेन (युधम्) युध्यमानम् (उप) सामीप्ये (घ) एव (इत्) अपि (एषि) प्राप्नोषि (धृष्णुया) धाष्टर्यादिगुणयुक्तेन धृष्टेन (पुरा) पूर्वम् (पुरम्) शत्रुनगरम् (सम्) एकीभावे (इदम्) यद्दृक्गोचरं तत्तत् (हंसि) नाशयसि (ओजसा) बलेन (नम्या) यथा रात्रिरंधकारेण सर्वान्पदार्थानावृणोति तथा। नम्येति रात्रिना० निघं० १ । ७ । (यत्) यस्मात् (इन्द्र) सभासेनाध्यक्ष (सख्या) मित्रसमूहेन (परावति) दूरदेशे (निबर्हयः) निःसारय (नमुचिम्) न विद्यते मुचिर्मोक्षणं यस्य तम् । अत्र । इक्कृषादिभ्यइति मुचधातोर्भावइक् । नभ्राण्नपान्नवेदाना० इति निपातनान्नञः प्रकृतिभावः (नाम) प्रसिद्धम् (मायिनम्) कुत्सिता माया विद्यते यस्य तं छलकपटयुक्तं दुष्टकर्मकारिणं मनुष्यम् ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र सभाद्यध्यक्ष यद्यस्मात्त्वं धृष्णुया सख्या युधौजसा च सह पुरेदं पुरं हंसि युधमिद्घ शत्रुमप्येवैषि नम्या रात्रिरिवान्यायेनांधकारिणं नाम प्रसिद्धं नमुचिं मायिनं परावति दूरदेशे निबर्हयस्तस्मात्त्वां मूर्धाभिषिक्तं कृत्वा वयं सभाद्यध्यक्षत्वेन स्वीकृत्य राजानमभिषिंचामः ॥ ७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०-मनुष्यैर्बहून् मित्रान् संपाद्य दुष्टान् शत्रून्निवार्य दुष्टदलानि शत्रूणां पुराणि च विदार्य सर्वानन्यायकारिणो मनुष्यादीन् सततं कारागारे बध्वा धर्म्यं चक्रवर्त्तिराज्यं प्रशास्य परमैश्वर्यं संपादनीयम् ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सभा सेनाध्यक्ष (यत्) जिस कारण तुम (धृष्णुया) दृढता आदि गुण युक्त (सख्या) मित्र समूह (युधा) युद्ध करने वाले (ओजसा) बल के साथ (पुरा) पहिले (इदम्) इस (पुरम्) शत्रुओं के नगर को (हंसि) नष्ट करते तथा (युधम्) युद्ध करते हुए शत्रु को (इत्) भी (घ) निश्चय करके (एषि) प्राप्त करते और (नम्या) जैसे रात्रि अन्धकार से सब पदार्थों का आवरण करती है वैसे अन्याय से अन्धकार करने वाले (नाम) प्रसिद्ध (नमुचिम्) छुट्टी से रहित (मायिनम्) छल कपट युक्त दुष्ट कर्म करने वाले मनुष्य वा पश्वादि को (परावति) दूर देश में (निबर्हयः) निःसारण करते हो इस से आप को मूर्द्धाभिषिक्त करके हम लोग सभाध्यक्ष के अधिकार में स्वीकार करके राज पदवी से मान्य करते हैं ॥ ७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० मनुष्यों को चाहिये कि बहुत उत्तम २ मित्रों को प्राप्त दुष्ट शत्रुओं का निवारण दुष्टदल वा शत्रुओं के पुरों को विदारण सब अन्याय कारी मनुष्यों को निरन्तर कैद घर में बांध ताड़ना दे और धर्मयुक्त चक्रवर्त्ति राज्य को पालन करके उत्तम ऐश्वर्य को सिद्ध करें ॥ ७ ॥

पुनः स किं कुर्यादित्यु० ॥

फिर वह क्या करे इस वि० ॥

त्वं करंञ्जमुत पर्णयं वधीस्तेजिष्ठयातिथिग्वस्य वर्त्तनी । त्वं शता वङ्गृदस्याभिनत् पुरोऽनानुदः परिषूता ऋजिश्वना ॥ ८ ॥

त्वम् । करंञ्जम् । उत । पर्णयम् । वधीः । तेजिष्ठया । अतिथिऽग्वस्य । वर्त्तनी । त्वम् । शता । वङ्गृदस्य । अभिनत् । पुरः । अनानुऽदः । परिऽसूताः । ऋजिऽश्वना ॥ ८ ॥

पदार्थः—(त्वम्) सभाध्यक्षः (करंजम्) यः किरति विक्षिपति धार्मिकाँस्तम् । अत्र कृविक्षेपइत्यस्माद्धातोर्बाहुलकादौणादिकोऽञ्जन् प्रत्ययः (उत) अपि (पर्णयम्) पर्णानि परप्राप्तानि वस्तूनि याति प्राप्नोति तं चोरम् (बधीः) हंसि (तेजिष्ठया) या अतिशयेन तीव्रा तेजिष्ठा सेनानीतिर्वा तया (अतिथिग्वस्य) अतिथीन् गच्छति गमयति वा येन तस्य । अत्रातिथ्युपपदाद्गमधातोर्बाहुलकादौणादिको ड्वः प्रत्ययः (वर्त्तनी) वर्त्तते यया क्रियया सा (त्वम्) (शता) बहूनि (वङ्गृदस्य) यो वङ्गृन् वक्रान् विषादीन् पदार्थान् व्यवहारान्ददात्युपदिशति वा तस्य दुष्टस्य (अभिनत्) विदारयसि (पुरः) पुराणि (अननुदः) योऽनुगतं न ददाति तस्य (परिसूताः) परितः सर्वतः सूता उत्पन्ना उत्पादिता वा पदार्थाः (ऋजिश्वना) ऋजयऋजुगुणयुक्ताः सुशिक्षिताः श्वानो येन तेन सह ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे सभाध्यक्ष यतस्त्वं यस्मिन्युद्धव्यवहारे तेजिष्ठया सेनया करंजमुतापि पर्णयं बधीर्हंसि याऽतिथिग्वस्य वर्त्तनी गमनागमनसत्करणक्रियाऽस्ति तां रक्षित्वाऽननुदो वङ्गृदस्य दुष्टस्य शतानि पुरः पुराण्यभिनद्भिनत्सि ये परिसूताः पदार्थास्तानृजिश्वना व्यवहारेण रक्षसि तस्मात्त्वमेव सभाध्यक्षत्वे योग्योसीति वयं निश्चिनुमः ॥ ८ ॥

भावार्थः—राजपुरुषैर्दुष्टान् शत्रून् छित्वा पूर्णविद्यावतां परोपकारिणां धार्मिकाणामतिथीनां सत्क्रियार्थं सर्वान् प्राणिनः पदार्थांश्च रक्षित्वा धर्म्यं राज्यं सेवनीयम् । यथा श्वानः स्वामिनं रक्षंति तथान्ये रक्षितुं न शक्नुवंति तस्मादेते सुशिक्ष्य परिरक्षणीयाः ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे सभाध्यक्ष जिस कारण (त्वम्) आप इस युद्ध व्यवहार में (तेजिष्ठया) अत्यंत तीक्ष्ण सेना वा नीति युक्त बल से (करंजम्) धार्मिकों को

दुःख देने (पर्णयम्) दूसरे के वस्तु को लेने वाले चोर को (उत) भी (बधीः) मारते और जो (अतिथिग्वस्य) अतिथियों के जाने आने वास्ते (वर्तनी) सत्कार करने वाली क्रिया है उस की रक्षा कर (अननुदः) अनुकूल न वर्त्तने (वंगृदस्य) जहर आदि पदार्थों को देने वा दुष्ट व्यवहारों का उपदेश करने वाले दुष्ट मनुष्य के (शता) असंख्यात (पुरः) नगरों को (अभिनत्) भेदन करते और जो (परिसूताः) सब प्रकार से उत्पन्न किये हुए पदार्थ हैं उन की (ऋजिश्वना) कोमल गुण युक्त कुत्तों की शिक्षा करने वाले के समान व्यवहार के साथ रक्षा करते हो इस से आप ही सभा आदि के अध्यक्ष होने योग्य हो ऐसा हम लोग निश्चय करते हैं ॥ ८ ॥

भावार्थः—राजमनुष्यों को दुष्ट शत्रुओं के छेदन से पूर्ण विद्या युक्त परोपकारी धार्मिक अतिथियों के सत्कार के लिये सब प्राणी वा सब पदार्थों की रक्षा करके धर्म युक्त राज्य का सेवन करना चाहिये जैसे कि कुत्ते अपने स्वामी की रक्षा करते हैं वैसी अन्य जन्तु रक्षा नहीं कर सकते इस से इन कुत्तों को सिखा कर और इन की रक्षा करनी चाहिये ॥ ८ ॥

पुनः स किं कुर्यादित्यु०

फिर वह क्या करे इस वि०

त्वमेताञ्जनराज्ञो द्विर्दशाबन्धुना सुश्रवसोपजग्मुषः । षष्टिं सहस्रा नवतिं नव श्रुतो नि चक्रेण रथ्या दुष्पदावृणक् ॥ ९ ॥

त्वम् । एतान् । जनऽराज्ञः । द्विः । दश । अबन्धुना । सुऽश्रवसा । उपऽजग्मुषः । षष्टिम् । सहस्रा । नवतिम् । नव । श्रुतः । नि । चक्रेण । रथ्या । दुःऽपदा । अवृणक् ॥ ९ ॥

पदार्थः-(त्वम्) सभाद्यध्यक्षः (एतान्) मनुष्यादीन् (जनराज्ञः) जना धार्मिका राजानो येषां तान् (द्विः) द्विवारम् (दश) संख्यायाम् (अबंधुना) अविद्यमाना बंधवो मित्रा यस्य तेनार्थेन सह (सुश्रवसा) शोभनानि श्रवांसि श्रवणान्यन्नानि वा यस्य तेन मित्रेण सह (उपजग्मुषः) य उप सामीप्यं गतवंतस्तान् (षष्टिम्) एतत्संख्याकान् (सहस्रा) सहस्राणि (नवतिम्) एतत्संख्याकान् (नव) एतत्संख्यापरिमिताञ्छूरान् भृत्यान् (श्रुतः) यः श्रूयते सः (नि) नित्यम् (चक्रेण) शस्त्रसमूहेन चक्रांगयुक्तेन यानसमूहेन वा (रथ्या) यो रथं वहति तेन रथ्येन (दुष्पदा) दुःखेन पत्तुं प्राप्तुं योग्येन (अवृणक्) वृणक्षि ॥ ९ ॥

अन्वयः-हे सभाद्यध्यक्ष यथा श्रुतस्त्वमेतानबंधुना सुश्रवसा सह वर्त्तमानानुपजग्मुषउपगतां षष्टिं नवतिं नव दश च सहस्राणि जनराज्ञो दुष्पदा रथ्या दुष्प्रापकेन रथ्येन चक्रेण द्विर्न्यवृणक् । नित्यं वृणक्षि दुःखैः पृथक् करोषि दुष्टांश्च दूरीकरोषि तथा त्वमपि दुराचारात्पृथक् वस ॥ ९ ॥

भावार्थः-चक्रवर्त्तिना राज्ञा सर्वान्मांडलिकान्महामांडलिकान्राज्ञो भृत्यान् गृहस्थान् विरक्तान्वाऽनुरज्य शरणागतान् पालयित्वा धर्म्यं सार्वभौमराज्यमनुशासनीयम् । यतो दशेत्यादयः संख्यावाचिनः शब्दा उपलक्षणार्थाः सन्त्यतो राजपुरुषैः सर्वेषां यथायोग्यं रक्षणं दंडनं च विधेयमिति ॥ ९ ॥

पदार्थः-हे सभा और सेना के अध्यक्ष जैसे (श्रुतः) श्रवण करने वाले (त्वम्) तुम (एतान्) इन (अबंधुना) अबंधु अर्थात् मित्र रहित अनाथ वा (सुश्रवसा) उत्तम श्रवण अन्न युक्त मित्र के साथ वर्त्तमान (उपजग्मुषः । समीप होने वाले (षष्टिम्) साठ (नवतिम्) नब्बे (नव) नौ (दश) (सहस्राणि) दश हजार

(जनराज्ञः) धार्मिक राजा युक्त मनुष्यादिकों को (दुष्पदा) दुःख से प्राप्त होने योग्य (रथ्या) रथ को प्राप्त करने वाले (चक्रेण) शस्त्र विशेष वा चक्रादि अङ्ग युक्त यान समूह से (द्विः) दो बार (न्यवृणक्) नित्य दुःखों से अलग करते वा दुष्टों को दूर करते हो वैसे तू भी पापाचरण से सदा दूर रह ॥ ९ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचकलु० चक्रवर्त्ति राजा को मांडलिक वा महामांडलिक राजा भृत्य गृहस्थ वा विरक्तों को प्रसन्न और शरणागत आये हुए मनुष्य की रक्षा कर के धर्म युक्त सार्वभौम राज्य का यथावत् पालन करना चाहिये । और दश से आदि ले के सब संख्यावाची शब्द उपलक्षण के लिये हैं इस से राजपुरुषों को योग्य है कि सब की यथावत् रक्षा वा दुष्टों को दण्ड देवें ॥९॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा है इस० ॥

त्वमा॑विथ सु॒श्रव॑सं॒ तवो॒तिभि॒स्तव॒ त्राम॑-
भिरिन्द्र॒तूर्व॑याणम् । त्वम॑स्मै॒ कुत्स॑मतिथि॒-
ग्वमा॒युं म॒हे राज्ञे॒ यूने॑ अरन्धनायः ॥ १० ॥

त्वम् । आ॒वि॒थ॒ । सु॒ऽश्रव॑सम् । तव॑ । ऊ॒तिऽभिः॑ ।
तव॑ । त्राम॑ऽभिः । इ॒न्द्र॒ । तूर्व॑याणम् । त्वम् ।
अ॒स्मै॒ । कुत्स॑म् । अ॒ति॒थि॒ऽग्वम् । आ॒युम् ।
म॒हे॒ । राज्ञे॑ । यूने॑ । अ॒र॒न्ध॒ना॒यः॒ ॥ १० ॥

पदार्थः—(त्वम्) सभाद्यध्यक्षः (आविथ) रक्षसि (सुश्रवसम्) सुष्ठुश्रवांसि श्रवणान्यन्नादीनि यस्य तम् (तव) रक्षणे वर्त्तमानस्य (ऊतिभिः) रक्षणादिभिः (तव) सेनादिभिः सह वर्त्तमानस्य (त्रामभिः) त्रायन्ते ये धार्मिका विद्वांसः शूरास्तैः (इन्द्र) परमैश्वर्यप्रद (तूर्वयाणम्) तूर्वाः शत्रुबलहिंसका योद्धारो यानेषु

यस्य तम् (त्वम्) सभाशालासेनाप्रजारक्षक: (अस्मै) युध्यमानाय वीराय (कुत्सम्) वज्रम् । कुत्सइति वज्रना० निघं० २ । २० (अतिथिग्वम्) योऽतिथीन् गच्छति गमयति वा तम् (आयुम्) यएति प्राप्नोति तम् (महे) महोत्तमगुणविशिष्टाय (राज्ञे) न्यायविनयविद्यागुणैर्देदीप्यमानाय (यूने) युवावस्थायां वर्त्तमानाय (अरंधनाय:) अरमलं धनं यस्य सद्वाचरतीत्यरन्धनाय: । अत्र लडर्थे लिङ् ॥ १० ॥

अन्वय:—हे इन्द्र सभाद्यध्यक्ष त्वमस्मै महे यूने राज्ञे तवोतिभिस्तव वामभीरक्षितं यमतिथिग्वं तूर्वयाणमायुं सुश्रवसमरंधनायो यं त्वं कुत्समाविथ तस्मै किमपि दु:खं न भवति ॥ १० ॥

भावार्थ:—राजपुरुषै: शत्रून् निवार्य सर्वान् रक्षित्वा सर्वदा सुखिन: संपादनीया: । एते किल राजोन्नतिश्रिय: सदा भवेयु: । विद्याशालाध्यक्ष: सर्वान् सुशिक्षया विदुष: शस्त्रास्त्रकुशलान् संपाद्यैतै: प्रजां सततं रक्षेत् ॥ १० ॥

पदार्थ:—हे (इन्द्र) सभासेनाध्यक्ष (त्वम्) आप (अस्मै) इस (महे) महाउत्तम २ गुण युक्त (यूने) युवावस्था में वर्त्तमान (राज्ञे) न्याय विनय और विद्यादि गुणों से देदीप्यमान राजा के लिये (तव) आप के (ऊतिभि:) रक्षण आदि कर्मों से सेनादि सहित और (तव) वर्त्तमान आप के (वामभि:) रक्षा करने वाले धार्मिक विद्वानों से रक्षा किये हुए जिस (अतिथिग्वम्) अतिथियों को प्राप्त करने कराने (तूर्वयाणम्) शत्रु बलों के हिंसा करने वाले यान सहित (आयुम्) जीवन युक्त (सुश्रवसम्) उत्तम श्रवण वा अन्नादि युक्त मनुष्यों को (अरन्धनाय:) पूर्ण धन वाले मनुष्य के समान आचार करते और (त्वम्) आप जिस (कुत्सम्) वज्र के समान वीर पुरुष को (आविथ) रक्षा करते हो उस को कुछ भी दु:ख नहीं होता ॥ १० ॥

भावार्थ:—राजपुरुषों को योग्य है कि शत्रुओं का निवारण कर सब की रक्षा करके सर्वथा उन को सुख युक्त करें तथा ये निश्चय करके राजोन्नतिरूपी

लक्ष्मी से सदा युक्त रहें और विद्या और शाला के अध्यक्ष उत्तम सिक्षा से सब के शस्त्र और अस्त्र विद्या में कुशल निपुण विद्वानों को सम्पन्न करके इन से प्रजा की निरन्तर रक्षा करें ॥ १० ॥

पुनरेते परस्परं कथं वर्त्तेरन्नित्यु० ॥

फिर ये लोग परस्पर कैसे वर्त्तें इस वि० ॥

यउ॒दृचीन्द्र दे॒वगो॑पा॒: सखा॑यस्ते शि॒वत॑मा॒ अस॑म । त्वां स्तो॑षाम॒ त्वया॑ सु॒वीरा॒ द्राघी॑य॒ आयु॑: प्रत॒रं दधा॑नाः ॥ ११ ॥ १६ ॥

ये । उ॒त्ऽऋचि॑ । इ॒न्द्र॒ । दे॒वऽगो॑पाः । सखा॑यः । ते॒ । शि॒वऽत॑माः । अस॑ाम । त्वाम् । स्तो॒षा॒म॒ । त्वया॑ । सु॒ऽवीरा॑ः । द्राघी॑यः । आयु॑ः । प्र॒ऽत॒रम् । दधा॑नाः ॥ ११ ॥ १६ ॥

पदार्थः—(ये) वक्ष्यमाणलक्षणा वयम् (उदृचि) उत्कृष्टा ऋचो यस्मिन्नध्ययने तस्मिन् (इन्द्र) सभाद्यध्यक्ष (देवगोपाः) देवा विद्वांसो गोपा रक्षका येषान्ते । यद्वा ये देवानां दिव्यानां गुणानां कर्मणां वा गोपा रक्षकास्ते (सखायः) परस्परं सुहृदः सन्तः (ते) तव (शिवतमाः) अतिशयेन शिवाः कल्याणकारकं कर्म कुर्वन्तः कारयन्तश्च (असाम) भवेम (त्वाम्) शुभलक्षणम् (स्तोषाम) गुणान् कीर्त्तयेम (त्वया) रक्षिताः शिक्षिता वा (सुवीराः) शोभनाश्च ते वीराश्च यद्वा सुष्ठु वीरा येषु ते (द्राघीयः) अतिशयेन विस्तीर्णं शतवर्षेभ्योऽप्यधिकम् (आयुः)

जीवनम् (प्रतरम्) प्रकृष्टतया तरति प्लावयति दूरीकरोति दुःखं येन तत् (दधानाः) धरन्तः सन्तः ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र ते तव देवगोपाः शिवतमाः सखायो वयमसाम भवेम त्वया रक्षिताः सुवीराः प्रतरं द्राघीय आयुर्दधानाः सन्तो वयमुरुचि त्वां स्तोषाम ॥ ११ ॥

भावार्थः—सर्वैर्मनुष्यैः परस्परं निश्चितां मैत्रीं कृत्वा सर्वान् स्त्रीपुरुषादिजनान् सुविद्यायुक्तान् संपाद्य जितेन्द्रियत्वादिगुणान् गृहीत्वा ग्राहयित्वा च पूर्णमायुर्भोक्तव्यम् ॥ ११ ॥

अस्मिन्सूक्ते विद्वत्सभाद्यध्यक्षप्रजापुरुषैः परस्परं मित्रभावेन वर्त्तित्वा सर्वदा सुखं प्राप्तव्यमित्युक्तमतएतत्सूक्तार्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति बोध्यम् ॥

इति षोडशो वर्गस्त्रिपंचाशं सूक्तं च समाप्तम् ॥ ५३ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सभासेनाध्यक्ष (ते) आप के (देवगोपाः) रक्षक विद्वान्वा दिव्य गुण कर्मों को रक्षा करने (शिवतमाः) अतिशय करके कल्याण लक्षण युक्त (सखायः) परस्पर मित्र हम लोग (असाम) होवें (त्वया) आप के साथ रक्षा वा शिक्षा किये (सुवीराः) उत्तम वीर युक्त (प्रतरम्) दुःख दूर करते (द्राघीयः) अत्यन्त विस्तार युक्त सौ वर्ष से अधिक (आयुः) उमर को (दधानाः) धारण करके (उरुचि) उत्तम ऋचा युक्त अध्ययन व्यवहार में (त्वाम्) शुभ लक्षण युक्त आप के (स्तोषाम) गुणों का कीर्त्तन करें ॥ ११ ॥

भावार्थः—सब मनुष्यों को परस्पर निश्चित मैत्री सब स्त्री पुरुषों को उत्तम विद्या युक्त जितेन्द्रिय पन आदि गुणों को ग्रहण कर और करा के पूर्ण आयु का भोग करना चाहिये ॥ ११ ॥

इस सूक्त में विद्वान् सभाध्यक्ष तथा प्रजा के पुरुषों को परस्पर प्रीति से वर्त्तमान रह कर सुख को प्राप्त करना कहा है इस से इस सूक्तार्थ की पूर्व सूक्तार्थ के साथ संगति जाननी चाहिये

यह सोलहवां वर्ग १६ और तिरेपनवां सूक्त समाप्त हुआ ॥ ५३ ॥

अथास्यैकादशर्चस्य चतुःपंचाशस्य सूक्तस्याङ्गिरसः सव्य ऋषिः । इन्द्रो देवता १ । ४ । १० । विराड्जगती । २ । ३ । ५ । निचृत्जगती । ७ । जगती च छन्दः । निषादः स्वरः । ६ । विराट्त्रिष्टुप् । ८ । ९ । ११ निचृत्त्रिष्टुप् च छन्दः । धैवतः स्वरः॥

तत्रादावीश्वरगुणा उपदिश्यन्ते

अब चौअनवें सूक्त का आरंभ है ॥ उस के पहले मंत्र में ईश्वर के गुणों का उपदेश किया है ॥

मा नो॑ अ॒स्मिन्म॑घवन्पृ॒त्स्वंह॑सि न॒हि ते॒ अन्तः॒ शव॑सः परी॒णशे॑ । अक्र॑न्दयो न॒द्यो॒३॒॑ रोरु॑व॒द्वना॑ क॒था न क्षो॒णीर्भि॒यसा॒ समा॑रत ॥ १ ॥

मा । न॒: । अ॒स्मिन् । म॒घ॒ऽव॒न् । पृ॒त्ऽसु । अंह॑सि । न॒हि । ते॒ । अन्त॑: । शव॑सः । प॒रि॒ऽनशे॑ । अक्र॑न्दयः । न॒द्य॑: । रोरु॑वत् । वना॑ । क॒था । न । क्षो॒णीः । भि॒यसा॑ । सम् । आ॒र॒त॒ ॥ १ ॥

पदार्थः-(मा) निषेधार्थे (नः) अस्मान् (अस्मिन्) जगति (मघवन्) प्रशस्तधनयुक्त (पृत्सु) सेनासु (अंहसि) पापे (नहि) निषेधार्थे (ते) तव (अन्तः) पारम् (शवसः) बलस्य (परीणशे) परितः सर्वतो नश्यंत्यदृश्या भवन्ति यस्मिंस्तस्मिन् ।

अत्र घञर्थे कः प्रत्ययोऽन्येषामपीति दीर्घश्च (अक्रन्दयः) आह्वय (नद्यः) सरितइव (रोरुवत्) पुनः पुनमारोह (वना) संभक्तानि वस्तूनि (कथा) कथम् (न) निषेधे (क्षोणीः) बह्वीः पृथिवीः। क्षोणीइति पृथिवीना० निघं० १।१ (भियसा) भयेन (सम्) सम्यक् (आरत) प्राप्नुत ॥ १ ॥

अन्वयः—हे मघवन् जगदीश्वर यस्त्वं पृत्स्वस्मिन्परीणशेंऽहस्यस्मान् माक्रंदयो यस्य ते तव शवसोऽन्तो नह्यस्ति स त्वमस्मान्नद्यः सरितइव मा भ्रामय भियसा मारोरुवन्मा रोदय यस्त्वं क्षोणीर्बह्वीः पृथिवीर्निर्मातुं धर्त्तुं शक्नोषि तन्त्वा मनुष्याः कथा न समारत कथं न प्राप्नुयुः ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्र मनुष्यैः परमेश्वरस्यानन्तत्वात्सत्यभावेनोपासितः सन्नयं दुःखजनकादधर्ममार्गान्निवर्त्य सुखयति। एतस्यानन्तरूपगुणवत्त्वात्कश्चिदप्यस्यान्तं ग्रहीतुं न शक्नोति तस्मादेतस्योपासनं त्यक्त्वा को भाग्यहीनोऽन्यमुपासीत ॥ १ ॥

पदार्थः—हे (मघवन्) उत्तम धन युक्त जगदीश्वर जो आप (पृत्सु) सेनाओं (अस्मिन्) इस जगत् और (परीणशि) सब प्रकार से नष्ट करने वाले (अंहसि) पाप में हमलोगों को (माक्रन्दयः) मत फसाइये जिस (ते) आप के (शवसः) बल के (अन्तः) अन्त को कोई भी (नहि) नहीं पा सकता वह आप (नद्यः) नदियों के समान हम को मत भ्रमाइये (भियसा) भय से (मारोरुवत्) बार २ मत रुलाइये जो आप (क्षोणीः) बहुत गुणयुक्त पृथिवी के निर्माण वा धारण करने को समर्थ हैं इस लिये मनुष्य आप को (कथा) क्यों (न) नहीं (समारत) प्राप्त होवें ॥ १ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जो परमेश्वर के अनन्त होने से सत्य प्रेम के साथ उस की उपासना किया हुआ दुःख उत्पन्न करने वाले अधर्म मार्ग से निवृत्त कर मनुष्यों को सुखी करता है इस के अनन्त स्वरूप गुण होने से कोई भी अन्त को ग्रहण नहीं कर सकता इस से उस ईश्वर की उपासना को छोड़ के कौन अभागी पुरुष दूसरे की उपासना करे ॥ १ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा है इस वि० ॥

अर्चा शक्राय शाकिने शचीवते शृण्वन्तमिन्द्रं महयन्नभिष्टुहि। यो धृष्णुना शवसा रोदसी उभे वृषा वृषत्वा वृषभो न्यृञ्जते ॥ २ ॥

अर्च । शक्राय । शाकिने । शचीऽवते । शृण्वन्तम् । इन्द्रम् । महयन् । अभि । स्तुहि । यः । धृष्णुना । शवसा । रोदसी इति । उभे इति । वृषा । वृषऽत्वा । वृषभः । निऽऋञ्जते ॥ २ ॥

पदार्थः—(अर्च) सत्कुरु (शक्राय) समर्थाय (शाकिने) प्रशस्ताः शाकाः शक्तियुक्तागुणा विद्यन्ते यस्मिंस्तस्मै (शचीवते) प्रशस्ता प्रज्ञा विद्यते यस्य तस्मै । शचीति प्रज्ञाना० निघं० ३ । ९ (शृण्वन्तम्) श्रवणं कुर्वन्तम् (इन्द्रम्) प्रशस्तैश्वर्य्ययुक्तं सभाद्यध्यक्षम् (महयन्) सत्कुर्वन् (अभि) आभिमुख्ये (स्तुहि) प्रशंस (यः) (धृष्णुना) दृढत्वादिगुणयुक्तेन (शवसा) बलेन (रोदसी) द्यावापृथिव्यौ (उभे) द्वे (वृषा) जलानां वर्षकः (वृषत्वा) सुखवर्षकाणां भावस्तानि । अत्र शेश्छन्दसि बहुलमिति शिलोपः (वृषभः) यो वृषान् वृष्टिनिमित्तानि भाति सः (नि) नितरां (ऋञ्जते) प्रसाध्नोति । ऋञ्जतिः प्रसाधन कर्मा । निरु० ६ । १ ॥ २ ॥

अन्वयः—हे मनुष्य यथा सूर्यो वृषा वृषभो वृषत्वा धृष्णुना शवसोभे रोदसी निरूञ्जते तथा यो राज्यं साध्नोति तस्मै शाकिने शचीवते शक्राय त्वमर्च तं सर्वन्यायं शृखवन्तमिन्द्रं महयन् सन्नभिस्तुहि ॥ २ ॥

भावार्थः—यो गुणोत्कृष्टत्वेन सार्वभौमः सभाद्यध्यक्षो धर्मेण सर्वान् प्रशास्य धर्मे संस्थापयति सएव सर्वैर्मनुष्यैराश्रयितव्यः ॥२॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम जैसे (वृषा) जल वर्षाने और (वृषभः) वर्षा के निमित्त बादलों को प्रसिद्ध करने द्वारा सूर्य्य (वृषत्वा) सुखों की वर्षा के तत्व और (धृष्णुना) दृढ़ता आदि गुण युक्त (शवसा) आकर्षण बल से (उभे) दोनों (रोदसी) द्यावा पृथिवी को (न्यृञ्जते) निरन्तर प्रसिद्ध करता है वैसे (यः) जो तू राज्य का यथायोग्य प्रबन्ध करता है उस (शाकिने) प्रशंसनीय शक्ति आदि गुण युक्त (शचीवते) प्रशंसित बुद्धिमान् (शक्राय) समर्थ के लिये (अर्च) सत्कार कर उस सब के न्याय को (शृखवन्तम्) श्रवण करने वाले (इन्द्रम्) प्रशंसनीय ऐश्वर्य्ययुक्त सभाध्यक्ष का (महयन्) सत्कार करता हुआ (अभिष्टुहि) गुणों की प्रशंसा किया कर ॥ २ ॥

भावार्थः—जो गुणों की अधिकता होने से सार्वभौम सभाध्यक्ष धर्म से सब को शिक्षा देकर धर्म के नियमों में स्थापन करता है उसी का सब मनुष्यों को सेवन वा आश्रय करना चाहिये ॥२ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह सभाध्यक्ष कैसा है इस वि० ॥

अर्चा दिवे बृहते शूष्यं१ वचः स्वक्षत्रं यस्य धृषतो धृषन्मनः । बृहच्छ्रवा असुरो बर्हणा कृतः पुरो हरिभ्यां वृषभो रथो हि षः ॥ ३ ॥

अर्च॑ । दि॒वे । बृ॒ह॒ते । शू॒ष्य॑म् । वचः॑ ।
स्वऽक्ष॑त्रम् । यस्य॑ । धृ॒ष॒तः । धृ॒षत् । मनः॑ ।
बृ॒हत्ऽश्र॑वाः । असु॑रः । व॒र्हणा॑ । कृ॒तः । पु॒रः ।
हरि॑ऽभ्याम् । वृ॒ष॒भः । रथः॑ । हि । सः ॥ ३ ॥

पदार्थः-(अर्च) पूजय । अच इद्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः (दिवे) सर्वथा शुभगुणस्य प्रकाशकाय (बृहते) विद्यादिगुणैर्वृद्धाय (शूष्यम्) शूषे बले साधु यत्तत् । शूषमिति बलना० निघं० २ । ९ (वचः) विद्याशिक्षासत्यप्रापकं वचनम् (स्वक्षत्रम्) स्वस्य राज्यम् (यस्य) सभाध्यक्षस्य (धृषतः) अधार्मिकान्दुष्टान् धर्षयतस्तत्कर्मफलं प्रापयतः (धृषत्) यो धृष्णोति दृढं कर्म करोति सः (मनः) सर्वक्रियासाधकं विज्ञानम् (बृहच्छ्रवाः) बृहच्छ्रवणं यस्य सः (असुरः) मेघो वा यः प्रज्ञां राति ददाति सः । असुरइति मेघना० निघं० । १ । १० । असुरिति प्रज्ञाना० निघं० ३ । ९ । (बर्हणा) वृद्धियुक्तेन (कृतः) निष्पन्नः (पुरः) पूर्वः (हरिभ्याम्) सुशिक्षिताभ्यां तुरङ्गाभ्याम् (वृषभः) यः पूर्वोक्तान् वृषान् भाति सः (रथः) रमणीयः (हि) खलु (सः) ॥ ३ ॥

अन्वयः-हे विद्वन्मनुष्य त्वं यस्य धृषतो मनो हि यो धृषद्बृहच्छ्रवा असुरः पुरो हरिभ्यां युक्तो दिवइव वृषभो रथो बर्हणा कृतस्तस्मै बृहते स्वक्षत्रं वर्धयंशूष्यं वचोऽर्च च ॥ ३ ॥

अस्य। शासुः। उभयासः। सचन्ते। हविष्मन्तः। उशिजः। ये। च। मर्त्ताः। दिवः। चित्। पूर्वः। नि। असादि। होता। आऽपृच्छ्यः। विश्पतिः। विक्षु। वेधाः ॥ २ ॥

पदार्थः-(अस्य) वक्ष्यमाणस्य (शासुः) न्यायेन प्रजायाः प्रशासितुः (उभयासः) राजप्रजाजनाः (सचन्ते) समवयन्ति (हविष्मन्तः) प्रशस्तसामग्रीमन्तः (उशिजः) कामयितारः (ये) धर्मविद्ये चिकीर्षवः (च) समुच्चये (मर्त्ताः) मनुष्याः (दिवः) प्रकाशादुत्पन्नः (चित्) अपि (पूर्वः) अर्वाग्वर्त्तमानः (नि) नितराम् (असादि) साद्यते (होता) ग्रहीता (आपृच्छ्यः) समंतान्निश्चयार्थं प्रष्टुं योग्यः (विश्पतिः) प्रजायाः पालयिता (विक्षु) प्रजासु (वेधाः) विविधशास्त्रजन्यमेधायुक्तः। विधाञोवेधच उ० ४। २३२। अनेनासुन्प्रत्ययो वेधादेशश्च ॥ २ ॥

अन्वयः-ये हविष्मन्त उशिज उभयासो मर्त्ता यस्यास्य शासुर्विक्षु सचन्ते यो होताऽऽपृच्छ्यो वेधा विश्पतिर्दिवः पूर्वश्चिदिव धार्मिकै राज्याय न्यसादि नियोज्यते सर्वैः च स समाश्रयितव्यः॥२॥

भावार्थः-अत्रोपमालं०-मनुष्यैर्विद्वद्भिर्धार्मिकैर्न्यायाधीशैः प्रशंस्यते येषां च विनयात्सर्वाः प्रजाः सन्तुष्यन्ते ते सर्वैः पितृवत्से-वितव्याः ॥ २ ॥

पदार्थः--(ये) जो (हविष्मन्तः) उत्तम सामिग्रीयुक्त (उशिजः) शुभ गुण कर्मों की कामना करने हारे (उभयासः) राजा और प्रजा के (मर्त्ताः) मनुष्य जिस (अस्य) इस (शासुः) सत्यन्याय के शासन करने वाले (विक्षु) प्रजाओं में (सचन्ते) संयुक्त होते हैं जो (होता) शुभ कर्मों का ग्रहण करने हारा (आपृच्छ्यः) सब प्रकार के प्रश्नों के पूंछने योग्य (वेधाः) विविध विद्या का धारण करने वाला (विश्पतिः) प्रजाओं का स्वामी (दिवः) प्रकाश के पूर्व स्थित सूर्य के (चित्) समान धार्मिक जनों ने जो राज्य पालन के लिये नियुक्त किया हो (च) वही सब मनुष्यों को आश्रय करने के योग्य है ॥ २ ॥

भावार्थः-इस मंत्र में उपमालं०-मनुष्यों को योग्य है कि जो विद्वान् धर्मात्मा और न्यायाधीशों से प्रशंसा को प्राप्त हों जिन के शील से सब प्रजा सन्तुष्ट हों उन की सेवा पिता के समान सब लोग करें ॥ २ ॥

पुनः स कीदृश इत्यु०

फिर वह कैसा हो इस वि०

तं नव्यसी हृद आ जायमानमस्मत्सुकीर्त्तिर्मधुजिह्वमश्याः । यमृत्विजो वृजने मानुषासः प्रयस्वन्त आयवो जीजनन्त ॥ ३ ॥

तम् । नव्यसी । हृदः । आ । जायमानम् । अस्मत् । सुऽकीर्तिः । मधुऽजिह्वम् । अश्याः ।

यम् । ऋत्विजः । वृजने । मानुषासः ।
प्रयस्वन्तः । आयवः । जीजनन्त ॥ ३ ॥

पदार्थः-(तम्) विनयादिशुभगुणाढ्यम् (नव्यसी) नवतरा प्रजा (हृदः) सुहृदः (आ) समंतात् (जायमानम्) उत्पद्यमानम् (अस्मत्) अस्माकं सकाशात्प्राप्तया शिक्षया (सुकीर्तिः) अतिप्रशंसनीयः (मधुजिह्वम्) मधुरजिह्वम् (अश्याः) भोगं कुर्याः (यम्) उक्तम् (ऋत्विजः) य ऋतुषु यजन्ते ते विद्वांसः (वृजने) त्यक्ताधर्मे मार्गे । अत्र कृवृदृजिसं० २ । ७९ अनेन वृजधातोः क्युः प्रत्ययः (मानुषासः) मननशीला मानवाः (प्रयस्वन्तः) प्रशस्तानि प्रयांसि प्रज्ञानानि विद्यन्ते येषान्ते (आयवः) प्राप्तसत्यासत्यविवेचनाः (जीजनन्त) जनयन्ति । अत्र लडर्थे लुङडभावश्च ॥ ३ ॥

अन्वयः-हे मनुष्य यथा ऋत्विजः प्रयस्वन्त आयवो हृदो मानुषासो जिज्ञासून् वृजने जीजनन्त जनयन्ति यंजायमानं मधुजिह्वं नव्यसी प्रजाप्रीत्या सेवते तमस्मत्सुकीर्त्तिस्त्वमाश्याः॥३॥

भावार्थः-मनुष्यैर्येऽधर्मं त्याजयित्वा धर्मं ग्राहयन्ति तेसर्वथा सत्कर्त्तव्याः सन्ति ॥ ३ ॥

पदार्थः-हे मनुष्य जैसे (ऋत्विजः) ऋतुओं के योग्य कर्म कर्त्ता (प्रयस्वन्तः) उत्तम विज्ञान युक्त (आयवः) सत्याऽसत्य का विवेक करने हारे (हृदः) सब के मित्र (मानुषासः) विद्वान्मनुष्य जानने की इच्छा करने वालों को (वृजने) अधर्म रहित धर्ममार्ग में (जीजनन्त) विद्याओं से प्रकट करदेते हैं जिस (जायमानम्) प्रसिद्धहुए (मधुजिह्वम्) स्वादिष्ठ भोग को (नव्यसी) अति नूतन प्रजा सेवन करती है (तम्) उस का (अस्मत्) हम से प्राप्त हुई शिक्षा से युक्त (सुकीर्त्तिः) अति प्रशंसा के योग्यतूं (आश्याः) अच्छे प्रकार भोग कर ॥ ३ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को उचित है कि जो अधर्म को छुड़ा के धर्म का ग्रहण कराते हैं उन का सब प्रकार से सन्मान किया करें ॥ ३ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा हो इस वि० ॥

उशिक्पावको वसुर्मानुषेषु वरेण्यो होताधायि विक्षु । दमूना गृहपतिर्दम आँ अग्निर्भुवद्रयिपती रयीणाम् ॥ ४ ॥

उशिक् । पावकः । वसुः । मानुषेषु । वरेण्यः । होता । अधायि । विक्षु । दमूनाः । गृहऽपतिः । दमे । आ । अग्निः । भुवत् । रयिऽपतिः । रयीणाम् ॥ ४ ॥

पदार्थः—(उशिक्) सत्यं कामयमानः (पावकः) पवित्रः (वसुः) वासयिता (मानुषेषु) युक्ताहारविहारकर्त्तृषु (वरेण्यः) वरितुं स्वीकर्त्तुमर्हः (होता) सुखानां दाता (अधायि) धीयते (विक्षु) प्रजासु (दमूनाः) दाम्यति येन सः । अत्र दमेरुनसि० उ० ४ । २४० इत्युनस्प्रत्ययोऽन्येषामपीति दीर्घः (गृहपतिः) गृहस्य पालयिता (दमे) गृहे (आ) समन्तात् (अग्निः) भौतिकोऽग्निरिव (भुवत्) भवेत् । अयं लेट् प्रयोगः (रयिपतिः) धनानां पालयिता (रयीणाम्) राज्यादिधनानाम् ॥ ४ ॥

अन्वयः—मनुष्यैर्य उशिक् पावको वसुर्वरेण्यो दमूना

गृहपतीरयिपतिरग्निरिव मानुषेषु विक्षु दमे च रयीणां होता दाता भुवद्भवेत् स प्रजापालनक्षमश्चाधायि ॥ ४ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्नैव कदाचिदविद्वानधार्मिको राज्यरक्षायामधिकर्त्तव्यः ॥ ४ ॥

पदार्थः—मनुष्यों को उचित है कि जो (उशिक्) सत्य की कामना युक्त (पावकः) अग्नि के तुल्य पवित्र करने (वसुः) वास कराने (वरेण्यः) स्वीकार करने योग्य (दमूनाः) दम अर्थात् शांतियुक्त (गृहपतिः) गृह का पालन करने तथा (रयिपतिः) धनों की पालने (अग्निः) अग्नि के समान (मानुषेषु) युक्ति पूर्वक आहार विहार करने वाले मनुष्य (विक्षु) प्रजा और (दमे) गृह में (रयीणां) राज्य आदि धन और (होता) सुखों का देने वाला (भुवत्) होवे वही प्रजा में राजा (अधायि) धारण करने योग्य है ॥ ४ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को उचित है कि अधर्मी मूर्खजन को राज्य की रक्षा का अधिकार कदापि न देवें ॥ ४ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा हो इस वि० ॥

तं त्वा व॒यं पति॑मग्ने र॒यी॒णां प्र शं॑सामो म॒तिभि॒र्गोत॑मासः । आ॒शुं न वा॑जंभ॒रं म॒र्जय॑न्तः प्रा॒तर्म॒क्षू धि॒याव॑सुर्जगम्यात् ॥ ५ ॥ २६ ।

तम् । त्वा॒ । व॒यम् । पति॑म् । अ॒ग्ने॒ । र॒यी॒णाम् । प्र । शं॒सा॒मः॒ । म॒तिऽभिः॑ । गोत॑मासः । आ॒शुम् । न । वा॒ज॒म्ऽभ॒रम् । म॒र्जय॑न्तः । प्रा॒तः । म॒क्षु । धि॒याऽव॑सुः । ज॒ग॒म्या॒त् ॥ ५ ॥ २६ ।

पदार्थः—(तम्) विद्वांसम् (त्वा) त्वाम् (वयम्) (पतिम्) पालयितारम् (अग्ने) विद्युद्वद्वर्त्तमान (रयीणाम्) चक्रवर्त्तिराज्यश्रियादिधनानाम् (प्र) प्रकृष्टार्थे (शंसामः) स्तुमः (मतिभिः) मेधाविभिः सह । मतयइति मेधाविना० निघं० ३ । १५ (गोतमासः) येऽतिशयेन गावो वेदाद्यर्थानां स्तोतारस्ते । गौरिति स्तोतृना० निघं० ३ । १६ (आशुम्) शीघ्रगमनहेतुमश्वम् (न) इव (वाजंभरम्) यो वाजं वेगं बिभर्त्ति तम् (मर्जयन्तः) शोधयन्तः (प्रातः) प्रातःकाले (मक्षु) शीघ्रम् (धियावसुः) धियां बुद्धीनां वासयिता (जगम्यात्) पुनः पुनर्भृशं ज्ञानानि गमयेत् ॥ ५ ॥

अन्वयः—हेऽग्ने पावकवत्प्रकाशमान धियावसुर्मतिभिः सह वाजम्भरं प्रातराशुमश्वं न मक्षु रयीणां पतिं जगम्यात्तथा त्वा तं मर्जयंतो गोतमासो वयं प्रशंसामः ॥ ५ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलु०—यथा मनुष्या यानेऽश्वान्योजयित्वा तूर्णं गच्छन्ति तथैव विद्वद्भिः सह सङ्गत्य विद्यापारावारं प्राप्नुवन्ति ॥ ५ ॥

अत्र शरीरयानादिषु संप्रयोज्यस्याऽग्नेर्दृष्टान्तेन विद्वद्गुणवर्णनादेतत्सूक्तार्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह सङ्गतिरस्तीति वेदितव्यम् ॥

इति षड्विंशो वर्गः २६ षष्टितमं सूक्तञ्च समाप्तम् ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) पावकवत्पवित्र स्वरूप विद्वन् जैसे (धियावसुः)बुद्धियों में वसाने वाला (मतिभिः) बुद्धिमानों के साथ (वाजंभरम्) वेग को धारण करने वाले को (प्रातः) प्रति दिन (आशुमश्वंन) जैसे शीघ्र चलने वाले घोड़े को जोड़ के स्थानान्तर को तुरन्त जाते आते हैं वैसे (मक्षु) शीघ्र (रयीणाम्)चक्रवर्त्ति राज्य लक्ष्मी आदि धनों के (पतिम्) पालन करने वाले को (जगम्यात्)अच्छे प्रकार प्राप्त होवे। वैसे(तम्) उस (त्वा) तुझ को (मर्जयन्तः) शुद्ध कराते हुए (गोतमासः) अतिशय करके स्तुति करने वाले (वयम्) हम लोग (प्रशंसामः) स्तुति से प्रशंसित करते हैं ॥ ५॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमा और वाचकलु०—जैसे मनुष्य लोग उत्तम यान अर्थात् सवारियों में घोड़ों को जोड़ कर शीघ्र देशान्तर को जाते हैं वैसे ही विद्वानों के सङ्ग से विद्या के पाराऽवार को प्राप्त होते हैं ॥ ५ ॥

इस सूक्त में शरीर और यान आदि में संयुक्त करने योग्य अग्नि के दृष्टान्त से विद्वानों के गुण वर्णन से इस सूक्तार्थ की पूर्व सूक्तार्थ के साथ संगति जाननी चाहिये॥

यह छब्बीशवां वर्ग २६ और साठवां ६० सूक्त समाप्त हुआ ॥

अथास्य षोडशर्चस्यैकषष्टितमस्य सूक्तस्य गोतमो नोधा ऋषिः । इन्द्रो देवता १ । १४ । १६ विराट् त्रिष्टुप् । २ । ७ । ६ । निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः । ३ । ४ । ६ । ८ । १० । १२ पङ्क्तिः । ५ । १५ विराट् पंक्तिः । ११ भुरिक् पङ्क्तिः । १३ निचृत्पङ्क्तिश्छन्दः । पंचमः स्वरः ॥

अथ सभाद्यध्यक्षः कीदृशइत्यु० ॥

अब इकसठवें ६१ सूक्त का आरंभ है । उस के पहिले मंत्र में सभा आदि का अध्यक्ष कैसा हो इस वि० ॥

अस्मा इदु प्र तवसे तुराय प्रयो न हर्मि स्तोमं माहिनाय । ऋचीषमायाध्रिगव ओहमिन्द्राय ब्रह्माणि राततमा ॥ १ ॥

अस्मै । इत् । ऊम् इति । प्र । तवसे । तुराय । प्रयः । न । हर्मि । स्तोमम् । माहिनाय । ऋचीषमाय । अध्रिऽगवे । ओहम् । इन्द्राय । ब्रह्माणि । रातऽतमा ॥ १ ॥

पदार्थः–(अस्मै) सभाद्यध्यक्षाय (इत्) एव (उ) वितर्के (प्र) प्रकृष्टे (तवसे) बलवते (तुराय) कार्यसिद्धये तूर्णं प्रवर्त्तमानाय शत्रूणां हिंसकाय वा (प्रयः) तृप्तिकारकमन्नम् (न) इव (हर्मि) हरामि । अत्र शपो लुक् (स्तोमम्) स्तुतिम् (माहिनाय) उत्कृष्टयोगान्महते (ऋचीषमाय) ऋच्यंते स्तूयंते ये त ऋचीषास्तानतिमान्यान् करोति तस्मै । अत्र ऋच धातोर्बाहुलकादौणादिकः कर्मणीषन्प्रत्ययः।ऋचीषमस्तूयत एव ऋचासमः निरु० ६ । २३ (अध्रिगवे) शत्रुभिरधयोऽसह्यमाना वीरास्तान् गच्छति प्राप्नोति तस्मै (ओहम्) ओहति प्राप्नोति येन तम् (इन्द्राय) परमैश्वर्यकारकाय (ब्रह्माणि) सुसंस्कृतानि बृहत्सुखकारकाण्यन्नानि वा । ब्रह्मेत्यन्नना० निघं० २ । ७ धनना० निघं० २ । १० (राततमा) अतिशयेन दातव्यानि ॥ १ ॥

अन्वयः–यथाहमुप्रयो न प्रीतिकारकमन्नमिव तवसे तुराय ऋचीषमायाध्रिगवे माहिनायास्मा इन्द्राय सभाद्यध्यक्षायेदेवोहं स्तोमं राततमा ब्रह्माण्यन्नानि वा प्रहर्मि प्रकृष्टतया ददामि तथा यूयमपि कुरुत ॥ १ ॥

भावार्थः–मनुष्यैस्तोतुमर्हान् राज्याधिकारिणःकृत्वा तेभ्यो यथायोग्यानि करप्रयुक्तानि धनानि दत्त्वोत्तमैरन्नादिभिः सदा सत्कर्त्तव्याः राजपुरुषैः प्रजास्था मनुष्याश्च ॥ १ ॥

पदार्थः–हे विद्वान् लोगो जैसे मैं (उ) वितर्क पूर्वक (प्रयः) तृप्ति करने वाले कर्म के (न) समान (तवसे) बलवान् (तुराय) कार्यसिद्धि के लिये शीघ्र करता (ऋचीषमाय) स्तुति करने को प्राप्त होने तथा (अध्रिगवे) शत्रुओं से असह्य वीरों को प्राप्त होने हारे (माहिनाय) उत्तम २ गुणों से बड़े (अस्मै) इस (इन्द्राय) सभाध्यक्ष के लिये (इत्) ही (ओहम्) प्राप्त करने वाले (स्तोमम्) स्तुति को (राततमा) अतिशय करने के योग्य (ब्रह्माणि) संस्कार किये हुए अन्न वा धनों को (हर्मि) देता हूं वैसे तुम भी किया करो ॥ १ ॥

पदार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि स्तुति के योग्य पुरुषों को राज्य का अधिकार दे कर उन के लिये यथायोग्य हाथों से प्रयुक्त किये हुए धनों को देकर उत्तम २ अन्नादिकों से सदा सत्कार करें और राजपुरुषों को भी चाहिये कि प्रजा के पुरुषों का सत्कार करें ॥ १ ॥

पुनः स कीदृश इत्यु० ॥

फिर वह कैसा हो इस वि० ॥

अस्मा इदु प्रयंइव प्र यंसि भरांम्यांगूषं बाधें सुवृक्ति । इन्द्रांय हृदा मनंसा मनीषा प्रत्नाय पत्ये धियों मर्जयन्त ॥ २ ॥

अस्मै । इत् । ऊम्इति । प्रयः:इव । प्र । यंसि । भरामि । आंगूषम् । बाधें । सुवृक्ति । इन्द्रांय । हृदा । मनंसा । मनीषा । प्रत्नायं । पत्यें । धियंः । मर्जयन्त ॥ २ ॥

पदार्थः—(अस्मै) सभाद्यध्यक्षाय (इत्) एव (उ) वितर्के (प्रयइव) यथाप्रीतमन्नम् (प्र) प्रकृष्टार्थे (यंसि) यच्छसि अत्र शपो लुक् (भरामि) धरामि पुष्णामि (आङ्गूषम्) युद्धं प्राप्तंशत्रुम् (बाधे) ताडयामि (सुवृक्ति) सुष्ठु व्रजंति येन यानेन तत् (इन्द्राय) शत्रुदुःखविदारकाय (हृदा) आत्मना (मनसा) मननात्मकेन (मनीषा) बुद्ध्या (प्रत्नाय) प्राचीनाय (पत्ये) स्वामिने (धियः) कर्माणि प्रज्ञा वा (मर्जयंत) शोधयंति ॥ १ ॥

अन्वयः—हे विद्वँस्त्वमस्मै प्रत्नाय सुहृदे पत्यइन्द्राय प्रयइव यथा प्रीतमन्नं धनं वा दत्वाऽभिप्रीतमन्नं धनं वा प्रयंसि यस्मा इन्द्रायाहं सर्वाभिःसामग्रीभिर्हृदा मनीषा मनसा सुवृक्ति भरा-म्यांगूषं बाधे यस्मै सर्वे वीराः प्रजास्थाश्च मनुष्या धियो मर्जयंत शोधयंति तस्मादिन्द्रायेद्वहमप्येता मार्जये ॥ २ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—मनुष्यैर्नैव परीक्षितपूर्वं पूर्णविद्यं धार्मिकं सर्वोपकारकं प्राचीनं सभाद्यधिपतिं विहायैतद्विरुद्धः स्वीकर्तव्यः सर्वैस्तस्य प्रियमाचरणीयम् ॥ २ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् मनुष्य तुम (अस्मै) इस (प्रत्नाय) प्राचीन सब के मित्र (पत्ये) स्वामी (इन्द्राय) शत्रुओं को विदारण करने वाले के लिये (प्रयइव) जैसे प्रीति कारक अन्न वा धन वैसे (प्रयंसि) सुख देते हो जिस परमैश्वर्य युक्त धार्मिक के लिये मैं सब सामग्री अर्थात् (हृदा) हृदय (मनीषा) बुद्धि (मनसा) विज्ञान पूर्वक मन से (सुवृक्ति) उत्तमता से गमन कराने वाले यान को (भरामि) धारण करता वा पुष्ट करता हूं जैसे (आङ्गूषम्) युद्ध में प्राप्त हुए शत्रु को (बाधे) ताड़ना देता जिस वीर के वास्ते सब प्रजा के मनुष्य (धियः) बुद्धि वा कर्म को (मर्जयन्त) शुद्ध करते हैं उस पुरुष के लिये (इत्) ही (उ) तर्क के साथ मैं भी बुद्धि शुद्ध करूं ॥२॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालंकार है—मनुष्यों को उचित है कि पहिले परीक्षा किये पूर्ण विद्या युक्त धार्मिक सब के उपकार करने वाले प्राचीन पुरुष को सभा का अधिपति करें तथा इस से विरुद्ध मनुष्य को स्वीकार नहीं करें और सब मनुष्य उस के प्रिय आचरण करें ॥ २ ॥

पुनः स कीदृश इत्यु० ॥

फिर वह कैसा हो इस वि० ॥

अस्मा इदु त्यमुपमं स्वर्षां भराम्यांगूषमा-स्येन। मंहिष्ठमच्छोक्तिभिर्मतीनां सुवृक्तिभिः सूरिं वावृधध्यै ॥ ३ ॥

अस्मै । इत् । ऊम् इति । त्यम् । उपऽमम् । स्वःऽसाम् । भरामि । आंगूषम् । आस्येन । मंहिष्ठम् । अच्छोक्तिऽभिः । मतीनाम् । सुवृक्तिऽभिः । सूरिम् । ववृधध्यै ॥ ३ ॥

पदार्थः-(अस्मै) सभाध्यक्षाय (इत्) अपि (उ) वितर्के (त्यम्) तम् (उपमम्) दृष्टान्तस्वरूपम् (स्वर्षाम्) सुखप्रापकम् (भरामि) धरामि (आंगूषम्) स्तुतिप्राप्तम् (आस्येन) मुखेन (मंहिष्ठम्) अतिशयेन मंहिता दृद्धस्तम् (अच्छोक्तिभिः) अच्छ श्रेष्ठा उक्तयो वचनानि यासु स्तुतिषु ताभिः (मतीनाम्) मननशीलानां मनुष्याणाम् (सुवृक्तिभिः) सुष्ठुव्रजंति गच्छन्ति याभिस्ताभिः (सूरिम्) शास्त्रविदम् (वावृधध्यै) पुनःपुनर्वर्धितुम् ॥ ३ ॥

अन्वयः-हे मनुष्या यथाऽहमस्मा आस्येन मतीनां वावृधध्यै सुवृक्तिभिरच्छोक्तिभिः स्तुतिभिरिदुत्यमुपमं स्वर्षामांगूषं मंहिष्ठं सूरिं भरामि तथैव यूयमपि भरत ॥ ३ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु०—यथा विद्वद्भिर्मनुष्याणां सुखाय सर्वथोत्कृष्टोऽनुपमो यत्नः क्रियते तथैतेषां सत्काराय मनुष्यैरपि प्रयतितव्यम् ॥ ३ ॥

पदार्थः-हे मनुष्यो जैसे मैं (अस्मै) इस सभाध्यक्ष के लिये (मतीनाम्) मनुष्यों के (वावृधध्यै) अत्यन्त बढ़ाने को (आस्येन) सुखसे (सुवृक्तिभिः) जिन में अच्छे प्रकार अधर्म और अविद्या को छोड़ सकें (अच्छोक्तिभिः) श्रेष्ठ वचन स्तुतियों से (इत्) भी (उ) (त्यम्)उसी (उपमम्)उपमा करने योग्य (स्वर्षाम्) सुखों को प्राप्त कराने (आङ्गूषम्) स्तुति को प्राप्त किये हुए (उपमम्) अतिशय

कार के विद्या से वृद्ध (सूरिम्) शास्त्रों को जानने वाले विद्वान् को (भरामि) धारण करता हूं। वैसे तुम लोग भी किया करो ॥ ३ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे विद्वानों से मनुष्यों के लिये सब से उत्तम उपमा रहित यत्न किया जाता है वैसे इन के सत्कार के वास्ते सब मनुष्य भी प्रयत्न किया करें ॥ ३ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा है यह वि० ॥

अस्मा इदु स्तोमं सं हिनोमि रथं न तष्टेव तत्सिनाय । गिरश्च गिर्वाहसे सुवृक्तीन्द्राय विश्वमिन्वं मेधिराय ॥ ४ ॥

अस्मै । इत् । ऊम् इति । स्तोमम् । सम् । हिनोमि । रथम् । न । तष्टाऽइव । तत्ऽसिनाय । गिरः । च । गिर्वाहसे । सुऽवृक्ति । इन्द्राय । विश्वम्ऽइन्वम् । मेधिराय ॥ ४ ॥

पदार्थः—(अस्मै) सभ्याय (इत्) अपि (उ) वितर्के (स्तोमम्) स्तुतिम् (सम्) सम्यगर्थे (हिनोमि) वर्धयामि (रथम्) यानसमूहम् (न) इव (तष्टेव) यथा तनूकर्त्ता शिल्पी (तत्सिनाय) तस्य यानसमूहस्य बंधनाय (गिरः) वाचः (च) समुच्चये (गिर्वाहसे) यो गिरो विद्यावाचो वहति तस्मै (सुवृक्ति) सुष्ठु वृजते त्यजन्ति दोषान् यस्मात्तत् (इन्द्राय) विद्यावृष्टिकारकाय (विश्वमिन्वम्) यो विश्वं सर्वं विज्ञानमिन्वति व्याप्नोति तत् । अत्र विभक्त्यलुक् (मेधिराय) धीमते ॥ ४ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथाऽहं मेधिराय गिर्वाहसेऽस्माइन्द्रायेदु रथं न यानसमूहमिव तत्सिनाय तष्टेव विश्वमिन्वं सुवृक्ति स्तोमं गिरश्च संहिनोमि तथा यूयमपि प्रयतध्वम् ॥ ४ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा रथकारी दृढं रथं चालनाय बन्धनैः सह यंत्रकलाः सम्यग्रचयित्वा स्वप्रयोजनानि साध्नोति सुखेन गमनागमने कृत्वा मोदते तथैव मनुष्यो विद्वांसमाश्रित्य तत्सन्नियोगेन विद्या गृहीत्वा सुखेन धर्मार्थकाममोक्षान्साधयित्वा सततमानन्देत् ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे मैं (मेधिराय) अच्छे प्रकार जानने (गिर्वाहसे) विद्या युक्त वाणियों को प्राप्त कराने वाले (अस्मै) इस (इन्द्राय) विद्या की वृष्टि करने वाले विद्वान् (इत्) ही के लिये (उ) तर्क पूर्वक (रथम्) यान समूह के (न) समान (तत्सिनाय) यान समूह के बन्धन के लिये (तष्टेव) तीक्ष्ण करने वाले कारीगर के तुल्य (विश्वमिन्वम्) सब विज्ञान को प्राप्त कराने (सुवृक्ति) जिस से सब दोषों को छोड़ते हैं उस (स्तोमम्) शास्त्रों के अभ्यास युक्त स्तुति (च) और (गिरः) वेद वाणियों को (संहिनोमि) सम्यक् बढ़ाताहूं वैसे तुम भी प्रयत्न किया करो ॥ ४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे रथ के बनाने वाला दृढ रथ के बनाने के वास्ते उत्तम बन्धनों के सहित यंत्रकलाओं को अच्छे प्रकार रच कर अपने प्रयोजनों को सिद्ध करता और सुख पूर्वक जाना आना करके आनन्दित होता है वैसे ही मनुष्य विद्वान् का आश्रय लेकर उस के सम्बन्ध से धर्म अर्थ काम और मोक्ष को सिद्ध करके सदा आनन्द में रहैं ॥ ८ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा है इस वि० ॥

अस्माइदु सप्तिमिव श्रवस्येन्द्रायार्कं

जुह्वाई॒सम॑ञ्जे । वी॒रं दा॒नौक॑सं व॒न्दध्यै॑ पु॒रां गू॒र्तश्र॑वसं द॒र्माण॑म् ॥ ५ ॥ २७ ॥

अ॒स्मै । इत् । ऊं॒ इति॑ । सप्ति॑म्ऽइव । अ॒व॒स्या । इन्द्रा॑य । अ॒र्कम् । जु॒ह्वा॑ । सम् । अ॒ञ्जे॒ । वी॒रम् । दा॒नऽओ॑कसम् । व॒न्दध्यै॑ । पु॒राम् । गू॒र्तऽश्र॑वसम् । द॒र्माण॑म् ॥ ५ ॥ २७ ॥

पदार्थः–(अस्मै) सभ्याय विदुषे (इत्) एव (उ) वितर्के (सप्तिमिव) यथा वेगवानश्वः (अवस्या) आत्मनः अवणेच्छया (इन्द्राय) परमैश्वर्यप्रापकाय (अर्कम्) अर्च्यन्ते येन तम् (जुह्वा) जुहोति गृह्णाति ददाति वा यया तया (सम्) सम्यगर्थे (अंजे) कामये । अत्र विकरणलुक् व्यत्ययेनात्मनेपदं च (वीरम्) विद्याशौर्यगुणयुक्तम् (दानौकसम्) दानमोकश्च यस्य तम् (वन्दध्यै) अभिवंदितुं स्तोतुम् (पुराम्) शत्रुनगराणाम् (गूर्तश्रवसम्) गूर्तं निगलितं श्रवः शास्त्रश्रवणं येन तम् (दर्माणम्) विदारयितारम् ॥ ५ ॥

अन्वयः–हे मनुष्या यथाऽहं अवस्या जुह्वास्माइन्द्रायेदु वन्दध्यै सप्तिमिव गूर्तश्रवसं पुरां दर्माणं दानौकसमर्कं वीरमित् समञ्जे सम्यक्कामये तथा तं यूयमपि कामयध्वम् ॥ ५ ॥

भावार्थः–अत्रोपमालं०—यथा मनुष्या रथेऽश्वान् योजयित्वा तदुपरि स्थित्वा गमनाऽऽगमनाभ्यां कार्याणि साध्नुवन्ति तथा वर्त्तमानैर्विद्वद्भिर्वीरैः सह संगत्य सर्वाणि कार्याणि मनुष्यैः साधनीयानि ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे मैं (अवस्या) अपने करने की इच्छा (जुह्वा) विद्याओं के लेने देने वाली क्रियाओं से (अस्मै) इस (इन्द्राय) परमैश्वर्य प्राप्त करने वाले (इत्) सभाध्यक्ष का ही (उ) विशेष तर्क के साथ (वंदध्यै) स्तुति कराने के लिये (सप्तिमिव) वेग वाले घोड़े के समान (गूर्त्तश्रवसम्) जिसने सब शास्त्रों के श्रवणों को ग्रहण किया है (पुराम) शत्रुओं के नगरों के (दर्माणम्) विदारण करने वा (दानौकसम्) दान वा स्थान युक्त (अर्कम्) सत्कार के हेतु (वीरम्) विद्या शौर्यादि गुण युक्त वीर (इत्) ही को (समंजे) अच्छे प्रकार कामना करता हूं वैसे तुम भी कामना किया करो ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जैसे मनुष्य लोग रथ में घोड़ों को जोड़ उस के ऊपर स्थित होकर जाने आने से कार्यों को सिद्ध करते हैं वैसे वर्त्तमान विद्वान् वीर पुरुषों के संग से सब कार्यों को मनुष्य लोग सिद्ध करें ॥ ५ ॥

पुनः स कीदृश इत्यु०

फिर वह कैसा है इस वि०

अस्मा इदु त्वष्टा तक्षद्वज्रं स्वपस्तमं स्वर्यं रणाय । वृत्रस्य चिद्विदद्येन मर्म तुजन्नीशानस्तुजता कियेधाः ॥ ६ ॥

अस्मै । इत् । ऊम् इति । त्वष्टा । तक्षत् । वज्रम् । स्वपःऽतमम् । स्वर्यम् । रणाय । वृत्रस्य । चित् । विदत् । येन । मर्म । तुजन् । ईशानः । तुजता । कियेधाः ॥ ६ ॥

पदार्थः—(अस्मै) उक्ताय (इत्) एव (उ) वितर्के (त्वष्टा) प्रकाशयिता (तक्षत्) तनूकरोति (वज्रम्) किरणसमूहं प्रहृत्य

(स्वपस्तमम्) अतिशयेन शोभनान्यपांसि कर्माणि यस्मात्तम् (स्वर्यम्) स्वः सुखे साधुस्तम् (रणाय) युद्धाय । रण इति संग्रामना०निघं० २ । १७ (वृत्रस्य) मेघस्य (चित्) इव (विदत्) प्राप्नुवन् (येन) वज्रेण (मर्म) जीवननिमित्तम् (तुजन्) हिंसन् । अत्र शपो लुक् (ईशानः) समर्थः (तुजता) छेदकेन वज्रेण (कियेधाः) यः कियतो धरति सः । अत्र पृषोदरा०इति तस्यानइकारः ॥ ६ ॥

अन्वयः-मनुष्यैर्यस्त्वष्टेशानः कियेधाः स्वयं शत्रून् तुजन् वृत्रस्य मेघस्योपरि वज्रं स्वकिरणान् क्षिपन् विदत् स्वर्यं स्वपस्तमं तक्षत्सूर्यश्चिदिवास्मै रणाय मर्म तुजता येन वज्रेण शत्रून् विजयते सइदु सभाद्यध्यक्षत्वे योग्य इति वेद्यम् ॥ ६ ॥

भावार्थः-अत्रोपमालं०-यथा सविता स्वप्रतापेन मेघं छित्वा भूमौ निपात्य जलं विस्तार्य सुखयति तथा सभाद्यध्यक्षो विद्या विनयादिना शस्त्रास्त्रशिक्षया युद्धेषु कुशलां सेनां संपाद्य शत्रून् जित्वा सर्वान् प्राणिन आनन्दयेत् ॥ ६ ॥

पदार्थः—मनुष्यों को उचित है कि जो (त्वष्टा) प्रकाश करने (ईशानः) समर्थ (कियेधाः) कितनों को धारण करने वाला शत्रुओं को (तुजन्) मारता हुआ (वृत्रस्य) मेघ के ऊपर अपने किरणों को छोड़ता (विदत्) प्राप्त होते हुए सूर्य के समान (स्वर्यम्) सुख के हेतु (स्वपस्तमम्) अतिशय करके उत्तम कर्मों के उत्पन्न करने वाले (वज्रम्) किरण समूह को (तक्षत्) छेदन करते हुए सूर्य के (चित्) समान (अस्मै) इस (रणाय) सङ्ग्राम के वास्ते जिस (मर्म) जीवन निमित्तस्थान को (तुजता) काटते हुए (येन) जिस वज्र से शत्रुओं को जीतता है (इदु) उसी को सभा आदि का अध्यक्ष करना चाहिये ॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालंकार है। जैसे सूर्य अपने प्रताप से मेघ को छिन्न भिन्न कर भूमि में जल को गिरा के सब को सुखी करता है वैसे ही सभा आदि का अध्यक्ष विद्या विनय आदि वा शस्त्र अस्त्रों के सीखने सिखाने से युद्धों में कुशल सेना को सिद्ध कर शत्रुओं को जीत कर सब प्राणियों को आनन्दित किया करे॥६॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा है इस वि० ॥

अस्येदु मातुः सवनेषु सद्यो महः पितुं पपिवाञ्चार्वन्ना मुषायद्विष्णुः। पचतं सहीयान् विध्यद्वराहं तिरो अद्रिमस्ता ॥ ७ ॥

अस्य । इत् । ऊम् इति । मातुः । सवनेषु । सद्यः । महः । पितुम् । पपिवान् । चारु । अन्ना । मुषायत् । विष्णुः । पचतम् । सहीयान् । विध्यत् । वराहम् । तिरः । अद्रिम् । अस्ता ॥ ७ ॥

पदार्थः-(अस्य) सभाध्यक्षस्य (इत्) अपि (उ) वितर्के (मातुः) परिमाणकर्त्तुः (सवनेषु) ऐश्वर्य्येषु (सद्यः) समानेऽहनि (महः) महत् (पितुम्) सुसंस्कृतमन्नम् (पपिवान्) रसान् पीतवान् (चारु) सुन्दरम् (अन्ना) अन्नानि (मुषायत्) आत्मनः स्तेयमिच्छत् । अत्र घञर्थेकविधानमिति कः प्रत्ययः । ततः सुप आत्मनः क्यच् इति क्यच् । न छन्दस्यपुत्रस्य अ० ७ । ४ । ३५ ॥ इतीत्वनिषेधः (विष्णुः) सर्वविद्यांगव्यापनशीलः (पचतम्) परिपक्वम् (वराहम्) (सहीयान्) अतिशयेन सोढा (विध्यत्) विध्यति मेघम् (तिरः) अधोगमने (अद्रिम्) पर्वताकारम् (अस्ता) प्रक्षेप्ता ॥ ७ ॥

अन्वयः—योऽस्य मातुः सभाद्यध्यक्षस्य सवनेषु महः पचतं चारु पितुं च पपिवान् सहीयान् वीरोऽन्नास्ता मुषायदिव विष्णुः सूर्योऽद्रिं वराहं तिरो विध्यद्दिव शत्रून् सद्यो हन्यात् सइदु सेनाध्यक्षो योग्यो भवति ॥ ७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा सूर्योऽन्नजलरसान् चोरयन् गोपायन् स्वकिरणैर्मेघं संहत्य प्रकटयन् छित्वा निपात्य विजयते तथैव सेनाद्यध्यक्षस्य सेनाद्यैश्वर्येषु स्थिताः शूरवीराः पुरुषाः शत्रून् विजयेरन् ॥ ७ ॥

पदार्थः—जो (अस्य) इस (मातुः) शत्रुओं और अपने बल का परिमाण करने वाले सभाध्यक्ष के (सवनेषु) ऐश्वर्यों में (महः) बड़े (पचतम्) परिपक्व (चारु) सुंदर (पितुम्) संस्कार किये हुए अन्न को (पपिवान्) खाने पीने तथा (सहीयान्) अतिशय करके सहन करने वाला वीर मनुष्य (अन्ना) अन्नों को (अस्ता) प्रक्षेपण करने (मुषायत्) अपने को चोर की इच्छा करते हुए के तुल्य (विष्णुः) सब विद्याओं के अङ्गों में व्यापक (अद्रिम्) पर्वताकार (वराहम्) मेघ को (तिरः) नीचे (विध्यत्) गिराते हुए सूर्य के समान शत्रुओं को (सद्यः) शीघ्र नष्ट करे (इदु) वही मनुष्य सेनाध्यक्ष होने के योग्य होता है ॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे सूर्य अन्न जल के रसों को चोर के समान हरता वा रक्षा करता हुआ अपने किरणों से मेघ का हनन कर प्रकट करता हुआ छिन्न भिन्न कर अपने विजय को प्राप्त होता है वैसे ही सेनाआदि के अध्यक्ष के सेना आदि ऐश्वर्यों में स्थित हुए शूर वीर पुरुष शत्रुओं का पराजय करें ॥७॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा है यह वि० ॥

अस्मा इदु ग्नाश्चिद्देवपत्नीरिन्द्रायार्कमहिहत्यं ऊवुः । परि द्यावापृथिवी जभ्र उर्वी नास्य ते महिमानं परिष्टः ॥ ८ ॥

अस्मै । इत् । ऊम्इति । ग्नाः । चित् । देवऽपत्नीः । इन्द्राय । अर्कम् । अहिऽहत्ये । ऊवुरित्यूवुः । परि । द्यावापृथिवीइति । जभ्रे । उर्वीइति । न । अस्य । तेइति महिमानम् । परि । स्तइतिस्तः ॥ ८ ॥

पदार्थः-(अस्मै) साभाध्यक्षाय (इदु) पादपूर्णे (ग्नाः) वाणीः । ग्नेतिवाङ्ना० निघं० १ । ११ (चित्) अपि (देवपत्नीः) देवैर्विद्वद्भिः पालनीयाः (इन्द्राय) परमैश्वर्यप्रापकाय (अर्कम्) दिव्यगुणसम्पन्नमर्चनीयं वीरम् (अहिहत्ये) अहीनां मेघानां हत्या यस्मिंस्तस्मिन् (ऊवुः) तंतुवद्विस्तारयेयुः (परि) सर्वतः (द्यावापृथिवी) भूमिप्रकाशौ (जभ्रे) धरति (उर्वी) बहुरूपे द्यावापृथिव्यौ । उर्वीति पृथिवीना० निघं० १ । १ (न) निषेधे (अस्य) सूर्यस्य (ते) (महिमानम्) स्तुत्यस्य पूज्यस्य व्यवहारस्य भावम् (परि) अभितः (स्तः) भवतः ॥ ८ ॥

अन्वयः-हे सभेश यथाऽयं द्यावापृथिवी जभ्रेऽस्य वशे उर्वी वर्त्तेते यस्यास्याहिहत्ये द्यावापृथिवीचित् भूमिप्रकाशावपि महिमानं न परिस्तः परिच्छेत्तुं समर्थे न भवतस्तथा यस्मा अस्मा इन्द्रायेदु देवपत्नीर्ग्ना अर्कं पर्य्यूवुः परितः सर्वतो विस्तारयन्ति स राज्यं कर्तुं योग्यः स्यात् ॥ ८ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु०यथा सूर्यस्य प्रतापमहत्त्वस्याग्रे पृथिव्यादीनां स्वल्पत्वं विद्यते तथैव पूर्णविद्यावतः पुरुषस्य महिम्नोऽग्रे मूर्खस्य गणना तुच्छाऽस्तीति ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे सभा पति जैसे यह सूर्य्य (द्यावापृथिवी) प्रकाश और भूमि को (जभ्रे) धारण करता वा जिस के वश में (उर्वी) बहुधा रूप प्रकाश युक्त पृथिवी हैं (अस्य) जिस इस सभाध्यक्ष के (अहिहत्ये) मेघों के हनन व्यवहार में (चित्) प्रकाश भूमि भी (महिमानम्) महिमा के (न) (परिस्तः) सब प्रकार छेदन को समर्थ नहीं होसकते वैसे उस (अस्मै) इस (इन्द्राय) ऐश्वर्य प्राप्त करने वाले सभाध्यक्ष के लिये (इदु) ही (देवपत्नीः) विद्वानों से पालनीय पतिव्रता स्त्रियों के सदृश (ग्नाः) वेदवाणी (अर्कम्) दिव्यगुण सम्पन्न अर्चनीय वीर पुरुष को (पर्यूवुः) सब प्रकार तंतुओं के समान विस्तृत करती हैं वही राज्य करने के योग्य होता है ॥ ८

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे सूर्य के प्रताप और महत्व के आगे पृथिवी आदि लोकों की गणना स्वल्प है वैसे ही पूर्ण विद्या वाले पुरुष के महिमा के आगे सूर्ख की गणना तुच्छ है ॥ ८ ॥

अथ सूर्यसभाध्यक्षौ कथं भूतावित्यु० ॥

अब सूर्य सभाध्यक्ष कैसे हैं इस वि० ॥

अस्येदेव प्र रिरिचे महित्वं दिवस्पृथिव्याः पर्यन्तरिक्षात् ॥ स्वराडिन्द्रो दम आ विश्वगूर्त्तः स्वरिरमत्रो ववक्षे रणाय ॥ ९ ॥

अस्य । इत् । एव । प्र । रिरिचे । महित्वम् । दिवः । पृथिव्याः । परि । अन्तरिक्षात् । स्वऽराट् । इन्द्रः । दमे । आ । विश्वऽगूर्त्तः । सुऽअरिः । अमत्रः । ववक्षे । रणाय ॥ ९ ॥

पदार्थः-(अस्य) सभाध्यक्षस्य सूर्यस्य वा (इत्) अपि (एव) निश्चयार्थे (प्र) प्रकृष्टार्थे (रिरिचे) रिणक्ति अधिकं वर्त्तते (महित्वम्) पूज्यत्वं महागुणविशिष्टत्वं परिमाणेनाधिकत्वं च (दिवः) प्रकाशात् (पृथिव्याः) भूमेः (परि) सर्वतः (अन्तरिक्षात्) सूक्ष्मादाकाशात् (स्वराट्) यः स्वयं राजते सः (इन्द्रः) परमैश्वर्य हेतुमान् हेतुर्वा (दमे) दाम्यंत्युपशाम्यंति जना यस्मिन् गृहे संसारे वा तस्मिन् (आ) आभिमुख्ये (विश्वगूर्त्तः) विश्वं सर्वं भोज्यं वस्तु निगलितं येन सः (स्वरिः) यः शोभनश्चासावरिश्च (अमत्रः) ज्ञानवान् ज्ञानहेतुर्वा (ववक्षे) वर्धति रोषं संघातं करोति (रणाय) सङ्ग्रामाय ॥ ८ ॥

अन्वयः-यो विश्वगूर्त्तः स्वरिरमत्रः स्वराडिन्द्रो दमे रणाया-ववक्षे यस्येदपि दिवः पृथिव्या अन्तरिक्षात् परि महित्वं प्ररिरि-चेऽस्ति रिक्तं वर्त्तते तस्यास्यैव सभादिष्वधिकारः कार्य्येषूपयोगश्च कर्त्तव्यः ॥ ८ ॥

भावार्थः-अत्र श्लेषालं० — मनुष्यैर्यथा सूर्यः पृथिव्यादिभ्यो गुणैः परिमाणेनाऽधिकोऽस्ति तथैवोत्तमगुणं सभाद्यधिपतिं राजानमधिकृत्य सर्वकार्य्यसिद्धिः कार्य्या ॥ ८ ॥

पदार्थः-जो (विश्वगूर्त्तः) सब भोज्य वस्तुओं को भक्षण करने (स्वरिः) उत्तम शत्रुओं वाला (अमत्रः) ज्ञानवान् वा ज्ञान का हेतु (स्वराट्) अपने आप प्रकाश सहित (इन्द्रः) परमैश्वर्य युक्त सूर्य वा सभाध्यक्ष (दमे) उत्तम घर वा संसार में (रणाय) संग्राम के लिये (आववक्षे) रोष वा अच्छे प्रकार घात करता है वा जिस की (दिवः) प्रकाश (पृथिव्याः) भूमि और (अन्तरिक्षात्) अन्तरिक्ष से (इत्) भी (परि) सब प्रकार (महित्वम्) पूज्य वा महा गुण विशिष्ट महिमा (प्ररिरिचे) विशेष है उस (अस्य) इस सूर्य वा सभाध्यक्ष का (एव) ही कार्यों में उपयोग वा सभा आदि में अधिकार देना चाहिये ॥ ८ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेषालं०—मनुष्यों को जैसे सूर्य पृथिव्यादि कों से गुण वा परिमाण के द्वारा अधिक है वैसे ही उत्तम गुण युक्त सभा आदि के अधिपति राजा को अधिकार देकर सब कार्यों की सिद्धि करनी चाहिये ॥ ९॥

पुनस्तौ कीदृशावित्यु० ॥

फिर वे कैसे हैं इस वि० ॥

अस्येदेव शवसा शुषन्तं वि वृश्चद्वज्रेण वृत्रमिन्द्रः । गा न व्राणा अवनीरमुञ्चदभि श्रवो दावने सचेताः ॥ १० ॥ २८ ॥

अस्य । इत् । एव । शवसा । शुषन्तम् । वि । वृश्चत् । वज्रेण । वृत्रम् । इन्द्रः । गाः । न । व्राणाः । अवनीः । अमुञ्चत् । अभि । श्रवः । दावने । सऽचेताः ॥ १० ॥ २८ ॥

पदार्थः—(अस्य) सभाद्यध्यक्षस्य (इत्) अपि (एव) अवधारणे (शवसा) बलेन (शुषन्तम्) हेषेण प्रतापेन क्षीणम् (वि) विविधार्थे (वृश्चत्) छिनत्ति (वज्रेण) शस्त्रसमूहेन तेजोवेगेन वा (वृत्रम्) मेघमिव न्यायावरकं शत्रुं (इन्द्रः) सेनाधिपतिस्तनयित्नुर्वा (गाः) पशून् (न) इव (व्राणाः) आवृताः (अवनीः) पृथिवीं प्रति (अमुंचत्) मुंचति (अभि) आभिमुख्ये (श्रवः) श्रवणमन्नं वा (दावने) दात्रे (सचेताः) समानं चेतो विज्ञानं संज्ञापनं वा यस्य सः ॥ १० ॥

अन्वयः—यः सचेता इन्द्रोऽस्यैव शवसा वज्रेण शुषंतं वृत्रं विहृश्वदिच्छिनत्ति स गा न गोपालो बन्धनान्मोचयित्वा बनं गमयतीवावनीः व्राणा दावने अवइदपि व्राणा अपो वाभ्यमुंचदाभि सुखेन मुंचति स राज्यं कर्तुमर्हति ॥ १० ॥

भावार्थः—अत्र श्लेषोपमालं०—यथा विद्युत्सहायेन सूर्यः सूर्यस्य सहायेन विद्युच्च प्रवृध्य विश्व प्रकाश्य मेघं विच्छिद्य भूमौ निपातयति यथा गोपालो बंधनाद्गा विमुच्य सुखयति तथैव सभासदः सेनासदश्च न्यायं संरच्य शत्रुं च छिन्नं कृत्वा धार्मिकान् दुःखबधनाद्विमोच्य सुखयेत् ॥ १० ॥

पदार्थः—जो (सचेताः) तुल्य ज्ञानवान् (इन्द्रः) सेनाधिपति (अस्य) इस सभाध्यक्ष (एव) ही के (शवसा) बल तथा (वज्रेण) तेज से (शुषंतम्) द्वेष से क्षीण हुए (वृत्रम्) प्रकाश के आवरण करने वाले मेघ के समान आवरण करने वाले शत्रु को (विहृश्वत्) छेदन करता है वह (गाः),पशुओं को पशुओं के पालने वाले बंधन से छुड़ा कर बन को प्राप्त करते हुए के (न) समान (अवनीः) पृथिवी को (व्राणाः) आवरण किये हुए जल के तुल्य (दावने) देने वाले के लिये (अवः) अन्न को (इत्) भी (अभ्यमुंचत्) सब प्रकार से छोड़ता है वह राज्य करने को समर्थ होता है ॥ १० ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेष और उपमालं०—जैसे बिजुली के सहाय से सूर्य्य वा सूर्य्य के सहाय से बिजुली बढ़ के विश्व को प्रकाशित और मेघ को छिन्न भिन्न कर भूमि में गेर देती है जैसे गौओं का पालने वाला गौओं को बंधन से छोड़ कर सुखी करता है वैसे ही सभा सेना के अध्यक्ष मनुष्य न्याय की रक्षा और शत्रुओं को छिन्न भिन्न और धार्मिकों को दुःख रूपी बंधनों से छुड़ा कर सुखी करें ॥ १० ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा है यह वि० ॥

अस्येदु त्वेषसा रन्त सिंधवः परि यद्वज्रेण

सीमयंच्छत् । ईशानकृद्दाशुषे दशस्यन्तुर्वीतंये गाधं तुर्वणिः कः ॥ ११ ॥

अस्य । इत् । ऊम्ऽइति । त्वेषसा । रन्त । सिंधवः । परि । यत् । वज्रेण । सीम् । अयंच्छत् । ईशानऽकृत् । दाशुषे । दशस्यन् । तुर्वीतये । गाधम् । तुर्वणिः । करिति कः ॥ ११ ॥

पदार्थः-(अस्य) सभाद्यध्यक्षस्य सूर्य्यस्य वा (इत्) अपि (उ) वितर्के (त्वेषसा) विद्यान्यायबलप्रकाशेन कान्त्या वा (रन्त) रमन्ते । अत्र लङि बहुलंछन्दसीति शपो लुक् (सिंधवः) समुद्रनदीवत् कठिनावगाह्याः शत्रवः (परि) सर्वतः (यत्) येन (वज्रेण) शस्त्रसमूहेन छेदनाकर्षणादिगुणैः (सीम्) सेनाम् (अयच्छत्) यच्छेत् (ईशानकृत्)ईशानानैश्वर्यवतः करोतीति(दाशुषे) दानकरणशीलाय (दशस्यन्) दशति येन तद्दशस्तदिवाचरतीति । अत्र दंश धातोरसुन्प्रत्ययः स च कित् । ततउपमानादाचारइति क्यच् (तुर्वीतये) तुराणां शीघ्रकारिणां व्याप्तिस्तस्यै (गाधम्) बिलोडनम् (तुर्वणिः) यस्तुरः शीघ्रकरान् वनति संभजति सः (कः) करोति । अयमडभावेन लुङ्प्रयोगः ॥ ११ ॥

अन्वयः-अस्य सभाद्यध्यक्षस्य त्वेषसा सह वर्त्तमानाः शूरास्तनयित्नवद्रव रन्त रमन्ते यद्यः सिंधवइव सीं वज्रेण शत्रुसेनाः पर्य्यच्छत्सर्वतो निगृह्णाति य ईशानकृत्तुर्वीतये दाशुषे दशस्यन् तुर्वणिः शत्रुबलं गाधं कः करोति स सेनाध्यक्षत्वमर्हति ॥ ११ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०-यो मनुष्यो यस्य सभाद्यध्यक्षस्य सहायेन शत्रून् विजित्य पृथिवीराज्यं संसेव्य सुखी प्रतापी भवति स सर्वेषां शत्रूणां विलोडनं कर्त्तुमर्हति ॥ ११ ॥

पदार्थः—(अस्य) इस सभाध्यक्ष के (त्विषसा) विद्या न्याय बल के प्रकाश के साथ जो वर्त्तमान शूरवीर विजुली के समान (रन्त) रमण करते हैं (सिंधवः) समुद्र के समान (वज्रेण) शस्त्र से (सीम्) सब प्रकार शत्रु की सेनाओं को (पर्य्यच्छत्) निग्रह करता है वह (दाशुषे) दानशील मनुष्य के (ईशानकृत्) ऐश्वर्य युक्त करने वाला (तुर्वीतये) शीघ्र करने वालों के लिये (दशस्यन्) दशन के समान आचरण करता हुआ (तुर्वणिः) शीघ्र करने वालों को सेवन करने वाला मनुष्य (गाधम्) शत्रुओं का विलोड़न करता है ॥ ११ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेषालं०—जो मनुष्य सभाध्यक्ष वा सूर्य के सहाय से शत्रु वा मेघादि कों को जीत कर पृथिवी राज्य का सेवन कर सुखी और प्रतापी होता है वह सब शत्रुओं के विलोड़ने को योग्य है ॥ ११ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह कैसा है यह वि० ॥

अस्मा इदु प्र भरा तूतुजानो वृत्राय वज्रमीशानः कियेधाः । गोर्न पर्व वि रदा तिरश्चेष्यन्नर्णांस्यपां चरध्यै ॥१२ ॥

अस्मै । इत् । ऊम् इति । प्र । भर । तूतुजानः । वृत्राय । वज्रम् । ईशानः । कियेधाः । गोः । न । पर्व । वि । रद । तिरश्चा । इष्यन् । अर्णांसि । अपाम् । चरध्यै ॥१२॥

पदार्थः—(अस्मै) वक्ष्यमाणाय (इत्) अपि (उ) उक्तार्थे (प्र) प्रकृष्टतया (भर) धर (तूतुजानः) त्वरमाणः (वृत्राय) मेघायेव शत्रवे (वज्रम्) शस्त्रसमूहम् (ईशानः) ऐश्वर्यवानैश्वर्य-हेतुर्वा (कियेधाः) कियतो गुणान् धरतीति (गोः) वाचः (न) इव (पर्व) अङ्गमङ्गम् (वि) विशेषार्थे (रद) संलेख (तिरश्चा) तिर्यग्गत्या (इष्यन्) जानन् (अर्णांसि) जलानि (अपाम्) जलानाम् (चरध्यै) चरितुं भक्षितुं गन्तुम् ॥ १२ ॥

अन्वयः—हे सभाद्यध्यक्ष कियेधा ईशानस्तूतुजानस्त्वं सूर्योऽपामर्णांसि चरध्यै निपातयन् वृत्रायेवास्मै शत्रवे वृत्राय वज्रं प्रभर तिरश्चा वज्रेण गोर्न वाचो विभागमिव तस्य पर्वांगमंगं छेत्तुमिष्यन्निदु विरद विविधतया छिन्धि ॥ १२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—हे सेनेश त्वं यथा प्राणवायुना ताल्वादिषु ताडनं कृत्वा भिन्नान्यक्षराणि पदानि विभज्यन्ते तथैव शत्रोर्बलं छिन्नं भिन्नं कृत्वांगानि विभक्तानि कृत्वैवं विजयस्व ॥ १२ ॥

पदार्थः—हे सभाध्यक्ष (कियेधाः) कितने गुणों को धारण करने वाला (ईशानः) ऐश्वर्य युक्त (तूतुजानः) शीघ्र करने हारे आप जैसे सूर्य (अपाम्) जलों के सम्बन्ध से (अर्णांसि) जलों के प्रवाहों को (चरध्यै) बहाने के अर्थ (वृत्राय) मेघ के वास्ते वर्त्तता है वैसे (अस्मै) इस शत्रु के वास्ते शस्त्र को (प्र) अच्छे प्रकार (भर) धारण कर (तिरश्चा) टेढ़ी गति वाले वज्र से (गोर्न) वाणियों के विभाग के समान (पर्व) उस के अंग २ को काटने को (इष्यन्) इच्छा करता हुआ (इदु) ऐसे ही (विरद) अनेक प्रकार हनन कीजिये ॥ १२ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—हे सेनापते आप जैसे प्राण वायु से तालु आदिस्थानों में जीभ का ताड़न कर भिन्न २ अक्षर वा पदों के विभाग प्रसिद्ध होते हैं वैसे ही सभाध्यक्ष शत्रु के बल को छिन्न भिन्न और अंगों को विभाग युक्त कर के इसी प्रकार शत्रुओं को जीता करे ॥ १२ ॥

पुनः स सभाध्यक्षः किं कुर्य्यादित्यु० ॥

फिर वह सभाध्यक्ष क्या करे इस वि० ॥

अस्येदु प्र ब्रूहि पूर्व्याणि तुरस्य कर्माणि नव्यं उक्थैः । युधे यदिष्णान आयुधान्यृघायमाणो निरिणाति शत्रून् ॥ १३ ॥

अस्य । इत् । ऊम् इति । प्र । ब्रूहि । पूर्व्याणि । तुरस्य । कर्माणि । नव्यः । उक्थैः । युधे । यत् । इष्णानः । आयुधानि । ऋघायमाणः । निरिणाति । शत्रून् ॥ १३ ॥

पदार्थः-(अस्य) सभाद्यध्यक्षस्य (इत्) अपि (उ) आकांक्षायाम् (प्र) प्रत्यक्षे (ब्रूहि) कथय (पूर्व्याणि) पूर्वैः कृतानि (तुरस्य) त्वरमाणस्य (कर्माणि) कर्तुं योग्यानि कर्तुरीप्सिततमानि (नव्यः) नवान्येव नव्यानि नूतनानि (उक्थैः) वक्तुं योग्यैः वचनैः (युधे) युध्यन्ति यस्मिन् संग्रामे तस्मै (यत्) यः (इष्णानः) अभीक्ष्णं निष्पादयन् शोधयन् (आयुधानि) शतघ्नीभुशुण्ड्यादीनि शस्त्राणि, आग्नेयादीन्यस्त्राणि वा (ऋघायमाणः) ऋघो हिंसितइवाचरति। अत्र रधधातोर्बाहुलकादौणादिकोऽन् प्रत्ययः संप्रसारणं च तत आचारे क्यङ् (निरिणाति) नित्यं हिनस्ति (शत्रून्) वैरिणो दुष्टान् ॥ १३ ॥

अन्वयः-हे विद्वन् यद्यः सभाद्यध्यक्षो यदृघायमाण आयुधानीष्णानो नव्यो युधे शत्रून् निरिणाति तस्य तुरस्येदुक्थैः पूर्व्याणि नव्यानि च कर्माणि करोति तथा त्वं प्रब्रूहि ॥ १३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्यैः सभाद्यध्यक्षादीनां विद्याविनयशत्रुपराजयकरणादीनि कर्माणि प्रशंस्योत्साह्यैते सदा सत्कर्त्तव्याः। एतै राजपुरुषैः शस्त्रास्त्रशिक्षाशिल्पकुशलान् सेनास्थान् वीरान् संगृह्य शत्रून् पराजित्य प्रजाः सततं संरक्ष्याः ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् मनुष्य (यत्) जो सभा आदि का पति जैसे (ऋघायमाणः) मरे हुए के समान आचरण करने वाले (आयुधानि) तोप, बन्दूक, तलवार आदि शस्त्र अस्त्रों को (इषाणः) नित्य २ सम्हालते और शोधते हुए (नव्यः) नवीन शस्त्रास्त्र विद्या को पढ़े हुए आप (युधे) संग्राम में (शत्रून्) दुष्ट शत्रुओं को (निरिणाति) मारते हो उस (तुरस्य) शीघ्रता युक्त (अस्य) सभापति आदि के (इत्) ही (उक्थैः) कहने योग्य वचनों से (पूर्व्याणि) प्राचीन सत्पुरुषों ने किये (कर्माणि) करने योग्य और करने वाले को अत्यन्त इष्ट कर्मों को करता है वैसे (प्रब्रूहि) अच्छे प्रकार कहो ॥ १३ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि सभाध्यक्ष आदि के विद्या, विनय, न्याय और शत्रुओं को जीतना आदि कर्मों की प्रशंसा करके और उत्साह दे कर इन का सदा सत्कार करें । तथा इन सभाध्यक्ष आदि राज पुरुषों से शस्त्राऽस्त्र चलाने की शिक्षा और शिल्प विद्या की चतुराई को प्राप्त हुए सेना में रहने वाले वीर पुरुषों के साथ शत्रुओं को जीत कर प्रजा की निरन्तर रक्षा करें ॥१३॥

पुनः स कीदृशइत्यु०॥

फिर वह कैसा है यह वि० ॥

अस्येदु भिया गिरयश्च दृळ्हा द्यावा च भूमा जनुषस्तुजेते । उपो वेनस्य जोगुवान ओणिं सद्यो भुवद्वीर्याय नोधाः ॥१४॥

अस्य । इत् । ऊम्ऽइति । भिया । गिरयः । च । दृळ्हाः । द्यावा । च । भूम । जनुषः । तुजेतेइति ।

उपोइति॑ । वे॒नस्य॑ । जोगु॑वानः । ओ॒णिम् । स॒द्यः । भु॒वत् । वी॒र्य्या॑य । नो॒धाः ॥ १४ ॥

पदार्थः-(अस्य) सभाद्यध्यक्षस्य (इत्) (उ) पादपूर्णार्थौ (भिया) भयेन (गिरयः) मेघाः । गिरिरिति मेघना० निघं० १ । १० (च) शत्रूणां समुच्चये (दृढाः) स्थिराः कृताः (द्यावा) द्यौः प्रकाशः । अत्र सुपांसुलुगित्याकारादेशः (च) समुच्चये (भूम) भवेम (जनुषः) जनाः (तुजेते) हिंस्तः (उपो) समीपे (वेनस्य) मेधाविनः । वेनइति मेधाविना० निघं० ३ । १५ (जोगुवानः) पुनः पुनरव्यक्तशब्दं कुर्वन् (ओणिम्) दुःखान्धकारस्यापनयनम् (सद्यः) शीघ्रम् (भुवत्) भवति (वीर्याय) पराक्रमसंपादनाय (नोधाः) नायकान् प्राप्तिकरान् धरन्तीति । अत्र णीञ्धातोर्बाहुलकादौणादिको डो प्रत्ययस्तदुपपदाड्डुधाञ्धातोश्च क्विप् ॥ १४ ॥

अन्वयः-यो जोगुवानो नोधाः सभाध्यक्षः सद्यो वीर्य्याय भुवद्यथा सूर्याद्दृढा गिरयो मेघादुत्राऽस्य वेनस्येदु भिया च शत्रवः कंपन्ते यथा द्यावा च तुजेतेइव जनुषो भयं प्राप्नुवन्ति नोपो भूम स ओणिमाप्नोति ॥ १४ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु०—न किल विद्यादिसद्गुणैरैश्वर्येण जगदुत्पादितेन विना सभाद्यध्यक्षादयः प्रजाः पालयितुं यथा सूर्य्यः सर्वाल्लोकान् प्रकाशयितुं धर्तुं च शक्नोति तस्माद्विद्याद्युत्तमगुणग्रहणं परमेशस्तवनं च कार्यम् ॥ १४ ॥

पदार्थः-जो (जोगुवानः) अव्यक्त शब्द करने (नोधाः) सेना का नायक आदि का सभाअध्यक्ष (सद्यः) शीघ्र (वीर्य्याय) पराक्रम को सिद्ध करने के लिये (भुवत्) हो जैसे सूर्य से (दृढाः) पुष्ट (गिरयः) मेघ के समान (अस्य) इस (वेनस्य) मेधावी के (इत्) (उ) ही (भिया) भय से (च) शत्रुजन कंपायमान होते हैं जैसे

(द्यावा)प्रकाश (च)और भूमि (तुजेते) कांपते हैं वैसे (जनुषः)मनुष्य लोग भय को प्राप्त होतेहैं वैसे हमलोग उस सभाध्यक्षके (उपो) निकट भय को प्राप्त न (भूम) हों और वह सभाध्यक्ष भी(ओषिम्) दुःख कोदूरकर सुखको प्राप्त होताहै ॥१४॥

भावार्थः–इस मंत्र में वाचक०– यह सब को निश्चय समझना चाहिये कि विद्या आदि उत्तम गुण तथा ईश्वर से जगत् की उत्पन्न होने विना सभाध्यक्ष आदि प्रजा का पालन करने और जैसे सूर्य सब लोकों को प्रकाशित तथा धारण करने को समर्थ नहीं होसकता। इस लिये विद्याआदि श्रेष्ठगुणों और परमेश्वर ही की प्रशंसा और स्तुति करना उचित है ॥ १४ ॥

पुनः सभाध्यक्षविद्युतौ कीदृशावित्यु० ॥

फिर उक्त सभाध्यक्ष और विद्युत् कैसे हैं इस वि० ॥

अस्मा इदु त्यदनु दाय्येषामेको यद्वव्ने भूरेरीशानः। प्रैतशं सूर्ये पस्पृधानं सौवश्व्ये सुष्विमावदिन्द्रः ॥ १५ ॥

अस्मै। इत्। ऊम्ऽइति। त्यत्। अनु। दायि। एषाम्। एकः। यत्। वव्ने। भूरेः। ईशानः। प्र। एतशम्। सूर्ये। पस्पृधानम्। सौवश्व्ये। सुष्विम्। आवत्। इन्द्रः ॥ १५ ॥

पदार्थः–(अस्मै) उक्ताय (इत्) अपि (उ) वितर्के (त्यत्) तम् (अनु) पश्चात् (दायि) दीयते (एषाम्) मनुष्याणां लोकानां वा (एकः) असहायः (यत्) यम् (वव्ने) याचते (भूरेः) बहुविधस्यैश्वर्यस्य (ईशानः) अधिपतिः (प्र) प्रकृष्टे (एतशम्) अश्वम् । एतश इत्यश्वना० निघं० १ । १४ (सूर्ये) सवितृप्रकाशे (पस्पृधानम्) पुनःपुनः स्पर्द्धमानम् (सौवश्व्ये) शोभना

अश्वास्तुरङ्गा विद्यन्ते यासु सेनासु ते स्वश्वास्तेषां भावे (सुष्विम्) शोभनैश्वर्यप्रदम् (आवत्) रक्षेत् (इन्द्रः) सभाद्यध्यक्षः ॥ १५ ॥

अन्वयः—यथा विद्वद्भिरेषां सुखं दायि तथा य एको भूरेरीशान् इन्द्रः सूर्यइव यद्यं सौवश्व्ये पस्पृधानं सुष्विमेतशमनुबव्रे याचते त्यत्तमस्मा इन्दु सभाद्यध्यक्षाय प्रावत् स सभामर्हति ॥ १५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्यैर्यो बहुसुखदाताऽश्वविद्याविदनुपमपुरुषार्थी विद्वान् मनुष्योऽस्ति सएव रक्षणे नियोजनीयः। विद्युद्विद्या च संग्राह्या ॥ १५ ॥

पदार्थः—जैसे विद्वानों ने (एषाम्) इन मनुष्यादि प्राणियों को सुख (दायि) दिया हो वैसे जो (एकः) उत्तम से उत्तम सहाय रहित (भूरेः) अनेक प्रकार के ऐश्वर्य का (ईशानः) स्वामी (इन्द्रः) सभा आदि का पति (सूर्ये) सूर्य्य मंडल में है वैसे (सौवश्व्ये) उत्तम २ घोड़े से युक्त सेना में (यत्) जिस (पस्पृधानम्) परस्पर स्पर्द्धा करते हुए (सुष्विम्) उत्तम ऐश्वर्य्य के देने वाले (एतशम्) घोड़े को (अनुबव्रे) यथा योग्य याचना करता है (त्यत्) उस को (अस्मै) इस (इदु) सभाध्यक्ष ही के लिये (प्रावत्) अच्छे प्रकार रक्षा करता है वह सभा के योग्य होता है ॥ १५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—मनुष्यों को उचित है कि जो बहुत सुख देने तथा घोड़ों की विद्या को जानने वाला और उपमा रहित पुरुषार्थी विद्वान् मनुष्य है उसी को प्रजा की रक्षा करने में नियुक्त करें और बिजुली की विद्या का ग्रहण भी अवश्य करें ॥ १५ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु०

फिर वह सभाध्यक्ष कैसा हो इस वि०

एवा ते हारियोजना सुवृक्तीन्द्र ब्रह्माणि गोतमासो अक्रन्। ऐषु विश्वपेशसं धियं धाः प्रातर्मक्षू धियावसुर्जगम्यात् ॥ १६ ॥ २९ ॥

एव । ते । हारिऽयोजन । सुऽवृक्ति । इन्द्र । ब्रह्माणि । गोतमासः । अक्रन् । आ । एषु । विश्वऽपेशसम् । धियम् । धाः । प्रातः । मक्षु । धियाऽवसुः । जगम्यात् ॥ १६ ॥ २९ ॥

पदार्थः--(एव) अवधारणार्थे (ते) तुभ्यम् (हारियोजन) यो हरीन् तुरङ्गानगन्यादीन् वा युनक्ति सएव तत्सम्बुद्धौ (सुवृक्ति) सुष्ठु वृक्तयो वर्जिता दोषा येभ्यस्तानि (इन्द्र) परमैश्वर्य्यप्रापक (ब्रह्माणि) बृहत्सुखकारकाण्यन्नानि (गोतमासः) गच्छन्ति स्तुवन्ति सर्वा विद्यास्तेऽतिशयिताः। गौरिति स्तोतृना० निघं० ३।१६(अक्रन्) कुर्य्युः (आ) समंतात् (एषु) स्तोतृषु (विश्वपेशसम्) विश्वानि सर्वाणि पेशांसि रूपाणि यस्यां ताम् (धियम्) धारणावतीं प्रज्ञाम् (धाः)धर (प्रातः) प्रतिदिनम् (मक्षु) शीघ्रम् (धियावसुः) यः प्रज्ञाकर्मभ्यां सह वसति सः (जगम्यात्) भृशं प्राप्नुयात् ॥ १६ ॥

अन्वयः-हे हारियोजनेन्द्र सभाद्यध्यक्ष धियावसुर्भवान् यद्येषु विद्याऽध्येतृषु जनेषु विश्वपेशसं धियं प्रातर्मक्ष्वाधास्तर्हि सर्वा विद्या जगम्यात्प्राप्नुतात्। ये गोतमासस्तोतारस्ते तुभ्यमेव सुवृक्ति सुष्ठुवर्जितदोषाण्यभिसंस्कृतानि ब्रह्माणि बृहत्सुखकारकाण्यन्नान्यक्रँस्तान्सुसेवताम् ॥ १६ ॥

भावार्थः-परोपकारिभिर्विद्वद्भिर्नित्यं प्रयत्नेन सुशिक्षाविद्यादानाभ्यां सर्वे मनुष्याः सुशिक्षिता विद्वांसः संपादनीयाः। एते चाध्यापकान् विदुषो मनोवाक्कर्मभिः सत्कृत्य सुसंस्कृतैरन्नादिभिर्नित्यं सेवन्तास्।नहि कश्चिदपि विद्यादानग्रहणाभ्यामुत्तमो धर्मोऽस्ति तस्मात्सर्वैः परस्परं प्रीत्या विद्योन्नतिः सदा कार्य्या ॥१६॥

अस्मिन्सूक्ते सभाद्यध्यक्षाऽग्निविद्याप्रचारकरणाद्युक्तमत एतदर्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह सङ्गतिरस्तीत्यवगन्तव्यम् ॥

इति चतुर्थोऽध्यायएकषष्टितमं सूक्तमेकोनत्रिंशो वर्गश्च समाप्तः॥

पदार्थः—हे (हारियोजन) यानों में घोड़े वा अग्नि आदि पदार्थ युक्त होने वालों को पढ़ने वा जानने वाले (इन्द्र) परम ऐश्वर्य के प्राप्त कराने वाले (धियावसुः) बुद्धि और कर्म के निवास कराने वाले आप जो (एषु) इन स्तुति तथा विद्या पढ़ने वाले मनुष्यों में (विश्वपेशसम्) सब विद्यारूप गुण युक्त (धियम्) धारण वाली बुद्धि को (प्रातः) प्रति दिन (मक्षु) शीघ्र (आधाः) अच्छे प्रकार धारण करते हो तो जिन को ये सब विद्या (जगम्यात्)वार २ प्राप्त होवें (गोतमासः) अत्यन्त सब विद्याओं को स्तुति करने वाले (ते) आप के लिये (एव) ही (सुवृक्ति) अच्छे प्रकार दोषों को अलग करने वाले शुद्धि किये हुए (ब्रह्माणि) बड़े २ सुख करने वाले अन्नों को देने के लिये (अक्रन्) संपादन करते हैं उन की अच्छे प्रकार सेवा कीजिये ॥ १६ ॥

भावार्थः—परोपकारी विद्वानों को उचित है कि नित्य प्रयत्न पूर्वक अच्छी शिक्षा और विद्याके दानसेसब मनुर्यों को अच्छी शिक्षासे युक्त विद्वान् करें। तथा इतर मनुष्यों को भी चाहिये कि पढ़ाने वाले विद्वानों को अपने निष्कपट मन, वाणी और कर्मों से प्रसन्न करके ठीक २ पकाए हुए अन्नआदि पदार्थों से नित्य सेवा करें।क्योंकि पढ़ने और पढ़ाने से पृथक् दूसरा कोई उत्तम धर्म नहींहै इस लिये सब मनुष्यों को परस्पर प्रीति पूर्वक विद्याकी वृद्धिकरनी चाहिये॥१६॥

इस सूक्त में सभाध्यक्ष आदि का वर्णन और अग्नि विद्या का प्रचार करना आदि कहाहै इससे इस सूक्तार्थकी पूर्व सूक्तार्थ के साथ संगति समझनीचाहिये॥

यह उनतीशवां वर्ग २९ चौथा अध्याय ४ और इकसठवाँ ६१ सूक्त समाप्त हुआ

इति श्रीयुतपरिव्राजकाचार्य्येण श्रीयुतमहाविदुषां विरजानंद-
सरस्वतीस्वामिनां शिष्येण दयानन्दसरस्वतीस्वामिना विरचिते
संस्कृतार्य्यभाषाभ्यां विभूषितेसुप्रमाणयुक्ते
ऋग्वेदभाष्ये चतुर्थोऽध्यायः
समाप्तिमगात् ॥

अथ पञ्चमाऽध्यायारम्भः ॥

ओं विश्वा॑नि देव सवितर्दुरि॒तानि॒ परा॑सुव। यद्भ॒द्रं तन्न॒ आ सु॑व ॥ १ ॥

अथ त्रयोदशर्चस्य द्विषष्टितमस्य सूक्तस्य गौतमो नोधा ऋषिः। इन्द्रो देवता १। ४। ६ विराडार्षी त्रिष्टुप् २। ५। ९ निचृदार्षीत्रिष्टुप् १०—१३ आर्षीत्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः। ३। ७। ८ भुरिगार्षीपङ्क्तिश्छन्दः। पंचमः स्वरः ॥

अथेश्वरसभाध्यक्षगुणा उपदिश्यन्ते ॥

अब पांचवें अध्याय का आरम्भ किया जाता है इस के प्रथम सूक्त के प्रथम मंत्र में ईश्वर और सभाध्यक्ष के गुणों का वर्णन किया है॥

प्र म॑न्महे शवसा॒नाय॑ शू॒षमा॑ङ्गू॒षं गिर्व॑णसे अङ्गिर॒स्वत्। सुवृ॒क्तिभिः॑ स्तुव॒त ऋ॑ग्मि॒याया॑र्चा॑मा॒र्कं नरे॒ विश्रु॑ताय ॥ १ ॥

प्र। म॒न्म॒हे॒। श॒व॒सा॒नाय॑। शू॒षम्। आ॒ङ्गू॒षम्। गिर्व॑णसे। अ॒ङ्गि॒र॒ऽवत्। सु॒वृ॒क्तिऽभिः॑। स्तु॒व॒ते। ऋ॒ग्मि॒याय॑। अर्चा॑म। अ॒र्कम्। नरे॑। विऽश्रु॑ताय ॥ १ ॥

पदार्थः—(प्र) प्रकृष्टार्थे (मन्महे) मन्यामहे याचामहे वा। अत्र बहुलं छन्दसीति श्यनो लुक्।मन्महइति याञ्चाकर्मसु पठितम् निघं० ३। १९ (शवसानाय) ज्ञानबलयुक्ताय। छन्दस्यसानच्। उ० २। ८३ अनेनायं सिद्धः (शूषम्) बलम् (आङ्गूषम्) विज्ञानं स्तुतिसमूहं वा। अत्र बाहुलकादगिधातोरौणादिक ऊषन् प्रत्ययः। अङ्गूषाणां विदुषामिदं विज्ञानमयं स्तुतिसमूहो वेति। तस्येदमित्यण्। अङ्गूषइति पदना० निघं० ४। २ (गिर्वणसे) गीर्भिः स्तोतुमर्हाय (अङ्गिरस्वत्) प्राणानां बलमिव (सुवृक्तिभिः) सुष्ठुवृक्तयो दोषवर्जनानि याभ्यस्ताभिः (स्तुवते) सत्यस्य स्तावकाय (ऋग्मियाय) ऋग्भिर्यो मीयते स्तूयते तस्मै। अत्र ऋगुपपदान्मा धातोर्बाहुलकादौणादिको डियच् प्रत्ययः (अर्चाम) पूजयेम (अर्कम्)अर्चनीयम् (नरे) नयनकर्त्रे (विश्रुताय) यो विविधैर्गुणैः श्रूयते तस्मै ॥ १ ॥

अन्वयः— हे विद्वांसो यथा वयं सुवृक्तिभिः शवसानाय गिर्वणस ऋग्मियाय नरे विश्रुताय स्तुवते सभाद्यध्यक्षायाऽङ्गिरस्वच्छूषमर्कमाङ्गूषमर्चाम प्रमन्महे च तथा यूयमप्याचरत ॥ १॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्यैर्यथा परमेश्वरं स्तुत्वा प्रार्थयित्वोपास्य सुखं लभते तथा सभाद्यध्यक्षमाश्रित्य व्यावहारिकपारमार्थिके सुखे संप्रापणीयेइति ॥ १ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् लोगो जैसे हम (सुवृक्तिभिः) दोषों को दूर करने हारी क्रियाओं से (शवसानाय) ज्ञान बल युक्त (गिर्वणसे) वाणियों से स्तुति के योग्य (ऋग्मियाय) ऋचाओं से प्रसिद्ध (नरे) न्याय करने (विश्रुताय) अनेक गुणों के सह वर्त्तमान होने के कारण श्रवण करने योग्य (स्तुवते) सत्य की प्रशंसा वाले सभाध्यक्ष के लिये (अङ्गिरस्वत्) प्राणों के बल के समान (शूषम्) बल और

(अर्कम्) पूजा करने योग्य (आङ्गूषम्) विज्ञान और स्तुति समूह को (अर्चाम)पूजा करें और (प्रमन्महे) मानें और उस से प्रार्थना करें वैसे तुम भी किया करो ॥१॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—मनुष्यों को चाहिये कि जैसे परमेश्वर की स्तुति प्रार्थना और उपासना से सुख को प्राप्त होते हैं वैसे सभाध्यक्ष के आश्रय से व्यवहार और परमार्थ के सुखों की सिद्ध करें ॥ १ ॥

पुनर्मनुष्यैरेतद्विषये किं कर्त्तव्यमित्यु० ॥

फिर मनुष्यों को इस विषय में क्या करना चाहिये इस वि० ॥

प्र वो॑ म॒हे महि॒ नमो॑ भरध्वमाङ्गू॒ष्यं॑ शव॒सानाय॒ साम॑ । येना॑ नः॒ पूर्वे॑ पि॒तरः॑ पद॒ज्ञा अर्च॑न्तो॒ अङ्गि॑रसो॒ गा अवि॑न्दन् ॥ २ ॥

प्र । वः॒ । म॒हे । महि॑ । नमः॑ । भ॒र॒ध्व॒म् । आ॒ङ्गू॒ष्य॑म् । श॒व॒सा॒नाय॑ । साम॑ । येन॑ । नः॒ । पूर्वे॑ । पि॒तरः॑ । प॒द॒ऽज्ञाः । अर्च॑न्तः । अङ्गि॑रसः । गाः । अवि॑न्दन् ॥ २ ॥

पदार्थः-(प्र) प्रकृष्टार्थे (वः) युष्माकम् (महे) महते (महि) महत् (नमः) नमस्करणमन्नं वा (भरध्वम्) धरध्वम् (आङ्गूष्यम्) अङ्गूषाणां विज्ञानानां भावस्तम् (शवसानाय) ज्ञानवते (साम) स्यन्ति खण्डयन्ति दुःखानि येन तत् । अत्र । सर्वधातुभ्योमनिनिति करणकारके मनिन् (येन) पूर्वोक्तेन । अत्रान्येषामपीति दीर्घः (नः) अस्माकम् (पूर्वे) पूर्वं विद्या अधीतवन्तोऽनूचाना विद्वांसः (पितरः) ये पान्ति पितृवत् रक्षन्ति

विद्यासुशिक्षादिदानैस्ते (पदज्ञाः) ये पदानि प्राप्तव्यानि धर्मार्थकाममोक्षाख्यानि साधितुं साधयितुं वा जानन्ति ते (अर्चन्तः) सत्कुर्वन्तः (अङ्गिरसः) प्राणादिविद्याविदः (गाः) विद्याप्रकाशयुक्ता वाचः (अविन्दन्) प्राप्नुयुः । अत्र लिङर्थे लङ् ॥ २ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ये वो युष्माकं नोऽस्माकं चाङ्गिरसः पदज्ञा महे महते शवसानाय सभाद्यध्यक्षाय महि महत्वामांगूष्यं नमश्चार्चन्तः सन्तः पूर्वे पितरो येन गा अविंदन्प्राप्नुयुस्तान्यूयं प्रभरध्वम् ॥ २ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या यथा विद्वांसो वेदसृष्टिक्रमप्रत्यक्षादिप्रमाणैः प्रतिपादितेन धर्म्येण मार्गेण गच्छन्तः सन्तः परमात्मानमभ्यर्च्य सर्वहितं धरन्ति तथैव यूयमपि समवतिष्ठध्वम् ॥ २ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो जो (वः) तुम वा (नः) हम लोगों को (अंगिरसः) प्राणादि विद्या और (पदज्ञाः) धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष को जानने वाले (महे) बड़े (शवसानाय) ज्ञान बल युक्त सभाध्यक्ष के लिये (महि) बहुत (साम) दुःख नाश करने वाले (आङ्गूष्यम्) विज्ञान युक्त (नमः) नमस्कार वा अन्न का (अर्चन्तः) सत्कार करते हुए (पूर्वे) पहिले सब विद्याओं को पढते हुए (पितरः) विद्यादि सद्गुणों से रक्षा करने वाले विद्वान् लोग (येन) जिस विज्ञान वा कर्म से (गाः) विद्या प्रकाश युक्त वाणियों को (अविंदन्) प्राप्त हों उन का तुम लोग (प्रभरध्वम्) भरण पोषण सदा किया करो ॥ २ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो जैसे विद्वान् लोग जिन वेद सृष्टि क्रम और प्रत्यक्षादि प्रमाणों से कहे हुए धर्म युक्त मार्ग से चलते हुए सब प्रकार परमेश्वर का पूजन कर के सब के हित को धारण करते हैं वैसे ही तुम लोग भी किया करो ॥ २ ॥

पुनर्मनुष्यैरेतत्किमर्थमनुष्ठेयमित्यु० ॥

फिर मनुष्यों को पूर्वोक्त कृत्य किस लिये करना चाहिये यह वि० ॥

इन्द्र॑स्याङ्गि॑रसां चे॒ष्टौ वि॒दत्स॒रमा॒ तन॑याय

धासिम् । बृहस्पतिर्भिनदद्रिं विददगाः समुस्त्रियाभिर्वावशन्त नरः ॥ ३ ॥

इन्द्रस्य । अङ्गिरसाम् । च । इष्टौ । विदत् । सरमा । तनयाय । धासिम् । बृहस्पतिः । भिनत् । अद्रिम् । विदत् । गाः । सम् । उस्त्रियाभिः । वावशन्त । नरः ॥ ३ ॥

पदार्थः—(इन्द्रस्य) परमैश्वर्यवतः सभाद्यध्यक्षस्य (अङ्गिरसाम्) विद्याधर्मराज्यप्राप्तिमतां विदुषाम् । अङ्गिरसइति पदना० निघं० ५ । ५ (च) समुच्चये (इष्टौ) इष्टसाधिकायां नीतौ (विदत्) प्राप्नुयात् । अत्र लिङर्थे लङडभावश्च (सरमा) यथा सरान् विद्याधर्मबोधान् मिमीते तथा । आतोऽनुपसर्गेकइति कः प्रत्ययः (तनयाय) सन्तानाय (धासिम्) अन्नादिकम् । धासिमित्यन्नना० निघं० २ । ७ (बृहस्पतिः) बृहतां पतिः पालयिता सभाद्यध्यक्षः (भिनत्) भिनत्ति । अत्र लडर्थे लङडभावश्च (अद्रिम्) मेघम् (विदत्) प्राप्नोति । अस्याऽपि सिद्धिः पूर्ववत् (गाः) पृथिवीः (सम्) सम्यगर्थे (उस्त्रियाभिः) किरणैः (वावशन्त) पुनःपुनः प्रकाशयन्त (नरः) ये नृणन्ति नयन्ति ते मनुष्यास्तत्सम्बुद्धौ॥३॥

अन्वयः—हे नरो मनुष्या यथा सरमा माता तनयाय धासिं विदत् प्राप्नोति यथा बृहस्पतिः सभाद्यध्यक्षो यथा सूर्य उस्त्रियाभिः किरणैरद्रिं भिनद्विदृणाति यथा गा विदत् प्राप्नोति तथैव यूयमपीन्द्रस्याङ्गिरसां चेष्टौ विद्यादिसद्गुणान् संवावशन्त पुनःपुनः सम्यक् प्रकाशयन्त यतः सर्वस्मिन् जगत्यविद्यादिदुष्ट गुणा नश्येयुः ॥ ३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्यैर्मातृवत्प्रजायां वर्त्तित्वा सूर्यवद्विद्यादिसद्गुणान् प्रकाश्येश्वरोक्तायां विद्वदनुष्ठितायां नीतौ स्थित्वा सर्वोपकारं कर्म कृत्वा सदा सुखयितव्यम् ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे (नरः) सुखों को प्राप्त कराने वाले मनुष्यो जैसे (सरमा) विद्या धर्मादिबोधों को उत्पन्न करने वाली माता (तनयाय) पुत्र के लिये (धासिम्) अन्न आदि अच्छे पदार्थों को (विदत्) प्राप्त करती है। जैसे (बृहस्पतिः) बड़े २ पदार्थों की रक्षा करने वाला सभाध्यक्ष जैसे सूर्य (उस्रियाभिः) किरणों से (अद्रिम्) मेघ को (भिनत्) विदारण और जैसे (गाः) सुशिक्षित वाणियों को (विदत्) प्राप्त करता है। वैसे तुम भी (इन्द्रस्य) परमैश्वर्य वाले परमेश्वर सभाध्यक्ष वा सूर्य (च) और (अङ्गिरसाम्) विद्या धर्म और राज्य वाले विद्वानों की (इष्टौ) इष्ट की सिद्ध करने वाली नीति में विद्यादि उत्तम गुणों का संवावशन्त) अच्छे प्रकार वार २ प्रकाश करो जिस से सब संसार में अविद्यादि दुष्ट गुण नष्ट हों ॥ ३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—मनुष्यों को उचित है कि माता के समान प्रजा में वर्त्त सूर्य के समान विद्यादि उत्तम गुणों का प्रकाश कर ईश्वर की कही वा विद्वानों से अनुष्ठान की हुई नीति में स्थित हो और सब के उपाकार को करते हुए विद्यादि सद्गुणों के आनन्द में सदा मग्न रहें ॥ ३ ॥

पुनर्मनुष्यैः कथं वर्त्तितव्यमित्यु०

फिर मनुष्यों को कैसे वर्त्तना चाहिये इस वि०

सुसुष्टुभा स स्तुभा सप्त विप्रैः स्वरेणाद्रिं स्वर्यो३ नवग्वैः । सरण्युभिः फलिगमिन्द्र शक्र बलं रवेण दरयो दशग्वैः ॥ ४ ॥

सः । सुऽस्तुभा । सः । स्तुभा । सप्त । विप्रैः ।

स्वरेणं। अद्रिम्। स्वर्यः। नवंऽग्वैः। सर-
ण्युभिः। फलिऽगम्। इन्द्र। शक्र। वलम्।
रवेण। दरयः। दशंऽग्वैः ॥ ४ ॥

पदार्थः-(सः) इन्द्रः (सुष्टुभा) सुष्ठु द्रव्यगुणक्रियास्थिर-कारकेण (सः) उक्तार्थः (स्तुभा) स्तोभते स्थिरी करोति येन तेन (सप्त) सप्तसंख्याकानामुदात्तादीनां षड्जादीनां स्वराणां वा मध्यस्थेन केन चित् (विप्रैः) मेधाविभिः । विविधान् पदार्थान् प्रान्ति तैः किरणैर्वा (स्वरेण) महाशब्देन (अद्रिम्) मेघम् (स्वर्य्यः) स्वरेषु साधुः (नवग्वैः) नवनीतगतिभिः । नवग्वा नवनीतगतयः। निरु० ११। १९. अत्र नवोपपदाद्गमधातोर्बाहुलकादौणादिको ड्वप्रत्ययः (सरण्युभिः) सर्वेषु शास्त्रेषु विज्ञानगतिभिः । अत्र सृयुवचि० इति सूत्रेणान्युच् प्रत्ययः (फलिगम्) फलीनां गमयितारं मेघम् । फलिगइतिमेघना० निघं० १ । १० (इन्द्र) परमैश्वर्य युक्त (शक्र)शक्तिमन् (वलम्) बलयुक्तं मेघम् (रवेण) विद्युतः शब्देन (दरयः) विदारय । अत्र लिङर्थे लङडभावश्च (दशग्वैः) ये रश्मयो दश दिशो गच्छन्ति तैः ॥ ४ ॥

अन्वयः-हे सइन्द्र शक्र सभाद्यध्यक्ष यस्त्वं नवग्वैर्दशग्वैः सरण्युभिर्विप्रैः सुष्टुभा स्तुभा रवेण सप्त यथा सविता सप्तानां मध्ये वर्त्तमानेन स्वरेणाद्रिं बलं फलिगं हन्ति तथाऽरीन् दरयो विदारयः स त्वं स्वर्यः स्तुत्योसि ॥ ४ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु०—यथा स्तनयित्नुः स्वैरुत्तमैर्गुणैर्वर्त्तमानः सन् जीवनहेतुं मेघोत्पत्त्यादिकं कार्य्यं साधयति तथैव

सभाद्यध्यक्षः परमोत्तमैर्विद्याबलयुक्तैः पुरुषैः सह वर्त्तमानेन विद्यान्यायप्रकाशेन सर्वमन्यायं प्रणाश्य दुष्टांश्च निवार्य्य चक्रवर्त्तिराज्यं प्रशिष्यात् ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे (सः) वह (इन्द्र) परमैश्वर्य युक्त (शक्र) शक्ति को प्राप्त करनेवाले सभाध्यक्ष जो आप (नवग्वैः) नवों से प्राप्त हुई गति वा (दशग्वैः) दश दिशाओं में जाने (सरण्युभिः) सब शास्त्रों में विज्ञान करने वाली गतियों से युक्त (विप्रैः) बुद्धिमान् विद्वानों के साथ जैसे सूर्य्य (सुष्टुभा) उत्तम द्रव्य गुण और क्रियाओं के स्थिर करने वा (स्तुभा) धारण करने वाले (रवेण) शस्त्रों के शब्द से जैसे सूर्य (सप्त) सात संख्या वाले स्वरों के मध्य में वर्त्तमान (स्वरेण) उदात्तादि वा षड्जादि स्वर से (अद्रिम्) (बलम्) बल युक्त (फलिगम्) मेघ का हनन करता है वैसे शत्रुओं को (दरयः) विदारण करते हो (सः) सो आप हम लोगों से (स्वर्यः) स्तुति करने योग्य हो ॥ ४ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे बिजुली अपने उत्तम २ गुणों से वर्त्तमान हुई जीवन के हेतु मेघ के उत्पन्न करने आदि कार्यों को सिद्ध करती है। वैसेही सभाध्यक्ष आदि अत्यन्त उत्तम २ विद्या बल से युक्तों के साथ वर्त्त के विद्या रूपी न्याय के प्रकाश से अन्याय वा दुष्टों का निवारण कर चक्रवर्त्ति राज्य का पालन करें ॥ ४ ॥

पुनः स कीश इत्यु० ॥

फिर वह सभाध्यक्ष कैसा हो इस वि० ॥

गृणानो अङ्गिरोभिर्दस्म वि वरुषसा सूर्येण गोभिरन्धः । वि भूम्या अप्रथय इन्द्र सानु दिवो रज उपरमस्तभायः ॥ ५ ॥ १ ॥

गृणानः । अङ्गिरःऽभिः । दस्म । वि । वः । उषसा । सूर्येण । गोभिः । अन्धः । वि ।

भूम्याः । अप्रथयः । इन्द्र । सानु । दिवः ।
रजः । उपरम् । अस्तभायः ॥ ५ ॥ १ ॥

पदार्थः—(गृणानः) शब्दं कुर्वाणः । अत्र व्यत्ययेनात्मनेपदं (अङ्गिरोभिः) प्राणैर्बलैः (दस्म) उपक्षेतः (वि) विशेषार्थे (वः) वृणोषि (उषसा) दिनप्रमुखेन (सूर्येण) सूर्यप्रकाशेन (गोभिः) किरणैः (अन्धः) अन्नम् (वि) विविधार्थे (भूम्याः) भूमिषु साधवः (अप्रथयः) प्रथय (इन्द्र) विदारक (सानु) शिखरम् (दिवः) प्रकाशस्य (रजः) लोकम् (उपरम्) मेघम् (अस्तभायः) स्तभान । अत्र लडर्थे लङ् ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र दस्म सभाद्यध्यक्ष गृणानस्त्वमंगिरोभिरुषसा सूर्येण गोभिरन्धो विवो वृणोति तथा विद्युद्व्यप्रथयो यथा भूम्या दिवः प्रकाशस्यसानु रजः सर्वं लोकमुपरं मेघं स्तभ्नाति तथा धर्मराज्यसेना विवः शत्रून् व्यस्तभ्नन् भवानस्माभिः स्तुत्योऽस्ति ॥ ५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—पुरुषैरुषोवत् सूर्यवत्किरणवत् प्राणवच्च सद्गुणान् प्रकाश्य दुष्टनिवारणं कार्यम् । यथा सूर्यः स्वप्रकाशं विस्तार्य मेघमुत्पाद्य वर्षयति तथैव प्रजासु सद्विद्यामुत्पाद्य सुखवृष्टिः कार्येति ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) शत्रुओं के (दस्म) नाश करने वाले सभाध्यक्ष (गृणानः) उपदेश करते हुए आप जैसे बिजुली (अङ्गिरोभिः) प्राण (उषसा) प्रातःकाल के (सूर्येण) सूर्य के प्रकाश तथा (गोभिः) किरणों से (अन्धः) अन्न को प्रकट करती है वैसे धर्मराज्य और सेना को (विवः) प्रकट करो वैसे बिजुली को (व्यप्रथयः) विविधप्रकार से विस्तृत कीजिये जैसे सूर्य (भूम्याः) पृथिवी में श्रेष्ठ (दिवः) प्रकाश के (सानु) ऊपरले भाग (रजः) सब लोकों और

(उपरम्) मेघ को संयुक्त करता है वैसे धर्मयुक्त राज्य को सेना को विस्तार युक्त कीजिये और शत्रुओं को बन्धन करते हुए आप हम सब लोगों से स्तुति करने के योग्य हो ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—मनुष्यों को प्रातःकाल सूर्य के किरण और प्राणों के समान उक्त गुणों का प्रकाश करके दुष्टों का निवारण करना चाहिये जैसे सूर्य प्रकाश को फैला और मेघ को उत्पन्न कर वर्षाता है वैसे ही सभाध्यक्ष आदि मनुष्यों को प्रजा में उत्तम विद्या उत्पन्न करके सुखों की वर्षा करनी चाहिये ॥ ५ ॥

पुनरस्य कीदृशं कर्म स्यादित्यु० ॥

फिर भी इस सभाध्यक्ष के कैसे कर्म्म हों इस वि० ॥

तदु प्रयक्षतममस्य कर्म दस्मस्य चारुतमम-स्ति दंसः । उपह्वरे यदुपरा अपिन्वन्म-ध्वर्णसो नद्यश्चतस्रः ॥ ६ ॥

तत् । ऊम्इति । प्रयक्षऽतमम् । अस्य । कर्म । दस्मस्य । चारुऽतमम् । अस्ति । दंसः । उपऽह्वरे । यत् । उपराः । अपिन्वत् । मधुऽअर्णसः । नद्यः । चतस्रः ॥ ६ ॥

पदार्थः—(तत्) वक्ष्यमाणम् (उ) वितर्के (प्रयक्षतमम्) अत्यन्तपूजनीयम् (अस्य) सभाध्यक्षस्य (कर्म) क्रियमाणम् (दस्मस्य) दुःखोपक्षेतुः (चारुतमम्) अतीव सुन्दरम् (अस्ति) वर्त्तते (दंसः) दंसयन्ति पश्यन्ति विद्याः सुखानि च येन कर्मणा

तत् (उपह्वरे) उपह्वरन्ति कुटिलयन्ति येन तस्मिन् व्यवहारे अत्र कृतो बहुलमिति करणे अच् (यत्) उक्तम् (उपराः) दिशः उपराइति दिङ्ना० निघं० १। ६ (अपिन्वत्) सेवते (मध्वर्णसः) मधूनि मधुराण्यर्णांस्युदकानि यासु ताः (नद्यः) सरितः (चतस्रः) चतुःसंख्याकाः॥ ६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या युष्माभिरस्य दस्मस्येन्द्रस्य सभाद्यध्यक्षस्य स्तनयित्नोर्वोपह्वरे यत्प्रयक्षतमं चारुतमं दंसः कर्मास्ति तदु विदित्वाऽऽचरणीयं यद्वैदृशेन कर्मणा मध्वर्णसो नद्यस्तस्य उपरा दिशोऽपिन्वत् सेवते सिंचति स विद्यया सम्यक् सेवताम् ॥६॥

भावार्थः—अत्रश्लेषालं०—मनुष्यैः श्रेष्ठतमानि कर्माणि संसेव्य यज्ञमनुष्ठाय राज्यं पालयित्वा सर्वासु दिक्षु कीर्त्तिवृष्टिः संप्रसारणीयेति ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुमलोगों को उचित है कि (अस्य) इस (दस्मस्य) दुःख नष्ट करने वाले सभाध्यक्ष वा बिजुली के (उपह्वरे) कुटिलता युक्त व्यवहार में (यत्) जो (प्रयक्षतमम्) अत्यन्त पूजने योग्य (चारुतमम्) अतिसुन्दर (दंसः) विद्या वा सुखों के जानने का हेतु (कर्म) कर्म (अस्ति) है (तदु) उस को जान कर आचरण करना वा जिस के इस प्रकार के कर्म से (मध्वर्णसः) मधुर जल वाली (नद्यः) नदी और (चतस्रः) चार (उपराः) दिशा (अपिन्वत्) सेवन वा सेचन करती हैं। उन दोनों को विद्या से अच्छेप्रकार सेवन करना चाहिये ॥६॥

भावार्थः—इस मन्त्र में श्लेषालं०—मनुष्यों को चाहिये कि अति उत्तम २ कर्मों का सेवन यज्ञ का अनुष्ठान और राज्य का पालन करके सब दिशाओं में कीर्त्ति की वर्षा करें ॥ ६ ॥

पुनः स कीदृश इत्यु० ॥

फिर सभाध्यक्ष कैसा हो इस वि० ॥

द्विता वि वंव्रे सनजा सनीडे अयास्यः

स्तवमानेभिरर्कैः। भगो न मेने परमे व्योमन्नधारयद्रोदसी सुदंसाः ॥ ७॥

द्विता । वि । वव्रे । सनजा । सनीळइति सऽनीळे। अयास्यः। स्तवमानेभिः । अर्कैः। भगः । न। मेनेइति । परमे । विऽओमन् । अधारयत्। रोदसीइति । सुऽदंसाः ॥ ७॥

पदार्थः-(द्विता) द्वयोः प्रजा सभाद्यध्यक्षयोर्भावोद्विता (वि) विशेषे (वव्रे) व्रियते (सनजा) या सनेति सनातनाज्जायते सा (सनीडे) समीपे (अयास्यः) प्रयत्नासाध्यः स्वाभाविकः (स्तवमानेभिः) स्तुवन्ति यैस्तैः (अर्कैः) स्तोत्रैः (भगः) ऐश्वर्य्यम् (न) इव (मेने) प्रक्षेप्ये । अत्र बाहुलकाड्डुमिञ् धातोर्नः प्रत्यय आत्वनिषेधश्च (परमे) प्रकृष्टे (व्योमन्) अन्तरिक्षे अत्रसुपांसुलुगिति सप्तम्या लुक् (अधारयत्) धारयेत् (रोदसी) द्यावापृथिव्यौ (सुदंसाः) शोभनानि दंसांसि कर्माणि यस्मिन् सः ॥७॥

अन्वयः-यथा विद्वद्भिर्या सनीडे स्तवमानेभिरर्कैः सनजा द्विता विवव्रे विशेषेण व्रियते तथा मनुष्योऽयास्यः सुदंसा अहं परमे व्योमन् रोदसी भगो न सवितेव अधारयत् धारयेत् विद्वान् मेने तथाऽहं धरेयं मन्ये च ॥ ७ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु०—मनुष्यैर्यथा सभाद्यध्यक्षैरैश्वर्य्यं ध्रियते यथा च सूर्य्यः प्रकाशपृथिव्यौ धरति तथैव न्यायविद्ये धर्त्तव्ये ॥ ७ ॥

पदार्थः—जैसे विद्वानों से जो (सनीडे) समीप (स्तवमानेभिः) स्तुति युक्त (अर्कैः) स्तोत्रों से (सनजा) सनातन कारण से उत्पन्न हुई (द्विता) दो अर्थात् प्रजा और सभाध्यक्ष को (विवव्रे) विशेष करके स्वीकार किया जाता है वैसे मनुष्य (अयास्यः) अनायास से सिद्ध करने वाला (सुदंसाः) उत्तम कर्म युक्त मैं जैसे (परमे) (व्योमन्) उत्तम अन्तरिक्ष में (रोदसी) प्रकाश और भूमि को (भगोन) सूर्य के समान विद्वान् (मिमे) मानता और (अधारयत्) धारण करता है वैसे इस को धारण करता और मानता हूं ॥ ७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—मनुष्यों को चाहिये कि जैसे सभाआदि का अध्यक्ष ऐश्वर्य को और जैसे सूर्य प्रकाश तथा पृथिवी को धारण करता है वैसे ही न्याय और विद्या का धारण करें ॥ ७ ॥

अथ रात्रिदिवसदृष्टान्तेन स्त्रीपुरुषौ कथं वर्त्तेयातामित्यु० ॥

अब रात्रि और दिन के दृष्टांत से स्त्री और पुरुष किस २ प्रकार वर्त्तमान करें इस वि०

सनाद्दिवं परि भूमा विरूपे पुनर्भुवा युवती स्वेभिरेवैः । कृष्णेभिरक्तोषा रुशद्भिर्वपुर्भिरा चरतो अन्यान्या ॥ ८

सनात् । दिवम् । परि । भूम । विरूपेइति विऽरूपे । पुनःऽभुवा । युवतीइति । स्वेभिः । एवैः । कृष्णेऽभिः । अक्ता । उषाः । रुशत्ऽभिः । वपुःऽभिः । आ । चरतः । अन्याऽअन्या ॥ ८ ॥

पदार्थः-(सनात्) सनातनात्कारणात् (दिवम्) सूर्यप्रकाशं प्राप्य (परि) सर्वतः (भूमा) भूमिम्। अत्र सुपांसुलुगिति: डादेशः (विरूपे) विविधं रूपं ययोरन्हो रात्रेश्च ते (पुनर्भुवा) ये पुनः पुनः पर्य्यायेण भवतस्ते। अत्र सुपांसुलुगित्याकारादेशः (युवती) युवावस्थास्थे स्त्रियाविव (स्वेभिः) दक्षिणादिभिरवयवैः (एवैः) प्रापकैः। इण्शीभ्यांवन्। उ०१। १५४ अनेनात्रेण्धातोर्वन् प्रत्ययः (कृष्णेभिः)परस्पराकर्षणैर्विलेखनैः (अक्ता) अनक्त्यञ्जनवत्पदार्थानाच्छादयति सा रात्रिः (उषाः) दिनं च (रुशद्भिः) प्रापकैरूपादिगुणैः (वपुर्भिः) स्वाकृत्यादिभिः शरीरैः (आ) समन्तात् (चरतः) गच्छतश्चागच्छतश्च (अन्यान्या) भिन्ना भिन्ना पृथक् पृथक् संयुक्ते च। अत्र वीप्सायां द्विर्वचनम् ॥ ८ ॥

अन्वयः-हे स्त्रीपुरुषौ युवां यथा सनाद्दिवं भूमा प्राप्य पुनर्भुवा युवतीइव विरूपे अक्तोषाः स्वेभीरुशद्भिर्वपुर्भिः कृष्णेभिरेवैः सहान्यान्या पर्य्याचरतस्तथा स्वयंवरविधानेन विवाहं कृत्वा परस्परौ प्रीतिमन्तौ भूत्वा सततमानन्दतम् ॥ ८ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु०—मनुष्यैर्यथा सर्वदा चक्रवत्परिवर्तमाने रात्रिदिने परस्परं संयुक्ते वर्तेते तथा विवाहितौ स्त्रीपुरुषौ संप्रीत्या सर्वदा वर्तेयाताम् ॥ ८ ॥

पदार्थः-हे स्त्री पुरुषो तुम जैसे (सनात्) सनातन कारण से (दिवम्) सूर्य्य प्रकाश और (भूमा) भूमि को प्राप्त हो कर (पुनर्भुवा) बार २ पर्य्याय से उत्पन्न हो के (युवती) युवावस्था को प्राप्त हुए स्त्री पुरुष के समान (विरूपे) विविध रूप से युक्त (अक्ता) रात्रि (उषाः) दिन (स्वेभिः) क्षण आदि अवयव (रुशद्भिः) प्राप्ति के हेतु रूपादि गुणों के साथ (वपुर्भिः) अपनी आकृति आदि शरीर वा (कृष्णेभिः) परस्पर आकर्षणादि को (एवैः) प्राप्त करने वाले गुणों के साथ (अन्यान्या) भिन्न२ परस्पर मिले हुए (पर्य्याचरतः) जाते आते हैं वैसे स्वयंवर

अर्थात् परस्पर की प्रसन्नता से विवाह करके एक दूसरे के साथ प्रीति युक्त होके सदा आनन्द में वर्त्तें ॥ ८ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—मनुष्यों को योग्य है कि जैसे चक्र के समान सर्वदा वर्त्तमान रात्रि दिन परस्पर संयुक्त वर्त्तते हैं वैसे विवाहित स्त्री और पुरुष अत्यन्त प्रेम के साथ वर्त्ता करें ॥ ८ ॥

पुनस्ते कीदृशा इत्यु० ॥

फिर वे कैसे हों यह वि०

सनेमि सख्यं स्वपस्यमानः सूनुर्दाधार शवसा सुदंसाः । आमासु चिद्दधिषे पक्वमन्तः पयः कृष्णासु रुशद्रोहिणीषु ॥९॥

सनेमि । सख्यम् । सुऽअपस्यमानः । सूनुः । दाधार । शवसा । सुऽदंसाः । आमासु । चित् । दधिषे । पक्वम् । अन्तरिति । पयः । कृष्णासु । रुशत् । रोहिणीषु ॥ ९ ॥

पदार्थः—(सनेमि) पुराणम् । सनेमिरिति पुराणना० निघं० ३ । २७ (सख्यम्) मित्रत्वम् (स्वपस्यमानः) शोभनानि चांपांसि कर्माणि च स्वपांसि तान्याचरतीव सः (सूनुः) पुत्रो मातापितराविव (दाधार) धरति (शवसा) बलेन (सुदंसाः) शोभानि दंसानि कर्माणि यस्य सः (आमासु) अपक्वास्वोषधीषु (चित्) अपि (दधिषे) धरसि (पक्वम्) पच्यमानम् (अन्तः) मध्ये (पयः)

रसम् (कृष्णासु) परिपक्वासु विलिखितासु (रुशत्) सुन्दरं रूपं धरन् (रोहिणीषु) रोहणशीलासु ॥ ९ ॥

अन्वयः—यः स्वपस्यमानः सुदंसा रुशत्त्वं सूनुमिवाहोरात्रं सनेमि सख्यं दाधार स रोहिणीषु कृष्णासु चिदप्यामास्वन्तः पक्वं पयो धरति तथैव शवसा दधिषे ससुखमाप्नुयात् ॥ ९ ॥

भावार्थः—विद्वद्भिर्यथाऽहोरात्रः पक्वापक्वरसोत्पादक उत्पन्नद्रव्यवृद्धिक्षयकरः सर्वेषां मित्रवद्वर्त्तते तथा सर्वैर्मनुष्यैः सह वर्तितव्यम् ॥ ९ ॥

पदार्थः—जो (स्वपस्यमानः) उत्तम कर्मों को करते हुए के समान (सुदंसाः) उत्तम कर्म्म युक्त (रुशत्) शुभ गुणों को प्राप्ति करता हुआ तू जैसे (सूनुः) सत्पुत्र अपने माता पिता का पोषण करते हुए के समान रात्रि दिन (सनेमि) प्राचीन (सख्यम्) मित्रपन के कालावयवों को (दाधार) धारण करता और (रोहिणीषु) उत्पन्नशील (कृष्णासु) सब प्रकार से पकी हुई (चित्) और (आमासु) कच्ची ओषधियों के (अन्तः) मध्य में (पयः) रस को धारण करता है वैसे (शवसा) बल के साथ गृहाश्रम को (दधिषे) धारण कर ॥ ९ ॥

भावार्थः—विद्वानों को जैसे ये दिन रात कच्चे पक्के रसों के उत्पन्न करने और उत्पन्न हुए पदार्थों की वृद्धि वा नाश करने वाले सबों के मित्र के समान वर्त्तमान हैं वैसे सब मनुष्यों के साथ वर्त्तना योग्य है ॥ ९ ॥

पुनस्ते कीदृशा इत्यु० ॥

फिर वे कैसे हों इस वि० ॥

स॒नात्सनी॑ळा अ॒वनी॑र॒वा॒ता व्र॒ता र॑क्षन्ते अ॒मृताः॒ सहो॑भिः । पु॒रु स॒हस्रा॒ जन॑यो॒ न पत्नी॑र्दुव॒स्यन्ति॒ स्वसा॑रो॒ अह्र॑याणम् ॥ १० ॥ २ ॥

सनात् । सऽनीळाः । अवनीः । अवाताः ।
व्रता । रक्षन्ते । अमृताः । सहःऽभिः । पुरु ।
सहस्रा । जनयः । न । पत्नीः । दुवस्यन्ति ।
स्वसारः । अह्रयाणम् ॥ १० ॥ २ ॥

पदार्थः-(सनात्) सनातनात्कारणात् (सनीडाः) समीपे वर्त्तमानाः (अवनीः) पृथिवीः (अवाताः) वायुकंपादिरहिताः (व्रता) व्रतानि सत्याचरणानि। अत्र शेश्छन्दसीति लोपः (रक्षन्ते) पालयन्ति। अत्र व्यत्ययेनात्मनेपदम् (अमृताः) स्वरूपेण नित्याः (सहोभिः) बलैः (पुरु) बहूनि (सहस्रा) सहस्राणि (जनयः) ये जनयन्ति ते पतयः (न) इव (पत्नीः) भार्य्याः (दुवस्यंति) परिचरन्ति (स्वसारः) भगिन्यः (अह्रयाणम्) विगतलज्जं प्रकाशितम् । अत्र नञ्पूर्वाद्ध्रीधातोर्बाहुलकादौणादिक आनच् प्रत्ययः ॥ १० ॥

अन्वयः-अवाता अवनीरिव पुरु सहस्रा जनयः पत्नीर्न ये सनीडा अमृताः सहोभिः सनाद्व्रता रक्षन्ते स्वसारोऽह्रयाणं बन्धुं दुवस्यन्तीव विद्याधर्मौ सेवन्ते ते मुक्तिमाप्नुवन्ति ॥ १० ॥

भावार्थः-अत्रोपमावाचकलु०—यथा पतयः स्वस्त्री भगिनी-भ्रातॄन् विद्यार्थिन आचार्य्यांश्च सेवित्वा सुखानि विद्याश्च प्राप्नु-वन्ति तथा धर्मारूढा धार्मिका विद्वांसः स्त्रीपुरुषा गृहे वसन्-तोऽपि मुक्तिमाप्नुवन्ति ॥ १० ॥

पदार्थः—जैसे (अवाताः) हिंसारहित (अवनीः) भूमि सब की रक्षा (पुरुसहस्रा) बहुत हजारह (जनयः) उत्पन्न करने हारे पति (पत्नीः) (न) जैसे अपनी स्त्रियों की रक्षा करते हैं वैसे जो (सनीडाः) समीप में वर्त्तमान (अमृताः) नाशरहित विद्वान् लोग (सहोभिः) विद्यायोग धर्म वालों से (सनात्) सनातन (व्रता) सत्य धर्म के आचरणों को (रक्षन्ते) रक्षा करते हैं और जैसे (स्वसारः) बहिनें (अह्रयाणम्) लज्जा को अप्राप्त अपने भाई को (दुवस्यन्ति) सेवा करती हैं वैसे विद्या और धर्म ही को सेवते हैं वे मुक्ति को प्राप्त होते हैं॥ १०॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमा और वाचकलु०—जैसे पति लोग अपनी स्त्रियों बहिनों और भाइयों तथा विद्यार्थीलोग आचार्यों की सेवा से सुख और विद्याओं को प्राप्त होते हैं वैसे धर्मात्मा विद्वान् स्त्री पुरुष लोग घर में बसते हुए मुक्ति को प्राप्त होते हैं॥ १०॥

पुनस्ते कीदृशा एतद्वेदितारो विद्वांसश्चेत्यु०॥

फिर भी दिन और रात्रि कैसे तथा इन के जानने वाले

विद्वान् लोग कैसे हैं इस वि०॥

सनायुवो नमसा नव्यो अर्कैर्वसूयवो मतयो दस्म दद्रुः। पतिं न पत्नीरुशतीरुशन्तं स्पृशन्ति त्वा शवसावन्मनीषाः॥ ११॥

सनाऽयुवः। नमसा। नव्यः। अर्कैः। वसुऽयवः। मतयः। दस्म। दद्रुः। पतिम्। न। पत्नीः। उशतीः। उशन्तम्। स्पृशन्ति। त्वा। शवसाऽवन्। मनीषाः॥ ११॥

पदार्थः–(सनायुवः) सनातनस्य कर्मणः कर्त्तारइवाचरन्तः (नमसा) नमस्कारेण युक्ताः (नव्यः) नवीना युवतयः। अत्र सुपांसुलुगिति जसः स्थाने सुः (अर्कैः) मंत्रैर्विचारैः सह (वसूयवः) आत्मनो वसूनि विद्याधनानीच्छन्तः (मतयः) मन्यन्ते जानन्ति ये ते विद्वांसः (दस्म) अन्धकारोपक्षेतः (दद्रुः) द्रान्ति (पतिम्) पालयितारम् (न) इव (पत्नीः) भार्य्या युवतयः (उशन्तीः) कामयमानाः (उशन्तम्) कामयमानम् (स्पृशन्ति) आलिङ्गयन्ति (त्वा) (शवसावन्) बलयुक्त (मनीषाः) ये मनांसि विज्ञानानीषन्ते ते । अत्र शकन्ध्वादित्वात् पररूपम् ॥११ ॥

अन्वयः–हे शवसावन्दस्म सभापते त्वं यथा सनायुवो नमसाऽर्कैः सह वर्त्तमाना वसूयवो मनीषा मतय उशन्तं पतिं नोशन्तीर्नव्यः पत्नीः स्पृशन्ति यथा च दद्रुःकुटिलां गतिं गच्छन्ति तथा त्वा प्रजाः सेवन्ताम् ॥ ११ ॥

भावार्थः–अत्रोपमावाचकलु०–यथा स्त्रीपुरुषयोः सह वर्त्तमानेनापत्यान्युत्पद्यन्ते तथैव रात्रिंदिवयोः सह वर्त्तमानेन सर्वे व्यवहारा जायन्ते यथा च सूर्य्यप्रकाशभूमिच्छायाभ्यां विनैतयोरुत्पत्तिर्भवितुं न शक्या तथा दंपतीभ्यां विना मैथुनसृष्टयुत्पत्तिरसंभवा ॥ ११ ॥

पदार्थः–हे (शवसावन्) बलयुक्त (दस्म) अविद्यान्धकार विनाशक सभापते तू जैसे (सनायुवः) सनातन कर्म के करने वालों के समान आचरण करते (नमसा) अन्न वा नमस्कार तथा (अर्कैः) मंत्र अर्थात् विचारों के साथ वर्त्तमान (वसूयवः) अपने लिये विद्या धनों और (मनीषाः) विज्ञानों की इच्छा करने (मतयः) सब को जानने वाले विद्वान् लोग (न) जैसे (नव्यः) नवीन (उशन्तीः) काम की चेष्टा से युक्त (पत्नीः) स्त्री (उशन्तम्) काम की इच्छा करने वाले (पतिम्) पति का (स्पृशन्ति) आलिंगन करती हैं और जैसे (दद्रुः) कुटिल गति को प्राप्त होने वालों को जानते हैं वैसे (त्वा) तुझ को प्रजा सेवें ॥११॥

भावार्थः-इस मंत्र में उपमा और वाचकलु०-मनुष्यों को समझना चाहिये कि जैसे स्त्रीपुरुषों के साथ वर्त्तमान होने से सन्तानों की उत्पत्ति होती है वैसे ही रात दिन के एक साथ वर्त्तमान होने से सब व्यवहार सिद्ध होते हैं और जैसे सूर्य का प्रकाश और पृथिवी की छाया के विना रात और दिन का संभव नहीं होता वैसे ही स्त्री पुरुष के विना मैथुनी सृष्टि नहीं होसकती ॥ ११ ॥

अथ सूर्यसभाद्यध्यक्षयोर्गुणा उप०

अब अगले मंत्र में सूर्य्य और सभापति आदि के गुणों का उप०

सनादेव तव रायो गभस्तौ न क्षीयन्ते नोप दस्यन्ति दस्म । द्युमाँ असि क्रतुमाँ इन्द्र धीरः शिक्षा शचीवस्तव नः शचीभिः ॥ १२ ॥

सनात् । एव । तव । रायः । गभस्तौ । न । क्षीयन्ते । न । उप । दस्यन्ति । दस्म । द्युऽमान् । असि । क्रतुऽमान् । इन्द्र । धीरः । शिक्ष । शचीऽवः । तव । नः । शचीभिः ॥ १२ ॥

पदार्थः-(सनात्) सनातनात् (एव) निश्चये (तव) सभाध्यक्षस्य (रायः) धनानि (गभस्तौ) नीतिप्रकाशे । गभस्तयइति रश्मिना० निघं० १ । ५ (न) निषेधे (क्षीयन्ते) क्षीणानि भवन्ति (न) निषेधे (उप) सामीप्ये (दस्यन्ति) नश्यन्ति (दस्म) शत्रोरुपक्षेतः (द्युमान्) विद्यादिसद्गुणप्रकाशयुक्तः (असि) (क्रतुमान्) प्रज्ञावान् (इन्द्र) परमधनवन् परमधनहेतुर्वा (धीरः)

ध्यानवान् (शिक्ष) उपदिश (शचीवः) शची प्रशस्ता वाक् प्रज्ञा कर्म वा विद्यतेऽस्मिन् तत्सम्बुद्धौ । शचीति प्रज्ञाना० निघं० ३ । ९ कर्मना० २ । १ । वाङ्ना० १ । ११ । (तव) भवत्प्रबन्धे (नः) अस्मान् (शचीभिः) कर्मभिः ॥ १२ ॥

अन्वयः—हे दस्म शचीवदिन्द्र यस्त्वं द्युमान् क्रतुमान् धीरोऽसि तस्य तव गभस्तौ सनाद्रायो नैव क्षीयन्ते तव नोपदस्यन्ति स त्वं शचीभिर्नोऽस्मान् शिक्ष ॥ १२ ॥

भावार्थः—यः सनातनाद्वेदविज्ञानात् शिक्षां प्राप्य सभाध्यक्षो भूत्वा प्रजाः पालयेत्स मनुष्यो धार्मिको वेद्योः ॥ १२ ॥

पदार्थः—हे (दस्म) शत्रुओं के नाश करने वाले (शचीवः) उत्तम बुद्धि वा वाणी से युक्त (इन्द्र) उत्तम धन वाले सभाध्यक्ष जो आप (द्युमान्) विद्यादि श्रेष्ठ गुणों के प्रकाश से युक्त (क्रतुमान्) बुद्धि से विचार कर कर्म करने वाले (धीरः) ध्यानी (असि) हैं उस (तव) आप के (गभस्तौ) राजनीति के प्रकाश में (सनात्) सनातन से (रायः) धन (नैव) नहीं (क्षीयन्ते) क्षीण तथा (तव) आप के प्रबन्ध में (न) नहीं (उपदस्यन्ति) नष्ट होते हैं । सो आप अपनी (शचीभिः) बुद्धि वाणी और कर्म से (नः) हम लोगों को (शिक्ष) उपदेश दीजिये ॥ १२ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जो सनातन वेद के ज्ञान से शिक्षा को और सभापति आदि के अधिकार को प्राप्त हो के प्रजा का पालन करे उसी मनुष्य को धर्मात्मा जानें ॥ १२ ॥

पुनः सभाध्यक्षगुणाउप० ॥

फिर सभाध्यक्ष के गुणों का उप० ॥

सनायते गोतम इन्द्र नव्यमतक्षद्ब्रह्म हरियोजनाय। सुनीथाय नः शवसान नोधाः प्रातर्मक्षू धियावसुर्जगम्यात् ॥ १३ ॥ ३ ॥

सनाऽयते । गोतमः । इन्द्र । नव्यम् । अतंक्षत् । ब्रह्म । हरिऽयोजनाय । सुऽनीथायं । नः । शवसान । नोधाः । प्रातः । मक्षु । धियाऽवसुः । जगम्यात् ॥ १३ ॥ ३ ॥

पदार्थः-(सनायते) सना सनातनइवाचरति (गोतमः) गच्छतीति गौः स्तोता सोऽतिशयितः सः (इन्द्र) परमैश्वर्य्यवन् (नव्यम्) नवीनम् (अतक्षत्) तनूकरोति (ब्रह्म) बृहद्धनमन्नं वा । ब्रह्मेति धनना० निघं० २ । १० अन्नना० । २ । ७ (हरियोजनाय) हरीणां मनुष्याणां योजनाय समाधानाय । हरय इति मनुष्यना० निघं० २ । ३ (सुनीथाय) सुखानां सुष्ठु प्रापणाय (नः) अस्मान् (शवसान) बल युक्त (नोधाः) स्तोता । णुमोधुट् च । उ० ४ । २२३ अनेनौणादिकसूत्रेणास्य सिद्धिः (प्रातः) प्रतिदिनम् (मक्षु) शीघ्रम् (धियावसुः) यः प्रज्ञया कर्मणा वा वसति सः (जगम्यात्) पुनः पुनः प्राप्नुयात् ॥ १३ ॥

अन्वयः- हे शवसानेन्द्र गोतमो धियावसुर्नोधा भवान् हरियोजनाय नव्यं ब्रह्मातक्षत्तनूकरोति नोऽस्मभ्यं सुनीथाय प्रातर्मक्षु सनायते नोऽस्मान् सद्यो जगम्यात् ॥ १३ ॥

भावार्थः-सभाद्यध्यक्षो मनुष्येभ्यो हिताय प्रतिदिनं नवीनं नवीनं धनमन्नं च प्रापयेत् । यथा प्राणो वायुः सुखानि प्रापयति तथैव सर्वान् सुखयेत् ॥ १३ ॥

अस्मिन् सूक्तईश्वरसभाध्यक्षाहोरात्रविद्वत्सूर्य्यवायुगुणानां वर्णनादेतदर्थस्यैकषष्टितमसूक्तार्थेन सह संगतिर्वेद्या ॥

इति द्विषष्टितमं सूक्तं तृतीयो वर्गश्च समाप्तः ॥

पदार्थः—हे (शवसान) बल युक्त (इन्द्र) उत्तम धन वाले सभाध्यक्ष (धियावसुः) बुद्धि और कर्म्म के साथ वसने वाले (गोतमः) अत्यन्त स्तुति के योग्य तथा (नोधाः) स्तुति करने वाले आप (हरियोजनाय) मनुष्यों के समाधान के लिये (नव्यम्) नवीन (ब्रह्म) बड़े धन को (अतक्षत्) छीण करते हो (नः) हम लोगों को (सुनीथाय) सुखों की प्राप्ति के लिये (प्रातः) प्रतिदिन (मक्षु) शीघ्र (सनायते) सनातन के समान आचरण करते हो तथा (नः) हम लोगों के सुखों के लिये शीघ्र (जगम्यात्) प्राप्त हो ॥ १३ ॥

भावार्थः—सभापति आदि को चाहिये कि मनुष्यों के हित के लिये प्रतिदिन नवीन २ धन और अन्न को उत्पन्न करें । जैसे प्राणवायु से मनुष्यों को सुख होते हैं वैसे ही सभाध्यक्ष सब को सुखी करे ॥ १३ ॥

इस सूक्त में ईश्वर, सभाध्यक्ष, दिन, रात, विद्वान्, सूर्य, और वायु के गुणों का वर्णन होने से पूर्व सूक्तार्थ के साथ इस सूक्तार्थ की सङ्गति जाननी चाहिये॥

यह बासठवां सूक्त और तीसरा वर्ग पूरा हुआ ॥ ६२ ॥ ३ ॥

अथ नवर्चस्य त्रिषष्टितमस्य सूक्तस्य गोतमो नोधा ऋषिः । इन्द्रो देवता १ । ७—९ भुरिगार्षी पंक्तिश्छन्दः ३ विराट् पंक्तिश्छन्दः । पंचमः स्वरः २ । ४ । विराट् त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ५ । भुरिगार्षी जगती छन्दः । निषादः स्वरः । ६ स्वराडार्षी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

यद्येतेषां रावणोवटसायणमहीधरमोक्षमूलरादीनां छन्दोविज्ञानमपि नास्ति तर्हि वेदार्थव्याख्यानानर्थस्य तु का कथा ॥

अथेश्वरगुणा उप० ॥

अब त्रेसठवें सूक्त का आरंभ है उस के पहिले मन्त्र में ईश्वर के गुणों का उप० ॥

त्वं म॒हाँ इ॑न्द्र॒ यो ह॒ शुष्मै॒र्द्यावा॑ जज्ञा॒नः पृ॑थि॒वी अमे॑ धाः । यद्ध॑ ते॒ विश्वा॑ गि॒रय॑श्चि॒दभ्वा॑

भिया दृढासः किरणा नैजन् ॥ १ ॥

त्वम् । महान् । इन्द्र । यः । ह । शुष्मैः । द्यावा । जज्ञानः । पृथिवीइति । अमे । धाः । यत् । ह । ते । विश्वा । गिरयः । चित् । अभ्वा । भिया । दृढासः । किरणाः । न । ऐजन् ॥ १ ॥

पदार्थः—(त्वम्) (महान्) गुणैरधिकः (इन्द्र) परमैश्वर्यप्रद (यः) उक्तार्थः (ह) किल (शुष्मैः) बलादिभिः (द्यावा) प्रकाशम् (जज्ञानः) प्रसिद्धः (पृथिवी) भूमिः (अमे) गृहे (धाः) दधासि (यत्) ये (ह) प्रसिद्धम् (ते) तव (विश्वा) सर्वे (गिरयः) शैला मेघा वा (चित्) अपि (अभ्वा) नोत्पद्यते कदाचित् तेन कारणेन सह वर्तमानाः (भिया) भयेन (दृढासः) दृंहिताः (किरणाः) कान्तयः (न) निषेधे (ऐजन्) एजन्ति ॥ १ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र यस्त्वं महान् जज्ञानः शुष्मैरमे ह द्यावापृथिवी धा दधासि ते तवाभ्वा सामर्थ्येन भिया भयेन ह प्रसिद्धं यद्ये विश्वा गिरयो दृढासः सन्तः किरणाश्चिदपि नैजन्नकंपन्ते ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्यैर्यः परमेश्वरः स्वकीयसामर्थ्यबलादिभिः सर्वं जगद्रचयित्वा स्वसामर्थ्येन दृढं धरति सएव सर्वदोपास्यः । येन सूर्यलोकेन स्वकीयाकर्षगुणेन पृथिव्यादयो लोका ध्रियन्ते सोऽपि परमेश्वरेण रचितो धारित इति बोध्यम् ॥ १ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) उत्तम संपदा के देने वाले परमात्मन् जो (त्वम्) आप (महान्) गुणों से अनन्त (जज्ञानः) प्रसिद्ध (शुष्मैः) बलादि के (अमे) प्रकाश में (ह) निश्चय करके (द्यावापृथिवी) प्रकाश और पृथिवी को (धाः) धारण करते हो (ते) आप के (अभ्वा) उत्पन्न रहित सामर्थ्य के (भिया) भय से (ह) ही (यत्) जो (विश्वा) सब (गिरयः) पर्वत वा मेघ (दृढासः) दृढ हुए (चित्) और (किरणाः) कान्ति (नेजत्) कभी कम्प को नहीं प्राप्त होते ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—मनुष्यों को ऐसा समझना चाहिये कि जो परमेश्वर अपने सामर्थ्य और बल आदि से सब जगत् को रच के दृढता से धारण करता है उसी की सब काल में उपासना करें । तथा जिस सूर्य्य लोक ने अपने आकर्षण आदि गुणों से पृथिवी आदि लोकों को धारण किया है उसी को भी परमेश्वर का बनाया और धारण किया जानें ॥ १ ॥

पुनः सभाद्यध्यक्षगुणा उप० ॥

अब अगले मंत्र में सभापति आदि के गुणों का उप० ॥

आ यद्धरी इन्द्र विव्रता वेरा ते वज्रं जरिता बाह्वोर्धात् । येनाविहर्य्यतक्रतो अमित्रान् पुर इष्णासि पुरुहूत पूर्वीः ॥ २ ॥

आ । यत् । हरी इति । इन्द्र । विऽव्रता । वेः । आ । ते । वज्रम् । जरिता । बाह्वोः । धात् । येन । अविहर्य्यतक्रतो इत्यविहर्य्यतऽक्रतो । अमित्रान् । पुरः । इष्णासि । पुरुहूत । पूर्वीः ॥ २ ॥

पदार्थः–(आ) समन्तात् (यत्) यस्मात् (हरी) सद्य-वहारहरणशीलसेनान्यायप्रकाशौ (इन्द्र) परमैश्वर्य्यकारक सभाध्यक्ष (विव्रता) विविधानि व्रतानि शीलानि याभ्यां तौ (वेः) विद्धि । अत्रोभयत्राडभावः (आ) आभिमुख्ये (ते) तव (वज्रम्) आज्ञापनं शस्त्रसमूहं वा (जरिता) सर्वविद्यास्तोता (बाह्वोः) बलवीर्य्ययोः (धात्) दधाति (येन) वज्रेण (अविहर्य्यतक्रतो) न विद्यन्ते विरुद्धा हर्य्यताः प्रज्ञाकर्माणि यस्य तत्संबुद्धौ (अमित्रान्) शत्रून् (पुरः) नगरीः (इष्णासि) अभीक्ष्णं प्राप्नोषि गच्छसि वा (पुरुहूत) बहुभिर्विद्वद्भिः पूजित (पूर्वीः) पूर्वेषां सम्बन्धिनीः ॥ २ ॥

अन्वयः–हे अविहर्य्यतक्रतो पुरुहूतेन्द्र सभाद्यध्यक्ष त्वं यद्यस्माद्विव्रतौ हरी आवेः समन्ताद्विद्धि । येनामित्रान् हंसि येन शत्रूणां पूर्वीः पुरइष्णासि तत्पराजयाय स्वविजयाया-भीक्ष्णं गच्छसि तस्माज्जरिता ते तव बाह्वोराश्रयेण वज्रमाधा दधाति ॥ २ ॥

भावार्थः–सभाद्यध्यक्षेणैवं शीलं गुणान् कर्माणि च स्वीकार्य्याणि यतः सर्वे मनुष्यास्तदेतद्दृष्ट्वा शिष्टा भूत्वा निष्कण्टकं राज्यसुखं सर्वदा भुंजीरन्निति ॥ २ ॥

पदार्थः–हे (अविहर्य्यतक्रतो) दुष्ट बुद्धि और पाप कर्मों से रहित (पुरुहूत) बहुत विद्वानों से सत्कार को प्राप्त कराने वाले सभाध्यक्ष आप (यत्) जिस कारण (विव्रता) नाना प्रकार के नियमों के उत्पन्न करने वाले (हरी) सेना और न्याय के प्रकाश को (आवेः) अच्छे प्रकार जानते हो (येन) जिस वज्र से (अमित्रान्) शत्रुओं को मारते तथा जिस से उन के (पूर्वीः) बहुत (पुरः) नगरों को (इष्णासि) जीतने के लिये इच्छा करते और शत्रुओं के पराजय और अपने विजय के लिये प्रतिक्षण जाते हो इस से (जरिता) सब विद्याओं को

स्तुति करने वाला मनुष्य (ते) आप के (बाह्वोः) भुजाओं के बल के आश्रय से (वज्रम्) वज्र को (आधात्) धारण करता है ॥ २ ॥

भावार्थः—सभापति आदि को उचित है कि इस प्रकार के उत्तम स्वभाव गुण और कर्मों का स्वीकार करें कि जिस से सब मनुष्य इस कर्म को देख तथा शिष्ट होकर निष्कंटक राज्य के सुख को सदा भोगें ॥ २ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर वह सभाध्यक्ष कैसा हो इस वि० ॥

त्वं सत्य इन्द्र धृष्णुरेतान्त्वमृभुक्षा नर्य्य-स्त्वं षाट् । त्वं शुष्णं वृजने पृक्ष आणौ यूने कुत्साय द्युमते सचाहन् ॥ ३ ॥

त्वम् । सत्यः । इन्द्र । धृष्णुः । एतान् । त्वम् । ऋभुक्षाः । नर्य्यः । त्वम् । षाट् । त्वम् । शुष्णम् । वृजने । पृक्षे । आणौ । यूने । कुत्साय । द्युऽमते । सचा । अहन् ॥ ३ ॥

पदार्थः—(त्वम्) निरूपितपूर्वः (सत्यः) सत्सु साधुर्जीव स्वरूपेणानादिस्वरूपो वा (इन्द्र) परमैश्वर्य्यप्रापक (धृष्णुः) दृढः (एतान्) मित्रान् शत्रून्वा (त्वम्) (ऋभुक्षाः) महान् । ऋभुक्षा इति महन्ना० निघं० ३ । ३ (नर्य्यः) नृषु साधुर्नृभ्यो हितो वा (त्वम्) (षाट्) सहनशीलः । वाछन्दसि सर्वे विधयो भवन्तीति केवलादपि ण्विः (त्वम्) (शुष्णम्) बलम् (वृजने) वृजते शत्रून्

येन तस्मिन् (पृत्ते) पृचन्ति संयुञ्जन्ति यस्मिन् (आणौ) संग्रामे (यूने) शरीरात्मनोः पूर्णं बलं प्राप्ताय (कुत्साय) कुत्सः प्रशस्तो वज्रः शस्त्रसमूहो वा यस्य तस्मै धृतवज्राय (द्युमते) द्यौः प्रशस्तो विद्याप्रकाशो विद्यते यस्मिँस्तस्मै (सचा) शिष्टसमवायेन सह (अहन्) शत्रून्हंसि ॥ ३ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र यतस्त्वं सत्योऽसि यतस्त्वं धृष्णुरसि यतस्त्वमृभुक्षा असि यतस्त्वं मर्य्योऽसि यतस्त्वं षाडसि तस्माद्वृजने पृत्त आणौ सचा सत्समवायेन कुत्साय द्युमते यूने शुष्णं शरीरात्मबलं ददासि शत्रूनहन् हंस्येतान् धार्मिकान् पालयसि तस्मात्पूज्योऽसि॥ ३ ॥

भावार्थः—नहि सभासभाद्ध्यक्षाभ्यां विना शत्रुपराजयो राज्यपालनं च यथावज्जायते तस्माच्छिष्टगुणयुक्ताभ्यामेताभ्यामेते कार्य्यं सर्वैर्मनुष्यैः कारयितव्येइति ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) उत्तम संपदा के देने वाले सभाध्यक्ष (त्वम्) आप जिस कारण (सत्यः) जीव स्वरूप से अनादि हो जिस कारण (त्वम्) आप (धृष्णुः) दृढ़ हो तथा जिस कारण (त्वम्) आप (ऋभुक्षाः) गुणों से बड़े (मर्य्यः) मनुष्यों के बीच चतुर और (षाट्) सहन शील हो इस से (वृजने) जिस में शत्रुओं को प्राप्त होते हैं (पृत्ते) संयुक्त इकट्ठे होते हैं जिस में उस (आणौ) संग्राम में (सचा) शिष्टों के संबन्ध से (कुत्साय) शस्त्रों को धारण किये (द्युमते) उत्तम प्रकाश युक्त (यूने) शरीर और आत्मा के बल को प्राप्त हुए मनुष्य के लिये (शुष्णम्) पूर्ण बल को देते हो । जिस कारण आप शत्रुओं को (अहन्) मारते तथा (एतान्) इन धर्मात्मा श्रेष्ठ पुरुषों का पालन करते हो इस से पूजने योग्य हो ॥ ३ ॥

भावार्थः—सभा और सभापति के विना शत्रुओं का पराजय और राज्य का पालन किसी से नहीं हो सकता । इस लिये श्रेष्ठ गुण वालों की सभा और सभापति से इन सब कार्य्यों को सिद्ध कराना मनुष्यों का मुख्य काम है ॥ ३ ॥

पुनः स कीदृश इत्यु० ॥

फिर वह पूर्वोक्त सभाध्यक्ष कैसा हो इस वि० ॥

त्वं ह त्यदिन्द्र चोदीः सखा वृत्रं यद्वज्रिन्वृषकर्मन्नुभ्नाः । यद्ध शूर वृषमणः पराचैर्वि दस्यूँर्योनावकृतो वृथाषाट् ॥ ४ ॥

त्वम् । ह । त्यत् । इन्द्र । चोदीः । सखा । वृत्रम् । यत् । वज्रिन् । वृषऽकर्मन् । उभ्नाः । यत् । ह । शूर । वृषऽमनः । पराचैः । वि । दस्यून् । योनौ । अकृतः । वृथाषाट् ॥ ४ ॥

पदार्थः-(त्वम्) सभाद्यध्यक्षः (ह) खलु (त्यत्) तम् (इन्द्र) सद्गुणधारक (चोदीः) शुभे कर्मणि प्रेरयसि (सखा) सुहृत् (इवम्) मेघमिव सुखावरकं शत्रुम् (यत्) यस्मात् (वज्रिन्) प्रशस्तशस्त्रसमूहयुक्त (वृषकर्मन्) वृषस्य श्रेष्ठस्येव कर्माणि यस्य सः (उभ्नाः) प्रपूर्द्धि । अत्र व्यत्ययेन श्ना (यत्) यः (ह) खलु (शूर) निर्भय (वृषमणः) वृषेषु शूरवीरेषु मनो विज्ञानं यस्य तत्सम्बुद्धौ (पराचैः) दूरार्थे । अत्र बाहुलकात्परोपपदादपि चिधातोर्डैसिः प्रत्ययः (वि) विविधार्थे (दस्यून्) परस्वापहारकान् (योनौ) गृहे । योनिरिति गृहना० निघं० ३ । ४ (अकृतः) करोति (वृथाषाट्) यो वृथाऽनायासेन सहते सः ॥ ४ ॥

अन्वयः—हे वज्रिन्निन्द्र यस्मात्त्वं ह त्यत्तं वृत्रं पराचैश्चोदीर्दूरे प्रक्षिपसि । तस्माच्छिष्टानां पालने समर्थोऽसि । हे वृषकर्मन्निन्द्र यद्यतस्त्वं सखासि तस्मात्सखीन् पालयसि । हे शूर यस्त्वं ह खलु दस्यून्पराचैरक्रतः पृथक् पृथक् विच्छिनत्सि तस्मात्प्रजारक्षितु योग्योऽसि । हे वृषमणा इन्द्र यतस्त्वं सुखान्युभ्नाः प्रपूर्द्धि तस्मात्सत्कर्त्तव्योऽसि । हे इन्द्र यतस्त्वं वृथाषाडसि तस्माद्योनौ गृहे सर्वान् सुखैरुभ्नाः ॥ ४ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यथा सूर्य्यः स्वप्रकाशेन सर्वानानन्द्य मेघमुत्पाद्य वर्षयति । अन्धकारं निवार्य प्रकाशते तथैव सभाद्यध्यक्षो विद्यादिशुभगुणैः सर्वान् सुखयित्वा शरीरात्मबलमुपाद्य धर्मशिक्षाभयानि वर्षित्वाऽधर्मान्धकारशत्रून्निवार्य्य राज्ये प्रकाशेत ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे (वज्रिन्) उत्तम शस्त्रों के धारण करने तथा (इन्द्र) उत्तम गुणों के जानने वाले सभाध्यक्ष जिस कारण (त्वम्) आप (ह) निश्चय करके (त्यत्) उस (वृत्रम्) शत्रु को (पराचैः) दूर (चोदीः) करदेते हो इसी कारण श्रेष्ठ पुरुषों के धारण और पालन करने को समर्थ हो । हे (वृषकर्मन्) श्रेष्ठ मनुष्यों के समान उत्तम कर्मों के करने वाले सभाध्यक्ष(यत्) जिस कारण आप(सखा) सब के मित्र हो इसी से मित्रों की रक्षा करते हो । हे (शूर) निर्भय सेनाध्यक्ष (यत्) जो आप (ह) निश्चय करके (दस्यून्) दूसरे के पदार्थों को छीन लेने वाले दुष्टों का(अक्रतः)दूर से (वि) विशेष करके छेदन करते हो इस से प्रजा की रक्षा करने के योग्य हो। हे (वृषमणः) शूर वीरों में विचार शील सभाध्यक्ष आप जिस कारण सुखों को(उभ्नाः) पूर्ण करते हो इससे सत्कार करने के योग्य हो । तथा हे सभाध्यक्ष जिस कारण आप (वृथाषाट्) सहज स्वभाव से सहन करने वाले हो इस से (योनौ) घर में रहने वाले सब मनुष्यों के सुखों को पूर्ण करते हो ॥ ४ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जैसे सूर्य्य अपने प्राकाश से सब को आनंदित कर तथा मेघको उत्पन्न करके वर्षाताहैं और अन्धकारकोनिवारण कर के

अपने प्रकाश को फैलाता है वैसे ही सभाद्यध्यक्ष विद्यादि उत्तम गुणों से सब को सुखी शरीर वा आत्मा के बल को सिद्ध धर्म शिक्षा अभय आदि की वर्षा अधर्म रूपी अन्धकार और शत्रुओं का निवारण करके राज्य में प्रकाशित होवे ॥ ४ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु०

फिर वह उक्त सभाध्यक्ष कैसा है इस वि०

त्वं ह त्यदिन्द्रारिषण्यन्दृळ्हस्य चिन्मर्त्तानामजुष्टौ । व्य१स्मदा काष्ठा अर्वते वर्घनेव वज्रिञ्छ्नथिह्यमित्रान् ॥ ५ ॥ ४ ॥

त्वम् । ह । त्यत् । इन्द्र । अरिषण्यन् । दृळ्हस्य । चित् । मर्त्तानाम् । अजुष्टौ । वि । अस्मत् । आ । काष्ठाः । अर्वते । वः । घनाऽइव । वज्रिन् । श्नथिहि । अमित्रान् ॥ ५ ॥ ४ ॥

पदार्थः-(त्वम्) उक्तार्थः (ह) प्रसिद्धम् (त्यत्) तस्य (इन्द्र) सभाद्यध्यक्ष (अरिषण्यन्) आत्मनो रिषं हिंसनमिच्छन् । अत्र दुरस्युर्द्रविणस्यु० अ० ७ । ४ । ३६ अनेनात्वनिषेधः (दृळ्हस्य) स्थिरस्य (चित्) अपि (मर्त्तानाम्) मनुष्याणाम् (अजुष्टौ) अप्रतीतावसेवने (वि) (अस्मत्) अस्माकं सकाशात् (आ) अभितः (काष्ठाः) दिशः प्रति (अर्वते) अश्वादियुक्ताय सैन्याय (वः) वृणोषि (घनेव) यथा घनेन तथा (वज्रिन्) प्रशस्तो वज्रः शस्त्रसमूहो विद्यते यस्य तत्सम्बुद्धौ (श्नथिहि) हिन्धि (अमित्रान्) धर्मविरोधिनो मनुष्यान् ॥ ५ ॥

अन्वयः हे अरिषण्यन्वज्रिन्निन्द्र त्वं ह प्रसिद्धमस्मदर्वते व्यावः । त्यत्तस्य दृढस्य राज्यस्य वर्त्तानां चिदप्यजुष्टौ घनेवामित्रान् काष्ठाः श्नथिहि ॥ ५ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०— सभाद्यध्यक्षाभ्यां राज्यसेनयोः प्रीतिमुत्पाद्य शत्रुषु द्वेषश्चेति यथा सूर्यो मेघान् छिनत्ति तथैव दुष्टाः सदा छेत्तव्याः ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे (अरिषण्यन्) अपने शरीर से हिंसा अधर्म्म की इच्छा नहीं करने वाले (वज्रिन्) उत्तम आयुधों से युक्त (इन्द्र) सभापते (त्वम्) आप (ह) प्रसिद्ध (अस्मत्) हम लोगों से (अर्वते) घोड़े आदि धर्मों से युक्त सेना के लिये (व्यावः) अनेक प्रकार स्वीकार करते हो (त्यत्) उस (दृढस्य) स्थिर राज्य (चित्) और (मर्त्तानाम्) प्रजा के मनुष्यों को शत्रुओं की (अजुष्टौ) अप्रीति होने में (घनेव) जैसे सूर्य मेघों को काटता (अमित्रान्) धर्म्म विरोधी शत्रुओं को (काष्ठाः) दिशाओं के प्रति (श्नथिहि) मारो ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—सभा और सभापति आदि को उचित है कि राज्य तथा सेना में प्रीति उत्पन्न और शत्रुओं में द्वेष करके जैसे सूर्य मेघों का नित्य छेदन करता है वैसे दुष्ट शत्रुओं का सदैव छेदन किया करें ॥ ५ ॥

पुनर्मनुष्यैरीश्वरसभाध्यक्षयोः सहायः क्व क्व प्रेप्सितव्य इत्यु० ॥

फिर मनुष्यों को ईश्वर और सभापति आदि के सहाय की इच्छा कहां २ करनी चाहिये इस वि० ॥

त्वां ह त्यदिन्द्रार्णसातौ स्वर्मीळ्हे नरं आजा हवन्ते । तव स्वधाव इयमा समर्य ऊतिर्वाजेष्वतसाय्या भूत् ॥ ६ ॥

त्वाम् । ह । त्यत् । इन्द्र । अर्णऽसातौ । स्वःऽमीढे । नरः । आजा । हवन्ते । तव । स्वधाऽवः । इयम् । आ । सऽमर्य्ये । ऊतिः । वाजेषु । अतसाय्यां । भूत् ॥ ६ ॥

पदार्थः-(त्वाम्) जगदीश्वरं सभाध्यक्षं वा (ह) खलु (त्यत्) तस्मिन् (इन्द्र) परमैश्वर्य्यप्रापक (अर्णसातौ) अर्णानां विजयप्रापकाणां योद्धॄणां सातिर्यस्मिंस्तस्मिन् (स्वर्मीढे) स्वः सुखस्य मीढः सेचनं यस्मिन् तस्मिन् । (नरः) नयनकर्त्तारो मनुष्याः (आजा) संग्रामे (हवन्ते) स्पर्द्धन्ते प्रेप्सन्ते (तव) (स्वधावः) प्रशस्तं स्वधान्नं विद्यते यस्य तत्सम्बुद्धौ (इयम्) वक्ष्यमाणा (आ) अभितः (समर्य्ये) संग्रामे (ऊतिः) रक्षणादिका (वाजेषु) विज्ञानान्नसेनादिषु (अतसाय्या) अतन्ति निरन्तरं सुखानि गच्छन्ति यया सा । अत्रातधातोर्बाहुलकादौणादिक आय्यप्रत्ययोऽसुगागमश्च । सायणाचार्य्येणेदं पदमतधातोराय्यप्रत्ययं वर्जयित्वा साय्य प्रत्ययान्तरं कल्पित्वाऽडागमेन व्याख्यातं तदशुद्धम् (भूत्) भवतु ॥ ६ ॥

अन्वयः-हे स्वधाव इन्द्र जगदीश्वर सभाध्यक्ष नरस्त्यदर्णसातौ स्वर्मीढ आजौ त्वां ह खल्वाहवन्ते । यतस्तव येयं समर्य्ये वाजेष्वतसाय्योतिर्वर्त्तते साऽस्मान् प्राप्ता भूत् ॥ ६ ॥

भावार्थः-अत्र श्लेषालं०—मनुष्यैः सर्वेषु धर्म्यकार्य्येषु कर्त्तव्येष्वीश्वरस्य सभाध्यक्षस्य च सहायं नित्यं संगृह्य कार्य्यसिद्धिः कर्त्तव्या ॥ ६ ॥

पदार्थः-हे (स्वधावः) उत्तम अन्न और (इन्द्र) श्रेष्ठ ऐश्वर्य्य के प्राप्त कराने वाले जगदीश्वर वा सभाध्यक्ष (नरः) राजनीति के जान ने वाले मनुष्य

(त्यत्) उस (अर्णसातौ) विजय की प्राप्ति कराने वाले शूरवीर योधा मनुष्यों का सेवन हो जिस (स्वर्मीढे) सुख के सींचने से युक्त (आजौ) संग्राम में (त्वाम्) आप को (ह) निश्चय करके (आह्वन्ते) पुकारते हैं। जिस कारण (तव) आप की जो (इयम्) यह (समर्य्ये) संग्राम वा (वाजेषु) विज्ञान अन्न और सेनादिकों में (अतसाय्या) निरन्तर सुखों की प्राप्ति कराने वाली (ऊतिः) रक्षण आदि क्रिया है वह हम लोगों को प्राप्त (भूत्) होवे ॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में श्लेषालं०—मनुष्यों को चाहिये कि सब धर्म्म संबन्धि कार्य्यों में ईश्वर वा सभाध्यक्ष का सहाय लेके संपूर्ण कार्य्यों को सिद्ध करें ॥ ६ ॥

अथ सभाद्यक्षगुणाउप० ॥

अब अगले मंत्र में सभापति आदि के गुणों का उप० ॥

त्वं ह त्यदिन्द्र सप्त युध्यन् पुरो वज्रिन् पुरुकुत्साय दर्दः। बर्हिर्न यत्सुदासे वृथा वर्गंहोराजन्वरिवः पूरवे कः ॥ ७ ॥

त्वम्। ह। त्यत्। इन्द्र। सप्त। युध्यन्। पुरः। वज्रिन्। पुरुऽकुत्साय। दर्दरितिदर्दः। बर्हिः। न। यत्। सुऽदासे। वृथा। वर्क्। अंहोः। राजन्। वरिवः। पूरवे। करितिकः ॥ ७ ॥

पदार्थः—(त्वम्) (ह) किल (त्यत्) तस्मै (इन्द्र) विजयप्रद सभाद्यध्यक्ष (सप्त) सभासभासद्सभापतिसेनासेनापतिभृत्यप्रजाः (युध्यन्) युद्धं कुर्वन्ति। अत्र व्यत्ययेन परस्मैपदम्।

ऽडभावश्च (पुरः) शत्रुनगराणि (वज्रिन्) प्रशस्तो वज्रः शस्त्रसमूहो यस्यास्तीति तत्संबुद्धौ (पुरुकुत्साय) बहुभिरवच्छिन्नाय (दर्दः) पुनर्विदारय। अयं यङ्लुङन्तः प्रयोगोऽडभावश्च (बर्हिः) शुद्धमन्तरिक्षम् (न) इव (यत्) (सुदासे) शोभना दासा दानकर्त्तारो यस्मिन् देशे तस्मिन् (वृथा) व्यर्थं (वर्क्) वर्जयसि। अत्र। मंत्रेघसह्वर० इति च्लेर्लुक् (अंहोः) प्राप्तस्य प्राप्तव्यस्य वा राज्यस्य (राजन्) प्रकाशक (वरिवः) परिचरणम् (पूरवे) प्रपूर्णाय सुखाय (कः) करोषि। अत्र। मंत्रेघस० इति च्लेर्लुक् ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे वज्रिन्निन्द्र राजन् सभाधिपते ये तव सभादयः सप्त सन्ति तैः सह वर्त्तमानाः शत्रुभिः सह युध्यन् यतस्त्वं ह खलु तेषां पुरो दर्दो विदारयसि यतस्त्वमंहो राज्यस्य पुरुकुत्साय पूरवे यद्वरिवः सुदासे बर्हिर्न को यद्वृथा मनुष्य वर्त्तते त्यत्तान् वर्क् वर्जयसि तस्मात्त्वं सर्वैरस्माभिस्सत्कर्त्तव्योऽसि ॥ ७ ॥

भावार्थः—यथा सूर्यो जगद्धिताय मेघं छित्वा निपातयति तथैव सर्वाधीशः सभापतिः सर्वेभ्यः प्राणिभ्यो हितं संपादयेत्॥ ७॥

पदार्थः—हे (वज्रिन्) उत्तम शस्त्रों से युक्त (राजन्) प्रकाश करने तथा (इन्द्र) विजय के देने वाले सभा के अधिपति जो आप के (सप्त) सभा, सभासद्, सेना, सेनापति, भृत्य, प्रजा, ये सात हैं उन्हीं के साथ प्रेम से वर्त्तमान हो के शत्रुओं के साथ (युध्यन्) युद्ध करते हुए जिस कारण तुम उन उन शत्रुओं के (पुरः) नगरों को (दर्दः) विदारण करते हो। जो आप (अंहोः) प्राप्त होने योग्य राज्य के (पुरुकुत्साय) बहुत मनुष्यों को ग्रहण करने योग्य (पूरवे) पूर्ण सुख के लिये (यत्) जो (वरिवः) सेवन करने योग्य पदार्थों को (सुदासे) उत्तम दान करने वाले मनुष्योंसे युक्त देश में (बर्हिः) अन्तरिक्ष के (न) समान (कः) करते हो (यत्) जो (वृथा) व्यर्थ काम करने वाले मनुष्य हों (त्यत्) उन को (वर्क्) वर्जित करते हो इस कारण आप हम सब लोगों को सत्कार करने योग्य हो ॥ ७ ॥

भावार्थः—जैसे सूर्य सब जगत् के हित के लिये मेघ को वर्षाता है वैसे ही सब का स्वामी सभापति सभों का हित सिद्ध करे ॥ ७ ॥

पुनः सभाद्यध्यक्षविद्युतोर्गुणा०

अब सभाध्यक्षादि और विद्युत् अग्नि के गुणों का उप०

त्वं त्यां न इन्द्र देव चित्रामिषमापो न पीपयः परिज्मन् । यया शूर प्रत्यस्मभ्यं यंसि त्मनमूर्जं न विश्वध क्षरध्यै ॥ ८ ॥

त्वम् । त्याम् । नः । इन्द्र । देव । चित्राम् । इषम् । आपः । न । पीपयः । परिऽज्मन् । यया । शूर । प्रति । अस्मभ्यम् । यंसि । त्मनम् । ऊर्जम् । न । विश्वध । क्षरध्यै ॥ ८ ॥

पदार्थः—(त्वम्) सभाद्यध्यक्षः सूर्यो वा (त्याम्) ताम् (नः) अस्माकम् (इन्द्र) सुखप्रद सुखहेतुर्वा (देव) विद्याभिक्षापप्रकाशक चक्षुर्हिता वा (चित्राम्) अद्भुतसुखप्रकाशिकाम् (इषम्) इच्छामन्नादिप्राप्तिं वा (आपः) जलानि (न) इव (पीपयः) पाययसि । एयन्तोयं प्रयोगः (परिज्मन्) परितः सर्वतो जहि हिनस्ति दुष्टांस्तत्सम्बुद्धौ विद्युद्वा (यया) भक्त्या (शूर) निर्भय निर्भयहेतुर्वा (प्रति) वीप्सायाम् (अस्मभ्यम्) (यंसि) दुष्टाचारान्निरुणत्सि । अत्र शपो लुक् (त्मनम्) आत्मानम् । अत्र वाच्छन्दसि सर्वे विधयो भवन्तीत्याकारलोपः ।

उपधादीर्घत्वनिषेधश्च।सायणाचार्य्येणेदं पदमुपधादीर्घत्वनिषेधकरं वचनमविज्ञायाशुद्धं व्याख्यातम् (ऊर्जम्) पराक्रममन्नं वा (न) इव (विस्वध) विश्वं दधातीति तत्सम्बुद्धौ (चरध्यै) चरितुं संचलितुम् ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे विद्युदिव परिज्मन् विस्वध शूर देवेन्द्र सभाद्यध्यक्ष यथा त्वं यया नोऽस्माकं त्मनमात्मानं चरध्या ऊर्जं न संचलितुमन्नं पराक्रममिव यंसि त्वां तां चित्रामिषमस्मभ्यमापो न जलानीव प्रतिपीपयः पाययसि तथा वयमपि त्वां संतोषयेम ॥८॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथाऽन्नं क्षुधं यथा च जलं पिपासां निवार्य्य सर्वान् प्राणिनः सुखयतस्तथैव सभाद्यध्यक्षः सर्वान्सुखयेत् ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे बिजुली के समान (परिज्मन्) सब ओर से दुष्टों के नष्ट करने (विस्वध) विश्व के धारण करने (शूर) निर्भय (देव) विद्या और शिक्षा के प्रकाश करने और (इन्द्र) सुखों के देने वाले सभाध्यक्ष जैसे (त्वम्) आप (यया) जिस से (नः) हमलोगों के (त्मनम्) आत्मा को (चरध्यै) चलायमान होने को (ऊर्जम्) अन्न वा पराक्रम के (न) समान (यंसि) दुष्ट काम से रोक देते हो (त्वम्) उस (चित्राम्) अद्भुत सुखों को प्रकाश करने वाली (इषम्) इच्छा वा अन्न को (अस्मभ्यम्) हमलोगों के लिये (आपोन) जलों के प्रसमान (प्रतिपीपयः) वार २ पिलाते हो वैसे हम भी आप को अच्छे प्रकार प्रसन्न करें ॥ ८ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे अन्न क्षुधा को और जल तृषा को निवारण करके सब प्राणियों को सुखी करते हैं। वैसे सभापति आदि सब को सुखी करें ॥ ८ ॥

पुनः स कीदृशइत्यु० ॥

फिर भी उक्त सभाध्यक्ष कैसा हो यह वि० ॥

अकारि त इन्द्र गोतमेभिर्ब्रह्माण्योक्ता

नमसा हरिभ्याम्। सुपेशसं वाजमाभरा
नः प्रातर्मक्षू धियावसुर्जगम्यात् ॥९॥ ५॥
अकारि। ते। इन्द्र। गोतमेभिः। ब्रह्माणि।
आऽउक्ता। नमसा। हरिऽभ्याम्। सुऽपे-
शसम्। वाजम्। आ। भर। नः। प्रातः।
मक्षु। धियाऽवसुः। जगम्यात् ॥ ९॥ ५॥

पदार्थः–(अकारि) क्रियते (ते) तव (इन्द्र) सभाध्यक्ष (गोतमेभिः) ये गच्छन्ति जानन्ति प्राप्नुवन्ति विद्यादिशुभान् गुणांस्तैर्विद्वद्भिः किरणैर्वा । गौरिति पदना० निघं० ४ । १ (ब्रह्माणि) बृहत्तमान्यन्नानि धनानि वा (आोक्ता) समन्तादुक्तानि प्रसंशितानि (नमसा) अन्नेन । नमइति अन्ननाः निघं० २ । ७ । वज्रना० निघं० २ । २ (हरिभ्याम्) हरणशीलाभ्यां बलपराक्रमाभ्याम् (सुपेशसम्) शोभनानि पेशांसि रूपाणि यस्मात्तम् (वाजम्) विज्ञानकरम् (आ) समन्तात् (भर) धर (नः) अस्मभ्यम् (प्रातः) प्रतिदिनम् (मक्षु) शीघ्रम् (धियावसुः) कर्मप्रज्ञाभ्यां सुखेषु वासयिता (जगम्यात्) पुनःपुनः प्राप्नुयात् ॥९॥

अन्वयः–हे इन्द्र सभाद्यध्यक्ष ते तव यैर्गोतमेभिः सुशिक्षितैः पुरुषैर्नमसा हरिभ्यां यान्योक्ता ब्रह्माण्यकारि तैः सह नोऽस्मभ्यं यथा धियावसुः सुपेशसं वाजं प्रातर्जगम्यादेतद्दूरेत्त्व तथा त्वमेनत् सर्वं मक्ष्वाभर ॥ ९॥

भावार्थः–यथा विद्युत्सूर्य्यादिरूपेण सर्वं जगत्पोषति तथैव सभाद्यध्यक्षादयः प्रशस्तैर्धनादिभिर्युक्तां प्रजां कुर्य्युः ॥ ९॥

अस्मिन् सूक्तईश्वरसभाद्यध्यक्षाग्निगुणवर्णनादेतदर्थस्य पूर्वसूक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति बोध्यम् । इति त्रिषष्टितमं सूक्तं पंचमो वर्गश्च समाप्तः ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सभा आदि के पति (ते) आप के जिन (गोतमेभिः) विद्या से उत्तम शिक्षा को प्राप्त हुए शिक्षित पुरुषों से (नमसा) अन्न और धन (हरिभ्याम्) बल और पराक्रम से जिन (ओक्ता) अच्छे प्रकार प्रशंसा किये हुए (ब्रह्माणि) बड़े २ अन्न और धनों को (अकारि) करते हैं उन के साथ (नः) हम लोगों के लिये उन को जैसे (धियावसुः) कर्म और बुद्धि से सुखों में बसाने वाला विद्वान् (सुपेशसम्) उत्तम रूप युक्त (वाजम्) विज्ञान समूह को (प्रातः) प्रतिदिन (गजम्यात्) पुनः पुनः प्राप्त होवे और इस का धारण करे वैसे आप पूर्वोक्त सब को (मक्षु) शीघ्र (आभर) सब ओर से धारण कीजिये ॥ ९ ॥

भावार्थः—जैसे बिजुली सूर्य्य आदि रूप से सब जगत् को आनन्दों से पुष्ट करती है वैसे सभाध्यक्ष आदि भी उत्तम धन और श्रेष्ठ गुणों से प्रजा को पुष्ट करें ॥ ९ ॥

इस सूक्त में ईश्वर सभाध्यक्ष और अग्नि के गुणों का वर्णन होने से इस सूक्तार्थ की पूर्व सूक्तार्थ के साथ संगति समझनी चाहिये ॥

यह त्रेसठवां सूक्त और पांचवां वर्ग समाप्त हुआ ॥

अथ पंचदशर्चस्य चतुःषष्टितमस्य सूक्तस्य गौतमो नोधा ऋषिः । इन्द्रो देवता १ । ४ । ६ । ९ । १४ विराड्जगती २ । ३ । ५ । ७ । १० — १३ निचृज्जगती ८ । १२ जगती छन्दः । निषादः स्वरः १५ निचृत्त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ वायुस्वरूपगुणदृष्टान्तेन विद्वद्गुणा उप० ॥

अब चौसठवें सूक्त का आरंभ किया जाता है। उस के पहिले मंत्र में वायु के गुणों के दृष्टान्त से विद्वान् के गुणो का उप० ॥

वृष्णे शर्धाय सुमखाय वेधसे नोधः सुवृक्तिं प्रभरा मरुद्भ्यः । अपो न धीरो मनसा

सुहस्त्यो गिरः समंञ्जे विदथेष्वाभुवः ॥ १ ॥

वृष्णे । शर्द्धाय । सुऽमखाय । वेधसे । नोधः । सुऽवृक्तिम् । प्र । भर । मरुत्ऽभ्यः । अपः । न । धीरः । मनसा । सुऽहस्त्यः । गिरः । सम् । अञ्जे । विदथेषु । आऽभुवः ॥ १ ॥

पदार्थः-(वृष्णे) वृष्टिकर्त्रे (शर्द्धाय) बलाय (सुमखाय) शोभनाय चेष्टासाध्याय यज्ञाय (वेधसे) धारणाय । अत्र विधाञो वेध च । उ० ४ । १३२ अनेनास्य सिद्धिः (नोधः) स्तावकः (सुवृक्तिम्) वर्जयन्त्यनया सा शोभना चासौ वृक्तिश्च ताम् (प्र) प्रकृष्टार्थे (भर) धर (मरुद्भ्यः) वायुभ्यः (अपः) प्राणान् कर्माणि वा (न) इव (धीरः) संयमी विद्वान् मनुष्यः (मनसा) विज्ञानेन (सुहस्त्यः) शोभनहस्तक्रियाः सुहस्तास्तासु साधुः (गिरः) वाचः (सम्) सम्यक् (अंजे) स्वेच्छया गृह्णामि (विदथेषु) युद्धादिचेष्टामययज्ञेषु (आभुवः) समन्ताद्भवन्ति ये या वा तान् ता वा ॥ १ ॥

अन्वयः-हे नोधो मनुष्य आभुव अपो नेव धीरः सुहस्त्योऽहं वृष्णे शर्द्धाय वेधसे सुमखाय मनसा मरुद्भ्यो विदथेषु गिरः सुवृक्तिं च समंजे तथैव त्वं प्रभर ॥ १ ॥

भावार्थः-अत्रोपमालं०—मनुष्यैर्यावच्चेष्टा भावना बलं विज्ञानं पुरुषार्थो धारणं विसर्जनं वचनं श्रवणं वृद्धिः क्षयः क्षुत्पिपासादिकं च भवति तावत् सर्वं वायुनिमित्तेनैव जायतइति

वेद्यम् । यादृशीमेतां विद्यामहं जानामि तादृशीमेव त्वमपि गृहाणेति सर्वदोपदेष्टव्यम् ॥ १ ॥

पदार्थः—हे (नोधः) स्तुति करने वाले मनुष्य (आभुवः) अच्छे प्रकार उत्पन्न होने वाले (अपः) कर्म्म वा प्राणों के समान (धीरः) संयम से रहने वाला विद्वान् (सुहस्त्यः) उत्तम हस्तक्रियाओं में कुशल मैं (मनसा) विज्ञान और (मरुद्भ्यः) पवनों के सकाश से (विदथेषु) युद्धादि चेष्टामय यज्ञों में (गिरः) वाणी (सुवृक्तिम्) उत्तमता से दुष्टों को रोकने वाली क्रिया को (समंजे) अपनी इच्छा से ग्रहण करता हूं । वैसे ही तू (प्रभर) धारण कर ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—मनुष्यों को चाहिये कि जितनी चेष्टा, भावना, बल, विज्ञान, पुरुषार्थ, धारण करना, छोड़ना, कहना, सुनना, बढ़ना, नष्ट होना, भूख, प्यास आदि हैं वे सब वायु के निमित्त से ही होते हैं । जिस प्रकार की इस विद्या को मैं जानता हूं वैसे ही तुम भी ग्रहण कर ऐसा उपदेश सब को करो ॥ १ ॥

पुनस्ते वायवः कीदृशा इत्यु० ॥

फिर भी उक्त वायु कैसे हैं इस वि० ॥

ते जज्ञिरे दिव ऋष्वास उक्षणो रुद्रस्य मर्या असुरा अरेपसः । पावकासः शुचयः सूर्याइव सत्वानो न द्रप्सिनो घोरवर्पसः ॥ २ ॥

ते । जज्ञिरे । दिवः । ऋष्वासः । उक्षणः । रुद्रस्य । मर्याः । असुराः । अरेपसः । पावकासः । शुचयः । सूर्याःऽइव । सत्वानः । न । द्रप्सिनः । घोरऽवर्पसः ॥ २ ॥

पदार्थः-(ते) वायवइव (जज्ञिरे) प्रादुर्भवन्ति (दिवः) प्रकाशात् (ऋष्वासः) ज्ञानहेतवः (उक्षणः) सेचनकर्त्तारः। अत्र वासपूर्वस्यनिगमे अ० ६। ४। ८। अनेन दीर्घनिषेधः (रुद्रस्य) समष्टिप्राणस्य (मर्याः) मरणधर्मकाः (असुराः) प्रकाशरहिताः (अरेपसः) अव्यक्तशब्दा निष्पापाः (पावकासः) पवित्रकारकाः (शुचयः) पवित्राः (सूर्य्याइव) सूर्य्यस्य किरणाइव (सत्वानः) बलपराक्रमप्राणिभूतगणाः (न) इव (द्रप्सिनः) बहुद्रप्सोविविधो मोहोस्ति येषु ते (घोरवर्पसः) घोरं वर्पो रूपं येषान्ते ॥ २ ॥

अन्वयः-हे मनुष्या युष्माभिर्ये रुद्रस्य जीवस्य प्राणसमुदायस्य वा सम्बन्धिनो वायवो दिवो जज्ञिरे जायन्ते। ये सूर्य्याइव ऋष्वास उक्षणः पावकासः शुचयो वर्त्तन्ते। ये सत्वानो नेव मर्या असुरा अरेपसो द्रप्सिनो घोरवर्पसः सन्ति तेषां संगेन विद्यादिशुभगुणा गृह्यन्ताम् ॥ २ ॥

भावार्थः-अत्रोपमालं०-यथेश्वरसृष्टौ सिंहहस्तिमनुष्यादयो बलवन्तः सन्ति तथा वायवो वर्त्तन्ते। यथा सूर्यकिरणाः पवित्रकारकाः सन्ति तथैव वायवोऽपि। नह्येतयोर्विना रोगाऽऽरोग्य मरणजन्मादयो व्यवहाराः संभवितुं शक्यास्तस्मान्मनुष्यैरेतेषां गुणान् विज्ञाय सर्वेषु कार्येषु यथावत्संप्रयोगाः कार्याः ॥२॥

पदार्थः-हे मनुष्यो तुमलोगों को उचित है कि जो (रुद्रस्य) जीव वा प्राण के सम्बन्धी पवन (दिवः) प्रकाश से (जज्ञिरे) उत्पन्न होते हैं जो (सूर्य्याइव) सूर्य्य की किरणों के समान (ऋष्वासः) ज्ञान के हेतु (उक्षणः) सेचन और (पावकासः) पवित्र करने वाले (शुचयः) शुद्ध जो (सत्वानः) बल पराक्रम वाले प्राणियों के (न) समान (मर्य्याः) मरण धर्मयुक्त (असुराः) प्रकाश रहित (अरेपसः) पापों से पृथक् (द्रप्सिनः) नाना प्रकार के मोहों सेयुक्त (घोरवर्पसः) भयंकर वायु हैं (ते) उन्हीं के संग से विद्यादि उत्तम गुणों का ग्रहण करो ॥ २ ॥

भावार्थः-इस मन्त्र में दो उपमालं०-जैसे ईश्वर की सृष्टि में सिंह हाथी और मनुष्य आदि प्राणी बलवान् होते हैं। वैसे वायु भी हैं। जैसे सूर्य्य की किरणें पवित्र करने वाली हैं वैसे वायु भी। इन दोनों के विना रोग, रोग का नाश, मरण और जन्म आदि व्यवहार नहीं होसकते । इससे मनुष्यों को चाहिये कि इन के गुणों को जान के सब कार्य्यों में यथावत् संप्रयोग करें॥२॥

पुनस्ते कीदृशा इत्यु० ॥

फिर भी पूर्वोक्त वायु कैसे हैं यह वि० ॥

युवा॑नो रु॒द्रा अ॒जरा॑ अभो॒ग्घनो॑ ववक्षु॒रध्रि॑गावः पर्व॑ताइव । दृ॒ळ्हा चि॒द्विश्वा॒ भुव॑नानि॒ पार्थि॑वा॒ प्रच्या॑वयन्ति दि॒व्यानि॑ म॒ज्मना॑ ॥ ३ ॥

युवा॑नः । रु॒द्राः । अ॒जराः॑ । अ॒भो॒क्ऽहनः॑ । व॒व॒क्षुः॒ । अध्रि॑ऽगावः । पर्व॑ताःऽइव । दृ॒ळ्हा । चि॒त् । विश्वा॑ । भुव॑नानि । पार्थि॑वा । प्र । च्या॒व॒य॒न्ति॒ । दि॒व्यानि॑ । म॒ज्मना॑ ॥ ३ ॥

पदार्थः-(युवानः) मिश्रणामिश्रणकर्त्तृत्वेन बलिष्ठाः (रुद्राः) मरणज्वरादिपीडाहेतुत्वाद्रोदयितारः (अजराः) जन्मजरामृत्युधर्मादिरहितत्वात्कारणरूपेण नित्याः (अभोग्घनः) ये भोज्यन्ते ते भोजो हन्यन्ते ते हनः। भोजश्च ते हनो भोग्घनः न भोग्घनोऽभोग्घनस्ते (ववक्षुः) ये वक्षयन्ति रोषयन्ति ते (अध्रिगावः) अधृता गावो रश्मयो यैस्ते (पर्वताइव) यथा पर्वता मेघाः

शैला वा धर्त्तारः सन्ति तथैव मूर्त्तद्रव्यधर्त्तारः(दृढा)दृढानि (चित्) अपि (विश्वा) सर्वाणि (भुवनानि) सर्वेषां पदार्थानामधिकरणानि (पार्थिवा) पृथिवीत्वाख्यस्य कारणस्य विकारभूतानि भूगोलाख्यानि कार्य्याणि (प्र) प्रकृष्टार्थे (च्यावयन्ति) प्रचालयन्ति (दिव्यानि) दिवि प्रकाशे भवानि सूर्य्यविद्युदादीनि (मज्मना) शुद्धधिधारणाक्षेपणाख्येन बलेन । अत्र मस्जधातोरौणादिको मनिन्प्रत्ययो बाहुलकात्सकारलोपश्च । मज्मेति बलना० निघं० २ । ९ ॥ ३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यद्दमे पर्वताइव युवानोऽभोग्घनोऽध्रिगावोऽजरा रुद्रा जीवान् ववक्षूरोषयन्ति । मज्मना पार्थिवा दिव्यानि चिदपि विश्वा भुवनानि दृढा प्रच्यावयन्ति तान् विद्यया यथावद्विदित्वा कार्य्येषु संप्रयोजयत ॥ ३ ॥

